# दैनिक अयोध्या टाइम्स

समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com    www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8    अंक : 147    पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर    पृष्ठ : 08,    मूल्य : 2 रुपये,    बुधवार 27 जुलाई 2022    (डाक पंजीयन संख्याः 272 / 2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का यूटर्न ! कोलकाता में 28 जुलाई को पार्टी अब नहीं करेगी काली पूजा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के मां काली को लेकर पैदा किए गए विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने 28 जुलाई



को कोलकाता में पार्टी कार्यालय के सामने मां काली की पूजा आयोजित करने का निर्णय किया था। लेकिन अब भाजपा ने यूटर्न ले लिया है। लेकिन इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि भाजपा 28 जुलाई को पार्टी कार्यालय के सामने अब मां काली की पूजा का आयोजन नहीं करने वाली है।

### बीएसई के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार चौहान ने अपने पद से दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी



अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और उन्हें सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। बीएसई ने चौहान के इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सोमवार को ही सभी दायित्वों एवं भूमिकाओं से मुक्त कर दिया गया। वह वर्ष 2012 से ही बीएसई के सीईओ के रूप में कार्यरत थे।

### यूपी के कई जिलों में माहौल बिगाड़ने की रची जा रही है साजिशः एडीजी प्रशांत कुमार

लखनऊ ।यूपी में बिजनौर, मुरादाबाद और वाराणसी में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिशों पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि समाज में कुछ लोग सामाजिक सद्भाव को बिगड़ना



चाहते हैं. यूपी पुलिस ने ऐसी व्यवस्था की है जिसके तहत घटना होते ही समय रहते उसे बिगड़ने से रोकने के उपाय किये जाते हैं।

नूपुर शर्मा का बयान हो या अग्निवीर को लेकर हिंसा फैलाने की कोशिश, हमने हर स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया है. प्रशांत कुमार ने कहा कि त्यौहार के मौसम में कांवड़ यात्रा के बीच हरिद्वार के बगल के जिले में साजिश के तहत माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई. जब कांवड़िए जल लेकर आगे बढ़ रहे थे तब भगवा साफा बांधकर संप्रदाय विशेष पर मजार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाकर माहौल खराब करना चाहते चाहते थे। त्यौहार के मौसम में हवाई सर्वेक्षण से लेकर अन्य तरह तरह के उपाय किये गए हैं. आयोजकों को शस्त्र लेकर चलने की मनाही है और परंपरा से हटकर कुछ न करने की मनाही है. प्रशांत कुमार ने कहा कि अलग अलग जिलों में जो घटनाएं हुई हैं उनको जानबूझक अंजाम दिया गया है ताकि यहां जो आर्थिक विकास हो रहा है उसको बाधित किया जा सके. पुलिस और प्रशासन ऐसा नहीं होने देगी. उन्होंने कहा कि जो लोग भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे उन पर एनएसए और गैंगस्टर लगाने के साथ साथ संपत्ति जब्त और ध्वस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रक ने एआरटीओ के दो कर्मियों को रौंदा, मौके पर हुई मौत, बाल-बाल बचे एआरटीओ अधिकारी

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में ट्रक चालक ने एआरटीओ के दो कर्मियों को रौंद दिया. इस हादसे में एक एआरटीओ के सिपाही और संविदाकर्मी चालक की दर्दनाक मौत हो गई. ट्रक चालक ने वहां खड़ी गाड़ी में भी जोरदार टक्कर मारी. इस घटना में एआरटीओ बाल बाल बच गए. टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ट्रक को वहीं पर छोड़कर फरार हो गया ।मामला है गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के माधवपुर छतौना गांव के पास का जहां सुल्तानपुर के एआरटीओ प्रवर्तन आर के वर्मा कादीपुर में चेकिंग कर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान सुबह करीब 4 बजे इसी गांव के पास उन्होंने अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी करवा दी और टॉयलेट करने के लिए उतर गए. एआरटीओ को उतरता देख संविदा कर्मी चालक अब्दुल मोबिन और सिपाही अरुण सिंह भी गाड़ी से उतर गए. इसी बीच एक ट्रक तेज गति से उनकी और बढ़ा और अब्दुल मोबिन व अरुण सिंह को रौंदते हुए सड़क किनारे खड़ी की गई गाड़ी को टक्कर मार दी।

# राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसद निलंबित, वित्त मंत्री के आते ही कराएंगे महंगाई पर चर्चाः सरकार

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में पहले दिन से ही विपक्ष के सांसद पर महंगाई पर चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार अब तक इसके लिए तैयार नहीं हुई है. नतीजा विपक्ष के सांसद सदन के भीतर और बाहर महंगाई और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. इस कड़ी में बीते दिन कांग्रेस के 4 लोकसभा सांसदों को निलंबित किया गया था और आज 19 विपक्ष के राज्यसभा सांसदों को भी निलंबित कर दिया गया।



सांसदों के निलम्बन और उनकी मांग को लेकर एबीपी न्यूज के एक सवाल पर सरकार का पक्ष रखते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार महंगाई पर चर्चा करने के लिए तैयार है, लेकिन महंगाई पर चर्चा के लिए वित्त मंत्री का उपस्थित होना आवश्यक है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अभी अस्वस्थ होने के कारण संसद नहीं आ पा रही हैं. जैसे ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन स्वस्थ होकर संसद आएंगी सरकार महंगाई पर चर्चा जरूर कराएगी। शुक्रवार तक के लिए लागू है निलम्बन।

आज राज्यसभा में हंगामा करने के चलते 19 सांसदों का ये निलम्बन रिमेनिंग पार्ट ऑफ दिस वीक के लिए है यानी शुक्रवार तक ये निलम्बन लागू रहेगा. सोमवार से ये सभी 19 सांसद राज्यसभा की कार्यवाही में हिस्सा ले सकेंगे. इन सांसदों में टीएमसी के 7 सांसदों के अलावा डीएमके और वामपंथी दलों के राज्यसभा सांसद भी शामिल हैं।

19 निलम्बित राज्यसभा सांसदों की सूची

- सुष्मिता देब (टीएमसी)
- मौसम नूर (टीएमसी)
- शांता छेत्री (टीएमसी)
- डोला सेन (टीएमसी)
- शान्तनु सेन (टीएमसी)
- अबीर रंजन बिस्वास (टीएमसी)
- नदिमुल हक (टीएमसी)
- एम मोहम्मद अब्दुल्ला (डीएमके)
- एस कल्याण सुंदरम (डीएमके)
- आर गिरराजन (डीएमके)
- एनआर एलनगो (डीएमके)
- एम शणमुगम (डीएमके)
- एमके कनिमोझी (डीएमके)
- बीएल यादव (टीआरएस)
- आर वद्दीराजू (टीआरएस)
- दामोदर राव दिवाकोंडा (टीआरएस)
- एए रहीम (सीपीआई–एम)
- वी शिवादासन (सीपीआई–एम)
- पी संदोश कुमार (सीपीआई)

सांसदों को सदन के वेल में प्रवेश करके नारेबाजी करने के लिए निलंबित किया गया है. बीते दिन लोकसभा में भी महंगाई के विरोध में नारेबाजी करने को लेकर कांग्रेस के चार सांसदों को शेष सत्र से निलंबित कर दिया गया था. कांग्रेस सांसदों ने हाथ में तख्तियां लेकर सदन में नारेबाजी की थी।

# यूपी में सरकारी स्कूल के बच्चों को सीएम योगी की सौगात, ड्रेस के लिए अब मिलेंगे 1200 रुपये

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। मंगलवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की लोक भवन में बैठक हुई. यूपी कैबिनेट की इस बैठक में 9 प्रस्तावों को मंजूरी मिली. बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है. ऐसे में अब योगी सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को 1200–1200 रुपये देगी. फिलहाल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को दो जोड़ी यूनिफार्म के लिए 600 रुपये, स्कूल बैग के लिए 170 रुपये, जूते–मोजे के लिए 125 रुपये और स्वेटर के लिए 200 रुपये दिए जाते हैं।

इस तरह से कुल 1100 रुपये सीधे लाभार्थी के खाते में ट्रांसफर किए जाते हैं, जिसमें 600 रुपये केंद्र सरकार और 500 रुपये राज्य सरकार अपने बजट से देती है. अब इसे योगी सरकार बढ़ा कर 1200 कर दिया है, इससे 1 करोड़ 90 लाख बच्चों को लाभ होगा. आइये बेसिक शिक्षा विभाग के पास हुए प्रस्ताव संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

योगी कैबिनेट की बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को 1200–1200 रुपये देगी।

डीबीटी के माध्यम से छात्र छात्राओं के अभिभावकों के खाते में राशि भेजी जाएगी। प्रदेश में कक्षा 1 से 8 तक के 1 करोड़ 91 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को योजना का लाभ मिलेगा।

फिलहाल सरकार परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को प्रति छात्र 1100 रुपये दे रही है। यह राशि यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर और स्कूल बैग के लिए दी जाती है। अब इसे बढ़ाकर 1200 किया गया है।



अब बच्चे बढ़ी 100 रुपये की रकम से स्टेशनरी जैसे पेंसिल, शार्पनर, इरेजर, कॉपी भी ले सकेंगे।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इस योजना में कुल 2,225.60 करोड़ का खर्च आएगा।

अगस्त के पहले हफ्ते में बड़ा समारोह होगा, जिसमें सीएम योगी खुद डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में रकम भेजेंगे.

अभी तक सिर्फ अभिभावकों के आधार कार्डका वेरिफिकेशन होता था, लेकिन अब बच्चों के आधार कार्ड का भी वेरिफिकेशन कराया जा रहा है.

इन स्कूलों में अब तक नामांकित 1 करोड़ 91 लाख छात्र–छात्राओं में से 1 करोड़ 41 लाख के आधार वेरिफिकेशन हो चुके है।

इससे योजना में अब फर्जीवाड़े की गुंजाइश नहीं रहेगी।

सरकार का कहना है कि यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्कूल बैग, स्वेटर और स्टेशनरी देना वचनबद्ध देयता है. ऐसे में सरकार ने फैसला लिया है कि वित्त विभाग हर साल केन्द्र का इंतजार किए बिना इस मद की धनराशि की अग्रीम मंजूरी की अनुमति देगा, जिससे बच्चों को समय से यूनिफॉर्म और स्टेशनरी मिले।

# पाक को उसी की भाषा में दिया गया जवाब, सेना का हार्डवेयर और साफ्टवेयर है बहुत स्ट्रांगः जेपी नड्डा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम आज 23वां कारगिल विजय दिवस समारोह मना रहे हैं। करीब 60 दिन से ज्यादा कारगिल की लड़ाई लड़ी गई थी। 527 हमारे वीर जवान लड़ाई में शहीद हुए थे। लड़ाई में करीब 2 लाख सैनिकों ने हिस्सा लिया था।



पाकिस्तान को सरहदों पर घेरते हुए हमने इस लड़ाई में विजय प्राप्त की।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना का हार्डवेयर भी बड़ा स्ट्रांग है और सॉफ्टवेयर भी बहुत स्ट्रांग है। हम वीरता में भी कम नहीं हैं और स्किल्स में भी कम नहीं हैं। भारतीय सेना की स्ट्रेंथ का मुकाबला कोई नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 8 वर्षों में 36 राफेल फाइटर जेट भारतीय सेना में शामिल हुए हैं।

28 अपाचे हेलीकॉप्टर, 15 चिनूक हेलीकॉप्टर, एयर मिसाइल, 145 अल्ट्रा लाइट होवित्जर्स, 100 वज्र आर्टिलरी गन, 1.83 लाख बुलेट प्रूफ जैकेट भारतीय सेना को आधुनिक और मजबूत बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उरी की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि अब भारत चुप नहीं बैठेगा। उसके कुछ ही दिन बार सर्जिकल स्ट्राइक हुई और पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया। लेकिन कुछ लोगों ने सेना से इसका भी सर्टिफिकेट मांगा था। आपको बता दें कि भारतीय सेना ने सीमापार पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में 28–29 सितंबर 2016 की दरमियानी रात को आतंकवादियों के लॉन्च पैड को नेस्तनाबूत किया था।

# देश के राजा का हुक्म है, जो सवाल पूछे उसे कारागृह में डाल दो, मोदी सरकार पर बरसे हिरासत में लिए गए राहुल गांधी

नयी दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्षा सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को दूसरे दौर की पूछताछ कर रहा है। इसी बीच हिरासत में लिए गए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। आपको बता दें कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस के तमाम नेता और कार्यकर्ता ईडी के कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



इसी बीच राहुल गांधी ने कहा कि देश के राजा का हुक्म है– जो बेरोजगारी, महंगाई, गलत जीएसटी, अग्निपथ पर सवाल पूछेगा– उसे कारागृह में डाल दो। कांग्रेस सांसद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के माध्यम से केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि देश के 'राजा' का हुक्म है – जो बेरोजगारी, महंगाई, गलत जीएसटी, अग्निपथ पर सवाल पूछेगा – उसे कारागृह में डाल दो। भले ही मैं अभी हिरासत में हूं, भले ही देश में अब जनता की आवाज उठाना जुर्म हो, लेकिन वो हमारा हौसला कभी नहीं तोड़ पाएंगे। आपको बता दें कि हिरासत में लिए जाने से पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि मोदी जी राजा हैं और भारत में पुलिस राज है ।इससे पहले राहुल गांधी ने ट्वीट किया था कि तानाशाही देखिए, शांतिपूर्ण प्रदर्शन नहीं कर सकते, महंगाई और बेरोजगारी पर चर्चा नहीं कर सकते। पुलिस और एजेंसियों का दुरूपयोग करके, हमें गिरफ्तार करके भी, कभी चुप नहीं करा पाओगे।

# जलाभिषेक कर लौट रहे कांवड़ियों की बाइक रेलिंग से टकराई, एक की मौत

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती में बाइक सवार दो कांवड़िया सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गया है. ये दोनों कांवड़िया शिवरात्रि के मौके पर बाबा भदेश्वरनाथ से जलाभिषेक कर वापस लौट रहे थे, तभी बाइक चालक को नींद की झपकी लगने से बाइक अनियंत्रित हो गई और हाईवे के किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई. जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर के मुताबिक ये दोनों कांवड़िया अयोध्या जनपद के सोहवाल के रहने वाले हैं. आज सुबह जब ये दोनों बाइक से बाबा भदेश्वरनाथ से जलाभिषेक करने के बाद लौट रहे थे तभी हरैया नगर पंचायत कार्यालय के सामने हाईवे पर नींद की झपकी लगने से बाइक अनियंत्रित हो गई और हाईवे के किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई. इस हादसे में प्रदीप कुमार और बृजकिशोर दोनों कांवड़िया बुरी तरह घायल हो गए. इस घटना की सूचना मिलते ही एसओ शैलेश कुमार सिह अपने पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

## सभी राज्यों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की तेजी से की जाए शिनाख्तः केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे देश में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी प्रवासियों की शिनाख्त के लिए तेज कदम उठाएं।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 2,399 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई और यह पाया गया कि वे भारतीय दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राय ने कहा, ''केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किया है कि अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए उचित त्वरित कदम उठाये जाएं।'' मंत्री ने कहा कि राज्यों को परामर्श दिया गया है कि वे ऐसे अवैध प्रवासियों की जानकारी साझा करें जिन्होंने गलत ढंग से आधार कार्ड हासिल किए हैं ताकि उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटा और साला भगोड़ा घोषित, घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

मऊ ।मऊ जिले की पुलिस ने बाहुबली मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटे और साले को भगोड़ा घोषित कर दिया है। इनके खिलाफ जिले के तीन थानों में केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है. मुख्तार के गृह जनपद गाजीपुर के सभी ठिकानों पर छापेमारी की गई है. हालांकि अंसारी के रिश्तेदार वहां नहीं



मिले जिसके बाद दरवाजे पर नोटिस चिपका दिया गया. वहीं, एसपी अविनाश पांडे ने कहा कि उनसे निवेदन नहीं किया गया है बल्कि चेतावनी दी गई है कि अगर वे कोर्ट के सामने पेश नहीं होते तो फिर नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी विधायक है।

पुलिस अधीक्षक अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी और उनके विधायक बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ विभिन्न मामलों में केस दर्ज किए गए हैं. वे भगोड़े घोषित हैं. अविनाश पांडे ने बताया कि पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश करने के लिए गाजीपुर के चार जगहों पर छापेमारी की, लेकिन उनका परिवार अभी फरार है।

अविनाश पांडे ने बताया कि हथियार लाइसेंस के मामले में कोर्ट ने मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी को समन जारी किया था लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुए. इसके बाद एबीडब्ल्यू जारी किया गया है. एनबीडल्यू के अनुसार नोटिस का पालन नहीं किया गया जिसके बाद कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुख्तार अंसारी के दो साले सरजील रजा और अनवर सहजाद के खिलाफ भी एनबीडब्ल्यू जारी था. अगर ये कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करते तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो कुर्की की जाएगी।

## बीजेवाईएम अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या तिरंगा यात्रा लेकर पहुँचे करगिल, युद्ध स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



करगिल। आज पूरा देश करगिल विजय दिवस मना रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता भी आज के दिन को खास अंदाज में मना रहे हैं। एक दिन पहले श्रीनगर से शुरू हुई युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा का बाइक पर नेतृत्व करते हुए सांसद और भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या समेत पार्टी के कार्यकर्ता आज करगिल पहुँचे। इसके बाद युवा मोर्चा के नेताओं ने करगिल युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 मीटर लंबे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को भी फहराया। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने–अपने राज्यों से शहीदों के घरों के आंगन से मिट्टी भी साथ लाये थे जिसे शहीदों की अमरता के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में युद्ध स्मारक पर समर्पित किया गया। इस अवसर पर तेजस्वी सूर्या ने कहा कि शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखेगा हिंदुस्तान। उन्होंने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और जम्मू–कश्मीर के पूर्ण संवैधानिक एकीकरण के बाद से कश्मीर में यह एक ऐतिहासिक और सबसे बड़ा राजनीतिक आयोजन है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि भारतीय सेना की वीरता का जश्न मनाते हुए एकता का संदेश सम्पूर्ण भारत वर्ष में पहुँचाया जाये।

# सोनिया गांधी से आज 6 घंटे हुई पूछताछ

नई दिल्ली। न्यूज पेपर नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से आज की पूछताछ खत्म हो गई है. उनसे करीब छह घंटे तक एजेंसी ने पूछताछ की. सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने उन्हें कल यानि बुधवार को फिर पूछताछ के लिए बुलाया है।

सोनिया गांधी, बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी के साथ सुबह करीब 11 बजे दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर विद्युत लेन में स्थित ईडी के कार्यालय पहुंची थीं. इसके बाद करीब आधे के लिए लंच के लिए ईडी दफ्तर से निकलीं और फिर करीब साढ़े तीन बजे वापस वापस पहुंचीं. अधिकारियों ने बताया कि प्रियंका ईडी कार्यालय के एक अन्य कमरे में रुकी हुई थीं, ताकि जरूरत पड़ने पर वह अपनी मां से मिल सकें और उन्हें दवाएं या चिकित्सा सहायता मुहैया करा सकें। सोनिया (75) से पहली बार 21 जुलाई को मामले में दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी. तब उन्होंने एजेंसी के 28 सवालों के जवाब दिए थे. प्रवर्तन निदेशालय अखबार 'नेशनल हेराल्ड' का मालिकाना हक रखने वाली 'यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड' में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 गुटैया एवं उन्नाव को यथास्थिति में स0ग0वि0 समिति लि0 घाटमपुर, कानपुर नगर में संविलियन किये जाने का आदेश

कानपुर नगर। श्री साहब लाल यादव जिला गन्ना अधिकारी ने बताया है कि गन्ना समिति गुटैया घाटमपुर एवं उन्नाव की शक्ति व उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 उन्नाव एवं गुटैया द्वारा उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा 7 (1) (घ) की अपेक्षाओं की पूर्ति न कर पाने, अपने उद्देश्यों की पूर्ति न कर पाने, सुव्यवस्थित कारोबार ना कर पाने, गन्ना समितियों में कर्मचारियों की संख्या नगण्य होने, गन्ना क्षेत्रफल गन्ना आपूर्ति कर्ता कृषकों की संख्या व गन्ना आपूर्ति बहुत कम होने आदि बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 गुटैया एवं उन्नाव को यथास्थिति में स0ग0वि0 समिति लि0 घाटमपुर, कानपुर नगर में संविलियन किये जाने का आदेश पारित किया जाता है।

### टी0डी0एस0 की कटौती किये जाने एवं निर्धारित समय के अन्दर जी0एस0 टी0 आर0-7 रिटर्न दाखिल कराये जाने के निर्देश

कानपुर नगर। उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर कानपुर ने बताया है कि आयुक्त राज्य कर उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सरकारी विभागों, संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा अनेक कार्य संविदाकारों के माध्यम से संपादित कराये जा रहे विकास कार्यो का भुगतान करते समय टी0डी0एस0 की कटौती किये जाने एवं निर्धारित समय के अन्दर जी0एस0टी0आर0–7 रिटर्न दाखिल कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में समस्त आहरण वितरण अधिकारियों की बैठक दिनांक 29 अगस्त, 2021 को समय प्रातः 11:00 बजे नियत की गयी है। समस्त आहरण वितरण अधिकारी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### सभी व्यापारियों/व्यापारी संगठनों को आजादी के 75वीं वर्षगांठ में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा : मण्डलायुक्त

- स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को भव्य एवं उत्सव के रूप में मनाया जाये : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आयुक्त सभागार में बैठक का आयोजन किया गया तथा व्यापार मण्डल के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अपना परिचय दिया गया। मण्डलायुक्त द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग का सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित करने एवं आजादी की 75वीं वर्षगांठ को भव्य रूप से मनाने को लेकर आवाहन किया। उन्होंने कहा कि आजादी की



75वीं वर्षगांठ को उत्सव के रूप में मनाया जाये। इस सम्बन्ध में उन्होंने नगर–निगम के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई व्यवस्था चाक–चौबंद होनी चाहिए साथ ही साथ ड्रेन की सफाई अच्छे तरीके कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि भवनों, बेंच, डिवाइडर की रंगाई पुताई का कार्य सुनिश्चित करें। हजरतगंज में इलेक्ट्रिक पोल कम हाईट के साथ डिजाईनिंग लगाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये और जो भी कार्य कराया जायें वो स्थायी रूप से रहे। मण्डलायुक्त ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में आवाहन करते हुए कहा कि लखनऊ के सारे चौराहों पर एक तरह के झालरधतिरंगे रंग का लगाये। इस क्रम में व्यापारिक प्रतिष्ठान, शोरूम आदि को एकरूपता के रूप में सजाने को कहा। उन्होंने हर घर तिरंगा सप्ताह का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कहा और साथ ही साथ व्यापार मण्डल की जो भी समस्यायें है उनकों लिखित रूप से देने को कहा। जिससे उसकी समीक्षा कर समस्याओं को प्राथमिकता व गुणवत्ता के आधार पर निराकरण किया जा सके। बैठक में व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर शहीद भक्तों के स्टेचू की साफ–सफाई, फ्लैग वितरण, वृक्षारोपण, हेल्थकैम्प, ब्लड डोनेशन कैम्प, बड़ा म्यूजिकल प्रोग्राम, अनाथ आश्रमध्वृद्धा आश्रम में 75 किलो के लड्डू वितरण किया जाना है। ये सारे कार्यक्रम 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक चलते रहेगें। कल्चरर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है तथा 75 हजार झण्डे व्यापार मण्डल द्वारा लगाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री इन्द्रमणि त्रिपाठी उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, श्री इन्द्रजीत सिंह नगर आयुक्त, श्री अमित कुमार अपर जिलाधिकारी (पूर्वी), व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने रसूलाबाद तहसील में तैनात लेखपाल विनोद कुमार गौतम के साथ हुई मारपीट

रसूलाबाद कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने रसूलाबाद तहसील में तैनात लेखपाल विनोद कुमार गौतम के साथ हुई मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी व आरोपियों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को अविलम्ब गिराने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना देकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। लेखपाल संघ उप शाखा रसूलाबाद के अध्यक्ष ब्रह्पाल सिंह ने 5 सूत्रीय ज्ञापन में कहा कि पीड़ित लेखपाल



विनोद कुमार के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की 10 दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक गिरफ्तारी नही की गई जिससे लेखपालों में रोष व्याप्त है ।इसी तरह लेखपाल अंकित कुशवाहा, विनोद प्रजापति, ब्रह्मपाल के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही नही की गई थी जो गम्भीर चिंता की बात है । उन्होंने कहा कि लेखपाल ग्रामीण अंचलों में भी जाता है और उसके साथ इस तरह की घटनाएं निंदनीय है ।पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैया से लेखपाल साथियो में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही नही की गई तो हमारा संगठन जिला स्तर पर आंदोलन चलाने को बाध्य होगा । धरना स्थल पर मौजूद लेखपालों में अंकित कुशवाहा,योगेश कुमार, विनोद कुमार गौतम, विनोद प्रजापति,रावेंद्र प्रजापति, शिवाकांत, उत्तम गौण, शिवेंद्र सिंह,सुजीत कुमार,आदेश शर्मा, आदित्य यादव, अशोक कठेरिया, विमल शुक्ला, मुस्तफा हुसैन, अनिल यादव आदि प्रमुख रूप से रहे ।

## डॉ0 राज शेखर आयुक्त कानपुर मंडल की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक



कानपुर। उद्यमियों की विभिन्न विभागों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु डॉ. राज शेखर आयुक्त कानपुर मंडल की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक आज दिनांकः 26.07.2022 को आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम सिटी, सचिव कानपुर विकास प्राधिकरण, अपर श्रमायुक्त, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता(का0क्षे0) दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कानपुर देहात, जोनल अधिकारी नगर निगम, प्रतिनिधि सी०एफ०ओ कानपुर नगर, जिला अग्रणी प्रबंधक, उपायुक्त उद्योग कानपुर नगर व कानपुर देहात क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, वरिष्ठ प्रबंधक यूपीसीडा, श्री हरेन्द्र मूरजानी लघु उद्योग भारती, श्री हरदीप सिंह राखरा, श्री बृजेश अवस्थी, श्री दिनेश बरसिया अध्यक्ष आई0आई0ए0, श्री प्रवीण शर्मा पी0आई0ए0, श्री ज्ञानेन्द्र अवस्थी, श्री आलोक कुमार जैन मण्डलीय अध्यक्ष आई0आई0ए0 आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

बैठक की टिप्पणी एवं दिये गये निर्देशों के महत्वपूर्ण बिन्दु इस प्रकार हैः– औद्योगिक क्षेत्र पनकी और दादा नगर को जोड़ने वाली सड़क मरम्मत किये जाने व रोड़ की अन्य समस्याओं, पुल के दोनो ओर एप्रोच रोड़ का कार्य कराए जाने तथा बिठूर लिंक रोड से मेदनीपुरवा की सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने हेतु मण्डलायुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को अवशेष सभी कार्यो को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी कार्य में अन्तिम 1200 मीटर भाग में आई0आ0सी0 से एन0ओ0सी0 प्राप्त किए जाने के सम्बन्ध में अलग से बैठक कराये जाने के निर्देश भी मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग दिए गए। यूपीसीडा द्वारा जैनपुर ग्रोथ सेन्टर की नालियों एवं सड़को की वास्तविक स्थिति के संबंध में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी। यूपीसीडा के अधिकारियों से सीईटीपी चालू कराये जाने के सम्बन्ध में टाइम लाइन बताने के निर्देश देते हुए कहा गया कि यूपीसीडा द्वारा बतायी गयी टाइम लाइन को कार्यवृत्त में सम्मिलित किया जाये। सुपर हाउस लि0 का समय विस्तारण शुल्क माफ किये जाने का प्रकरण यूपीसीडा में काफी समय से लम्बित है। इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त द्वारा दूरभाष पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा से शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु वार्ता की गयी।

इसी प्रकार कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इस्पात नगर योजना में रिहायशी, कामर्सियल और औद्योगिक उपयोग में लाए जा रहे भूखण्डों के विषय में उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण का निस्तारण शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये गये। कानपुर विकास प्राधिकरण के ही अन्य प्रकरण गंगागंज औद्योगिक क्षेत्र पनकी व गैसप्लान्ट की बाउण्ड्रीवाल के विषय में सचिव के0डी0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि स्टीमेट प्राप्त हो गया है तथा आगामी 3–4 माह में कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अमृत योजना के अन्तर्गत उन इकाइयों के कार्य स्थल, जिन्होंनें जिला पंचायत से नक्शा स्वीकृत कराये थे, वह के0डी0ए0 की परिधि में हैं, अतः उन्हें के.डी.ए. से मानचित्र स्वीकृत कराना होगा। इस सम्बन्ध में सचिव कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि विकास प्राधिकरण के गठन के पश्चात उसके कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी उद्यमियों द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना होगा। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि उद्यमियों के संगठन को कानपुर विकास प्राधिकरण के उक्त सम्बन्धित शासनादेश की प्रति उपलब्ध करादें तथा जिन जिला पंचायतों ने अधिकार न होते हुए भी मानचित्र पास किए हैं, उन अधिकारियों के विरूद्ध उनके विभाग को कार्यवाही हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण पत्र लिखे। रनियां क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग को दृष्टिगत रखते हुए परियोजना निदेशक एन0एच0ए0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा अधिगृहीत 45 मी0 के स्थान पर केवल 20–25 मीटर ही जगह रनियां और उसके आस–पास भौतिक रूप से उपलब्ध है तथा अवशेष पर क्षेत्रीय दुकानदारों व अन्य व्यवसायिक कार्य में लगे व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से कब्जा किया गया है। इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया कि अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस भिजवायें तथा कानून व्यवस्था के अन्तर्गत उन्हें कब्जा हटवाये जाने हेतु जिला प्रशासन से सहयोग दिलाया जायेगा। क्षेत्रीय उद्यमियों एवं उनके संगठन के पदाधिकारियों से भी इस प्रकरण में सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। रनियां कानपुर देहात में फायर स्टेशन की स्थापना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, कानपुर देहात द्वारा निःशुल्क भूमि आवंटित कर दी गयी है। चूॅंकि यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया है अतः यह उनका दायित्व है कि वह इस औद्योगिक क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में अपने उच्चाधिकारियों से विचार–विमर्श कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पनकी फायर स्टेशन में अस्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था पर उद्यमियों द्वारा मण्डलायुक्त को धन्यवाद दिया गया तथा यह भी मांग की गयी कि शासन से अवशेष बजट प्राप्त हो जाये तो यह फायर स्टेशन पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करना प्रारम्भ कर सकेगा। इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त द्वारा उनकी ओर से जिलाधिकारी कानपुर नगर को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री सर्वेश्वर शुक्ला द्वारा किया गया। उनके द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों, उद्यमियों व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

## सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना में सम्मिलित न करते हुये इसके स्थान पर 6 लेन का प्राविधान



कानपुर नगर। जनपद कानपुर नगर में रा0मा0सं0–91 किमी0 421.350 (गोल चौराहा) से किमी0 432.200 (रामादेवी) तक एलिवेटेड मार्ग बनाये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, कानपुर द्वारा प्रेषित किया गया था, जिसे सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के वार्षिक कार्य योजना 2021–22 में सम्मिलित किया गया था तथा डी0पी0आर0 बनाने हेतु निविदा भी आमंत्रित की गई थी, परंतु एलिवेटेड कॉरीडोर को सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 की कार्य योजना में सम्मिलित न करते हुये इसके स्थान पर 6 लेन का प्राविधान किया गया है। जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा उक्त परियोजना को सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के वित्तीय वर्ष 2022–23 के कार्ययोजना में सम्मिलित करने के संबंध में पुर्नविचार हेतु लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा इसकी प्रति सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी, लखनऊ को भी की गयी है।

## गोल्डन कार्ड बनवाये जाने हेतु विकास भवन में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न



कानपुर नगर। मुख्य विकास अधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यो को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनवाये जाने हेतु विकास भवन में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि जनपद कानपुर नगर में दिनांक 14 अगस्त, 2022 तक विशेष अभियान चलाते हुये गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। उक्त कैम्पों में गोल्डन कार्ड के पात्र निर्माण श्रमिकों को अच्छादित किये जाने की दृष्टि से ब्लाक, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम क्षेत्र में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड के नोडल अधिकारी नगर पंचायत बिठूर, शिवराजपुर के अधिशासी अधिकारी को नोडल अधिकारी, नगर पालिका बिल्हौर, घाटमपुर के अधिशासी अधिकारी को नोडल अधिकारी, नगर निगम क्षेत्र के जोनल अधिकारी को नोडल अधिकारी व केस्को कानपुर के मुख्य अभियंता को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी सी०एस०सी० केन्द्रो से संम्पर्क स्थापित करवाते हुए ग्राम पंचायतध्ब्लाक स्तर पर कैम्पों का आयोजन करायेंगे तथा श्रमिकों को गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करायेंगे। नगर निगम के जोन स्थित जोनल अधिकारी अपने जोनल कार्यालयों में कैम्पों का आयोजन करवायेंगे तथा संबधित श्रम प्रवर्तन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करायेंगे। अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत बिल्हौर, घाटमपुर, बिठूर, शिवराजपुर सी०एस०सी० से सम्पर्क कर कैम्पों का आयोजन कराते हुए श्रमिको का गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करायेंगे। जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि राशन वितरण से संबंधित कोटेदारों/आरोग्य मित्र के माध्यम से श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित कराये। उन्होंने कहा कि समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी अपने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियोंध्नगर निगम के जोनल अधिकारियों से संम्पर्क स्थापित करते हुए गोल्डन कार्ड बनवाये जाने की सूचना प्रतिदिन नोडल अधिकारीध्श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री संजय कुमार लाल को व्हाटस–एप ग्रुप के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायेंगे। इसके अतिरिक्त समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी शहरी क्षेत्रों में सूची से संबंधित निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों से सम्पर्क स्थापित करते हुए अधिकाधिक संख्या में श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करायेंगे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने बंगाली हिंदू परिवारों की कॉलोनी को देखा और बन रहे आवासों की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने बंगाली हिंदू परिवारों से अपील करते हुए कहा कि 1 माह में आवासों को करें पूर्ण

- भैसाया स्थित पंचायत घर कम जगह पर बनाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी का चढ़ा पारा, पंचायत गहर को बड़ी जगह पर शीघ्र ही बनाये जाने की दी हिदायत
- मुख्य विकास अधिकारी ने की बड़ी कार्यवाही, सामुदायिक शौचालय मानक विहीन बने होने के चलते ग्राम पंचायत सचिव कमलेश राना द्वारा बनवाए गए सामुदायिक शौचालय की जांच कराये जाने के दिए निर्देश
- मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को देखा, जहां पर बिजली कनेक्शन व पंखा न लगा होने पर जताई कड़ी नाराजगी, कार्यवाही किये जाने के दिए निर्देश

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मंगलवार को रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत भैसाया ग्राम पंचायत का मजरा पाल नगर के निकट बसाए जा रहे 63 विस्थापित हिंदू परिवारों के रहन–सहन के स्थान को देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय पहुँचीं जहां पर उन्होंने बंगाली हिंदू परिवारों से संवाद किया और कहा कि 1 माह में आवासों को पूर्ण करें। वही विस्थापित हिंदू परिवारों ने विद्युत समस्या सहित कुछ समस्याएं भी मुख्य विकास अधिकारी को बताई जिसके बाद उन्होंने संबंधित को निस्तारण करने के निर्देश दिए।





मुख्य विकास अधिकारी समय पांडेय ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को देखा। जहां पर आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन व पंखा न लगा होने से नाराजगी जताई। इसके लिए उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि अतिशीघ्र आंगनवाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण कराएं साथ ही साथ ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि नर्सरी विद्यालय की तरह आंगनवाड़ी केंद्र का भी कायाकल्प का कार्य कराएं। वहीं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से उन्होंने गणित के प्रश्न ग्रीन बोर्ड पर हल कराये। जिनको बच्चों ने बखूबी हल किए। जिससे मुख्य विकास अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की वहीं विद्यालय की वेशभूषा में नहीं आने पर शिक्षकों को मुख्य विकास अधिकारी ने हिदायत दी और कहा कि अभिभावकों से कहें कि बच्चों की स्कूली वेशभूषा में ही भेजें। यदि भुगतान हो गया है तो फिर उनकी ड्रेस क्यों नहीं बनी। वही भैसायां ग्राम पंचायत में पंचायत घर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय का पारा चढ़ गया क्योंकि पंचायत घर कम जगह पर बना था। जहां पर ग्राम पंचायत की बैठक होना ही मुश्किल है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नई जगह का चुनाव कर बड़ा पंचायत घर बनवाया जाए। परियोजना निदेशक दिनेश कुमार व खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार के साथ मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भैसाया ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा। जहां पर रहने वाली केयर टेकर से सामुदायिक शौचालय खुलने और बंद होने का समय पूछा तो वह समय ही न बता सकी। साथ ही सामुदायिक शौचालय मानक विहीन बना था जिसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव कमलेश राना द्वारा बनवाए गए सामुदायिक शौचालय की एमबी की जांच कराने के निर्देश दिए तथा तदोपरांत पालनगर गांव में समूह की महिलाओं के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव से पहले हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए बनाए जा रहे तिरंगे को देखा जहाँ स्वयं सहायता समूह की सारिका मंडल व समूह की महिलाओं की प्रशंसा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी जितेंद्र कटियार, नायब तहसीलदार मनोज रावत, एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह, जेई डीके पाल, सचिव ऊधान सिंह,ब्रह्मराज, शिव बहादुर, चिकित्सा अधीक्षक अमित सक्सेना, जेई एमआई अरुण, विस्थापित बंगाली मुखिया अनिल विश्वास,मनोज मंडल, सीडीपीओ संजय कुमार, नीरज सोनकर, ग्राम प्रधान संजीव पाल, राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

## वृक्षारोपण के उपरान्त जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नृत्य व नाट्य मंचन



लखनऊ। प्रभागीय वन अधिकारी/अवध वन प्रभाग डॉ0 रवि कुमार सिंह ने बताया है कि कारगिल शहीद दिवस के अवसर पर जी०डी० गोयनका पब्लिक स्कूल, सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ में अवध वन प्रभाग, लखनऊ के सहयोग से आज दिनांक 26.07.2022 को प्रातः वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा० रवि कुमार सिंह, डी०एफ०ओ०, लखनऊ द्वारा पारिजात सहित अन्य वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त जी०डी० गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नृत्य व नाट्य मंचन किया गया। मुख्य अतिथि डी०एफ०ओ० लखनऊ द्वारा अपने सम्बोधन में छात्र–छात्राओं को पर्यावरण प्रदूषण के कारकों को विस्तार से बताते हुए छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष, जी०डी० गोयनका पब्लिक स्कूल सहित शिक्षक/शिक्षकाएं एवं सरोजनीनगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी, श्री एस०यू० खॉन व रेंज के वनकर्मी उपस्थित रहे। इसके पश्चात् अवध वन प्रभाग, लखनऊ के बी०के०टी० रेंज के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के नवीन परिसर के विधि संकाय में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी०एफ०ओ०, लखनऊ, डा० रवि कुमार सिंह द्वारा हरसिंगार सहित फलदार पौध का रोपण किया गया। उक्त परिसर में कुल 150 विभिन्न प्रजाति जिसमें मुख्यतः इमली, पीपल, पाकड़ आदि के पौधों का रोपण लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन/प्रोफेसर सहित छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधि संकाय के डीन व प्रोफेसर सहित छात्र–छात्राएं एवं बी0के0टी0 रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी, श्री अनुज प्रताप सिंह व रेंज के वनकर्मी उपस्थित रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## साक्ष्य करें कराए उपलब्ध

कानपुर देहात 25 जुलाई 2022। जिला कारागार कानपुर देहात के सिद्धदोष बंदी ललऊ उर्फ रामऔतार पुत्र कालका प्रसाद उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम मैथा माण्डा थाना शिवली जिला कानपुर देहात की एल०एल०आर० चिकित्सालय कानपुर नगर में उपचार के दौरान दिनांक 22/23 मई 2021 की रात्रि समय 00.45 बजे हुई मृत्यु से संबंधित न्यायिक जांच सिविल जज (सू0डी0) एफ0टी0सी0 क्राइम अगेंस्ट वूमेन कानपुर देहात द्वारा की जानी है । उपरोक्त मृतक के संबंध में साधारण को सूचित किया जाता है कि तत्वों की जानकारी एवं साक्ष्य अथवा अपनी बात करना चाहता है वह उनके न्यायालय में उपस्थित होकर दे सकता है।

## मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान कार्यक्रम दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारंभ

- मुख्य विकास अधिकारी ने बंगाली हिंदू परिवारों की कॉलोनी को देखा और बन रहे आवासों की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने बंगाली हिंदू परिवारों से अपील करते हुए कहा कि 1 माह में आवासों को करें पूर्ण
- भैसाया स्थित पंचायत घर कम जगह पर बनाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी का चढ़ा पारा, पंचायत गहर को बड़ी जगह पर शीघ्र ही बनाये जाने की दी हिदायत'
- 'मुख्य विकास अधिकारी ने की बड़ी कार्यवाही, सामुदायिक शौचालय मानक विहीन बने होने के चलते ग्राम पंचायत सचिव कमलेश राना द्वारा बनवाए गए सामुदायिक शौचालय की जांच कराये जाने के दिए निर्देश'
- 'मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को देखा, जहां पर बिजली कनेक्शन व पंखा न लगा होने पर जताई कड़ी नाराजगी, कार्यवाही किये जाने के दिए निर्देश'

अनुज प्रताप सिंह ब्यूरोचीफ कानपुर देहात। मंगलवार को रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत भैसाया ग्राम पंचायत का मजरा पाल नगर के निकट बसाए जा रहे 63 विस्थापित हिंदू परिवारों के रहन–सहन के स्थान को देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय पहुँचीं जहां पर उन्होंने बंगाली हिंदू परिवारों से संवाद किया और कहा कि 1 माह में आवासों को पूर्ण करें। वही विस्थापित हिंदू परिवारों ने विद्युत समस्या सहित कुछ समस्याएं भी मुख्य विकास अधिकारी को बताई जिसके बाद उन्होंने संबंधित को निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी समय पांडेय ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को देखा। जहां पर आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन व पंखा न लगा होने से नाराजगी जताई। इसके लिए उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि अतिशीघ्र आंगनवाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण कराएं साथ ही साथ ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि नर्सरी विद्यालय की तरह आंगनवाड़ी केंद्र का भी कायाकल्प का कार्य कराएं। वहीं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से उन्होंने गणित के प्रश्न ग्रीन बोर्ड पर हल कराये। जिनको बच्चों ने बखूबी हल किए। जिससे मुख्य विकास अधिकारी ने प्रसन्नता



व्यक्त की वहीं विद्यालय की वेशभूषा में नहीं आने पर शिक्षकों को मुख्य विकास अधिकारी ने हिदायत दी और कहा कि अभिभावकों से कहें कि बच्चों की स्कूली वेशभूषा में ही भेजें। यदि भुगतान हो गया है तो फिर उनकी ड्रेस क्यों नहीं बनी। वही भैसायां ग्राम पंचायत में पंचायत घर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय का पारा चढ़ गया क्योंकि पंचायत घर कम जगह पर बना था। जहां पर ग्राम पंचायत की बैठक होना ही मुश्किल है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नई जगह का चुनाव कर बड़ा पंचायत घर बनवाया जाए। परियोजना निदेशक दिनेश कुमार व खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार के साथ मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भैसाया ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा। जहां पर रहने वाली केयर टेकर से सामुदायिक शौचालय खुलने और बंद होने का समय पूछा तो वह समय ही न बता सकी। साथ ही सामुदायिक शौचालय मानक विहीन बना था जिसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव कमलेश राना द्वारा बनवाए गए सामुदायिक शौचालय की एमबी की जांच कराने के निर्देश दिए तथा तदोपरांत पालनगर गांव में समूह की महिलाओं के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव से पहले हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए बनाए जा रहे तिरंगे को देखा जहाँ स्वयं सहायता समूह की सारिका मंडल व समूह की महिलाओं की प्रशंसा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी जितेंद्र कटियार, नायब तहसीलदार मनोज रावत, एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह, जेई डीके पाल, सचिव ऊधन सिंह,ब्रह्मराज, शिव बहादुर, चिकित्सा अधीक्षक अमित सक्सेना, जेई एमआई अरुण, विस्थापित बंगाली मुखिया अनिल विश्वास,मनोज मंडल, सीडीपीओ संजय कुमार, नीरज सोनकर, ग्राम प्रधान संजीव पाल, राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

### महादेव शिव सर्व समर्थ हैं,श्रावण मास में शिव की पूजा करने से सारे कष्ट खत्म हो जाते हैं-आचार्य अभिषेक हरिकिंकर

नारीबारी(प्रयागराज)। श्रावण मास में जनकल्याण सामूहिक ग्यारह हजार एक सौ आठ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कराकर दर्जनों जोड़ों ने सार्वजनिक रुद्राभिषेक किया।



श्री सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारीबारी में वृंदावन धाम से पधारे प्रमुख आयोजक आचार्य पं. अभिषेक कृष्णम् हरिकृंकर जी महाराज ने ११**१०८** शिवलिंगों के माध्यम से दर्जनों जोड़ों के द्वारा विधि–विधान से दुग्ध मिश्रित गंगाजल के द्वारा रूद्राभिषेक जन कल्याणार्थ सर्वकल्याणार्थ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन हवन कराते हुए आचार्य पं. अभिषेक कृष्णम् हरिकृंकर जी महाराज ने कहा श्रावण मास में शिव की पूजा करने से सारे कष्ट खत्म हो जाते हैं। महादेव शिव सर्व समर्थ हैं। वे मनुष्य के समस्त पापों का क्षय करके मुक्ति दिलाते हैं। इनकी पूजा से ग्रह बाधा भी दूर होती है। पूजन–अर्चन हवन के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर सर्वकल्याणार्थ जयकारे लगाए और ईश्वर से मानव जीवन के गलतियां के लिए क्षमा याचना करते हुए सद्मार्ग में चलने की शक्ति और संम्बल मांगा।

## आबकारी अधिकारी ने शिक्षक बनकर दी गणित की क्लास

- सही जवाब देने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत, मिड–डे–मिल की परखी गुणवत्ता

लखीमपुर,खीरी। खीरी में सभी परिषदीय विद्यालयों में आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने, उन्हें सजाने संवारने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह विशेष प्रयास कर रहे है। डीएम ने न केवल स्वयं विद्यालय को गोद लिया, बल्कि उनके आवाहन पर सभी अफसरों ने एक–एक परिषदीय विद्यालय को गोद लिया। चरणबद्ध तरीके से अफसर प्रत्येक माह अपने गोद लिए विद्यालयों में पहुंचकर उन्हें बेहतर बनाने में जुटे हैं। मंगलवार को रिमझिम बारिश के बीच जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर अपने गोद लिए तहसील व ब्लाक लखीमपुर के संविलियन विद्यालय मुड़िया पहुंचे, जहां उन्होंने कक्षा आठ के बच्चों को गणित की क्लास ली। उन्हें करीब एक घंटे की क्लास देखकर गणित विषय की विभिन्न टॉपिक्स पर उनका ज्ञानवर्धन किया। यही नहीं क्लास के दौरान उन्होंने बच्चों से कई सवाल भी पूछे, जिनका बच्चों ने सही जवाब दिया। इस पर उन्होंने सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया। डीईओ कुलदीप दिनकर ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ संग बैठक की। विद्यालय को चमकाने की रणनीति बनाई। इस दौरान उन्होंने मिड डे मील की भी गुणवत्ता चेक की। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ से कहा कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ संस्कारपरक शिक्षा दी जाए।

## कारगिल विजय दिवस पर निकली तिरंगा रैली

लखीमपुर,खीरी। 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट वीरेंद्र कुमार वर्मा के दिशानिर्देश एवं द्वितीय कमान अधिकारी नीरज कुमार थापा की निगरानी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक तिरंगा रैली निकाली गयी। सर्वप्रथम वाहिनी द्वितीय कमान अधिकारी नीरज कुमार थापा द्वारा इस रैली को हरी झंडी दिखाकर वाहिनी मुख्यालय मझरा फार्म से महेवागंज के लिए रवाना किया गया।

रैली का नेतृत्व वाहिनी उप कमांडेंट मेघनाथ राउत ने किया तथा उनके नेतृत्व में यह रैली वाहिनी मुख्यालय मझरा फार्म से चलकर महेवागंज पुलिस चौकी तक जाकर वहां से वापस वाहिनी मुख्यालय में समाप्त हुइ। इस रैली में नवभारत पब्लिक इंटर कॉलेज, ग्रीन फील्ड एकेडमी एवं गुरु गोविन्द सिंह एकेडमी के बच्चों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। रैली के दौरान महेवागंज पुलिस चौकी से चौकी प्रभारी चेतन तोमर, सिपाही कोशिन्द्र कुमार सहित अन्य समस्त स्टाफ ने यातायात व्यवस्था नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर उप कमांडेंट सचिन कुमार एवं संदीप प्रसाद, सहायक कमांडेंट (मेडिकल) हिमांशु डबास सहित वाहिनी के समस्त जवान उपस्थित रहे।

## चौकी प्रभारी ने सुलह कराकर निपटवाया विवाद

महेवागंज,खीरी। महेवागंज चौकी क्षेत्र के हाजीपुरवा में पूजा–पाठ को लेकर चल रहा विवाद चौकी इंचार्ज के उपस्थिति में उक्त विवाद का निस्तारण दोनों पक्षों की सहमति से करा दिया। अब दोनों पक्षों का आपस में कोई



हस्तक्षेप के बाद आज सुलझ गया। बताते चले गीता देवी पत्नी शंभू व सफीकुन पत्नी मेहंदी हाजीपुरवा थाना सदर कोतवाली का पूजा–पाठ को लेकर विवाद हो गया था। मंगलवार को नवागत चौकी इंचार्ज महेवागंज चेतन तोमर ने गणमान्य लोगों की विवाद नहीं है। चौकी इंचार्ज की इस कार्यशैली से क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बरकरार है। चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्षों को समझाया कि आगे भविष्य में कोई ऐसा विवाद न होगा। चौकी इंचार्ज की अच्छी कार्यशैली के चलते दोनों का आपसी विवाद खत्म हो गया।

### 63 विस्थापित हिंदू परिवारों के रहन-सहन के स्थान को देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाडेय पहुँचीं तथा लोगों की समस्याएं सुनी

रसूलाबाद। विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत भैसाया ग्राम पंचायत का मजरा पाल नगर के निकट बसाए जा रहे 63 विस्थापित हिंदू परिवारों के रहन–सहन के स्थान को देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय पहुँचीं तथा लोगों की समस्याएं सुनी उन्होंने कहा कि एक माह में आवासों को पूर्ण करें। वही विस्थापित परिवारों ने मुख्य विकास अधिकारी को कुछ समस्याएं बताई जिसको सुन उन्होंने निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी समय पांडेय ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को देखा। जहां पर आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन व पंखा न लगा होने से नाराजगी जताई। इसके लिए उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।वहीं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से उन्होंने गणित के प्रश्न ग्रीन बोर्ड पर हल कराए। वहीं विद्यालय की वेशभूषा में नहीं आने पर शिक्षकों को मुख्य विकास अधिकारी ने हिदायत दी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय पंचायत भवन छोटा देखकर बेहद नाराज हुई। उन्होंने परियोजना निदेशक व खंड विकास



अधिकारी के साथ भैसाया ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा। साथ ही सामुदायिक शौचालय मानक विहीन बना था जिसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव कमलेश राना द्वारा बनवाए गए सामुदायिक शौचालय की एमबी की जांच कराने के निर्देश दिए। महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे तिरंगे को देखा जहाँ स्वयं सहायता समूह की सारिका मंडल व समूह की महिलाओं की प्रशंसा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी जितेंद्र कटियार, नायब तहसीलदार मनोज रावत, एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह, जेई डीके पाल, सचिव ऊधन सिंह,ब्रह्मराज, शिव बहादुर, चिकित्सा अधीक्षक अमित सक्सेना, जेई एमआई अरुण, विस्थापित बंगाली मुखिया अनिल विश्वास,मनोज मंडल, सीडीपीओ संजय कुमार, नीरज सोनकर, ग्राम प्रधान संजीव पाल, राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

## आवारा पशुओं ने रौंद कर बर्बाद कर दी गन्ने की फसल

लखीमपुर,खीरी। विकास खंड मितौली की ग्राम पंचायत ग्रंट इनायत चीफ में आवारा पशुओं का कहर जारी है। आवारा पशुओं ने भगौती प्रसाद के नहर के किनारे खड़ी एक एकड़ की गन्ने की फसल को आवारा पशुओं ने बर्बाद कर दिया। गरीब किसान बेचारे मेहनत से गन्ने की फसल को तैयार करते हैं। वहीं आवारा पशु उनकी फसलों को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। किसानों की मांग है कि आवारा पशुओं को किसी गौशाला में व्यवस्थित किया जाए। इन पशुओं से परेशान किसान फसल को बचाने के लिए रात–दिन पहरेदारी करते है, लेकिन फिर भी इन आवारा पशुओं द्वारा गन्ने की फसल और धान की फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। जबकि हैंदर नगर, भट्टापुरवा, सरदार झाला आदि आसपास के किसानों के गन्ने की फसल को आवारा पशु फसलों को चर कर पूरी तरह से बर्बाद कर रहे हैं। किसी भी उच्च अधिकारी की नहीं पड़ती है, जिससे पशुओं को किसी गौशाला में व्यवस्थित किया जाए। नाराज किसान आज मितौली उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आवारा पशुओं से छुटकारा पाने के लिए मांग की है और किसानों का कहना है अगर जल्द से जल्द इन पशुओं को व्यवस्थित नहीं किया गया



तो काफी संख्या में लोग इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगें। ज्ञापन देते समय सरणदीन सिंह, साहब सिंह, उत्तम कुमार, कमलजीत सिंह, गुरु लाल सिंह, दलजीत सिंह, मनोज, धर्मेंद्र कुमार, ताख सिंह, अवतार सिंह, जुग बाग सिंह, लक्ष्मी, सोनू, आदि लोग मौजूद रहे।

## रुक्मिणी-श्रीकृष्ण विवाह कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



लखीमपुर,खीरी। निघासन के देवीदीनपुरवा में चल रहे 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लोकनपुरवा से आए कथावाचक पं. उत्तम महराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता–जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया।

पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे, तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई। इस दौरान जजमान आयोजक रामकुमार उर्फ रामू, राम कृपाल, सोहन मौर्य, चित्र कुमार मौर्य, कृष्णा, रतीराम लोधी, राम लखन, रामचन्द्र, राम मूर्ति, हरपाल आदि काफी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## आरएम ज्ञानदायिनी कॉलेज में हुआ स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम

- डीएम के निर्देश पर एनडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण

लखीमपुर,खीरी। खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की 11डी टीम स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम चला रही है। मंगलवार को आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कालेज राजापुर में एनडीआरएफ ने स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम में विद्यार्थियों, अध्यापकों, अन्य कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपाय बताए।

एनडीआरएफ वाराणसी के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आयी एनडीआरएफ की 11डी टीम द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आपदा प्रबंधन, जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। टीम कमांडर एवं टीम के अन्य सदस्यों ने स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों, अध्यापकों, अन्य कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा के प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। टीम ने भूकंप की घटना होने पर उससे बचाव कार्य के लिए, आगजनी की घटना होने पर बचाव, सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना एवम पीड़ित की



जान बचाने हेतु विभिन्न तरीकों एवं उपायों के बारे में तथा आपदा से होने वाली क्षति के न्यूनीकरण के उपायों को बखूबी डेमो देकर बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेस्क्यूवर के साथ ही साथ कई छात्रों एवं छात्राओं से उपायों को कराके सिखाया। इस स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के दौरान एनडीआरएफ टीम से टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के साथ नौ सदस्यीय टीम, प्रधानाचार्य सचिन कुमार शुक्ला, प्रबंधक राकेश कुमार वर्मा के साथ–साथ विद्यालय के छात्र–छात्राएं व अध्यापकगण इत्यादि मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति से की थारु जनजाति की जन समस्याओं के निराकरण की मांग



बेलरायां,खीरी। नेपाल के तलहटी में स्थित ग्राम बेला परसुआ जो कि एक थारू जनजाति बाहुल्य ग्राम है। गांव में व्याप्त ज्वलंत जनसमस्याओं के दृष्टिगत निघासन तहसील एवं ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में ग्रामवासियों की समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्षरत समाजसेवी अधिवक्ता मोहम्मद हैदर जनसेवा करते रहते हैं। श्री हैदर द्वारा इन थारू जनजाति से सम्बंधित ग्रामीणों के अनुरोध पर इस ग्राम में व्याप्त समस्याओं के सम्बन्ध में वह पूर्व में भी वृहद् पत्राचार कर चुके हैं। श्री हैदर द्वारा पुनः राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को इस जनजातीय बाहुल्य ग्राम में आमंत्रण देते हुए उनसे इस ग्राम की समस्याओं से निजात दिलाने का अनुरोध किया है। जिसमें एक सुदृढ़ मोबाइल नेटवर्क की स्थापना की मांग की है। बताते चले कि मोबाइल नेटवर्क के अभाव में इन ग्रामीणों को उनके संचार एवं ऑनलाइन शिक्षा बाधित हो रही है। ग्राम के जीर्ण–शीर्ण संपर्क मार्ग, आवश्यक सेवाओं की बदहाली, चिकित्सकीय सेवाओं के अभाव तथा ग्राम से थाना चंदनचौकी के 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी के दृष्टिगत उक्त क्षेत्राधिकार समीपस्थ तिकुनिया थाने में किये जाने जैसी ज्वलंत समस्याओं को उजागर करते हुए एक विस्तृत प्रत्यावेदन अपने एवं ग्राम प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षरों से प्रेषित किया है। इस प्रत्यावेदन 22 अन्य को पृष्ठांकित कर मोहम्मद हैदर को यह विश्वास है कि अपने नैतिक कर्तव्य के निर्वहन स्वरुप वे इन् सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण को सुनिश्चित करेंगे। श्री हैदर ने यह भी बताया कि उनके प्रत्यावेदन के तत्क्रम में उनका संपर्क जनजातीय विकास विभाग से हो चुका है एवं उक्त विभागीय अधिकारियों ने इस ज्वलंत समस्या के त्वरित निराकरण का विश्वास दिलाया है।

## नवदंपति शगुन किट अपनायें, परिवार को खुशहाल बनाएं



लखीमपुर,खीरी। शादी के मौके पर मिलने वाले तमाम तोहफों में से उसी दौरान मिलने वाला एक विशेष तोहफा नवदंपति के पूरे जीवन को खुशहाल बना सकता है। बस जरूरत है उसकी खासियत को समझते हुए सही मायने में जीवन में अपनाने की। इस किट में कई जरूरी सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है। परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों को अपनाकर पति–पत्नी को एक–दूसरे को समझने और आर्थिक रूप से मजबूती लाने का पर्याप्त समय मिल सकता है। इस तरह यह किट महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही परिवार के हर सदस्य की खुशहाली का जरिया भी बन सकता है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार के अनुसार, विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा दिया जाता है। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें। परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी का कहना है कि जनपद में पिछले वित्तीय वर्ष में 8560 शगुन किट का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही इस वित्तीय वर्ष में चल रहे सास–बहू–बेटा सम्मेलन के दौरान नई पहल किट का वितरण किये जाने की योजना है। इसकी संपूर्ण रूपरेखा बनाने के लिए सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया है।

## सम्पादकीय....

### देश के अमृत महोत्सव वर्ष में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने का सम्मान तो मिले

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। राष्ट्रभाषा बनने के साथ–साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग–अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग–अलग प्रांतों में अलग–अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है।

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार–प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार–प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र–पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है ।दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग–अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

संजीव ठाकुर ,चिंतक, लेखक

## ईमानदारी और आत्म सम्मान मानवीय जीवन के दो अनमोल हीरे मोती

अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्ते चौकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।

सृष्टि रचनाकर्ता ने सृष्टि में मानवीय जीव की रचना कर उसके मस्तिष्क में बौद्धिक क्षमता रूपी खान का ऐसा अणखुट खजाना भर दिया है जिसमें अन्य 84 लाख योनियों को अलग रखा और यह जीव मानवीय योनि में जन्म लेकरअपने परिवार मोहल्ले समाज शहर के खूबसूरत माहौल में अपना बचपन बिताता है तो उसे हमारे बड़ेबुजुर्ग ईश्वरअल्लाह का रूप मानतेहैं ।मेरा मानना है और यह सर्वविदित भी है कि बच्चे झूठ, फरेब, बेईमानी इत्यादि अवगुणों से दूर स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण में अपना बालपन जीवन व्यतीत करते हैं जब बचपन से निकलकर बौद्धिक समझदारी में आते हैं उन्हें आकर्षित करने वाली अनेक चीजों में से एक धन है!! जिसकी चाहना बल्यपन से निकलने पर ही आने लगती है और यहीं से कुदरत द्वारा दी गई अद्भुत अनमोल बौद्धिक क्षमता पर भ्रष्टाचार और लालच की नकारात्मक सोच हमला करती है जिसनें उसे ईमानदार और आत्म सम्मान रूपी अस्त्रसे इन अवगुणों को काट दिया उसका संपूर्ण जीवन सफल हो जाता है और जो इसके घेरे में आ गया वह परिवार कुल सहित दुखों का भागीदारी बन जाता है जिसका मूल कारण गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन है!! इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के दुखद परिणामों और ईमानदारी आत्म सम्मान से लाभकारी परिवारों की चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन की करें तो श्लोकों में आया है। अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।प्राप्ते चौकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।

अर्थ– अन्याय या गलत तरीके से कमाया हुआ धन दस वर्षों तक रहता है। लेकिन ग्यारहवें वर्ष वह मूलधन सहित नष्ट हो जाता है।अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्ते चौकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।आचार्य चाणक्य अपने इस श्लोक में कहते हैं कि ऐसे गलत तरीकोंसे कमाया गया पैसा बमुश्किल 10 साल तक ही रहता है, इसके बाद 11वें वर्ष से ही ऐसा पैसा धीरे–धीरे नष्ट होने लगता है, इसलिए व्यक्ति को कभी भी अनैतिक तरीके से पैसा नहीं कमाना चाहिए क्योंकि उसे बुरे कर्मों का फल भी झेलना पड़ता है और कुछ समय बाद ऐसे धन नष्ट भी हो जाता है, फिर चाहे वजह कोई दुर्घटना, बीमारी, नुकसान या अन्य कारण हो। बेहतर होगा कि ईमानदारी से पैसा कमाएं और उसका एक हिस्सा दान में दें, इससे आपके घर में हमेशा बरकत रहेगी और आप दिन–दूनीरात–चौगुनीतरक्की करेंगें। साथियों बात अगर हम चाणक्य नीति की करें तो, उसके अनुसार पापकर्म द्वारा या किसी को कष्ट और क्लेश पहुंचाकर कमाया पैसा अभीशापित होकर मनुष्य का नाश कर देता है। इस धन के प्रभाव से सज्जन पुरुष भी पाप की और बढ़ने लगते हैं।

इसलिए ऐसे पैसों से बचना चाहिए, वरना जल्दी ही कुल सहित उस इंसान का नाश हो जाता है। आचार्य चाणक्य बताते हैं कि ऐसा धन दस साल से ज्यादा नहीं टिक पाता। उसके बाद दुगना खर्चा बीमारी या नुकसान होकर ऐसा पैसा चला जाता है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार जैसे गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के परिणामों की करें तो हम इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में भ्रष्टाचारियों के अनेक दुखद नकारात्मक परिणामों के बारे में पढ़ते सुनते रहते हैं परंतु मेरा यह निजी और व्यक्तिगत रूप से अपने साथियों दोस्त अफसरों के अनुभव की जानकारी रेखांकित किया हूं कि जो भ्रष्टाचार करता है वह अपने जीवन में कभी सुखी नहीं रहता उसके परिवार, बच्चे कुल में संकटों का पहाड़ किसी न किसी रूप में गिरता ही रहता है और सबसे बड़ी बात, कि मां लक्ष्मी चंचल होती हैं, यदि गलत तरीकों से धन कमाया गया तो मां लक्ष्मी नाराज होकर चली जाती हैं,अनैतिक तरीकों से चोरी, धोखे, अन्याय, जुआ आदि के जरिए कमाया गया धन हमेशा साथ नहीं रहता है।

साथियों हमने देखे होंगे कि भ्रष्टाचारियों के पास धन अधिक समय तक नहीं रहता वह निकल जाता है सुबह नहीं तो शाम निकलता जरूर है जिसकी परिणति हम बड़े बड़े ऑफिसरों नेताओं ऊपर ईडी, आईटी, सीबीआई की रेड से करोड़ों रुपए के धन की बरामदगी के रूप में किससे मीडिया में देखते सुनते रहते हैं।

साथियों बात अगर हम धन को बचाने की करें तो, धन कमाने से कई ज्यादा मुश्किल काम होता है धन को बचाकर रखना। कुछ लोग कम पैसे कमाने के बाद भी अपने लिए अच्छा खासा धन जोड़कर रख लेते हैं वहीं कुछ लोग बहुत पैसा कमाने के बाद भी ऐसा नहीं कर पाते ।आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में धन से जुड़ी कई बातें बताई हैं। जिन्हें अपनाकर हम अपने धन को नष्ट होने से बचा सकते हैं। इन नीतियों से धन को इस्तेमाल करने का सही तरीका जाना जा सकता है। साथ ही इस बात की भी जानकारी मिल जाती है कि हम कैसे पैसों की बचत कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम धन को लेकर 10 बातों की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दी गई चाणक्य नीति के अनुसार (1)धन की बचत करना (2) धन का सकारात्मक सम्मान (3) समृद्धि के साथ रहवास (4) धन जीवन की परीक्षा बोधक है (5) धन का मोह नहीं करना चाहिए (6) धन का सम्मान करना चाहिए (7) बेवजह धन खर्च ना करनाचाहिए (8) धन के सम्मान संबंधी लक्ष्मी मां की परीक्षा (9) धन का दिखावा रोकना नवा सकारात्मक कौशल से धन का उपयोग स्वस्थ (10) स्वस्थ स्त्रोतों को से धन आगमनसूचक शैली अपनाना।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।प्राप्ते चौकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।ईमानदारी और आत्म सम्मान मानवीय जीवन के दो अनमोल हीरे मोती हैं। भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन बीमारी दुख कलेश के माध्यमों से ब्याज सहित परिवार कुल का नाश करते हुए निकल जाता है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## पोर्न वेबसाइट पर गैंगरेप की तलाश क्यों

मुंबई में अभी एक गैरसरकारी स्वैच्छिक संस्था द्वारा पेश किए गए आंकड़ों से पता चला है कि विविध स्कूल्स और कालेजों में लड़कियों से की गई बातचीत के दौरान लगभग दस हजार लड़कियों ने स्वीकार किया कि उनका यौनशोषण हुआ है। बातचीत के दौरान इन लड़कियों ने यह भी बताया कि उनका यौनशोषण उनके सगे–संबंधियों द्वारा ही किया गया है।

कुछ दिनों पहले गुजरात में एक लड़की के उसके सगे भाई ने ही गर्भवती कर दिया था। इससे तो यही लगता है कि कलयुग पराकाष्ठा पर है। आर्थिक राजधानी मुंबई महिलाओं के लिए सब से सुरक्षित मानी जाती है। फिर भी यहां साल में सात सौ से अधिक बलात्कार की घटनाएं घटती हैं। एक स्वैच्छिक संस्था ने पिछले दो सालों में जो आंकड़े पेश किए हैं, वे डराने वाले हैं। 2017–18 में मुंबई में लगभग 792 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे। 2018–19 में 784, 2015–16 में यह आंकड़ा 728 का था। 2014–15 में 643, तो 2016–17 में 576 का था। इसी तरह दिल्ली के आंकड़े तो और डरावने हैं। 2020 में दिल्ली में 1699 मामले दर्ज किए गए थे।

इसके अलावा छेड़खानी के मामले तो दुष्कर्म से अधिक हैं। 2018–19 में लगभग 2533 छेड़छाड़ की शिकायतें विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई थीं। 2017–18 में यह आंकड़ा 2358 का था। 2015–16 में यह आंकड़ा 2145 और 2016–17 में यह आंकड़ा 2103 का था। 2019 में यह आंकड़ा 1705 का था। ध्यान देने वाली बात यह है कि इनमें 81 प्रतिशत मामले नार्थ–सेंट्रल मुंबई के थे। इस इलाके में विले पार्ले, कुर्ला, बांद्रा और चेंबूर आते हैं। सब से कम दुष्कर्म के मामले दक्षिण मुंबई में हुए। छेड़छाड़ की सब से अधिक घटनाएं दहिसर, बोरिवलि, कांदिवली और मलाड में दर्ज की गईं। ऊपर बताया गया दस हजार का आंकड़ा पिछले कुछ सालों का मात्र मुंबई का है।

मुंबई की एक संस्था पिछले साढ़े चार सालों से पुलिस के साथ मिल कर स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा छह से कक्षा बारह तक की लड़कियों को यौनशोषण से बचने के उपायों के बारे में जागृति फैलाने का काम कर रही है। इस जागरूकता अभियान के दौरान दस हजार लड़कियों ने बताया कि उनका किसी न किसी रूप में यौनशोषण किया गया है। यह संस्था लड़कियों को सलाह देते हुए यह भी बताती है कि किसी पर भरोसा करने के पहले दस बार सोचो।

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अंजान लोगों को दोस्त न बनाएं। लड़कियों के लिए सोशल मीडिया सब से खतरनाक माध्यम है।

कुछ समय पहले हैदराबाद में हुई गैंगरेप की घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। दुष्कर्म करने वाले हैवानों ने गैंगरेप करने के बाद पीड़िता को जीवित जला दिया था। पुलिस एनकाउंटर में सभी आरोपी मारे गए थे। यह एक घटना थी, जो उस समय समाप्त हो गई थी। पर समाज का एक ऐसा भी वर्ग है, जो गैंगरेप का शिकार हुई लड़की का नाम और शहर पोर्न वेबसाइट पर खोज रहा था। अब इससे भी खराब वृत्ति और क्या हो सकती है? हैरान करने वाली बात तो यह है कि हैदराबाद की इस गैंगरेप की घटना के दो दिन बाद एक बड़ी और कुख्यात पोर्न वेबसाइट पर पीड़िता का नाम, सरनेम और हैदराबाद टॉप ट्रेंड में था। आखिर यह कैसी विकृति?

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि इस विषय को ले कर लोगों ने पोर्न वेबसाइट पर सर्च किया था। इस तरह का सर्च करने वाले भी एक तरह से रेपिस्ट ही हैं।

जब कठुआ में रेप हुआ था तो भी वे टॉप ट्रेंड में शामिल थे। बालीवुड की अभिनेत्रियों के बारे में भी सर्च करने वाला एक बड़ा वर्ग है। सच्ची बात तो यह है कि ऐसी तमाम वेबसाइटें हैं, जिन पर अन्य वीडियोज के साथ छेड़छाड़ कर के अभिनेत्रियों के चेहरे लगा कर वीडियो डाले जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जो लोग पोर्न और रेप वीडियो देखते हैं या सर्च करते हैं, वे ऐसे लोग हैं जो रेप करने की मानसिकता रखते हैं। इन लोगों को रेप करने का मौका नहीं मिलता, इसलिए ऐसी पोर्न वेबसाइट देख कर अपनी विकृत इच्छा तृप्त करते हैं।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि जो लोग गैंगरेप या रेप के वीडियो पोर्न साइट्स पर सर्च करते हैं, वे मानसिक रूप से बीमार होते हैं। वे एंटी सोशल पर्सनालिटी डिसआर्डर से पीड़ित होते हैं। जो लोग बलात्कार जैसी घटनाओं में शामिल होते हैं, वे भी ऐसी ही मानसिक बीमारी से पीड़ित होते हैं। ऐसी ही एक दूसरी बीमारी है।

श्सेक्सुअल आब्सेशनश। ऐसी बीमारी से पीड़ित लोगों को प्राकृतिक जरूरत की अपेक्षा सेक्स संबंधी विचार अधिक आते हैं। इस तरह के लोग ऐसी ही प्रवृत्ति में रचेबसे रहते हैं। ऐसे लोगों के लिए स्मार्ट फोन एक आसान माध्यम है। मोबाइल फोन पर वे हमेशा पोर्न सर्च करते रहते हैं। कमजोर दिमाग वाले बाद में ऐसी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं।

कुछ समय पहले कुछ लोगों ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर के श्साफ्ट पोर्नश प्रसारित करने वाली तमाम वेबसाइट्स के खिलाफ प्रदर्शन किया था और इस तरह की वेबसाइट्स के खिलाफ थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। कुछ साइबर अपराधियों ने एक एप पर आने वाले धारावाहिक के एक एपिसोड को एक पोर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया था और वेब सिरीज का वह एपिसोड पोर्न वेबसाइट पर देख कर एक अभिनेत्री घबरा गई और डिप्रेशन में आ गई। इस तरह का घृणास्पद काम करने वाले लोग भी हैं। कुछ लोग बालीवुड की किसी अभिनेत्री को बदनाम करने के लिए उसकी फिल्म के हॉट सीन को पोर्न वेबसाइट पर डाल देते हैं। अब अभिनेत्री बेचारी क्या कर सकती है? समाज की यह विकृति कहां जा कर रुकेगी?

बलात्कार का शिकार हुई पीड़िता का नाम और शहर की जानकारी पोर्न वेबसाइट पर खोजने वाले भी बलात्कार के बाद बलात्कार करने वाले अपराधी हैं। पर इस तरह के लोगों को सजा किस तरह हो, कैसे हो? यह है आज का सभ्य समाज।

वीरेंद्र बहादुर सिंह

## शिक्षित एवं देशभक्त नागरिक समृद्ध राष्ट्र की संपत्ति

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ष्आशाओं पर आकाश टिका हुआ हैष और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है।

फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है।

दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार–चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है।

हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए।

जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड–19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

संजीव ठाकुर,
लेखक, चिंतक,

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## रोजगार मेले का आयोजन 29 जुलाई को : जिला सेवायोजन अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा ऑन लाइन रोजगार मेलादिनॉक 29 जुलाई, 2022 को आयोजितकिया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में बेरोजगार अभ्यर्थियों को कार्यालय आने कीआवश्यकता नहीं है। कम्पनी द्वारा टेलीफोनिक साक्षात्कार लिया जायेगा। इच्छुक बेरोजगारअभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवा योजन पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in एवं www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में सम्बन्धित कम्पनियों में आवेदन कर सकते है।उक्त रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण करानाअनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय जनपद श्रावस्ती से सम्पर्क करें।

## विधानसभा निर्वाचक नामावलियों मे मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकतीकरण कार्यक्रम का विशेष कैम्प 01 अगस्त से : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/राजकीय विभाग/अर्धशासकीय संस्थाओं/बैंक/पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित समस्त मतदाताओं का आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है मा० निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं को आधार नम्बर एकत्र करने के अतिरिक्त अपने आवेदन पत्र फार्म–6बी जमा करने हेतु विशेष सुविधा देने के प्रयोजन से दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ हो रहे मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान दिनांक 07 अगस्त 2022 (रविवार) एवं 21 अगस्त 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थल पर किया जायेगा। तत्कम में आपसे अपेक्षा है कि अपनी स्वेच्छा से मा० निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म–6बी पर अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कॉपी में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसीलों में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र भिनगा इकौना एवं तहसील जमुनहा अथवा सम्बन्धित क्षेत्र के बूथ लेविल ऑफिसर (बीएलओ) को उपलब्ध कराने का कष्ट करे। उन्होने यह भी बताया है कि दिनांक 01 अगस्त, 2022 को शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा, श्रावस्ती में एक कार्यक्रम आयोजित करके निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का कार्यक्रम मध्यान्ह 12.00 बजे शुभारम्भ किया जायेगा।

इसी प्रकार के कार्यक्रम तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी द्वारा तथा बूथ स्तर पर बीएलओ द्वारा आयोजित किये जायेंगे। उन्होन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी भिनगा एवं इकौना निर्देश दिया कि समस्त बीएलओ को भी शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित कर दिनांक 01 अगस्त, 2022 को उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए कार्यक्रम की फोटो/वीडियो कवरेज भी कराना सुनिश्चित करें।

## अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 30 जुलाई को

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा ने बताया है कि दिनांक 30.07.2022 को नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिनगा–श्रावस्ती के परिसर में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आई0टी0आई0 उर्त्तीण, कौशल विकास योजना से उर्त्तीण एवं अन्य शैक्षिक अर्हताधारी इच्छुक अभ्यार्थी मेले में प्रातः 9:00 बजे से सायं 04 बजे तक प्रतिभाग कर सकते है। अप्रेंटिसशिप मेले में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यार्थी अपने साथ 02 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, 01 आधार कार्ड की छायाप्रति एवं सम्बन्धित शैक्षिक, तकनीकी योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों की स्व प्रमाणित छायाप्रति दो सेट में लाना सुनिश्चित करें।

## आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम


नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के 62 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर झंडा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु निम्नलिखित कार्यक्रमों का



आयोजन किया गया। 62वीं वाहिनीं भिनगा द्वारा केंद्रीय विद्यालय, भींगा के 432 छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में जागरूक किया गया एवम भारतीय झंडा संहिता–2022 के बारे में बच्चों को जानकारी दी। 62 वीं वाहिनीं द्वारा भिनगा बाजार में हर घर तिरंगा जागरूकता की भव्य रैली का आयोजन किया गया। ई समवाय भैसाई नाका द्वारा सोनबरसा, सोहेलवा और पुखरपुरवा के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर हर घर तिरंगा के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एस एस बी जवानों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साह पूर्वक भरपूर सहयोग दिया।

## अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती में फुटबॉल मैच का आयोजन





ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती खेलनिदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर जिलाखेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसकेमुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी श्रावस्ती उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्टेडियम ब्लू की टीम विजेता रही वही स्टेडियम रेट कीटीम विजेता रही। जिला क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव ने स्वतंत्रता सेनानीसुभाष चंद्र बोस एवं बाल गंगाधर तिलक को माल्यार्पण कर इस खेल के आयोजनका शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्राप्रधानाचार्य कैसरजहां कस्तूरबा गांधीबालिका इंटर कॉलेज, फुटबॉल कोच मोहम्मद मुस्लिम ,खो–खो कोच जागेसर सैनी,हॉकी कोच विवेक प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 9 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार,4 शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर के तहत की कार्रवाई



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही साथ ही वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में जिले के थानों पर तैनात प्रभारियों द्वारा निम्न वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने रामबरन पुत्र खिरोधर निवासी पटना खरगौरा, ढोढे पुत्र जमादार निवासी लौकीपुरवा दाखिला पतिझिया, जगदीश प्रसाद यादव पुत्र ननके उर्फ नन्हकू निवासी खैरी कला, छोटकऊ पुत्र रामजागे निवासी गोपाल पुरवा, शिवमंगल पुत्र राम जागे निवासी गोपाल पुरवा, भारत पुत्र राम मिलन निवासी परसिया राजा, बाउर पुत्र विश्राम निवासी परसिया राजा, थाना कोतवाली भिनगा, तथा थाना इकौना पुलिस ने बब्लू पुत्र स्व0 इब्राहिम , इकबाल पुत्र स्व0 इब्राहिम निवासीगण मोहल्ला मुबारक नगर कस्बा व थाना इकौना को गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार थाना मल्हीपुर की पुलिस द्वारा अभियुक्त मुजम्मिल उर्फ सलीम पुत्र हनीफ, हफीज उर्फ अब्दुल हफीज पुत्र अकबाल, दिनेश कुमार उर्फ झिनकू पुत्र सीताराम पासी निवासी कानी बोझी तथा शकील उर्फ इसराइल पुत्र सोहराब निवासी लक्ष्मणपुर गंगापुर थाना मल्हीपुर के विरुद्ध धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर मुजम्मिल उर्फ सलीम है अभियुक्त गणों द्वारा आर्थिक/भौतिक लाभ लेने हेतु स्कूल/घरों के सामने तथा मोटर साइकिल चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर बेचने की घटनाएं कार्य की जाती रही हैं।

## एस एस बी के जवानों ने तकिया गावँ की महिलाओं तथा पुरुषो के साथ आजादी के अमृत महोत्सव पर किया कार्यक्रम



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत ग्राम सभा तकिया में सशत्र सीमा बल 62 वीं वाहिनी सोन पथरी के तत्वावधान में अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तकिया गावँ के समीप खेतों में काम कर रही किसान महिलाएं व पुरुषो के साथ आजादी के इस अमृत महोत्सव कार्यक्रम में हर घर झंडा कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसमें सोन पथरी कैम्प के प्रभारी इंस्पेक्टर ओमकार, अजय कुमार, संदीप कुमार, जमील, शिवा के साथ दर्जनों गांव की महिलाएं तथा पुरुष उपस्थित रहे।

## शैक्षिक समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



नन्द कुमार गुप्ता,संदीप कुमार सिरसिया– श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रावस्ती जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा जिले में व्याप्त शैक्षिक समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया और 7 दिन के अन्दर कार्यवाही की मांग की गई। जिला संगठन मंत्री हिमांशु ने बताया कि दिए हुए समय के अंदर कार्यवाही ना होने पर विद्यार्थी परिषद जिले में व्यापक आंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिला संयोजक मनीष कसौधन , विभाग संयोजक आशीष सिंह जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रज्ज्वल ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन ,आकाश , अनूप ,आदर्श , हिमांशु ,सौरभ , मानस ,अंकित ,, शोभित जी तथा जिले अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाताओ से आधार नम्बर एकत्र करने के सम्बन्ध में डीएम ने बैठक कर दिये दिशा निर्देश



दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जिलाधिकारी डॉ चन्द्र भूषण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में विधानसभा निर्वाचनक नामावली में मतदाताओ से स्वैच्छिक रूप से आधा नम्बर एकत्र करने के सम्बन्ध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओ से आधार नम्बर एकत्र किया जाना हैए बूथ लेबल अधिकारियो द्वारा घर.घर भ्रमण के दौरान मतदाताओ को आधार नम्बर एकत्र करने के अतिरिक्त अपने आवेदन फार्म 6बी जमा करने हेतु विशेष सुविधा देने के प्रयोजन से यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ हो रहे मतदाताओं के स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान दिनांक 07 अगस्त 2022 दिन रविवार एवं दिनांक 21 अगस्त 2022 रविवार को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलो पर आयोजित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता के लिये मतदाता सूची में आधार कार्ड जोड़ने की प्रक्रिया करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होने कहा कि स्वेच्छा के आधार पर मतदाताओ का आधार कार्ड एकत्र किया जाय। आधार नम्बर एकत्रीकरण के बारे में कैम्प दिवस दिन के आने वाले जन समान्य को भी यह बताया जाय कि आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है। बी0एल0ओ0 द्वारा एकत्र किये गये सभी फार्म 6बी को डिजिटाइजेशन के बाद रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा डबल लाक में सुरक्षित रखा जायेगा। बूथ लेबल के अधिकारियो का निर्देशित करते हुये कहा कि दिनांक 01 अगस्त 2022 से घर.घर भ्रमण करते हुये आधार कार्ड प्राप्त किया जायेगा तथा मतदाताओ से प्राप्त किये गये फार्म 6 बी को बी0एल0ओ0 द्वारा गरूणा एप या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रयोग किये जा रहे ई0आर0ओ0 नेट पर फार्म 6बी प्राप्ति 07 दिवसो के अन्दर डिजिटाइजेशन कर दिया जाय।

## यौन संबंध बनाने में नाकाम प्रधानाध्यापक ने महिला कर्मचारी को पीटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मौदहा हमीरपुर। जबरन यौन संबंध बनाने का प्रयास सहित मारपीट के आरोप स्कूल के प्रधानाध्यापक पर लगाकर महिला कर्मचारी ने कोतवाली मौदहा में शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली मौदहा अंतर्गत तिंदुही स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है। विद्यालय में तैनात महिला परिचारिका ने मौदहा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके पति की मृत्यु 2015 में हुई थी । मृतक आश्रित से वह विद्यालय में परिचारिका के पद पर कार्यरत हैं। महिला कर्मचारी का आरोप है की तैनाती के बाद से ही प्रधानाध्यापक फिरोजउद्दीन उस पर गंदी नजर रखते हुए अक्सर उसके साथ छेड़खानी करता रहता हैं । महिला का कहना है कि लोक लाज के भय से उन्होंने उच्चाधिकारियों सहित अन्य कहीं प्रधानाध्यापक की शिकायत नहीं की उनकी ।इसी कमजोरी का लाभ उठाते हुए आज सुबह जब वह उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने प्रधानाध्यापक के कक्ष गई तो प्रधानाध्यापक ने दरवाजे की कुंडली लगाकर उसे कमरे में बंद कर लिया व उनके साथ जबरन यौन संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर प्रधानाध्यापक ने उसे मारा पीटा व अन्य स्टाफ से भी उसे पिटवाया।

पीड़ित महिला द्वारा बताया गया की विद्यालय में मिड डे मील की धांधली होती है । इतना ही नहीं विद्यालय में एक सहायक अध्यापिका नहीं आती हैं जिनके फर्जी हस्ताक्षर दूसरी सहायक अध्यापिका से करवाकर प्रधानाध्यापक अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कहते हैं उनके पिता बहुत बड़े पत्रकार है।

तुम कितनी भी शिकायत कर लो अधिकारी उन पर कार्यवाही करने का साहस कभी नहीं करेंगे । वहीं उक्त मामले में कोतवाली प्रभारी का सीयूजी नंबर किसी कांस्टेबल ने उठाकर बताया साहब व्यस्त हैं फिलहाल आपकी बात साहब से नहीं हो सकती जिसके चलते कोतवाली प्रभारी द्वारा उक्त प्रकरण में की गई कार्रवाई सहित दूसरे पक्ष से संबंधित जानकारी समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल सकी।

## पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम,देर शाम हुआ अंतिम संस्कार



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहा कटरा श्रावस्ती बलरामपुर मार्ग नेशनल हाइवे 7:30 ओडाझार प्लेटिनम होटल के पास अज्ञात वाहन ने टेंपू को जोरदार ठोकर मार दी जिससे टेंपू अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सड़क हादसा उस समय हुआ जब कटरा बाजार निवासी राकेश कुमार पांडेय उम्र करीब 45 वर्ष जो अपने टेंपू पर सवारी बैठाकर बलरामपुर से वापस घर लौट रहा था। जो रास्ते में रूक कर सवारी उतार रहा था कि अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। जिसमे टेंपू चालक राकेश कुमार की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि टेंपू में बैठी महिला शहजादी पुत्री इब्राहिम का हाथ टूट गया जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होता देखकर जिला अस्पताल बहराइच के लिए रेफर कर दिया। घटना श्रावस्ती बलरामपुर बॉर्डर होने के चलते सूचना पर पहुंची बलरामपुर जिले की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर भेज दिया। टेंपू चालक राकेश कुमार पांडेय की मौत से घर पर मातम पसरा गया जहा देर शाम शव घर पहुंचते ही परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने उज्ज्वल भारत - उज्ज्वल भविष्य महोत्सव का किया शुभारंभ





नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से 30 जुलाई 2022 तक पूरे सप्ताह तक चलने वाले उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर /2047 महोत्सव का अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से जुलाई 2022 के अंतिम सप्ताह में राज्य के सभी जिलो में बिजली महोत्सव का आयोजन कर रहा है /उज्ज्वल भारत – उज्जवल भविष्य /2047 महोत्सव सप्ताह भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत 25 जुलाई 2022 में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनो सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन , पारेषण , वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है आम जनता , राय निर्माताओं व नीति निर्माताओं को ऑडियो – विजुअल मीडिया , नुक्कड़ नाटक , सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विगुतीकरण , वन नेशन – वन – ग्रिड उपभोक्ता अधिकार , नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया जाएगा । इसके अलावा , विजन पावर /2047 के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के विचारों का अनुरोध किया जाएगा । यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही इस अवसर पर जिला

महामंत्री दिवाकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री अरुण पांडेय, जिला मंत्री दिनेश आर्या, जिला नोडल अधिकारी जितेंद्र नाथ सिंह, अधिशासी अभियंता डी० पी० सिंह सहित विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं उपभोक्ता मौजूद रहे।

## मोहर्रम व रक्षाबंधन को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

फफूंद,औरैया। मंगलवार को फफूंद थाना परिसर मे मोहर्रम व रक्षाबंधन को लेकर पीस कमेठी की बैठक प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई उन्होंने आपसी प्रेम भाईचारे और सदभाव के साथ पर्व मनाने का आहवान किया तथा उन्होने लोगो से दिक्कतों को जानने की कोशिश की।आगामी दिनो मे होने बाले मोहर्रम व रक्षाबंधन पर्वो को लेकर थाना परिसर मे हुई पीस कमेटी की बैठक मे थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने दोनो समुदाय के लोगों से कहा कि पर्व और त्योहार हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंबन करते है।हमे अपनी इस विरासत को न केवल सहेज कर रखना है। बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव से पर्व मनाकर इसे और मजबूती के साथ आगे बढाना है। उन्होंने कहा समाज में ज्यादातर लोग अच्छे और शांतप्रिय होते है लेकिन एकाध खुराफाती तत्व ऐसे भी होते है जो माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते है। जिसका खामियाजा पूरे समाज को उठाना पड़ता हैं। ऐसे खुराफाती से न सिर्फ सावधान रहना बल्कि उन पर निगाह भी रखनी है। उन्होंने लोगों से अपील की उनके आस पास कोई संदिग्ध गतिविधियो मे लिप्त हैं या कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्त है तो उसके बारे मे तुरंत पुलिस को सूचित करे ताकि समय रहते उसकी गतिविधियों की जाँच कर कार्यवाही की जा सके।इस मौके ताजियादार व सभी प्रधान तथा क्षेत्र के समाजसेवी मौजूद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छौंक का किया औचक निरीक्षण जिलाधिकारी को निरीक्षण में मिली खामियां, सुधार के दिये कड़े निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने विकासखंड कदौरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छौंक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास के विभिन्न कक्षों का जायजा लिया। परिसर में बने शौचालय में दुर्गंधयुक्त पाए जाने पर जिलाधिकारी ने शौचालय की समुचित साफ–सफाई कराने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीने का पानी आर ओ खराब पाया गया जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर छात्राओं का उपस्थिति रजिस्टर खाद सामग्री स्टॉक के स्टॉक रजिस्टर नहीं बनाए गए और खाद सामग्री व्यवस्थित ढंग से न रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि खाद सामग्री को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए खाद्य सामग्री परिसर में कितना आया कितना उपभोग हो चुका है इसकी



दो दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगें। परिसर के अंदर समुचित साफ सफाई व्यवस्था मेंटेनेंस आदि की व्यवस्था ना होने पर नाराजगी जाहिर कर प्रधानाचार्य को कार्यशैली में सुधार कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण भी मांगा गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खंड शिक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि परिसर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था व बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कराएंगे इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बालिका आवागमन रजिस्टर में बच्चों की पेरेंट्स की फोटो रहे यह सुनिश्चित करें साथ ही परिसर से बच्चे कब जा रहे हैं और कब आ रहे हैं इसकी दिनांक को भी रजिस्टर में अंकित किया जाए। जिलाधिकारी कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों को स्वयं पढ़ाने लगी और बच्चों से जवाब सवाल भी किए जिस पर बच्चों ने सवालों के उत्तर दिए। उन्होंने कक्षा 7 में शिक्षिका द्वारा विज्ञान पढ़ाया जा रहा था जिस पर बच्चों से विज्ञान के जिस सब्जेक्ट को पढ़ाया जा रहा था उसी सब्जेक्ट में से बच्चों से सवाल पूछने लगी जिस पर बच्चों द्वारा उत्तर न देने पर शिक्षिकों पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि छात्राओं को पढ़ाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की दशा में कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## संदिग्ध हालात में गृहस्वामी का मिला शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। निर्माणाधीन आवास के बाहर लगे ट्रांसफार्मर के समीप मकान मालिक लालता दोहरे का संदिग्ध हालात में का शव पड़ा मिला। आसपास मौजूद लोगों में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्वजन को सूचना दे दी है। कुठौंद थाना क्षेत्र के आल गांव निवासी लालता दोहरे का शव शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा पुलिस लाइन के पास रखे ट्रांसफार्मर स्थित निर्माणाधीन घर के बाहर पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच पड़ताल की और शिनाख्त कर स्वजन को सूचना दी। मृतक के भाई उमाशंकर ने बताया कि लालता शराब का लती था। पिछले कुछ समय से शहर में ही रह रहा था। वह खेतीबाड़ी कर अपना भरण पोषण करता था।

## भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डकोर ने सौपा अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सिंचाई विभाग द्वारा नाला खुदाई में फर्जी भुगतान की जांच करवाये जाने की मांग उठाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डकोर पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत करमेर के नेतृत्व में नीलेश सिंह, रामाधार नगर मंत्री, बाकेबिहारी प्रधान, आशीष पाल विधानसभा अध्यक्ष उरई, सोनू पाल, अमित गौतम, विक्रम गिहार आदि ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि आटा रेलवे क्रासिंग से नाला निकला है जो आटा पेट्रोल पम्प के पीछे से झांसी कानपुर हाईवे क्रास करते हुए जोल्हूपुर, मदारीपुर होते हुए ब्यास क्षेत्र यमुना नदी में लगभग 32 कि. मी. की दूरी पर समाप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस नाले की



खुदाई सिंचाई विभाग बीसीडी–1 सब डिवीजन द्वारा कराई गयी थी जिसकी अनुमानित लागत 30 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है जो बिलकुल फर्जी तरीकें से किया गया है। भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र राजपूत का कहना है इस मामले की शिकायत उनसे ग्रामवासियों ने की तो मैने मौके पर जाकर देखा जिसमें दस प्रतिशत भी काम नहीं करवाया गया। जबकि नाला सफाई के नाम पर निकाले गये पैसे का विभाग द्वारा बंदरबाट किया गया है। उन्होंने बताया कि जिसके साक्ष्य बीडीओ में है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास का सपना देख रहे है तो वहीं दूसरी ओर अधिकारी अपनी जेब भरकर सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग उठाई है कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नाला खुदाई में हुए पैसे का बंदरबांट किया गया है उन पर कार्यवाही होना अति आवश्यक है।

## पेड़ से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु

रसूलाबाद। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में पेड़ पर झूला डाल रहे बच्चे का पैर फिसल गया जिससे वह पेड़ से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल के लिए निकले जहां रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

रसूलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मित्रसेनपुर कहिंजरी निवासी कुलदीप का पुत्र सुशांत उम्र लगभग 8 वर्ष घर के बाहर खड़ी नीम के पेड़ पर चढ़ कर झूला डाल रहा था कि अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।तत्काल परिजन उसे कानपुर अस्पताल ले निकले तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सुशांत तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बेटे की मौत पर माँ शिव देवी भाई रौनक,लकी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## इलाज के दौरान महिला की हुई मौत, तीन दिन पहले सगे भाइयों में हुई थी मारपीट पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत का मामला स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की सुबह दो सगे भाइयों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला की सोमवार की शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नही किया गया था। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के परसौहा गांव में शनिवार की सुबह दो सगे भाई शिव नरायण सिंह व भूलेश्वर सिंह में जमीन विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमे दोनो पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। मारपीट में शिवनरायण सिंह की पत्नी रीता के सिर में गंभीर चोट लगने से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां चिकित्सकों ने रीता की हालत काफी नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल से



लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा था। सोमवार की शाम रीता की तबियत अचानक काफी बिगड़ गई, और लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रीता के मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध जयसिंहपुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस बाबत जयसिंहपुर कोतवाल प्रेमचंद सिंह ने बताया की दोनो पक्षों से मुकदमा पंजीकृत है। और विवेचना की जा रही है। मामले में आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने विजय दिवस मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। कारगिल विजय दिवस पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव/जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ शहीद पार्क पहुंचकर वहां साफ सफाई किए और शहीद स्मारक पर माला अर्पण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को याद कर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। जिला सचिव अमर बहादुर सिंह ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को नमन किया और उनकी माताओं का अभिनंदन किया कि उन्होंने ऐसे वीर पुत्रों को पैदा किया जो देश के लिए लड़ते हुए शहीद हो गए उन्होंने आगे कहा कि हर भारतवासी खुद को इन्हीं वीर सैनिकों के कारण सुरक्षित महसूस करते हैं हमारे देश के



सैनिकों ने भारत ्पाक करगिल युद्ध में आज ही के दिन पाक सैनिकों को हराकर युद्ध में विजय प्राप्त किए आज कोई भी दुश्मन पड़ोसी देश भारत की ओर बुरी नजर डालने की कोशिश नहीं करता है। जिला सचिव/जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह के साथ जिला कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रहरी लक्ष्मणपुर चौकी सचिव डॉक्टर संतोष पाठक मीडिया प्रभारी विनय सेन एवं रामाश्रय सोनी ने शहीद सैनिकों को पुष्प अर्पित किए।

## मंडलायुक्तने पंचनद का दौरा कर लिया संभावित बाढ़ का जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। मंडलायुक्त ने पंचनद संगम पर पहुंचकर आगामी बाढ़ से संभावित प्रभावित गांवों का दौरा करके ग्रामीणों से रूबरू हुए व बचाव हेतु किए जाने वाले प्रबंधों को देखा। मंडलायुक्त झांसी अजय शंकर पांडे ने आज मंगलवार को विकासखंड रामपुरा के पंचनद क्षेत्र का दौरा करके भविष्य की संभावित बाढ़ से ग्रामीणों के बचाव हेतु किए गए प्रबंधों को देखा तथा ग्रामीणों से गत वर्ष बाढ़ से हुए नुकसान एवं परेशानी के बारे में पूछा भविष्य में उससे बचाव पर चर्चा की । पंचनद के ग्राम कंजौसा भिटौरा के लगभग एक सौ ग्रामीणों से बात करते हुए मंडलायुक्त ने उनके व्यवसाय व जीवनचर्या पर चर्चा करते हुए



उनकी परेशानियों के बारे में पूछा व समस्याओं के निदान हेतु मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । मंडलायुक्त पांडे ने पंचनद तीर्थ क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बाबा साहब मंदिर पर पहुंच पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि तथा बाढ़ से ग्रामीणो की रक्षा हेतु प्रार्थना की । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़, खंड विकास अधिकारी ,थानाध्यक्ष रामपुरा,महंत सुमेरवन एवं अनेक अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिजली समस्या को लेकर बोहदपुरा के किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट ज्ञापन देकर बिजली समस्या को हल करने की मांग उठाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा के दर्जनों किसानों ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर बिजली की समस्या को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन भेंट कर समस्या को हल करने की मांग उठाई। तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बलवान, यतेन्द्र, रामसिंह, धर्मेंद्र, कुलदीप सिंह चौहान, योगेंद्र यादव, राहुल, मोहित यादव, गौरवसिंह, अनिल चौहान, राजकुमार, राजाबाबू सिंह, विष्णुकांत सिंह, गजेन्द्र सिंह, राजा भैया, भीम यादव, बृजेन्द्र सिंह सहित दर्जनों ग्राम बोहदपुरा के ग्रामीणों ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर बिजली समस्या को हल करवाये जाने की मांग को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन भेंट किया।ग्राम बोहदपुरा के किसानों ने ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि उनका गांव कुकरगांव फीडर से जुड़ा हुआ है जहां से आये दिन बिजली काटने के कारण एक माह से धान



की रोपाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है जब इस समस्या के बारे में जेई व एसडीओ से बात की जाती है तो वह फोन तक नहीं उठाते है। आरोप है कि लाइनमैन बोहदपुरा की लाइट काट कर कुकरगांव की लाइन चालू कर देता है और न ही लाइन को सही करते है। उन्होंने मांग की कि ग्राम बोहदपुरा की लाइन उरई ग्रामीण फीडर से जोड़े जाने की मांग उठाई है जैसे की कोविड के पहले उरई फीडर से जुड़ी थी। इस समस्या को हल करवाये जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी 21 जुलाई को दिया गया था जबकि इससे पहले एससी जालौन को 25 मई को जा चुका है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर 24 बीस घंटे के अंदर समस्या का हल नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

## हर-हर तिरंगा समारोह मनाने के लिए पत्रकार एकता संघ की बैठक में चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुलतानपुर। बाधमण्डी स्थित कैंप कार्यालय पर पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुलतानपुर के बाधमण्डी स्थित पत्रकार एकता संघ कैंप कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें पत्रकारों से संबन्धित कई मुद्दों पर आम सहमति से निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष बाल गोविन्द मौर्य ने बताया कि पत्रकार हित सर्वोपरि है संगठन पूरी तरह से पत्रकारों के स्वाभिमान को सुरक्षित रखने का हमेशा प्रयास करता रहेगा पत्रकार साथी इमानदारी और निर्भीकता पूर्वक अपने कार्यों का सही से अंजाम देते रहे ।जिला सचिव सिराज खान बताया कि पत्रकार एकता संघ वास्तव में पत्रकारों के अंदर स्वाभिमान पैदा कर रहा है जोकि सराहनीय है विधिक सलाहकार एमएच खान गौरी ने अपने संबोधन के माध्यम से संगठन को और मजबूत व विस्तार करने पर बल दिया ।पत्रकार आलोक सागर ने अपने सम्बोधन के माध्यम से बताया कि जनपद सुलतानपुर में पत्रकार एकता संघ हमेशा सामाजिक व साहसिक कार्य को करते हुए एक अपनी पहचान स्थापित की है जिसकी सभी लोग हमेशा प्रशंसा करते हैं ।

मण्डल उपाध्यक्ष शिव प्रकाश जयसवाल ने बताया कि पत्रकारों का एक अपना निश्चित कोष होना चाहिए जिसके लिए सभी पत्रकार स्वैच्छिक धनराशि संगठन के पास एकत्रित करें समय पर काम आए जिसका सभी पत्रकारगणों ने समर्थन किया ।प्रदेश उपाध्यक्ष डीपी गुप्ता ने बताया कि पत्रकार एकता संघ सामाजिक समरसता के साथ पत्रकारों के संघर्ष के समय उनके साथ खड़ा हुआ है आप सब इमानदारी और निर्भीकता से काम करते रहे संगठन कवच की भांति आपके साथ रहेगा। मण्डल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई ने सभी



पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन के द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर घर–घर राष्ट्रीय झंडा लगाने का आवाहन किया है जिसके क्रम में जनपद सुलतानपुर पत्रकार साथी सड़कों पर भ्रमण करते हुए सभी को राष्ट्रीय झंडा अपने घर पर लगाने का आवाहन किया वही बताया कि 11 अगस्त को पत्रकार एकता संघ के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा जिसकी रवानगी जिला अधिकारी रवीश कुमार गुप्ता जी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर की जाएगी जिसका सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने समर्थन किया ।वही नवनियुक्त पदाधिकारियों को अधिकार पत्र व परिचय पत्र देते हुए माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोहम्मद जुनेद राईन, शुशील कनौजिया, मो. जमील खान,रवि कुमार गुप्ता ,सिराज खान, शफीक खान , संजय कसौधन, मो. शफीक, अभिषेक विश्वकर्मा, विनय सेन, मेराज अहमद, मो. मकबूल अहमद ,योगेश जायसवाल सहित अनेकों पदाधिकारी गण रहे उपस्थित कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मो. राशिद ने किया।

## सड़क हादसे में एआरटीओ के ड्राइवर व सिपाही की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत





दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत का मामला सुलतानपुर में एक ट्रक ड्राइवर ने ARTO प्रवर्तन के एक सिपाही और ड्राइवर को रौंद दिया। इसके बाद ARTO की गाड़ी को भी टक्कर मारी और मौके पर ट्रक छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। हादसे में दोनों कर्मियों की मौत हो गई है, जबकि प्रवर्तन अधिकारी बाल–बाल बचे। ARTO अधिकारी ने ट्रक को रुकने का इशारा किया था, लेकिन ट्रक डाइवर ने इस वारदात को अंजाम दे दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की जांच की। ARTO प्रवर्तन ने इस मामले में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह हादसा गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर छतौना गांव के पास हुआ। ।त्ज्ब् प्रवर्तन राकेश कुमार वर्मा मंगलवार की सुबह करीब चार बजे लखनऊ–बलिया मार्ग पर चेकिंग के लिए निकले थे। वे माधवपुर छतौना गांव के पास गाड़ी से नीचे उतरकर टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सुल्तानपुर से कादीपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक को टीम ने रुकने का इशारा किया, लेकिन रुकने की बजाय ट्रक ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी और भागने लगा। ARTO में संविदा पर तैनात ड्राइवर अब्दुल मोबीन और सिपाही अरुण सिंह ने बचने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक ड्राइवर ने उन्हें कुचल दिया। इसके बाद सड़क किनारे खड़ी ARTO की कार को भी टक्कर मारी। ARTO प्रवर्तन राकेश कुमार वर्मा ने पुलिस को तत्काल बुलाया, लेकिन ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ड्राइवर मोबीन और सिपाही अरुण की मौत हो चुकी थी। अरुण सिंह लखनऊ में बीकेटी के रहने वाले थे। ड्राइवर मोबीन सुल्तानपुर के कोतवाली नगर के शास्त्रीनगर के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर कृष्णकांत सरोज और थानाध्यक्ष संदीप राय मौके पर पहुंचे। दोनों कर्मियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। इस ट्रक पर लोहे की चादर लदी हुई थी। आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश जारी है। इस बाबत क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर कृष्णकांत सरोज ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

हादसे का डीआईजी ने लिया जायजा : इस मामले में डीआईजी अयोध्या रेंज अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा से विस्तारपूर्वक हादसे की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर कृष्णकांत सरोज व भारी पुलिस बल मौजूद रही।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक हुई आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

- जिलाधिकारी द्वारा उद्योग बन्धु की बैठक में सभी सदस्यों से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को जन उत्सव के रूप में मनाये जाने की अपील की गयी

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली एवं फूड इंस्पेक्टर तथा एग्रीकल्चर विभाग के पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी द्वारा विभाग से संचालित वित्त पोषित योजनाओं पी0एम0ई0जी0पी0 एम0ई0एस0वाई0 एवं ओ0डी0ओ0पी0 समीक्षा के प्रगति की समीक्षा की गयी। उपायुक्त उद्योग द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि जिला समन्वयकों एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 18 जुलाई, 2022 को कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा समीक्षा बैठक कर केश टू केश अनुश्रवण किया गया। इसी सम्बन्ध में रवीन्द्र त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ बैंकों द्वारा 10 लाख के ऋण पर क्यिोरिटी मॉगी जाती है, तो गाइड लाइन के विरूद्ध है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंकों को पत्र प्रेषित करते हुए एक प्रति रवीन्द्र त्रिपाठी को भी उपलब्ध करायी जाय।जनपद में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के क्रम में गाउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में नामित जनपद के 02 उद्यमियों को क्रमशः देवराज मिश्र एवं जवाहरलाल यादव को जिलाधिकारी द्वारा मेटल प्लेट एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद में भूमि उपलब्धता बिजली की समस्या के निवारण एवं ओ0डी0ओ0पी0 में सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु विचार–विमर्श किया गया।बैठक में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त, 2022 तक समस्त औद्योगिक इकाईयों प्रतिष्ठानों/दुकानों आदि पर अनिवार्य रूप से तिरंगा झण्डा लगाने का आवाहन किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि सभी लोग तिरंगे के फ्लैग कोड के अनुरूप ससम्मान झण्डा फहरायें। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई, 2022 को राष्ट्रीय ध्वज के कोड परिवर्तन में घरों/प्रतिष्ठानों 24 घण्टे तिरंगा झण्डा लगाने की इजाजत दे दी गयी है इससे पहले सूर्यास्त के पहले राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झण्डा उतारना पड़ता था।जिलाधिकारी के कहने पर भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल



के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने आये हुए सभी उद्यमियों तथा व्यापारियों से निवेदन करते हुए कहा कि सभी लोग 11 से 17 अगस्त, 2022 तक आजादी के 75वीं वर्ष गाठ के अवसर पर ' हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत अपने–अपने प्रतिष्ठानोंध्घरों पर तिरंगा झण्डा फहरायें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, उपायुक्त उद्योग अनूप श्रीवास्तव, सी0ओ0 सिटी, सहायक श्रमायुक्त नासिर खान, उपायुक्त वाणिज्य कर, अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा आर0पी0 अरोड़ा सहित जनपद के उद्यमी एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई। बाइक सवार दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की हालत गंभीर देख उरई मेडिकल रेफर किया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। एक साल पहले ही महिला की शादी हुई थी। वहीं पति की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमीरपुर जिले के चिकासी थाना क्षेत्र के राहक गांव निवासी राजकुमार सोमवार को बाइक से पत्नी प्रीति के साथ उसका दाखिला कराने जरिया स्थित कालेज गया था। जहां से लौटते समय हमीरपुर जिले के गोहांड गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। यहां हालत बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल उरई इलाज के लिए रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई। मृतका मायके पहाड़ी भिटारी मुस्करा (हमीरपुर) से आए भाई सूरज ने पुलिस को बताया कि प्रीति की शादी 21 जून 2022 को हुई थी। वह बीएससी तृतीय वर्ष में अध्ययनरत थी। दो बहन एक भाई में सबसे छोटी थी। घायल पति राजकुमार का इलाज चल रहा है।

## कदाचार मुक्तस्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में डीएलएड की परीक्षा संचालन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने जारी की निषेधाज्ञा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)हाजीपुर। अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार के द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से प्राप्त पत्र एवं जिलाधिकारी वैशाली के संयुक्त आदेश के आलोक में राज्य के सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण महाविद्यालय के डी एल एड फेस टू फेस पाठ्यक्रम प्रशिक्षण सत्र 2021–2023 का प्रथम वर्ष दिनांक 26 जुलाई 2022 1 अगस्त 2022 एवं सत्र 2020 2022 के द्वितीय वर्ष दिनांक 2 अगस्त 2022 से 5 अगस्त 2022 तक की वाह्य विषयों की परीक्षा दो पारियों में क्रमश प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाहन से 1:00 अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 2:00 अपराहन 5रू00 अपराहन तक इस जिला में हाजीपुर अनुमंडल अंतर्गत कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर संचालन को लेकर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के बाहरी सीमा से 500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है। निषेधाज्ञा के अनुसार परीक्षा केंद्र के बाहर 5 अथवा उससे अधिक संख्या में लोगों के एक साथ इकट्ठा होने जुलूस धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी करने अर्थशास्त्र बालाघाट एवं अन्य घातक हथियार लेकर चलने तथा लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध से प्रशासनिक पदाधिकारियों कर्मियों पुलिस बल एवं परीक्षा में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मुक्त रखा गया है।

## अब प्रत्येक मंगलवार को होगा फाइलेरिया मरीजों का उपचार

☒ सीफार के प्रयास ने लाया रंग, पहले दिन मीनापुर और मुशहरी प्रखंड में फाइलेरिया ग्रुप के मरीजों ने लाभ उठाया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। अब जिले के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक मंगलवार को फाइलेरिया मरीजों के उपचार में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ा जाएगा। मीनापुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) द्वारा फाइलेरिया मरीजों के लिए बनाए गए महदैया पंचायत के शंकर स्वयं सहायता समूह के 12 लोगों को स्वास्थ्य लाभ सुविधा से जोड़ा गया। मंगलवार को फाइलेरिया मरीजों का ब्लड शुगर, बीपी और कोविड का टेस्ट भी किया गया।

महदैया से आयीं मीला देवी ने बताया कि वह करीब 10 सालों से फाइलेरिया रोग से ग्रसित थीं। काफी जगह दिखाने के बाद भी आराम नहीं था। जब हम लोगों को सरकार से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया, तब हमें भी भरोसा आया। अलग–अलग जगहों के फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों को सरकारी अस्पताल की दवा से लाभ पहुंचा है। अस्पताल से दवाईयां मिलने के बाद शीध्र ही सुधार होने की उम्मीद बढ़ी है। वहीं मुशहरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि यहां सीफार द्वारा बनाए गए फाइलेरिया मरीजों के 12 ग्रुप में 10 ऐसे पेशेंट थे जिन्होंने पहली बार दवा ली है। वहीं दो लोगों को दूसरी बार दवा दी गयी है। मुशहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया का इलाज



कराने आयी रूनी देवी ने कहा कि उन्होंने अपनी बीमारी में न जाने कितने ही रुपए खर्च कर दिए , पर अब यहां के इलाज से उन्हें राहत मिलने की आस जगी है।

डॉ राजेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया रोगियों के स्व उपचार प्रबंधन के लिए किट भी दिया जाएगा। यह किट फोर्थ स्टेज के फाइलेरिया रोगियों के लिए होती है। जिसके प्रबंधन से वह अपने रोग को और प्रसारित होने से रोकेंगे। इस अवसर पर सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च की जिला समन्वयक नीतू कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## निजी चिकिसकों से इलाजरत टीबी मरीजों को डीएफवाई दे रही है दवा,टीबी से डरने की नहीं, लड़ने की जरूरत है : डॉ रंजीत राय

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। जिले में डॉक्टर फॉर यू संस्था द्वारा जिला यक्ष्मा केंद्र के साथ–साथ ढ़ाका, रक्सौल व अन्य यक्ष्मा केंद्रों पर प्रतिदिन प्राइवेट चिकिसक से इलाजरत मरीजों को मुफ्त दवा दी जा रही है। इससे इलाजरत मरीजों को काफी सहूलियत हो रही है। मोतिहारी के यक्ष्मा केंद्र पर लगभग 30 से 40 मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। टीबी से डरने की नहीं, बल्कि समझ के साथ इससे लड़ने की जरूरत है – यह कहना है जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रंजीत राय का। उन्होंने बताया कि सरकारी स्तर पर एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं की मदद से जिले के 27 प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों, सामुदायिक स्थानों आदि पर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को टीबी की बीमारी के लक्षण व उसके इलाज से संबंधित जानकारियाँ उपलब्ध कराई जा रही है। क्षय रोग की दवा बीच में छोड़ना खतरनाक है। पूरा कोर्स करना जरूरी है, तभी टीबी से मुक्ति मिल सकती है। दवा शुरू होने के एक माह बाद ही रोगी स्वस्थ महसूस करने लगते हैं। ऐसे में कई रोगी दवा बीच में ही छोड़ देते हैं। बीच में दवा छोड़ने से वे पुनः टीबी के शिकार बन जाते हैं, जिनका उपचार मुश्किल हो जाता है। अतः भूल से भी दवा बीच में बंद न करें। डॉ राय ने बताया कि समय पर टीबी के मरीजों की पहचान होगी तभी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार होगा। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी के 2 हजार 185 मरीज सरकारी एवं 1 हजार 561 मरीज निजी चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मरीजों के लिए संपूर्ण इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। सरकारी के साथ प्राइवेट चिकित्सक भी मरीजों में टीबी के लक्षण मिलने पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाँच व सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त इलाज में सहयोग कर रहे हैं।



जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रंजीत राय ने बताया कि मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से प्रति माह 500 रुपये की पोषाहार की राशि सहायता के रूप में दी जाती है।

## असहरसा में करीब 3 लाख का जाली नोट बरामद SBI में पैसा जमा कराने आया युवक गिरफ्तार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सहरसा। बिहार के सहरसा में एसबीआई मेन ब्रांच में कैश मिलान के समय 500 के 2 लाख 74 हजार रुपये के नकली नोट मिले हैं. जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस बैंक पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुटी गई है. इस मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. फिलहाल सहरसा एसपी लिपि सिंह के निर्देश पर एक टीम गठित कर इस बात का पता लगाया जा रहा है कि जो नकली नोट बैंक में जमा किया गया, वो कहां से आया था.

महिंद्रा फायनेंस कंपनी के थे रुपयेः के बताया जाता है कि बीते सोमवार को सीएमएस कंपनी में काम करने वाले एक कर्मी ऋतिक कुमार अपने एक साथी के साथ महिंद्रा फायनेंस से 8 लाख 56 हजार रुपया कैश लेकर एसबीआई मेन ब्रांच में जमा करने आया था. एसबीआई कर्मी द्वारा राशि जमा भी कर ली गई. बाद में जब मशीन में डालकर कैश की गिनती की जा रही थी. तभी करीब 2 लाख 74 हजार का 500 का नोट रिजेक्ट हो गया

हिरासत में लिया गया युवकः इसके बाद बैंक मैनेजर के निर्देश पर बैंककर्मी द्वारा जमाकर्ता युवक को पूछताछ के लिए फोन करके बुलाया गया. जब युवक बैंक पहुंचा, तब एसबीआई मैनेजर विनोद कुमार सिंह ने इसकी सूचना एसपी को दे दी. सूचना के बाद



सहरसा एसपी लिपि सिंह द्वारा गठित एक टीम बैंक पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया. टीम का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी निशिकांत भारती खुद कर रहे थे। मामले की जांच में जुटी पुलिसः वहीं, पुलिस की टीम ने बैंक से सभी जाली नोटों को जब्त कर लिया. इस गठित टीम में थाना अध्यक्ष सुधाकर कुमार, अंचल इन्स्पेक्टर राजमणि भी शामिल थे. प्रशिक्षु डीएसपी निशिकांत भारती ने कहा कि उक्त युवक को हिरासत में लिया गया है. अभी जांच चल ही रही है. जांच के बाद मीडिया को बता दिया जाएगा।

## विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराई जाए : जिलाधिकारी



☒ शिक्षा में सुधार की दिशा में जिला पदाधिकारी वैशाली द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय : अयोध्या टाइम्स बिहार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा वैशाली समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराई जाए। सुबह के 10:00 बजे और संध्या के 4:00 बजे की शिक्षकों की उपस्थिति और विकास आयुक्त के कार्यालय को प्रतिदिन समय से भेजी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षकों की उपस्थिति मात्र से ही व्यवस्थाओं में सुधार दिखाने लगेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर सेवा में रहना है तो अपना शत प्रतिशत योगदान करें अन्यथा लिखकर दे दे। उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कोई पदाधिकारी 12 प्रखंड के परिवार में है तो एक ही दिन में दोनों प्रखंड के विद्यालयों की जांच करें। दिन के प्रथम अर्थ में एक प्रखंड एवं दूसरे अर्थ में दूसरे प्रखंड के विद्यालयों को देखे लेकिन 4:00 बजे छुट्टी के समय किसी न किसी विद्यालय में जरूर रहें। जिला अधिकारी के द्वारा सभी विद्यालयों का पूर्व में प्रोफाइल तैयार कराने का निर्देश दिया गया था। जिसके बारे में पूछने पर बताया गया कि आकाश 30 जुलाई तक कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस केदारपुर जो भी जरूरी होगा उस पर कार्य किया जाएगा।स्कूल में शिक्षकों की उपलब्धता जरूरत के अनुपात में करने का निर्देश दिया गया और कहा गया कि कहीं भी बच्चों को जमीन पर नहीं बैठाया जाए। जरूरत के अनुसार बेंच का आकलन कर प्रतिवेदन दे दिया जाए ताकि उसे उपलब्ध कराया जा सके। सभी विद्यालयों में बच्चे को साथ में आए यह सुनिश्चित कराई जाए। चेतना सत्र में उपस्थित बच्चों का फोटो ग्रुप में शेयर किया जाए। मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार नियमित रूप से बने या देख लिया जाए। सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास निर्धारित मानक और विषय आधारित चले इसे भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा किस कोचिंग संस्थानों पर खड़ी नजर रखी जाए। उनका पंजीकरण होना अनिवार्य बनाया गया है। स्कूलोजी मैं कोचिंग संस्थान में क्लास नहीं चले या अभी देखा जाए। अगर उनका क्लास स्कूल होती में चलता है तो वहां स्कूली बच्चों को नहीं जाने दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारी अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं में लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा हूं लेकिन फीडबैक अच्छी नहीं है। मैं लगातार निर्देश दे रहा हूं। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुशासन बनाइए व्यवस्था में सुधार लाइए। मेरे से जो सहयोग लेना है उसे लीजिए लेकिन जो मुहिम चलाई गई है उसे सही ढंग से कार्यान्वित करिए। अच्छा करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए अभी तक 3 शिक्षकों को चिन्हित किया गया। बैठक में जिला अधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार के सीवान जेल में बंद एक कैदी को एनआईए की टीम अपने साथ जम्मू कश्मीर लेकर चली गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीवान। बिहार के सीवान जेल में बंद एक कैदी को एनआईए की टीम अपने साथ जम्मू कश्मीर लेकर चली गई। जिस कैदी को जम्मू कश्मीर ले जाया गया है, वह बसंतपुर थाना क्षेत्र के शेखुपरा गांव के निवासी सल–ए इमान का पुत्र याकूब खान है। याकूब को एनआईए की टीम ने रिमांड पर ले जाने के लिए स्थानीय कोर्ट में आवेदन दिया था। जिस आधार पर कोर्ट की आज्ञा से वह उसे जम्मू कश्मीर ले गई। हालांकि, एनआईए की टीम इस संबंध में कुछ भी बताने से परहेज करती रही। बताया जा रहा है कि याकूब को जम्मू कश्मीर के शोपिया से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए ले जाया गया है। याकूब को लेकर एनआईए की टीम कई दिनों से जिले में कैंप कर रही थी। न्यायालय की प्रक्रिया पूरी करने के बाद एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस के साथ याकूब को लेकर सोमवार की शाम को रवाना हो गई। मालूम हो कि इसके पहले भी सीवान मंडल कारा से एक बंदी को एनआईए की टीम पूछताछ के लिए जम्मू ले गई थी। उसपर एक आमंकी गिरोह के सदस्य के साथ सांठ– गांठ होने व हथियार सप्लाई करने का आरोप लगा था। इसी के बाद से एनआईए की टीम दूसरी बार जिले में आई थी। यहां कई दिनों तक रहने के बाद कुछ लोगों से पूछताछ कर कई





अहम मामलों के बारे में जानकारी हासिल की। एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने किसी को रिमांड पर ले जाने के लिए एनआईए की टीम के आने की जानकारी दी थी। एनआईए टीम के आने से कई दिनों तक हलचल मची रही।

## जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने किया जिला सामान्य प्रशाखा का निरीक्षण



☒ डीएम ने समाहरणालय में कर्णांकित जिला सामान्य प्रशाखा के कार्यालय व प्रभारी पदाधिकारी के कक्ष की मरम्मत हेतु भवन प्रमंडल को दिया निर्देश,कार्यालय प्रक्रिया सुव्यवस्थित करने के दिए निदेश।

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री,भा.प्र.से. जिलाधिकारी किशनगंज के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत समाहरणालय स्थित जिला सामान्य प्रशाखा और शस्त्र प्रशाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य प्रशाखा श्री रंजीत कुमार और जिला शस्त्र दंडाधिकारी,श्री श्वेताँक लाल उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत पदाधिकारी द्वय को प्राप्त सभी पत्र को नियमानुसार संचिकाओ द्वारा समयबद्ध निष्पादन करवाने का निदेश दिया। डीएम के द्वारा सर्वप्रथम सामान्य प्रशाखा के कर्णांकित कमरो में संधारित व्यवस्थाओं को देखा गया। संचिकाओं के रख रखाव,भवन की खराब स्थिति को देखकर सुव्यवस्थित ढंग से करवाने और भवन निर्माण प्रमंडल से समन्वय कर समय– समय पर मरम्मती और रंग– रोगन कराते रहने,भवन के बाहर भी साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कार्यालय कार्य प्रणाली,विभिन्न पंजी,लिपिको और कार्यालय परिचारी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने आगत– निर्गत पंजी, शस्त्र अनुज्ञप्ति बही,मानवाधिकार पंजी,रक्षी संचिका,सिनेमा अनुज्ञप्ति पंजी,उपस्थिति पंजी,अवकाश पंजी,संचिका अनुक्रमणिका, गति पंजी सहायक कर्म पुस्तिका आदि का गहन निरीक्षण किया गया। सभी पंजियो के सभी स्तंभ व कंडिका को नियमानुसार अद्यतन रखने का निदेश दिया गया। सभी लिपिकों को दैनिक आधार पर लॉग बुक(कर्म पुस्तिका) अद्यतन रखने,प्राप्त पत्रों को डायरी में प्रविष्टि करने और निष्पादित पत्रों की पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा प्रत्येक दिन प्राप्त पत्र आवश्यकतानुसार संचिका के माध्यम से ही उनके समक्ष नियमित रूप से उपस्थापित करने और आवश्यकता अनुसार निर्देश प्राप्त कर विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिला सामान्य प्रशाखा में कला , संस्कृति एवं पुरातत्व संबधी कार्य, नागरिकता परित्याग ,पर्यटन, सिनेमा अनुज्ञप्ति, सीएम डैशबोर्ड कंप्लेन,जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत, आरटीपीएस,चरित्र व पूर्ववृत सत्यापन,स्वतंत्रता सेनानी के मामले आदि कार्य निष्पादन के आलोक में टाइपिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता के दृष्टिकोण से एक कार्यपालक सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) रखने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यकम के तहत लगातार विभिन्न कार्यालय और प्रखंड का भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान वरीय उप समाहर्त्ता, रंजीत कुमार, जिला शस्त्र दंडाधिकारी, श्वेतांक लाल, प्रधान लिपिक सुरेश कुमार अकेला एवं कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### ढाका थानाध्यक्ष अभय कुमार ने विभिन्न बैंकों का लिया विधि व्यवस्था का जायजा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। मोतिहारी एसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर सभी बैंकों में चलाया गया सघन जांच, बैंकों में विधि व्यवस्था का जायजा ढाका थाना अध्यक्ष अभय कुमार के द्वारा लिया गया है। ढाका थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने ने ढाका शहर के सेंट्रल बैंक,कर्सहिया समेत अन्य बैंकों में विधि व्यवस्था का जायजा लिया है।

### जातीय जनगणना विषय से संबंधित जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) अपर समाहर्ता, पवन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रंसिंग के माध्यम से जातीय जनगणना विषय से संबंधित



जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वैसे जाति जो जनगणना की सूची में शामिल नहीं है, वंचित जाति की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि जातीय जनगणना में शामिल कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त,सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी , सभी अंचलाधिकरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।

### राज्य के सभी जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) अपर मुख्य सचिव , खनन एवं भूतत्व विभाग , बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलांतर्गत बालू घाटों की बंदोबस्ती कराने हेतु डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट में चिन्हित बालू घाटों के लिए सुरक्षित जमा राशि निर्धारण की प्रगति लाने हेतु संबंधित पदाधिकारी के साथ उन्होंने विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलांतर्गत अवैध खनन पर रोक , ओवरलोडिंग की छापेमारी करने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी , जिला खनन एवं भूतत्व पदाधिकारी , विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।



### दलसिंहसराय में बुजुर्ग से 7 लाख छीनकर अपराधी फरार

दलसिंगसराय ! (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! दलसिंहसराय शहर के आई बी रोड के निकट एक बुजुर्ग से 7 लाख 10 हजार रुपए छीने जाने का मामला प्रकाश में आया है ! मिली जानकारी के अनुसार दलसिंहसराय के केंवटा निवासी राम प्रसाद राय भारतीय स्टेट बैंक के एडीबी शाखा से 7.10 लाख लेकर अपने घर केंवटा की ओर साइकिल से आ रहे थे इसी क्रम में बाइक सवार दो उचक्के ने उन्हें पीछे से धक्का दे दिया, जिससे वो गिर गए, मौका का लाभ उठा कर उनके झोले में रखें रुपयों को लेकर उचक्के बेगूसराय की ओर फरार हो गयो ! पीड़ित राम प्रसाद राय ने बताया कि मैं एक निजी विद्यालय में शिक्षक हूं, एसबीआई के एडीबी शाखा में मेरा एक फिक्स्ड डिपॉजिट था,, जिसकी समय अवधि पूरी हो जाने के कारण मैंने अपने खाते से 7 लाख 10 हजार की निकासी की थी, जिसे झोले में रखकर साइकिल से घर की ओर जा रहा था ! इसी दौरान आई बी रोड के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने पीछे से धक्का दे दिया ! जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक दोनों झोले में रखे रुपए लेकर फरार हो चुके थे ! पीड़ित ने स्थानीय थाना में रुपए छीने जाने का मामला दर्ज कराया है, इस बाबत पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है, थाना प्रभारी कुमार ब्रजेश ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रहे हैं तथा शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी ! गौरतलब है कि 2 दिन पूर्व मालपुर के एक व्यक्ति से भी 50000 छीन लिए गए थे।

### अब आर.बी. कॉलेज में होगी कॉमर्स की पढ़ाई

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय) ! दलसिंहसराय अनुमंडल मुख्यालय स्थित आरबी कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी जिससे सैकड़ों छात्रों को हर वर्ष किसी अन्य कॉलेज या विद्यालय में अपना नामांकन करना पड़ता था ! छात्रों की चिर प्रतिक्षित मांग पर आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अपनी मुहर लगा दी ! सोमवार



को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी पत्र में आरबी कॉलेज दलसिंगसराय में कॉमर्स विषय की पढ़ाई की अनुमति दे दी गई है , इससे दलसिंहसराय शहर तथा आस–पास के छात्रों को अब कॉमर्स की पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी ! कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय कुमार झा ने बताया कि बिहार बोर्ड द्वारा आज जारी पत्र में महाविद्यालय को कॉमर्स विषय में 160 छात्रों के नामांकन की अनुमति दी गई है, यह अनुमति इसी सत्र 2022 –24 से लागू होगी ! इसके साथ ही महाविद्यालय कोड भी बिहार बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया गया , यह महाविद्यालय के लिए खुशी की बात है अब छात्रों को कॉमर्स संकाय में भी नामांकन मिल सकता है!

## 23 वे कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेना भर्ती कार्यालय में झंडा आरोहण और आई टी आई के विद्यार्थियो को संबोधित किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सेना भर्ती निर्देशक कर्नल बॉबी जसरोटिया, सेना मेडल की उपस्तिथि में सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह ने झंडा फहराया और कारगिल में शाहिद तथा जख्मी हुए सैनिकों के सम्मान में मौन रखा। इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया, सेना मेडल ने परिसर में उपस्थित सभी पदों के अधिकारियों को कारगिल युद्ध की पूरी घटना सुनाई। इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया तथा नायब सूबेदार बि बि बनकर ने आई टी आई मुजफ्फरपुर के लगभग 450 विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा कारगिल विजय दिवस की अहमियत और सेना के शौर्य से अवगत कराया। सेना भर्ती निर्देशक ने आईटीआई परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना से परिचित कराया और अग्निवीर सेना भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी दी और आई टी आई वाले कैंडिडेट्स को मिलने वाले बोनस मार्क्स की जानकारी दी। कैंडिडेट्स को दलालों से सावधान और सचेत रहने को कहा। इस कार्यक्रम में आई टी आई कॉलेज मुजफ्फरपुर के असिस्टेंट सेक्टरेरी प्रमोद शंकर भी उपस्थित थे।



## सहरसा एसबीआई मेन ब्रांच में सीएमएस कर्मी 8 लाख 56 हजार कैस किया जमा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार

बिहार के सहरसा में बीते सोमवार को एसबीआई मेन ब्रांच में 2 लाख 74 हजार नकली नोट मिलने से फैली सनसनी।पुलिस बैंक पहुंचकर जुटी तफ्तीश में।

बतातें चलें की बीते सोमवार को सीएमएस कंपनी में काम कर रहे कर्मी ऋतिक कुमार अपने एक और साथी के साथ महिंद्रा फायनेंस से 8 लाख 56 हजार रुपया कैस लेकर एसबीआई मेन ब्रांच में जमा करने गया था।एसबीआई बैंक कर्मी के द्वारा उक्त राशि जमा भी कर ली गयी।बाद में जब कैस मिलान करने को लेकर मशीन में डालकर गिनती की जा रही थी तो करीब 2 लाख 74 हजार का 500 का नोट रिजेक्ट हो गया।उसके बाद उक्त युवक को पूछताछ हेतु बैंक के कर्मी के द्वारा फोन करके बुलाया गया।जब युवक बैंक पहुंचा तब एसबीआई मैनेजर बिनोद कुमार सिंह के द्वारा एसपी को सूचना दिया गया।उसी सूचना के आधार पर सहरसा एसपी लिपि सिंह के द्वारा एक टीम गठित की गई जिसका नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी निशिकांत भारती खुद कर रहे थे।इस गठित टीम में थानां अध्यक्ष सुधाकर कुमार, अंचल इन्स्पेक्टर राजमणि भी शामिल थे। वहीं जांच टीम के द्वारा बैंक पहुंचकर उक्त जाली नोट को जब्त कर जांच में जुट गई है।जांच टीम का नेतृत्व कर रहे प्रशिक्षु डीएसपी निशिकांत भारती ने कहा कि उक्त युवक को हिरासत में लिया गया है। अभी जांच चल ही रही है।जांचोपरांत मीडिया को बता दिया जाएगा।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला अभियोजन एंपावर्ड कमिटी और मद्य निषेध की मासिक बैठक आयोजित

☒ प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्व रखने हेतु अभियोजन पदाधिकारियों को तथा मद्य निषेध की प्रभाविकता हेतु लगातार छापामारी हेतु अधीक्षक ,मद्य निषेध को दिया गया निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिला अभियोजन एवं ईमपावर्ड कमिटी तथा मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रुप से विभिन्न वादों में अभियोजन के कार्यों की समीक्षा की गई एवं इनके त्वरित निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभियोजन पदाधिकारियों के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ–साथ उनके एवं पुलिस पदाधिकारियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है ताकि अभियोजन पदाधिकारियों को विभिन्न न्यायालयों में वादों को निष्पादित कराने में पुलिस पदाधिकारियों का संपूर्ण सहयोग मिल सके। साथ ही,प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्वक रखा जा सके,ताकि विभिन्न वादों में आधिकाधिक दोषसिद्धि कराया जा सके।

डीएम द्वारा जिलांतर्गत सभी अभियोजन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। सभी अभियोजन पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पर्याप्त सुधार लाने का निर्देश दिया गया तथा अगले माह में प्रत्येक न्यायालय में दोषसिद्धि सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया।निष्पादन के अंतिम स्थिति वाले केसों में गवाहों की गवाही ससमय पूर्ण कराकर विचारण प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया, ताकि माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। जिला लोक अभियोजन पदाधिकारी एवं अपर लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि सभी थानेदारों के साथ अभियोजन की मासिक बैठक कर समीक्षा करें ताकि उनके द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत केस डायरी एवं चार्ज शीट की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। इससे न्यायालय में केस के खारिज होने की संभावना कम होगी और अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सकेगी। बैठक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण संबंधी अधिनियम, अनुसूचित जातिध अनुसूचित जनजाति, नारकोटिक ड्रग एवं साइकॉट्रॉपिक पदार्थ अधिनियम, मद्य निषेध आदि विषयों से संबंधित अभियोजन एवं उसके अनुसंधान पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार राज्य में प्रभावी मद्य निषेध नीति के मद्देनजर जिला में मद्य निषेध की गहन समीक्षा की गई। पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा शराब परिवहन,बिक्री और सेवन के विरुद्ध छापामारी,जब्ती और दोषसिद्धि की समीक्षा की गई। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा छापामारी,एंटी लिकर टास्क फोर्स के भ्रमणसील रहने,शराब बरामदगी और जब्ती पर निर्देश दिया गया। समीक्षात्मक बैठक में विधि उप समाहर्त्ता, एसडीपीओ,अधीक्षक मद्य निषेध, जिला अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक एवं विशेष लोक अभियोजक, पोस्को,एसटीध्एससी,एनडीपीएस एवं मद्य निषेध शामिल थे।



## आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य उर्ज्जा 2047 उत्सव किशनगंज जिला के दो स्थानों पर हर्ष उल्लास से मनाया जाएगा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार दिनांक 27.07.2022 को टाउन हॉल किशनगंज एवं 29.07.2022 को सद्भावना मंडप ,बहादुरगंज में 11:00 बजे पूर्वा0 से अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उज्जवल भारत उज्ज्वल भविष्य – उर्जा / 2047 कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में उर्जा एवं न्यू एण्ड रिन्यूवल इनर्जी के अन्तर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा किये गए कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता, किशनगंज और एनटीपीसी कहलगांव के समन्वय से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित होगा।उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया है। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, किशनगंज और बहादुरगंज कार्य स्थल आरक्षित करेंगे। विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा स्टेज निर्माण एवं स्टेज की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं अल्पाहार आदि की व्यवस्था करेंगे।जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता परियोजना विद्युत प्रमंडल द्वारा कार्यक्रम स्थल पर एलसीडी स्क्रीन का अधिष्ठापन किया जायेगा।इसके माध्यम से लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता आपूर्ति प्रमंडल किशनगंज द्वारा नुक्कड़ नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी को विधि–व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दिये गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी का अंतिम रूप देना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि 27/07/2022 का कार्यक्रम मुख्य अतिथि माननीय लोक सभा सदस्य श्री जावेद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।



## प्रेमिका की दो वैवाहिक संबंधों मे दरार डाल चुका था प्रेमी आखिरकार एक सूत्र में बंध गए प्रेमी और प्रेमिका



रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार पानापुर थाना क्षेत्र से एक अजीबो–गरीब प्रेम कहानी का मामला सामने आया है जहां अपनी प्रेमिका को पाने के लिए उसके दो दो वैवाहिक संबंधों में दरार डाल चुके प्रेमी ने घरवालों के विरोध के बावजूद भी आखिरकार उसे अपना ही लिया। सोमवार की शाम मे प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उसने प्रेमिका का हाथ थाम लिया।

आपको बतादे की स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुररुद्र 161 निवासी शंकर राय के पुत्र नीरज का उसके गांव स्थित ननिहाल में रहनेवाली मशरक थाना क्षेत्र के हंसापिर गांव निवासी महेश यादव की पुत्री बबिता कुमारी का प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था।

दोनो का प्रेम संबंध दाम्पत्य बंधन में बंधता इससे पहले ही युवती के पिता ने जून 2021 में उसकी शादी मशरक के एक युवक से कर दी इस शादी से नाराज युवक प्रेमिका की ससुराल पहुँच गया जिस कारण युवती के दाम्पत्य जीवन मे दरार पड़ गई और ससुरालवालों ने उसे घर से निकाल दिया।लोकलाज से बचने के लिए युवती के पिता उसके प्रेमी के साथ शादी को तैयार भी हो गए लेकिन युवक के माता पिता द्वारा दो लाख रुपये दहेज की मांग की जाने लगी जिसे पूरा करने में युवती के पिता असमर्थ थे। दहेज देने में असमर्थ युवती के पिता ने तीन माह पहले अपनी पुत्री की शादी गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थानांतर्गत जगदीशपुर गांव में कर दी लेकिन प्रेमी युवक दुबारा उसकी ससुराल में पहुँच गया एवं युवती एवं उसके पति को जान मारने की धमकी देने लगा। युवक की धमकी से उसके ससुराल वाले डर गए एवं युवती को घर से निकाल उसे मायके पहुँचा दिया प्रेमी की कारगुजारी से पूरी तरह टूट चुकी युवती अपने पिता के साथ रामपुररुद्र 161 गांव पहुँची जहां पंचायती के दौरान युवक ने उसे पत्नी के रूप में स्वीकार करने की हामी भरी स्वीकारोक्ति कस्वीकारोक्ति के अगले दिन ही युवक अपने फैसले से पलट गया था जिससे आजिज युवती पानापुर थाने पहुँच न्याय की गुहार लगायी इस बीच परिजनों के विरोध के बावजूद सोमवार को नीरज ने बबीता की मांग में सिंदूर डाल आखिकार उसे अपना लिया।

## श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश के द्वारा मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चंपारण। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश के द्वारा मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में कुल –02 प्रतिष्ठानों क्रमशः काजल स्वीट्स एवं रमन स्वीट्स बेकरी–फैमिली रेस्टोरेंट से 1–1 बाल श्रमिक कुल–02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/–(बीस हजार रू0) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर मोहम्मद सरफराज अहमद खान , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया आशुतोष झा , D-P-C–369, मोहम्मद मोबिन खान, निर्देश संस्था से मधु कुमारी तथा पुलिस लाईन मोतिहारी से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल का पदस्थापना समारोह सम्पन्न

☒ 14 नये मेंबर बनाये गये

☒ कार्यक्रम में जुटे सैकड़ों लोग 100 मेंबर का क्लब बना मोतिहारी कपल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। सोमवार की शाम स्थानीय बरियारपुर स्थित रैमसन प्लाजा होटल में लायंस–क्लब ऑफ मोतिहारी कपल का छठा पदस्थापना सह वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष ला. डा. राजेश कुमार श्रीवासतव, सचिव ला. चंदू मिश्रा , कोषाध्यक्ष– ला. नवीन निशांत , उपाध्यक्ष प्रथम –अंगद सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय–कुमारी संगीता, ज्वाइंट सेक्रेटरी–विशाल कुमार, क्लब डायरेक्टर– आशुतोष शरण, क्लब सर्विस चेयरपर्सन–प्रमोद लोहिया, कोर्डिनेटर–मधुसूदन जलान, मेंबरशीप चेयरपर्सन मनीष राज आदि ने शपथ लिया। इस अवसर पर उपस्थित गेस्ट ऑफ ऑनर मोतिहारी के जिला पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने सभी क्लब के सदस्यों को अच्छे कार्यो के लिए सराहा व अपना हर संभव मदद देने की बात कही। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल समाज में अच्छे कार्य कर रही है। वहीं इस अवसर पर चीफ गेस्ट जिला पाल– ला. डा. मधेश्वर सिंह, उप जिला पाल– ला. बिनोद अग्रवाल, उप जिला पाल– ला. गणवती मल्लीक आदि उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. राजेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में क्लब के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का वचन देते हुए एक इस सत्र में होने वाले कार्यों के बारे में बताया, जिनमें वृक्षारोपण , रक्तदान शिविर प्रमुख रूप से उल्लेख किया और साथ ही साथ निकट भविष्य के स्वास्थ्य–जाँच शिविर एवं नेत्र–चिकित्सा शिविर इत्यादि के बारे में बताया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कपल क्लब 100 मेंबर का क्लब अब बन गया है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रभात कुमार, सुमित कुमार, उमेश मोहता, मुरारी सर्राफ, अरविन्द सर्राफ, डा. अमित कुमार, डा. कुमार सौरभ, नविन निशांत, मनोज अग्रवाल, रेणु लोहिया, मनीष राज, रेणु जलान, अनिल वोहरा, प्रशांत जायसवाल आदि का भरपूर योगदान रहा। वहीं इस अवसर पर अभिमन्यु कुमार, डा. विवेक गौरव, डा. टी.पी. सिंह, सतपाल सिंह छाबड़ा, अमर नाथ साहु, ई.विभूति सिंह, लाल बाबू प्रसाद, प्रकाश अस्थाना आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन माला ठाकुर व प्रमोद लोहिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रेणु लोहिया व राष्ट्रीय गान मधुसूदन जलान ने किया।



नये मेंबर बनाये गये–

इस विशिष्ट अवसर पर 14 नये सदस्य को सदस्यता देकर लायंस कपल परिवार से जोड़ा गया जिनके नाम हैंरू– डा. पुष्कर राज, उपासना कौशिक, डा. शरद हेमंत मिश्रा, डा.मनीषा सिंह, अभिषेक कुमार लोहिया, नेहा लोहिया, डा. अनुपम वर्मा, स्वाती वर्मा, नारायण सिकारिया, स्नेहा सिकारिया, सौरभ कुमार, अर्चना कुमारी, विशाल कुमार जायसवाल, पूमन जायसवाल।

## नीतीश कुमार दूसरी बार कोरोना संक्रमित, होम आइसोलेशन में CM

साहिल कुमार सिंह(ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना संक्रमित हो गए हैं. वह दूसरी बार कोविड–19 के शिकार हुए हैं. सीएम ने खुद को आइसोलेट कर लिया है. चिकित्सकों की सलाह पर वह होम आइसोलेशन में हैं. उन्होंने सभी से कोविड अनुकूल सावधानियां बरतने की अपील की है. पिछले तीन 2–3 दिनों से ये बात सामने आ रही थी कि मुख्यमंत्री की तबीयत ठीक नहीं है. वह अस्वस्थ हैं और बुखार से पीड़ित हैं.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दूसरी बार कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं. इससे पहले इसी साल जनवरी महीने में वह कोरोना संक्रमित हुए थे. तब सीएम होम आइसोलेशन में रहकर ही ठीक हुए थे. उस वक्त सीएम आवास में 50 से ज्यादा कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे. अभी हाल में बिहार सरकार के कई मंत्री कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने रंगेहाथ दबोचा

'वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी।

सीतामढ़ी जिले के परिहार प्रखंड में कार्यरत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विजिलेंस की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है. निगरानी विभाग की टीम ने एक घूसखोर बीईओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोचा है. गिरफ्तार बीईओ से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.मामला सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना इलाके का है.परिहार के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोरी प्रसाद राय को निगरानी की टीम ने गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोरी प्रसाद राय को 50 हजार घूस लेते हुए रंगेहाथ दबोचा गया है. विजिलेंस की टीम की ओर से मिली जानकारी के अनुसार एक शख्स ने शिकायत की थी कि बीईओ की ओर से बार–बार उससे रिश्वत की मांग की जा रही है.मामले की जानकारी मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने फौरन कार्रवाई शुरू की. निगरानी के अधिकारियों ने जाल बिछाया और सोमवार को परिहार के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोरीह प्रसाद राय को 50 हजार घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. बताया जा रहा है कि विजिलेंस की टीम किसी गुप्त स्थान पर गिरफ्तार बीईओ किशोरी प्रसाद राय से पूछताछ कर रही है. शिकायतकर्ता प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व बीईओ ने उन्हें प्रधानाध्यापक पद से हटा दिया था,पुनरू प्रधानाध्यापक पद पर बहाल हेतु उन्होंने बीईओ से गुहार लगाई थी. इस एवज में बीईओ की ओर से उनसे बतौर रिश्वत 40 हजार रुपये की मांग की गई.इस पर प्रधानाध्यापक ने इस मामले की जानकारी निगरानी को दी. इसके बाद विजिलेंस की टीम ने अपने स्तर से फौरन कार्रवाई शुरू कर दी. निगरानी के अधिकारियों ने तीन दिनों पूर्व से परिहार में जाल बिछाया. सोमवार की दोपहर बाद करीब ढाई बजे बीईओ किशोरी प्रसाद राय बीआरसी से गिरफ्तार हुए।



## रोसड़ा में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर डयूटी कर रहे, होमगार्ड जवान को कुचलकर हुए फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,रोसड़ा। रोसड़ा थाना क्षेत्र के रहुआ–डाकबंगला पथ पर ट्रैक्टर–ऑटो के टक्कर होने की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची रोसड़ा थाने की गश्ती दल के एक होमगार्ड जवान को बगल से गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल डाला जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पटपारा निवासी रामचंद्र राय (58) के रूप में की गई है जो वर्तमान में रोसड़ा थाना में पदस्थापित थे और थाने की गाड़ी भी चलाते थे। बताया गया है कि रहुआ–डाकबंगला पथ पर सोमवार की देर रात ट्रैक्टर और ऑटो में टक्कर की सूचना मिलते ही रोसड़ा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायलों को अस्पताल पहुंचाया, ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे।इस दौरान सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिसबल के द्वारा सड़क किनारे कराया जा रहा था तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर खड़े होमगार्ड जवान रामचंद्र राय को कुचलते हुए फरार हो गया। इस दौरान होमगार्ड जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बता दे की इससे पहले होमगार्ड एसोसिएशन के द्वारा मृतक जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## बाढ़ अनुमंडल अस्पताल परिसर के सामने दवा वितरण स्टोर घर बना सांप बिच्छू का बसेरा

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। अनुमंडल अस्पताल परिसर के सामने करीब एक दशक पहले स्वास्थ्य महकमा के द्वारा दवा वितरण करने के लिए स्टोर बनाए गए थे। इसके निर्माण पर सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च भी किए गए। इसके बावजूद आज तक ना तो यह दवा काउंटर खुला और ना ही इस दवा काउंटर का फायदा किसी मरीज को मिला। हां, इतना जरूर है कि इस दवा काउंटर में रखे सरकारी फर्नीचर पूरी तरह से खराब हो चुके हैं और आज की स्थिति में यह दवा घर सांप–बिच्छू का घर बनकर रह गया है। अक्सर यहां पर सांप–बिच्छू भ्रमण करते देखे जाते हैं। दवा वितरण के लोग इधर उधर भटकते हैं लेकिन दवा वितरण से ज्यादा सांप बिच्छू का विचरण यहां देखा गया है। अनुमंडल अस्पताल में कई प्रखंडों से लोग अपना इलाज कराने के लिए आते हैं।



## यूपी में बिहार के 8 लोगों की मौत, ब्ड नीतीश ने 2-2 लाख मुआवजा का किया ऐलान

साहिल कुमार सिंह(ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिला के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई सड़क दुर्घटना में बिहार के रहने वाले 8 लोगों की मौत पर शोक जताया है. मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत लोगों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है.सीएम नीतीश कुमार ने इस घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपए अनुग्रह अनुदान के रूप में देने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने बिहार के रहने वाले घायलों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है. मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है.मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति का जायजा लेने तथा घायलों के समुचित इलाज के साथ–साथ हर संभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए सभी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है. बता दें कि सोमवार को बाराबंकी में डबल डेकर बस का एक्सीडेंट हो गया।



# संक्षिप्त समाचार

## समाज को शिक्षा से जोड़कर हम विकास कर सकते हैं :शिवराम रावत उन्नाव

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया।



श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि समाज को शिक्षा से जोड़कर विकास कर सकते हैं शिक्षा हमारा मुख्य मार्ग है हम अधिक शिक्षित हो जाते हैं हमारे बच्चे अधिक शिक्षा से जुड़ जाते हैं तो हम आगे चलकर राजनीति एवं सरकार से जुड़ कर्म अपना और समाज का विकास कर सकते हैं।

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि शिक्षित समाज ही आगे बढ़कर विकास कर सकता है इसलिए हम लोगों को चाहिए कि शिक्षा से जुड़कर और सरकार की योजनाओं को प्रचारित करके समाज को विकास के रास्ते पर ला सकते हैं।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि समाज को विकास के रास्ते पर लाने के लिए दो मार्ग ऐसे हैं एक तो हम नौकरी अपनाकर सरकार से जुड़कर विकास कर सकते हैं दूसरा हम राजनीति से जोड़कर समाज और अपना विकास कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री अशोक महतो नालंदा बिहार, श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, श्री भंवरलाल कैथवास रतलाम मध्य प्रदेश, श्री जोगराज जी दिल्ली, श्री राजेश सिंह प्रयागराज , श्री रमेश महतो दरभंगा बिहार ,राम कुमार पासी जबलपुर मध्य प्रदेश ,श्री पवन पासी इलाहाबाद आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री शिवराम रावत उन्नाव ने किया।

## लोक अदालत का न्यायालय परिषद के साथ नगर परिषद के ग्रामों में होगा आयोजन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश कन्नौज के अध्यक्षता में दिनांक 13 अगस्त 2022 को सुबह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिषद कन्नौज नगर परिषद के ग्रामों में होना सुनिश्चित है साथ ही साथ कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट कन्नौज तहसील न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें आपराधिक शमनीय वाद 138 एन आई एक्ट बैंक वसूली बाद मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं श्रम वादों बिजली एवं जल से संबंधित वाद पारिवारिक वादों भूमि अधिग्रहण विवादों राजस्व वादों अन्य सिविल वादों सर्विस में वेतन से संबंधित मामलों लंबित प्रकरणों के निस्तारण के साथ–साथ अन्य प्रकृति के वादों का निस्तारण कराते हुए निस्तारित योग्य अन्य विभाग विवेका अनुसार राष्ट्रीय दल में निस्तारित हो सकते हैं राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को शीघ्र वास के लाभ न्याय प्रदान करना है आगामी राज्य लोक अदालत की सफलता हेतु प्राविधिक स्वयंसेवकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आशा बहुओं द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा जनपद कन्नौज की तीनों तहसीलों में भी तहसील द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

## अध्यापक की पिटाई से छात्र ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, मचा कोहराम

### शिक्षा के मंदिर में अध्यापकों नें घड़ी चोरी का इल्जाम लगाकर छात्र को पीटा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। जनपद कन्नौज के छिबरामऊ कोतवाली कसावा चौकी क्षेत्र के गांव मे अध्यापक की पिटाई से छात्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना लगते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। आज सुबह जब शव घर पहुंचा । आसपास गांव के लोगों का तांता लग गया। पीड़ित पिता ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कसावा चौकी क्षेत्र के पश्चिमी मडैया गांव निवासी दिलशाद उर्फ राजा उम्र 15 वर्ष पुत्र जहांगीर कुछ दिन पूर्व कक्षा 9 में दाखिला लेने के लिए गांव के ही विद्यालय आर यस इंटर कॉलेज गया हुआ था।



दोपहर बाद घड़ी चोरी का इल्जाम लगाते अध्यापकों ने छात्र की पिटाई कर दी। अध्यापक ने छात्र को कमरे में बंद कर मारा–पीटा जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पेट में लात धूसो से उसकी पिटाई से उसकी हालत बिगड़ गई। घर के लोगों ने आनन–फानन में उसे उपचार के लिए सौ सैया अस्पताल में भर्ती कराया । गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया। उपचार के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। सूचना लगते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। पिता ने अध्यापकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की ।

### कन्नौज पहुंच भाजपा पर जमकर बरसे पूर्व मुख्यमंत्री

## किसानों की बिजली माफ करने की बात सजन में उठाएंगे अखिलेश यादव

### आने वाले समय में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज।

कन्नौज ।आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां एक ओर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं उसी कड़ी में एक दिन पूर्व सपा नेत्री कंचन कनौजिया के यहां संवेदनाएं व्यक्त की तो वहीं आज मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर बरसते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया ।

समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए ताबड़तोड़ दौड़ा करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की दिशा में सभाएं कर रहे हैं उसी क्रम में आज कन्नौज स्थित सपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं और मीडिया से मुखातिब होकर जमकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर बरसते नजर आए उन्होंने बताया कि तिर्वा निवासी सपा नेत्री कंचन कनौजिया के पुत्र की कैंसर से मृत्यु हो गई अगर सपा कार्यकाल में बने कैंसर अस्पताल में सरकार सही सुविधाएं और अच्छे डॉक्टर देती तो शायद सपा नेत्री के पुत्र को बाहर कहीं नहीं ले जाना पड़ता है उसका यही इलाज हो जाता इस सरकार में विकास कार्यों को नहीं किया जाता है इस सरकार में दूध और दही पर टैक्स लगाया जाता है उन्होंने तंज कसते हुए कहा दूध पर टैक्स लगाया जा सकता है तो गोबर पर भी टैक्स लगाया जाना चाहिए तालिग्राम की घटना पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा यह घटना भाजपा की सोची–समझी रणनीति के तहत हुई उन्होंने कहा सरकार ने मंत्री विशेष जाति के होने के चलते अपमानित महसूस करते हैं भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कहा की आजादी के बाद 75 सालों में इतना भ्रष्टाचार नहीं हुआ है जितना कि इस भाजपा की सरकार में हो रहा है महंगाई को लेकर उन्होंने डीजल पेट्रोल गए गैस के दामों पर कोई चर्चा ना करें इसके लिए यह सरकार दूसरे मामलों में ध्यान भटकाने का कार्य करती है बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहां की नकल करने मे भी अक्ल होनी चाहिए उन्होंने आगे कहा कि 5 किलोमीटर चलने पर ही दो पुल अधूरे दिखाई दिए इस प्रकार विकास के नाम पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी को घेरते हुए नजर आए वहीं कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य कर्ताओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाने की भी बात कही कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनिल दोहरे कलीम खान नवाब सिंह यादव अरविंद यादव अनिल पाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पति से मन्दिर जाने बात कहकर पत्नी जेवर नगदी लेकर भागी

• पीड़ित ने पुलिस को सौंपा शिकायती पत्र, युवक के साथ भागी पत्नी

जालौन कोंच– मोहल्ला तिलक नगर में महिला मंदिर जाने की बात कहकर घर में रखी नगदी व जेवरात लेकर भाग गई महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।



कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला तिलक नगर निवासी राकेश वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की सुबह उसकी पत्नी मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थी करीब 2 घंटे के बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटी तो उसने मंदिर जाकर खोजबीन की वह नही मिली बाद में पता चला कि पत्नी मंदिर पहुंची ही नहीं जिसके बाद वह वापस घर आया तो उसने देखा कि अलमारी का लॉक खुला हुआ था और उसमें रखे 35 हजार रुपये मंगलसूत्र, झुमकी, नाक की बाली,पायलें, बिछुआ, लॉकेट आदि सोने चांदी के जेवर गायब थे पत्नी के लापता हो जाने पर उसने अपने ससुर सुखराम व सास मीना निवासी ग्राम चमरसेना से कहा तो उक्त दोनों ने उसे ही भला बुरा कहा पीड़ित पति ने पत्नी के किसी के साथ भाग जाने की बात कहते हुए पुलिस से कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है।

## मा0 मंत्री जी द्वारा छात्रो को विशिष्ट अवसरो पर पौध रोपण व पौधो की सुरक्षा हेतु प्रेरित किया

कानपुर नगर। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर श्री अरविन्द कुमार ने बताया है कि एच0बी0टी0यू0 पश्चिमी परिसर में मुख्य अतिथि मा० राज्यमंत्री, वन पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ०प्र० श्री के०पी० मलिक द्वारा हरिशंकरी रोपण किया गया। उक्त स्थल पर 02 हरिशंकरी वाटिकाएं स्थापित की गईं एवं पीपल, पाकड़, गूलर, मौलश्री, अशोक, कचनार, नीम, कटहल, हरश्रृंगार व शरीफा आदि प्रजातियों के 101 पौधों का रोपण किया गया। पीपल, बरगद, पाकड़ के सम्मिलित रोपण को हरिशंकरी कहते हैं। हिन्दू मान्यता में पीपल को विष्णु व बरगद को शंकर का स्वरूप माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं में पाकड़ वनस्पति जगत का अधिपति व नायक है व याज्ञिक कार्यों हेतु श्रेष्ण छाया वृक्ष है। इस प्रकार हरिशंकरी की स्थापना एक परम पुण्य व श्रेष्ठ परोपकारी कार्य है।

उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल एवं कानपुर मण्डल के समस्त प्रभागीय वनाधिकारी व उप प्रभागीय वनाधिकारी तथा गंगा विचार मंच के पदाधिकारी, गंगा टास्क फोर्स एवं एच0बी0टी0यू0 के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जुगल देवी सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्र–छात्राओं द्वारा पूरे उत्साह के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।



मा० मंत्री जी द्वारा छात्रो को विशिष्ट अवसरो पर पौध रोपण व पौधो की सुरक्षा हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को मा० मंत्री जी द्वारा गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी कि सभी लोग गंगा की निर्मलता व अविरलता बनाये रखने हेतु हर सम्भव प्रयास करेगें। मा० मंत्री, जी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरान्त सर्किट हाऊस में मण्डल के विभागीय अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण महा अभियान 2022 की समीक्षा बैठक की गई तथा बैठक में सभी विभागों द्वारा रोपित किये गये पौधों की सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया ताकि रोपित पौधों की सफलता सुनिश्चित हो सके।

## जिले में 29 जुलाई को होगा सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। जनपद श्रावस्ती युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक एंव विकास दल विभाग श्रावस्ती के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तर पर दिनांक 29 जुलाई 2022 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा भिनगा में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद के सभी विकास खंडों के अन्तर्गत निवास करने वाले जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष है ,वे विभिन्न विधाओं जैसे लोकगीत, लोकनृत्य, बांसुरी वादन, तबला वादन, हारमोनियम वादन, भरतनाट्यम नृत्य, मृदंग वादन, कथक नृत्य व सितार वादन आदि विधाओं में अपनी रुचि रखते हैं ,वे भाग ले सकते है,तथा इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों के बालक एवं बालिकाओं तथा युवक और महिला मंगल दल के सदस्य भी भाग ले सकते हैं।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक बालक बालिकाओं द्वारा विभाग के मोबाइल नंबर –9454598031, 740 9025 222पर संपर्क कर सकते हैं या विकास भवन भिनगा आकर कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल में जाकर सम्पर्क कर सकते हैं।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 07 बजे तक किया जाएगा

उक्त जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने दी है।

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी श्रावस्ती ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन प्रात 10.00 बजे से प्रारंभ होगा और 7 बजे कार्यक्रम का समापन होगा

## कायाकल्प एवं स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार से ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद को डीएम ने किया सम्मानित

• प्रत्येक ब्लाक से 1 ग्राम प्रधान व 1 प्रधानाध्यापक व 25 शिक्षकों सहित सम्मानित

• रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन उरई मे उक्त सम्मान समारोह संपंन हुआ।

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी जालौन चांदनी सिंह की अध्यक्षता मे विकास भवन रानी लक्ष्मीबाई सभागार मे शिक्षा विभाग जालौन द्वारा आयोजित विद्यालय आपरेशन कायाकल्प एवं स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार 2021–22 मे महेवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कीरतपुर का चयन हुआ युवा ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद पत्रकार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमे प्रत्येक खण्ड विकास से एक ग्राम पंचायत व एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शामिल है। जनपद मे 9 ग्राम प्रधानो व 9 प्रधानाध्यापको के अलावा 25 शिक्षकों सहित आधा सैकड़ा से अधिक लोगो को सम्मानित किया गया।




उक्त सम्मान समारोह की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कहा कि आपरेशन कायाकल्प एवं स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार मे चयनित ग्राम प्रधानो व प्रधानाध्यापक से अन्य प्रधानाध्यापकगण व संबंधित लोग प्रेरणा ले और विद्यालय को सुन्दर व आकर्षित बनाने की कार्य योजना बना कर कार्य करें। इतना ही नही उन्होने कहा कि चार विन्दुओ पर फोकस ज्यादा करे जैसे विद्यालय की बाऊड्रीवाल, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था हरहाल मे होनी चाहिये एवं छात्रो को स्वच्छता के बारे मे भी अध्यापक गण बतायें। उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी डॉ अवधेश सिंह ने भी उपस्थित ग्राम प्रधानो एवं प्रधानाध्यापको से सुझाव मांगे एवं विद्यालय को कैसे आदर्श विद्यालय बनाये इस पर प्रकाश डाला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने भी महत्वपूर्ण विन्दुओ पर अपने विचार रखें। इस मौके पर सहायक अभियंता एकता त्रिपाठी खण्ड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते शिक्षका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जालौन कोंच– गल्ला मंडी परिषर में अपने पिता के घर पति के साथ रह रही शिक्षिका ने संदिग्ध परिस्थितियों में गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गल्ला मंडी परिषर में बने कर्मचारियों के आवास से मंगलवार को रोने पीटने की आवाजे सुनाई दी लोगो ने जब वहां जाकर देखा तो युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ झूल रहा था गल्ला मंडी में लिपिक के पद पर अशोक कुमार ने अपनी पुत्री प्रिंशी कुशवाहा उम्र 30 वर्ष के आत्महत्या कर लेने की सूचना पुलिस को दी





पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया गया है कि मृतिका प्रिंशी कुशवाहा ग्राम बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी वह चार वर्षों से अपने पिता के साथ रह रही थी उसका पति सौरभ निवासी एट उसके साथ ही रह रहा था वह एट में किराने की दुकान चलाता है और प्रतिदिन आता जाता है मंगलवार को उसका जन्मदिन था और वह पत्नी को लेकर कही बाहर जाने वाला था लेकिन फिर वह बाहर न जाकर अपनी दुकान खोलने के लिए एट चला आया जिससे आसंका जताई जा रही है कि इसी बात से आहत होकर मृतिका ने आत्महत्या कर ली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नही हो पाया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कह जा सकता है।

## पूरे देश में 20 करोड़ घरों पर तिरंगा लगाने की भाजपा की योजना, उत्तर प्रदेश के 1 लाख गांव के तीन करोड़ घरों में तिरंगा लगाने की योजना को मूर्त रूप देगी भाजपा

• यमुनापार के 1558 बूथों पर 15580 घरो पर तिरगां लगाए जाऐगें

• भाजपा यमुनापार के सभी सातों मोर्चे निकालेंगे तिरंगा यात्रा

• जनजागरण हेतु निकाली जाएगी प्रभात फेरी

• आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स

26 जुलाई प्रयागराज। भाजपा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे देश में 20 करोड़ घरो पर तिरंगा लगाने की योजना बनाई है। वही उत्तर प्रदेश के 1 लाख गांव के 3 करोड़ घरो में उत्तर प्रदेश सरकार व भाजपा मिलकर तिरंगा लगाने का कार्य करेगी। प्रयागराज के यमुनापार मे भाजपाई 1558 बूथों पर 15580 घरो पर तिरगां लगाऐगें।

भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं ष्हर घर तिरंगाष् अभियान काशी क्षेत्र के प्रभारी शंकर गिरी के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा योजना के तहत 9 अगस्त क्रांति दिवस से 7 दिन तक इस अभियान के निमित्त प्रचार प्रसार किया जाएगा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने इस कार्य हेत 16 सदस्य टीम बनाई है। जिसमें काशी क्षेत्र का प्रभार प्रदेश मंत्री शंकर गिरी को सौंपा गया है।

जिला मीडिया प्रभारी यमुनापार दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफलता के लिए प्रदेश में 16 सदस्यीय टीम और क्षेत्र में एक संयोजक एक सहसंयोजक एक आईटी पदाधिकारी 3 लोगों की टीम बनाई जा रही है।

इसी प्रकार जिले में 2 लोगों की टीम मंडल में 3 लोगों की टीम तथा शक्ति केंद्र में एक संयोजक, बूथ पर एक संयोजक तिरंगा अभियान हेतु बनाए जा रहे है। यमुनापार मे भाजपा की तरफ से 1558 बूथो पर 10–10 घरों के लक्ष्य के साथ 15580 घरों पर तिरंगे लगाए जाऐगें।



दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रचार प्रसार की दृष्टि से जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती व शीर्ष नेतृत्व ने सभी जनप्रतिनिधियों को लगाया गया है। साथ ही युवा मोर्चा,महिला मोर्चा सहित पार्टी के सभी मोर्चो द्वारा 9 तारीख से 11 तारीख कस्बा, बाजारों,नगरो, शहरों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आगे आगे डीजे जिसमें रघुपति राघव राजा राम एवं वंदे मातरम् धुन बजता रहेगा 11 तारीख से 13 तारीख तक प्रभात फेरी गांव–गांव और शहरी क्षेत्र के वार्डो में निकाली जाएगी। तिरंगा हाथ में लेकर 9 तारीख से 15 तारीख के बीच भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महापुरुषों की मूर्ति पर स्वच्छता के साथ ही पुष्प चढ़ाने का कार्य होगा। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर झंडा लगाने का कार्य शुरू होगा। घरों में सबसे छोटे बच्चे द्वारा झंडा लगाने का कार्य सेल्फी के साथ सोशल मीडिया पर लोड करने के आग्रह के साथ किया जाएगा। आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा झंडे पोस्ट ऑफिस में विकास खंडों में कोऑपरेटिव के साथ ही अन्य जगह पर उपलब्ध रहेंगे।

पार्टी की योजनानूसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 अगस्त को पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य,महापौर,जिला पंचायत प्रमुख अपने अपने क्षेत्र के प्रमुख प्रतिष्ठित व्यक्तियों के यहां तिरंगा झंडा लगाएंगे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनो को भाजपा पूरा कर अंतिम पायदान के व्यक्ति को सर्वोच्च पद पर आसीन कर रही-विभवनाथ भारती

• भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार ने राष्ट्रपति महोदया से उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के साथ मिलकर किया अभिनन्दन

• जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्रम व बुके भेंटकर प्रयागराज के जनता जनार्दन एवं कार्यकर्ताओ की ओर से दी शुभकामनाएं

• देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति जताया आभार

26 जुलाई प्रयागराज। भारतीय गणराज्य के नवनिर्वाचित माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार के जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रपति के दिल्ली आवास पर मुलाकात कर अभिनंदन एवं स्वागत किया।

जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते,प्रदेश अध्यक्ष अनूसूचित जनजाति डॉ. संजय गौर आदि के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के साथ एक साधारण समारोह में जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को अंगवस्त्रम् और बुकें प्रदान कर समस्त प्रयागराज के जनता एवं कार्यकर्ताओ की ओर से अभिन्दन एवं स्वागत कर शुभकामनाऐं देते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनो को भाजपा पूरा कर अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को सर्वोच्च पद पर आसीन कर महापुरूषो के सपनो का भारत बना रही है।




राष्ट्रपति बनते ही जिलाध्यक्ष के राष्ट्रपति महोदया से मिलने पर यमुनापार के भाजपाईयो में हर्ष व्याप्त है। यमुनापार बारा विधायक डॉ. वाचस्पति,कोराँव विधायक राजमणि कोल,करछना विधायक पियूष रंजन निषाद,जिलाध्यक्ष अनूसूचित मोर्चा राजमणि पासवान,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,जिला आईटी प्रमुख शतीश विश्वकर्मा,मिथिलेश पांडेय,प्रदीप मिश्र आदि कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष और राष्ट्रपति महोदया को शुभकामनाएं दी है।

## मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत नें उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य, पावर 2047 महोत्सव का किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से 30 जुलाई 2022 तक पूरे सप्ताह तक चलने वाले उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर /2047 महोत्सव का मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से जुलाई 2022 के अंतिम सप्ताह में राज्य के सभी जिलो में बिजली महोत्सव का आयोजन कर रहा है /उज्ज्वल भारत – उज्जवल भविष्य /2047 महोत्सव सप्ताह भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत 25 जुलाई 2022 में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है

यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनो सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन , पारेषण , वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है आम जनता , राय निर्माताओं व नीति निर्माताओं को ऑडियो – विजुअल मीडिया , नुक्कड़ नाटक , सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विगुतीकरण , वन नेशन – वन – ग्रिड उपभोक्ता अधिकार , नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया जाएगा । इसके अलावा , विजन पावर ( /2047 के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के विचारों का अनुरोध किया जाएगा । यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही।




इस अवसर पर जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री अरुण पांडेय, जिला मंत्री दिनेश आर्या, जिला नोडल अधिकारी जितेंद्र नाथ सिंह, अधिशासी अभियंता डी० पी० सिंह सहित विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं उपभोक्ता मौजूद रहे !

## समाज के संस्कृति को बचाए रखना चाहिए जब तक हम एक धर्म से नहीं जुड़ेंगे तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता: भंवर लाल पासवान रतलाम

ओंकार नाथ चौधरी

बलरामपुर। जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया श्री भंवर लाल कैथवास रतलाम ने कहा कि हम लोगों के समाज में बहुत बड़ा बिखराव है हम लोगों को पासी धर्म को मानना जरूरी है जब तक हम एक धर्म से नहीं जुड़ेंगे तब तक हमारे समाज का विकास नहीं हो सकता है



श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र इलाहाबाद ने कहा कि समाज के संस्कृति को बचाए रखने के लिए हमें अपने ही धर्म के अनुसार शादी विवाह अन्य संस्कार करना चाहिए

श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि समाज में हम लोगों को अपने धर्म के अनुसार ही कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए जिससे हमारा संस्कृति बचाया जा सके

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि हम लोगों को एक विचारधारा से जुड़ने की जरूरत है और हमारा पासी धर्म ही समाज को जोड़ने का काम कर सकता है इसलिए हमें सभी लोगों को एक साथ पासी धर्म मानने की जरूरत है

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि हम सब को एक विचारधारा में आने के लिए सभी को पासी धर्म मानना जरूरी है क्योंकि अलग–अलग धर्म मानने से हम लोगों में काफी बिखराव हो गया है

इस कार्यक्रम में,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री अशोक महतो नालंदा बिहार,

श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, श्री भंवरलाल कैथवास रतलाम मध्य प्रदेश, श्री जोगराज जी दिल्ली, श्री राजेश सिंह प्रयागराज , श्री रमेश महतो दरभंगा बिहार ,राम कुमार पासी जबलपुर मध्य प्रदेश ,श्री पवन पासी इलाहाबाद आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# संक्षिप्त समाचार

## केस्को सब स्टेशन नवीन नगर के अधिकारी पहुंचा रहे हैं राजस्व को भारी नुकसान

राकेश डंग कानपुर



केस्को सर्वोदय नगर डिवीजन के अंतर्गत सब स्टेशन नवीन नगर के अधिकारियों ने करीब 2 साल पहले खाता संख्या 22139549 लोड 8 किलो वाट बालाजी धाम पांडव नगर का कनेक्शन पीडी स्थाई विच्छेदन करने के बाद भी उपभोक्ता उसी मीटर पर बिजली उपयोग कर रहा है इसका बिल जून 2020 मे समाप्त कर दिया गया जब संवाददाता ने केस्को सब स्टेशन नवीन नगर के अवर अभियंता सूर्य लाल चौहान से बात की तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहां कि हमको नहीं मालूम। जब मामला संज्ञान में आया तो नवीन नगर के सहायक अभियंता ने अवर अभियंता से मीटर निकलवाया अगर इस तरह मीटर के घोटाले होते रहेंगे राजस्व को भारी नुकसान पहुंचता रहेगा उक्त मामले की जांच होनी चाहिए । दूसरी ओर केस्को विकास नगर में कबाड़ी की दुकान पर हजारों की तादाद पर मीटर बरामद किए गए थे जिस पर आला अधिकारियों ने कहा था कि 1 महीने में इसका पर्दाफाश कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी पर अभी तक न पर्दाफाश हुआ न ही कोई कार्रवाई की गई अगर इसी तरह मामले को आला अधिकारी दबाते रहेंगे इससे अधिकारियों के हौसले बुलंद होते रहेंगे ।यह है केस्को की अच्छी पहचान।

## चोरी का जनरेटर बेचते पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार, 3 दिन पहले सरौली गांव से चोरी हुआ था जनरेटर

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर किशनपुर– थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रामबाबू सिंह के नलकूप से 3 दिन पहले चोरी हुए जनरेटर को पुलिस ने सोमवार कबाड़ी के यहां बेचते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रामबाबू सिंह के नलकूप में जनरेटर खड़ा था जिसे 3 दिन पहले अज्ञात लोग चोरी कर ले गए थे जिस जनरेटर को सोमवार कस्बा किशनपुर निवासी प्रखर सोनकर पुत्र गोविंद सोनकर लड्डू कबाड़ी के दुकान में बेच रहा था तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रखर सोनकर को जनरेटर के साथ गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद किशनपुर पुलिस ने उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र तिवारी की तहरीर पर प्रखर सोनकर के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया जहां से जेल भेजा गया। थाना अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया मुखबिर की सूचना पर प्रखर सोनकर को चोरी का जनरेटर बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है।




## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक समपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर धाता थाने में मंगलवार को मोहर्रम त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थाना अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने मोहर्रम त्योहार पर शांतिपूर्ण तरीके से ताजिया निकालने का निर्देश दिया।



कहा कि मोहर्रम त्यौहार पर शांतिपूर्ण तरीके से तय रूड मे ही ताजिया निकाला जाए। उन्होंने ताजियादारों से कहा कि अगर किसी तरह की कोई दिक्कत या समस्या पैदा होती है तो वह उनसे संपर्क करें।

हथियारों के प्रदर्शन पर होगी कार्रवाई: इसी क्रम में थानाध्यक्ष ने पीस कमेटी के सदस्यों से मोहर्रम जूलूस पर हथियार के प्रदर्शन तथा जूलूस में हथियार लेकर चलने के लिए सख्त मनाही की बात कही। आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखें व त्योहारों पर अराजकता का माहौल उत्पन्न करने वालों की जानकारी पुलिस को गुप्त रुप से दें जानकारी मुहैया कराने वाले शख्स का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

बैठक मे प्रमुख रुप से त्रिभुवन नाथ पांडे,फुजैल अहमद, मुशीर अहमद, अंनत सिंह ,मनोज सिंह ,रियाज अहमद, डब्लू अहमद,तारीक, फुजैल अहमद,रमेश द्विवेदी उत्कर्ष जयसवाल वीरेंद्र केसरवानी गब्बर केसरवानी मुकेश सोनकर सगीर अहमद, सहित सभी ताजियादार उपस्थित रहे।

## लोधी समाज संगठन ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट ।आज पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर मे आज राष्ट्रीय महामंत्री कपिल लोधी ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ न्याय दिलाने की गुहार लगाई राष्ट्रीय महामंत्री कपिल लोधी एवं राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट राम मनोहर लोधी ने कहां की थाना बिसवा के अंतर्गत टेडवा कला निवासी लोधी समाज की महिला रेखा लोधी पत्नी सियाराम के साथ दिनांक 19/6/2022 हल्का पुलिस कांस्टेबल समरजीत सिंह यादव द्वारा बिना किसी विधिक औचित्य के दुर्व्यवहार करते हैं उसके पति को आकर मारा पीटा एवं परिवार के सदस्यों पर फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी देते है सभी लोधी समाज के सैकड़ों साथी सीतापुर गुहार लगाई कि दोषी पुलिस कांस्टेबल को निलंबित किया जाए परिवारिक सदस्यों पर फर्जी मुकदमा लिखने से रोका जाए यही सब लेकर के पहुंचे लोधी समाज के कार्यकर्ता, प्रदेश अध्यक्ष राम शंकर लोधी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राम लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद लोधी घनश्याम लोधी लालता प्रसाद लोधी सियाराम लोधी हीरालाल लोधी प्रवेश लोधी अनीता लोधी कल्लू लोधी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कौशल किशोर जी नेशिक्षा प्रेरकों का बकाया मानदेय एवं संविदा बहाली का दिया आश्वासन

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट ।आज लखनऊ दुबग्गा में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के आवास पर प्रेरक संघ अध्यक्ष दुर्गेश सिंह हजारों प्रेरक साथियों के साथ प्रेरक समस्याओं के निदान हेतु व दिल्ली में होने वाले नशा मुक्त अभियान कौशल का विशाल डेलीगेट सम्मेलन में सहभागिता हेतु बैठक की।



सीतापुर सहित अन्य प्रदेश के शिक्षक प्रेरक महिला पुरुष शामिल हुए.दुर्गेश सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर से कहा.. शिक्षक प्रेरको की संविदा 31.मार्च 2018 को समाप्त कर दी गयी थी.. जबकि अभी भी 40 माह का मानदेय बकाया है। आप से हम सभी का निवेदन है शिक्षक प्रेरको की सेवा बहाली के साथ शेष मानदेय का भुगतान किया जाये...हम सब 9 अगस्त को दिल्ली में नशामुक्त अभियान कौशल का विशाल डेलीगेट सम्मेलन में शामिल होंगे।

माननीय मंत्री जी द्वारा एक बहुत ही सराहनीय कार्यालय चलाया जा रहा है इससे लाखों परिवार उजड़ने से बच जायेंगे..केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा.. 2016 में अधिकार दिलाओ रैली में जिन संगठनो की समस्यायों को रखा गया था.. बहुत से संगठनों की समस्याओं को सरकार द्वारा दूर किया जा चुका है.. प्रेरको की समस्यायों का भी निराकरण होगा.. प्रेरको के शेष मानदेय का भुगतान होगा.. प्रेरको के 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को माननीय मुख्यमंत्री से व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी से मुलाकात कराकर शेष मानदेय मिलने के साथ संविदा बहाली पर भी विचार हो ऐसा मेरा पूरा प्रयास रहेगा।

आप सभी प्रेरक समाज की मुख्य कड़ी है समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य आप सभी द्वारा किया गया है..आप सभी समाज हित संकल्प लें समाज हित में अपने घर परिवार मोहल्ले को नशा मुक्त करायेंगे.एक अभियान चलाकर सभी को नशा से दूर रहने हेतु सभी को जागरूक करें। कौशल किशोर ने आश्वासन पत्र देकर प्रेरको से कहा जल्द ही आप सभी एक लाख प्रेरको की उपस्थिति में घोषणा की जाएगी।उक्त अवसर पर जितेंद्र शुक्ला संरक्षक ओमप्रकाश मौर्य अशोक सैनी रामनायक गोस्वामी सनोज यादव.विभूती ओमप्रकाश मौर्य संतराम बजरंग जयकरन इसराइल रिचा शुभ करन लाल आदि थे।

## आधुनिकता के परिपेक्ष्य में भारतीय संस्कृति एवं नैमिषारण एक ऐतिहासिक अध्ययन पुस्तक का विमोचन

( दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र )



लखनऊ । भारत के दिव्य धाम नैमिषारयण के ऊपर लेखिका डॉ० सरला अवस्थी की लिखी पुस्तक आधुनिकता के परिपेक्ष्य में भारतीय संस्कृति एवं नैमिषारण एक ऐतिहासिक अध्यन के विमोचन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद द्वारा कराया गया। डॉ० सरला अवस्थी ने बताया पुस्तक में नैमिषारण्य का महातम्य और आधुनिक भारत के लिए उसकी प्रासंगिकता पे प्रकाश डाला गया है। आचार्य शिव तीर्थ महाराज द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नैमिष ग्रंथ की विशेषताओं पर विवेचना करते हुए उन्होंने बताया कि मनु सतरुपा की तपस्थली, माँ सती का हृदय स्थल माता ललिता देवी,निमिष मात्र में ब्रह्मा के द्वारा छोड़े गए मनोमय चक्र द्वारा अरण्य का पता 18 पुराणों के रचनाकार व्यास जी एवं अनेक आध्यात्मिक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साधना मिश्रा ने अपने सरल काव्य रचना से डॉ सरला अवस्थी की अभिरुचियों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। ललिता मिश्रा ने लेखिका के प्रेरक एवं अपने पिता की प्रति अपनी काव्य भावांजलि दी। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पुस्तक की लेखिका डॉ० सरला अवस्थी, ललिता मिश्रा विभागाध्यक्ष हिंदी अबुधाबी, मयंक श्रीवास्तव संस्थापक व अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद व अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ, सोना श्रीवास्तव, मृदुल अवस्थी, शुचिता मिश्रा, कवी घनश्याम मिश्रा, साधना मिश्रा सहित तमाम गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने वाला आरोपी पति को थाना बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के में प्रार्थिया ने थाना बाराद्वार में दिनांक 21.07.2022 को अपने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा दहेज में रूपये गाड़ी एवं अन्य समान नहीं लाई हो कहकर प्रताड़ित कर मारपीट करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत की थीं जिसे काऊंसलिग हेतु महिला परामर्श केन्द्र जांजगीर भेज दिया गया था जहाँ दोनों पक्षों का समझौता नहीं होने पर दिनांक 21.07.2022 को थाना बाराद्वार में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 192/2022 धारा 498 ए, 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी पति देवराम बरेठ उम्र 34 वर्ष निवासी डूमरपारा थाना बाराद्वार को गिरफ्तार कर दिनांक 25.07.2022 को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रणजीत सिंह कंवर,प्रधान आरक्षक नंदूराम साहू, दामोदर जायसवाल, आरक्षक गौर सिंह कंवर, रामकुमार उरॉव एवं मंद्रासी कंवर का सराहनीय योगदान रहा।



## कम्पोजिट विद्यालय रुसिया में सभी छात्र छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर संजय शुक्ला। आज कम्पोजिट विद्यालय रूसिया में सभी छात्र छात्राओं के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित हुए। तथा शिप्रा सिंह द्वारा इसके साथ ही सभी बच्चों को इस दिवस की विशेष महत्वता से परिचित कराया गया। तथा उन्हें बताया गया कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला। 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। और इसमें भारत विजय हुआ।

कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का नाम कारगिल विजय दिवस के रूप में रखा गया।



## आबकारी विभाग अमेठी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु दिया गया 50 बोरी पशु आहार

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो अमेठी 26 जुलाई 2022, जिला आबकारी अधिकारी आर0के0 वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशानुसार जनपद के निराश्रितध्बेसहारा गोवंशों के भरण पोषण हेतु आबकारी विभाग अमेठी द्वारा आज 50 बोरी पशु आहार दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त सरकारी विभागों/संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारियों, उद्यमियों से निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण हेतु गौशालाओं पर अपनी क्षमता के अनुसार पशु आहार, भूसा, चारा इत्यादि दान करने की अपील की गई थी, जिसके क्रम में आज



आबकारी विभाग द्वारा 50 बोरी पशु आहार दान किया गया है।

## खाद्य विभाग ने मिलावट खोरो के खिलाफ चलाया आभियान, विभाग ने की छापेमारी, दूध और अन्य पदार्थो के लिए नमूने

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी खाद्य विभाग ने मंगलवार को दूध और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया। घिरोर, बरनाहल, दिहुली और मैनपुरी शहर क्षेत्र में टीम ने छापेमारी की। खाद्य टीम ने पांच खाद्य वस्तुओं के नमूने लिए। बिना लाइसेंस कार्य करने पर कार्रवाई की गई। टीम की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

मंगलवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामसुंदर पटेल ने फूड इंस्पेक्टर जयदीपक मौर्या, सनोज कुमार के साथ आनंदा डेयरी कोसमा पर छोपमारी की। दूध संग्रहकर्ता पंकज यादव से संग्रहित दूध का नमूना लिया। दुग्ध डिलीवरी वैन का लाइसेंस दिखाने के भी निर्देश दिए। शिकोहाबाद के धीर सिंह छेना सप्लायर से छेना का नमूना लिया। बिना लाइसेंस के छैना सप्लाई का कार्य किया जा रहा था। बरनाहल में टीम ने संदीप यादव चिलर व मिल्क संग्रहकर्ता से दूध का नमूना लिया। दूध संग्रह वाहन पर बिना लाइसेंस की कार्रवाई की। भोलेबाबा डेयरी असरोही पर कर्मियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, परिसर में पेस्टकंट्री कराने, रजिस्टर में एंट्री आदि रखने के निर्देश दिए।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने बुलाई बैठक,हर घर तिरंगा कार्यक्रम की दी जानकारी

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत भरथना नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष हाकिम सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमे दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक की कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। कस्वा के मोहल्ला सब्जी मंडी स्थित पालिका कार्यालय में शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया था जिसमे कस्वे के सभी व्यापारी बंधुओं समाजसेवी संस्थाओं भूतपूर्व सैनिकों सभासदगणों एवं अन्य सभी से अपील की गई कि दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाए साथ ही 11 अगस्त 2022 को नगर में तिरंगा रन यात्रा निकाली जाएगी एवं 12 अगस्त 2022 को नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों व शहीदों के परिजनों को सम्मनित करने का कार्य किया जाएगा इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।

इस दौरान प्रधान लिपिक अरविंद कुमार यादव ने बताया गया कि नगरपालिका को 15हजार तिरंगा झंडा को लगाने का लक्ष्य दिया गया।

बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि श्री भगवान पोरवाल,प्रदीप पोरवाल रज्जन,विवेक पोरवाल सभासद गुरु नारायण कठेरिया, हरिओम दुबे,राजीव तिवारी,बृजेश कुमार यादव,शशांक यादव, रवि यादव, दलबीर यादव एवं कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज कुमार, विमल पोरवाल,आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया,किराना कमेटी के अध्यक्ष शिबू पोरवाल देवेंद्र सिंह चौहान,भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष केदार सिंह यादव, इमरान खान एवं अन्य पालिका कर्मी व व्यापारी गण उपस्थित रहे।




## एक्सरे बाहर से करवाने को मजबूर है मरीज स्थायी फार्मासिस्ट के न होने से परेशान है मरीज

- भगवान भरोसे चल रहा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जामो

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो जामो (अमेठी)सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों के अभाव में वीरान पड़ा है।यहाँ आने वाले मरीजों को कोई भी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है।स्टाफ न होने से एक्सरे विभाग में भी ताला बंद है।मरीजों को बाहर से एक्सरे करवाना पड़ रहा है।इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक एस.के.गुप्ता ने बताया कि स्टाफ की कमी है जिसकी वजह से मैं अकेला मरीज देखता हूँ।इसके बारे में मैने कई बार अपने उच्चाधिकारियों से लिखित एवम मौखिक बात भी कर चुका हूं अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी।

सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र की हालत बद से भी बदतर हो गयी है।यहाँ स्थाई फार्मासिस्ट न होने से मरीजों को काफी दिक्कतें आ रही है।एक्सरे टेक्नीशियन की भी तैनाती महीनों से न होने से लोगों को बाहर से एक्सरे करवाना पड़ रहा है।एक तरफ सरकार सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधा देकर लोगों को हर सुविधाओं से निजात दिलाने की बात करती है तो दूसरी तरफ जामो का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों,फार्मासिष्टो एवम एक्सरे टेक्नीशियन के अभाव में वीरान पड़ा है।यहाँ मरीज तो आते है लेकिन उन्हें कोई सुविधा नही मिल पाती है।इस संबंध में सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र अधीक्षक एस.के.गुप्ता ने बताया कि यहाँ 6 डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए जबकि मैं अकेले प्रतिदिन 200 से 250 मरीजों को देखता हूँ।

उन्होंने आगे कहा कि यहाँ स्थायी फार्मासिस्ट और एक्सरे टेक्नीशियन की कमी से भी काफी दिक्कते आ रही है।

मैंने अपने उच्चाधिकारियों को लिखित एवम मौखिक में कई बार इस समस्या से रूबरू करवा चुका हूं।सवाल यहाँ पर यह उठता है कि अकेला एक डॉक्टर मरीज देखता है और कभी कभी जिले की मीटिंग में जाता है तो आने वाले मरीजो का क्या होगा।

## मतदाता पहचान पत्र को आधार नंबर से लिंक कराने के लिए अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

- 01 अगस्त से आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का होगा शुभारंभ।
- बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं का आधार नंबर एकत्र किया जाएगा–एडीएम।
- आधार नंबर एकत्रीकरण हेतु विशेष अभियान तिथि 7 व 21 अगस्त 2022 निर्धारित।

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस बी यादवअमेठी 26 जुलाई 2022, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अब मतदाताओं के पहचान पत्र को आधार नंबर से लिंक किया जाएगा, जिसको लेकर 01 अगस्त 2022 से 01 अप्रैल 2023 तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों व मतदाताओं से आधार नंबर एकत्र किए जाने को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ 1 अगस्त 2022 को किया जाएगा। अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं का आधार नंबर एकत्र किया जाएगा। आधार नंबर एकत्र किए जाने हेतु फार्म 6बी का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता के पास आधार नंबर नहीं है और वह अपना आधार नंबर प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है तो फार्म 6बी में उल्लिखित 11 प्रकार के दस्तावेजों क्रमशः मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकध्डाकघर द्वारा जारी की गई पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, चालान अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड, एनपीआर के अधीन आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, छाया चित्र के साथ पेंशन दस्तावेज, केंद्रीयध्राज्य सरकारध्पीएसयूध्पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी छाया चित्र के साथ सेवा पहचान कार्ड, संसद सदस्योंध्विधानसभा सदस्योंध्विधान परिषद सदस्यों को जारी शासकीय पहचान पत्र, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान परिचय पत्र संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि आधार नंबर एकत्रीकरण हेतु विशेष अभियान तिथि 07 व 21 अगस्त 2022 (रविवार) निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस आधार पर किसी भी मतदाता का नाम डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नंबर उपलब्ध नहीं कराया गया है, किसी भी परिस्थिति में आधार नंबर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा, फॉर्म 6बी को 7 दिन के अंदर डिजिटाइज्ड करने के पश्चात संलग्नक के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा डबल लाक में सुरक्षित रखा जाएगा, आधार नंबर को बीएलओ के माध्यम से फार्म 6बी भरकर अथवा ऑनलाइन नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन पोर्टल पर जाकर मतदाता पहचान पत्र से लिंक किया जा सकता है, निर्वाचकों के पंजीकरण से संबंधित फार्मों में आंशिक संशोधन किया गया है सभी संशोधित फार्म दिनांक 1 अगस्त 2022 से प्रयोग मे लाए जाएंगे एवं पुराने फार्म केवल 31 जुलाई 2022 तक ही वैद्य रहेंगे, फार्म 6, 6ख, 7, 8, 9, 10, 11, 11क एवं 11ख में संशोधन किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियां तैयार किए जाने हेतु अब वर्ष में 04 अर्हता तिथियां क्रमशरू 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गई हैं।



## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि जीवन स्तर में सकरात्मक बदलाव के लिए शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। सभी बच्चों में प्राकृति की चेतना होती है, जरुरत है उसको निखारने की। चयनित प्रेरणा दायी टीम कस्तूरबा गांधी विद्यालयो में जा कर छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया करें। जिससे बालिकाओं को अपने जीवन मे शिक्षा की भूमिका के बारे जानकारी हो सके। जिससे कि बालिकाएं उच्च स्तर पर अपना नामांकन कराये और शिक्षा के माध्यम अपने जीवन स्तर पर सकरात्मक बदलाव लाकर अपने व्यक्तित्व अच्छे से निर्माण कर सके। चयनित प्रेरणदायी टीम अपने ड्रेस कोड में जा कर बालिकाओ को अपनी शिक्षा के संघर्ष व फायदे बता कर शिक्षा के प्रति जागरूक करे। बालिकायें महिलाओं से आसानी से अपनी बात रख देती है इस लिए बालिकाओं को उनकी इच्छा के अनुसार जिस क्षेत्र में में रूचि रखती उस क्षेत्र के बारे में गाइड अवश्य करे।इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संजय कुमार कुशवाहा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री प्रासून राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)सुश्री शालिनी यादव, खंड विकास अधिकारी मलवा, खण्ड शिक्षा अधिकारी तेलियानी, शिक्षिकायें, महिला पुलिस बल सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी मौके पर 26 लीटर अवैध शराब बरामद तथा 04 अभियोग पंजीकृत

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी 26 जुलाई 2022, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनाँक 26 जुलाई 2022 को जनपद के क्षेत्र–मुसाफिरखाना के थाना –बाजार शुकुल व जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम – काजीपुर मर्दानपुर व रानीगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 200 कि0ग्रा0 लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 04 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। उक्त कार्यवाही में नागेंद्र सिंह प्रभारी आबकारी निरीक्षक, मुसाफिरखाना , व आबकारी स्टॉफ अमित कुमार सिंह, संजय सिंह, अनुराग वर्मा, अभय प्रताप सिंह व सर्वेश वर्मा प्रधान आबकारी सिपाही व आबकारी सिपाही सम्मलित रहें।



## एक व्यक्ति के गला दबाकर हत्या करने वाला आरोपी को थाना नवागढ़ पुलिस ने चंद घंटो में गिरफ्तार कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना नवागढ़ में बद्री प्रसाद साहू निवासी ग्राम पेंड्री द्वारा दिनांक 25ध07ध2022 को थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुबह गाँव के नाले तरफ शौच के लिये गया हुआ था तो उसी समय अमृत लाल ने मुझे बताया कि मेरे पिता जी कार्तिक राम साहू को जय कुमार कर्ष ने गला दबाकर मार रहा हैं तब दौड़ कर गया तो मेरे साथ मेरा भाई बरत राम साहू माँ मथुराबाई एवं नारायण पटेल भी आ गये वहाँ जाकर देखे तो मेरे पिता जी जमीन पर पड़े हुये थे और जय कुमार कर्ष मेरे पिता जी के छाती में चढ़कर अपने दोनों हाथों से उसके गले को जोर से दबाया था जिसे हम लोगों के द्वारा छुड़ाने पर जय कुमार कर्ष वहाँ से भाग गया और देखने पर पिता जी मृत अवस्था में पड़े थे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में मर्ग क्रमांक 41/2022 धारा 174 जाफौ कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया प्रकरण में मृतक का पी , एम , रिपोर्ट कराने पच्श्रात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 204/2022 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी के द्वारा एक वर्ष पूर्व भी मृतक को घर बनाने की बात पर वाद विवाद करते डंडा से मारपीट किया था जमीन की बात पर से दोनों में अक्सर वाद विवाद होने की बात सामने आई प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्काल थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी जय कुमार कर्ष उम्र 30 वर्ष निवासी पेंड्री को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर दबिश देकर गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 25.07.2022 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया आरोपी की गिरफ्तारी एवं विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक कमल किशोर महतो, प्रधान आरक्षक मिथुन भास्कर, श्रवण खूँटे आरक्षक सोमनाथ कैवर्त , कैलाश यादव, तेरस साहू , फुलचंद जाहिरे का सराहनीय योगदान रहा।



# संक्षिप्त समाचार

## चोरी की फिराक में आया था युवक हुआ असफल

एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर। प्लांट से ड्यूटी करके लौट रहे सलारपुर रजौर ग्रामवासी एक युवक ने देखा कि प्लांट के अंदर से एक चोर लोहे की पाइप लेकर चारदीवारी कूद रहा था तब उसने गांव के कुछ लोगों को बुलाया जो चोर को पकड़ने के लिए दौड़े वो चोर लोहे की पाइप को छोड़कर झाड़ियों में छुप गया। अंधेरा होने की वजह से कोई ग्रामवासी अंदर नहीं गया तब पुलिस और सीआईएसएफ के पास कॉल करके बुलाया गया चोर की बाइक डिस्कवर कंपनी की गाड़ी झाड़ियों में मिली जिसे वह छुपाके गया था। प्लांट में पुलिस उसकी गाड़ी और चोरी का सामान जप्त कर लिया। लेकिन चोर भागने में सफल रहा।

## आजादी के अमृत महोत्सव के सम्बन्ध में गोष्ठी

औरैया– आज दिनांक 26.07.2022 को तहसील सभागार सदर में जिलाधिकारी औरैया श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाने के दृष्टिगत जनपद औरैया के समस्त प्रशासनिकध्पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगणों के साथ गोष्टि की गयी



जिसमें महोदय द्वारा शहर के मुख्य चौराहों,सरकारी भवनों को तिरंगा स्वरूप देने तथा जनपद के समस्त निवासीगणों को अपने–अपने घर पर झण्डे को फहराने तथा आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गयी तथा गोष्टि में उपस्थित अधि0गणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। गोष्टि में अपर जिलाधिकारी श्रीमती रेखा एस0 चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी, सम्मानित पत्रकार बंधू एवं संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहें।

## उपनिरीक्षकों की निरीक्षक पद पर पदोन्नति

औरैया– कर्तव्यनिस्ठा व लगनशीलता के साथ कार्य करने वाले उ0नि0गणों की निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर आज दिनांक 27.06. 2022 को पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में पदोन्नति हुए 04 अधिकारीगणों 1. नि0 भोला प्रसाद, 2. नि0 देवेन्द्र कुमार शर्मा, 3. नि0 राजपाल सिंह, 4. नि0 मानवेन्द्र सिंह को स्टार लगाकर सम्मानित किया गया एवं





शुभकामनाएं देते हुए नई जिम्मेदारियों को और अधिक कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा निरन्तर लगनशीलता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक औरैया श्री शिष्यपाल व डी0वाई0एस0पी0(प्रशिक्षु) समेत अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## एक साल से बारिश में गिरा घर, पत्नी बच्चे कर रहे छप्पर में गुजर बसर

औरैया ।अटसू कस्बे के मुहल्ला जानिस नगर में बीते वर्ष हुयी बारिश में कच्चे मकान में बना कमरा गिर गया था ।जिसकी लिखित व मौखिक शिकायत परिवार के मुखिया ने नगर पंचायत प्रशासन समेत तहसील प्रशासन से करने वावजूद जांच पड़ताल के बाद आज तक न ही मुआवजा और नहीं आवास मिल सका। आवास न होने से पत्नि वह छोटे मासूम बच्चों के साथ छप्पर में रहकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं।



जानिस नगर निवासी अनीता पत्नी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि जीवन यापन करने के पति राजस्थान में रहकर शटरिंग का काम करते हैं।मैं बच्चों के साथ घर पर थी तभी रात के समय बारिश के चलते कच्चे कमरे की छत गिर पड़ी,जिसमें हमारी ग्रहस्ती का सामान चारपाई, साईकिल, गेहूं आदि दबकर खराब हो गया था ।जिसकी सूचना पर राजस्व विभाग से लेखपाल समेत अन्य अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर,जल्द सरकारी इमदाद देने का आश्वासन दिया था ।लेकिन अब बारिश का मौसम आ गया लेकिन कुछ भी मदद नहीं मिल आज भी दो बेटों अनूप ५वर्ष,प्यूष२ के साथ छप्पर में रहकर जीवन यापन कर रही हूं ।इस सम्बन्ध में नगर पंचायत के अधिषासी अधिकारी क्रष्ण प्रताप सरल ने बताया कि अभी तक जानकारी नहीं दी गयी,जांच कर आवास की कार्रवाई की जायेगी।

## उपखंड अधिकारी की तानाशाही के चलते संविदा कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी । देवा मंगलवार को उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन के बैनर तले पदाधिकारियों व संविदा कर्मियों ने दुन्दपुरवा उपकेंद्र परिसर में कार्य बहिष्कार कर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के के सिंह ने कहा कि 11 जुलाई को दुन्दपुरवा पुरवा में तैनात अवर अभियंता व संविदा कर्मियों ने ग्राम छतैना में चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों अवैध कटिया कनेक्शन गहन जांच पड़ताल की । वही कटिया धारक ने मोबाइल द्वारा संविदा कर्मी से अवैध वसूली देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदार के माध्यम से वर्तमान प्रधान द्वारा उपखंड अधिकारी से शिकायत की गई। वही उपखंड अधिकारी ने संविदा कर्मियों संविदा कर्मी को विभाग से निकालने का निर्णय लिया है । वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के के सिंह ने कहा कि उपखंड अधिकारी मनमाने तरीके से संविदा कर्मी को विभाग से निकालने पर तुले है। संगठन उपखंड अधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोलेगा। मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि संगठन हर तरह से संविदा के पक्ष में है। संगठन लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप– से जिला सचिव, सचिव सौमित्र भट्टाचार्या, प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद ओवैस खान, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार गिरी,संविदा इकाई, जिलाध्यक्ष सरोज कुमार, अतिरिक्त मंत्री मुकेश कुमार शर्मा, मंत्री सुरेश कुमार उर्फ मनीराम, कमलेश कुमार गुड्डू शिवकुमार सर्वजीत यादव रोहित कुमार सौरभ कुमार ललित अनुराग सैनी कुलदीप कुमार विभोर यादव इंद्रजीत यादव पवन यादव मृत्युंजय सिंह राम मनोरथ श्रवण कुमार लक्ष्मण संजीत मृदुल श्रीवास्तव अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



## श्रमिको को सरकार ने दी सौगाते

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 26 जुलाई, 2022– श्रम प्रवतर्न अधिकारी आर. एम. मिश्रा ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कमर्कार कल्याण बोड ́द्वारा श्रम विभाग में पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों के लिए आयुष्मान भारत के अंतगर्त प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने का निणर्य लिया गया, जिसके अंतगर्त पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों का आयुष्मान भारत के अंतगर्त रू. 05 लाख तक के मुफ्त इलाज हेतु गोल्डन काड ́बनाए जाने के लिए 14 अगस्त 2022 तक अभियान चलाकर श्रमिकों के गोल्डन काड ́बनाए जाएंगे, काड ́बनने के बाद पंजीकृत निमार्ण श्रमिक अपने, स्वयं व अपने परिजनों का रू. 05 लाख तक निःशुल्क इलाज करा सकेगें। उन्होने बताया कि जनपद में 23530 पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों के गोल्डन काड ́बनाए जायेंगे, श्रम विभाग में पंजीकृत निमार्ण श्रमिक अपना गोल्डन काड ́अपने निकटतम जन–सुविधा केंद्र से बनवा सकते हैं।



## बिजली महोत्सव का आयोजन 27 एवं 30 जुलाई को

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया
दैनिक अयोध्या टाइम्स
अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 25 जुलाई, 2022 से 30 जुलाई 2022 तक देश के प्रत्येक जिले में ''उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावरध2047 ''कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसी क्रम में प्रयागराज जिले में दो कार्यक्रम, पहला दिनांक 27 जुलाई, 2022 को यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के ऑडिटोरियम में व दूसरा कार्यक्रम 30 जुलाई, 2022 को मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज के बहुद्देशीय हाल में बिजली महोत्सव के रूप में आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीनीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन किया जाना है।

## प्रधान साधना वर्मा जी द्वारा पौधरोपण किया गया

अंबेडकर नगर अकबरपुर ।ग्राम पंचायत उकरा प्रधान साधना वर्मा जी ने तालाबों के किनारे पौधरोपण किया और साधना वर्मा प्रधान ने अपने ग्राम वासियों को वृक्षारोपण करने पर जागरूक करते हुए कहा है कि वे अधिक से अधिक पौध रोपण करें और उनकी देखभाल भी करें बढ़ते प्रदूषण को पौधरोपण से ही रोका जा सकता है और पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है पौधरोपण के दौरान बरगद ,के पेड़ नीम , शीशम,जामुन, अमरूद आम आदि के पौधे रोपित किए गए।

रिपोर्टर प्रतीक पटेल



## निःशुल्क ओ.पी.डी. सेन्टर के भवन का भूमि पूजन आश्रम के महंत भगवान दास जी महाराज द्वारा सम्पन्न हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में श्रावण मास की शिवरात्रि के शुभ अवसर पर लोकप्रिय सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी की सांसद निधि से गरीबों के लिये स्वामी राम ज्ञान दास जी महाराज निःशुल्क ओ.पी.डी. सेन्टर के भवन का भूमि पूजन आश्रम के महंत भगवान दास जी महाराज द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद जी के प्रतिनिधि दिनेश रावत व नवीन सिंह राठौर ने भवन की नींव में नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारम्भ किया। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष प्रदेश के कई जनपदों के मरीजों यहां पर अपना निःशुल्क आपरेशन कराने आते है। प्रत्येक गुरूवार को राम कृष्ण मिशन के द्वारा संचालित विवेकानन्द पॉलिक्लीनिक लखनऊ के सेवा भावी डाक्टर आश्रम पर आकर निःशुल्क ओ.पी.डी.संचालित करते है। जिसमें हजारों लोगों को लाभ मिलता है। ट्रस्ट के अनुरोध पर सांसद जी ने अपनी निधि से ओ0पी0डी0 ब्लाक की बिल्डिंग व बाउण्ड्री के लिए धन दिया है।



इस अवसर पर आर0ई0एस0 विभाग के अभियन्ता प्रमोद गौतम, अस्पताल के प्रबन्धक शिव कुमार निगम, अंकित गुप्ता, मनोज रावत व अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सिरु खेड़ा में खराब पड़े हैंडपंप प्रशासन नहीं सुन रहा ग्रामीणों की समस्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो शिव गोविन्द शुक्ला जनपद सीतापुर
संवाददाता विकास चंद कश्यप

महमूदाबाद सीतापुर क्षेत्र ग्राम अतरौली मजरे सिहारू खेड़ा मैं करीब तीन महीने से खराब पड़े हैंडपंप खंड विकास अधिकारी द्वारा नहीं बनवाया गए जिससे गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है इस संबंध में ग्राम प्रधान से कई बार कहां गया परंतु ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी द्वारा हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई ना तो नीचे फर्श लगाई गई गांव में कई हैंडपंप खराब पड़े हैं विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की कोई बात व प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं करते गांव के ग्रामीण श्री प्रमोद कुमार रावत , स्वर्गीय श्री राम नारायण वर्मा, देशराज वर्मा , पूर्व प्रधान राजेश कुमार वर्मा आदी के घर के सामने लगे हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जाए जिससे ग्रामीणों को पानी की सुविधा हो सके।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न, तुलसी राम चौहान को बनाया गया जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। श्री राम जानकी मंदिर लाजपत नगर पर विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल की जिला योजना बैठक हुई संपन्न। बैठक प्रांत बजरंग दल संयोजक महेश तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुई। बता दे की इस दौरान देवा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर कार्यरत तुलसी राम चौहांन को जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख का कार्यभार सौंपा गया तो वहीं दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका के पद का कार्यभार सुष्मिता को सौंपा गया और इसी के साथ ही देवा प्रखंड संयोजिका का कार्यभार आरती देवी को सौंपा गया। देवा प्रखंड अध्यक्ष के कार्यभार रामप्रकाश को सौंपा गया वहीं इस मौके पर मंत्री वीरेंद्र यादव, रोहित कुमार, राजवीर चौहान, पीतांबर चौहान आदि को सभी का कार्यभार सौंपा गया। इस मौके पर कई दर्जन विष्व हिंदू परिषद के कार्यक्रता गण मौजूद रहे।



## मेहनत और लगन से दो बच्चों ने किया नाम रोशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी ।कंपोजिट स्कूल ककरहा ब्लॉक बनीकोडर में परीक्षा पास कर दो बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय अध्यापक बाल कृष्ण ने यह निश्चय किया कि यदि बच्चों की देखरेख के साथ उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाए तो सभी विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं और निश्चय किया इस बार हम अपने विद्यालय से बच्चों का चयन कराएंगे और दिन रात मेहनत करके आज कंपोजिट स्कूल ककरहा के समस्त स्टाफ को मेहनत का फल मिल गया देखा जाए तो इनकी सफलता में संपूर्ण श्रेय सहायक अध्यापक बालकृष्ण को जाता है जिसमे प्रधानाध्यापक शैलेंद्र नाथ मिश्र का भी पूर्ण सहयोग रहा है। सहायक अध्यापक बालकृष्ण ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर पल उन्हें प्रेरित किया जिसमें कंपोजिट स्कूल ककरहा के उत्कर्ष यादव पुत्र देशराज 93/200 अंक प्राप्त कर रैंक 16 वीं का स्थान प्राप्त किया तथा प्रतिभा पुत्री सरोज कुमार 72/200 अंक प्राप्त कर रैंक 38 वीं का स्थान प्राप्त किया परीक्षा पास कर इन विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ–साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है इनके माता–पिता का कहना है कि इन बच्चों की सफलता का मुख्य कारण सहायक अध्यापक बालकृष्ण को जाता है क्योंकि इन बच्चों से हालचाल लेकर पढ़ाई की जानकारी देते थे और बच्चे भी उनके बताए द्वारा रास्ते पर चलते थे और आज इतनी बड़ी परीक्षा को पास किया है कंपोजिट स्कूल ककरहा के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र नाथ मिश्र जी की तरफ से बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया स समस्त अध्यापक और अध्यापिकाओं से सीख लेना चाहिए जिससे सभी विद्यालयों का नाम रोशन होने के साथ–साथ उनके विद्यालयों के बच्चों का भविष्य संवर सके। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र नाथ मिश्र ने बताया हमारे स्कूल के बच्चे देश का गौरव है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि हमारे कंपोजिट स्कूल के विद्यार्थी अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम यूं ही रोशन करते रहेगे।



# कृषि उत्पादन संगठन उत्पादों की करे ब्रांडिंग, ई-कामर्स वेबसाइट पर जुड़कर उत्पादों की करे बिक्री- जिलाधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

बलरामपुर! मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप निदेशक कृषि ने बताया कि किसानों को तकनीकी, वित्तीय सहयोग एवं बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जनपद में 14 कृषि उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। कृषि उत्पादन संगठन किसानों का एक समूह है जो कृषि उत्पादन कार्य में लगे है और कृषि से जुड़ी व्यवसायिक गतिविधियां चला रहे हैं। कृषि उत्पादन संगठन के माध्यम से कृषि उत्पादन एवं विक्री में संवर्धन किया जा रहा है। कृषि उत्पादन संगठनों को कंपनी एक्ट में रजिस्टर्ड करना होता है। उसके बाद कृषि उत्पादन संगठन द्वारा किसानों के लिए खाद, बीज, कृषि उपकरण आदि खरीदना आसान हो जाता है, कृषि उत्पादन संगठन का उद्देश्य किसानों की सामूहिक शक्ति को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन संगठन खेती से जुड़े ढांचागत सुविधाओं जैसे कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट, वेयरहाउस, पैकेजिंग यूनिट, राइस मिल, ऑयल मिल आदि के लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत कृषि उत्पादन संगठन 3 फीसदी प्रति वर्ष की कर्ज माफी पर अधिकतम दो करोड़ रुपए तक का कर्ज ले सकते हैं।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी कृषि उत्पादक संगठन से वार्ता उनके कृषि उत्पादन कार्यों की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि सभी कृषि उत्पादन संगठनों को सक्रिय रुप कार्य करते हुए व्यवसायिक कृषि उत्पाद तैयार करें, कृषि उत्पाद जैसे जैविक खाद,सीड आदि की ब्रांडिंग करते हुए ई–कॉमर्स वेबसाइट पर दूर कर उसकी बिक्री करें।



जिलाधिकारी द्वारा उप निदेशक कृषि को कृषि उत्पादन संगठनों को कृषि संबंधित विभागों द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, उप निदेशक कृषि प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा, डीडीएम नाबार्ड, कृषि उत्पादन संगठन के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में यूपीएस धौरमऊ जनपद में किया टाप

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती ।सच्चे मन से की गई मेहनत कभी व्यर्थ नही जाती ।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा।

में उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरमऊ के जिन बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन सभी बच्चों को मैं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह यादव ने सभी प्रतिभागियों को फूल मालाओं से स्वागत करने के उपरांत व्यक्त किये ।बच्चों व अध्यापकों की मेहनत पर खुश होकर ब्लॉक प्रमुख ने दस लाख रुपये की कीमत का विद्यालय परिसर में एक हॉल बनवाने की घोषणा भी की ।आगे उन्होंने कहा कि यही बच्चे भविष्य में भारत के निर्माण एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे तथा एक अच्छे नागरिक की भूमिका भी अदा करेंगे। वहीं प्रधानाध्यापक चंद्रभान सिंह ने बताया कि यह परीक्षा फल हमारे विद्यालय के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण जी एवं शिक्षकों व अभिभावकों के प्रेरक मार्गदर्शन में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को उच्च कोटि का स्तर प्रदान करने का प्रयास किया। जिसका परिणाम ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मिला ।इस परीक्षा में सफल बच्चों को प्रति माह 1000 की दर से 48 माह तक 48000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी जिससे बच्चों की आगे की पढ़ाई लिखाई सुचारू रूप से चलती रहेगी विद्यालय से पहली बार परीक्षा में 15 बच्चों को आवेदन फार्म कराया गया जिसमें से 10 बच्चों ने सफलता प्राप्त की ।इस परीक्षा में सुमन गुप्ता, ने जनपद में 7वां रैंक ,अपूर्वा दीक्षित दीक्षित 15वां रैंक , कशिश यादव 17 वां रैंक , सचिन 20वां रैंक , नीतू 23वां रैंक , शांति 27 वां रैंक , अभिषेक यादव 33वां रैंक, लकी 37वां रैंक , सुमाली 39वां रैंक , तथा शिवानी ने 41वां रैंक, प्राप्त कर अपने माता पिता ,गुरुजनों के विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।




## पाठ्य सामग्री प्राप्त कर छात्र/छात्राओं के खिले चेहरे

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी। शहर के प्राथमिक विद्यालय, नगला पजावा , मैनपुरी में सर एल.एस.के.ग्रुप ऑफ एजूकेशन एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूशन्स, हिंद्पुरम कालोनी मैनपुरी द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्र/छात्राओं में पाठ्य सामग्री का वितरण सिंह मेडिकेयर एण्ड रिसर्च प्रा.लि.के प्रबन्धक निदेशक डॉ.मुलायम सिंह व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विश्वलता चौहान द्वारा किया गया । नवीन पाठ्य सामग्री प्राप्त कर विद्यालय के बच्चे अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखे । इस अवसर पर सर एल.एस.के.ग्रुप 03 जोन के जोनल मैनेजर , स्रष्टि पालीवाल , मनीषा राजपूत , शालिनी सिंह , एक्जीक्यूटिव मैनेजर गुंजा सिंह , सिमर्स न्यूज 24 के एडीटर नरेन्द्र सिंह , न्यूजरीडर भूमिका शर्मा व एक्जीक्यूटिव हेड नवनीश सिंह एवं विद्यालय कि आंगनवाडी कार्यकत्री नेत्र कुमारी व सभी छात्रध्छात्रा उपस्थित रहे । इस अवसर पर सर एल.एस.के.ग्रुप, मैनपुरी के प्रबन्धक निदेशक इंजी. रज्जन बाबू ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था के सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सम्पूर्ण मैनपुरी जनपद में संचालित किये जाते है । साथ ही उन्होंने बताया कि इस वर्ष निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने हेतु संस्थान द्वारा शहर के बी. पी. गुरुकुल एकेडमी में 70 बच्चो. का प्रवेश कराया गया है । इस योजना में पात्रता मापदंड राशन कार्ड को रखा गया है ।



## नवरत्ना फाउडेशन की ओर से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। देश की ख्याति प्राप्त संस्था नवरत्न फाउंडेशन नोयडा के अभिनव कार्य ने अनदेखी प्रतिभाओं को समाज उत्थान के कार्यों को करने का हौसला बढ़ा दिया है। ग्रेटर नोएडा के मंगलमय इंस्टीट्यूट के ऑडिटोरियम में नवरत्न फाउंडेशन के 20वें वार्षिकोत्सव समर्पणं–2022 में देश के अलग अलग राज्यो में अनुकरणीय कार्य करने वाली अनदेखी प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्रम और 21 हजार, 11 हजार रुपये की धनराशि के बैंक ड्राफ्ट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह में बाराबंकी जिले में बाल संरक्षण, बाल सहायता, व गरीबों बच्चों की शिक्षा एवं जरूरतमन्दों को भोजन की मदद पहुंचाने में सराहनीय कार्य करने वाली संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार को श्रीमती सोनिया कोहली स्मृति सामाजिक सहयोग विशेष पुरस्कार में जब अंगवस्त्रम, प्रतीक चिन्ह और 11 हजार रुपये से सम्मानित किया गया तो समारोह में उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए और अपने स्थान से खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अभिनंदन किया। इस मौके पर रत्नेश कुमार ने जब अपने बचपन के संघर्षों को बताया तो सभी के आंखों में आंसू आ गए। रत्नेश कुमार के स्ट्रगल को सुन कर नोयडा एंटरप्रेन्योरशिप एसोशिएशन के अध्यक्ष ने बाल कल्याण के इस पुनीत कार्य के लिए एक लाख रुपये का डोनेशन देने की घोषणा की। लोग इतना प्रभावित हुए कि उनके साथ सेल्फी लेने, उनका फोन नम्बर पाने की होड़ लग गई। रत्नेश कुमार के साथ ही गुना मध्यप्रदेश के सुचिता सिंह,हमबीर सिंह को पर्यावरण संरक्षण के लिए, थाणे महाराष्ट्र की हेल्पिंग हैंड्स संस्था के रमाकांत को जेबी जयरथ स्मृति पुरस्कार, ओम वेलफेयर सोसायटी फतेहपुर को कुवँर स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार,मदरहुड क्लब नोयडा की एकता सहगल को एफबी निगम स्मृति पुरस्कार, हमारा कर्तव्य नोयडा के दिनेश पांडेय को आकाश सक्सेना स्मृति यंग अचीवर्स अवार्ड, दयारानी नारी सशक्तिकरण पुरस्कार शैल माथुर को तथा कत्थक नृत्य तराना पुरस्कार रीना श्रीवास्तव को प्रदान किया गया। इसके अलावा हाई स्कूल में नोयडा टॉप करने वाले अक्षित शर्मा को छात्रवृत्ति स्वरूप 21 हजार रुपये वार्षिक पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना महामारी में प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो दर्जन लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में ग्रेटर नोएडा के विधायक पंकज सिंह, मंगलम इंस्टीट्यूट के सीईओ अतुल मंगलमय, दिल्ली पुलिस के पूर्व डीसीपी सहित अनेक औद्योगिक, व्यावसायिक एसोसिएशन व सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे। समारोह के आयोजक नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर टीवी चौनलों पर गायन और नृत्य कार्यक्रमों में नाम कमाने वाले अनेक गायक नृत्य कलाकारों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये।




## भारतीय किसान यूनियन राधे की मासिक बैठक 14 सूत्री मांगों को लेकर संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन राधे की मासिक बैठक गन्ना संस्थान प्रांगण राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे लाल यादव के नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रितु एडवोकेट की अगुवाई तथा जिलाध्यक्ष शुऐब राईन की अध्यक्षता मैं संपन्न हुई किसानों की ज्वलंत समस्याओं के संबंध में 14 सूत्री मांग सहित जनपद के किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के भी प्रार्थना पत्र सहित मौके पर किसानों के बीच पहुंचे सक्षम अधिकारी को सौंपा गया इस मौके पर यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष आफताब अंसारी, जिला प्रभारी सेठी चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ बिलाल साहब,जिला मीडिया प्रभारी सुहैल अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रफीक सलमानी, मोहम्मद नसीर, गुलाम हुसैन उर्फ मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष नसरीन खातून, जिला प्रचार मंत्री गया प्रसाद, मो रिजवान फट्टू , अब्दुल माबूद उर्फ देवा पहेलवान आदि हजारों किसान नेता मौके पर उपस्थित हुए।



## कारगिल विजय दिवस पर पौधरोपण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जनपद के समाजसेवी व ग्रीन गैंग जिला प्रभारी आशीष सिंह की अगुवाई में पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जनपद के तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छंदवल के पूरे अमेठिया में 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला प्रभारी ग्रीन गैंग आशीष सिंह (प्रदेश प्रभारी मानवाधिकार संगठन) की अगुवाई में लोगों ने पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आशीष सिंह ने बताया कि आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारत माता के शहीद हुए वीर सपूतों की याद में पौधरोपण कर शहीदों को नमन किया गया। आज कारगिल विजय दिवस पर हम लोग यह प्रण करें कि हम एक पौधा अवश्य ही एक ष्शहीदष के नाम से लगाकर उसकी देखभाल उस तरह से करेंगें जिस प्रकार हमारे देश का सच्चा सिपाही सियाचिन के बॉर्डर पर खड़े होकर हम लोगों की करता है। इस अवसर पर आशीष सिंह ने अपने माता – पिता, पर्यावरण सैनिक प्रज्ञा, कुंज व यश के साथ मिलकर शमी, आम व अमरूद के पौधों को रोपित किया।



## बिजली विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया, बेहतर आपूर्ति के लिए संवाद के माध्यम से मांगे सुझाव

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य के बैनर तले मंगलवार को बिजली विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। बेवर उपभोक्ताओं से संवाद किया गया, उनकी समस्याएं पूछी गईं। बेहतर बिजली के लिए सुझाव भी मांगे गए। बिजली अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं का पक्ष रखा। पूर्व आबकारी मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री, डीएम अविनाश कृष्ण सिंह, अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार अग्रवाल ने गोष्ठी में विचार रखे ।पूर्व आबकारी मंत्री ने डीएम के साथ दीप प्रज्जवलित कर कहा कि ऊर्जा विभाग की मेहनत के चलते ही आज देश विकसित देशों की श्रेणी में पहुंच गया है। 2014 में जहां 2 लाख 84 हजार मेगावाट बिजली पैदा हो रही थी, वहीं 2022 में ये 4 लाख मेगावाट हो गई है। घर–घर बिजली पहुंचाई गई है। बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत दस देशों को बिजली की आपूर्ति भी कर रहा है। डीएम अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद में बिजली विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वीडियो–ऑडियो के जरिए लोगों को विभागीय योजनाओं से जोड़ा गया।

# संक्षिप्त समाचार

## इंद्रपाल सिंह बने ईओ कैराना

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शासन की ओर से इंद्रपाल सिंह को कैराना नगर पालिका परिषद का अधिशासी अधिकारी बनाया गया है। मंगलवार को नगीना से स्थानांतरण कर इंद्रपाल सिंह को नगर पालिका परिषद कैराना का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया गया।अधिशासी अधिकारी का कार्य देख रही ईओ‹ उपजिलामजिस्ट्रेट (न्यायिक) मणि अरोड़ा का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर अब इंद्रपाल सिंह को तैनाती दी गई है।

## किरतपुर की बेटी का आईपीएस इलमा अफरोज का हुआ प्रमोशन

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक
किरतपुर हिमांचल प्रदेश सरकार ने एसडीपीओ के पद पर तैनात 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी इलमा अफरोज को पदोन्नत कर शिमला में एसपी एसडी आर एफ पद पर तैनात किया है। इलमा अफरोज मूलरूप से कुंदरकी जिला मुरादाबाद की रहने वाली है। तथा किरतपुर के मोहल्ला लोहारान जामा मस्जिद निवासी डॉक्टर काजी फरीद अहमद की पत्नि की सगी बतीजी है। उनका अधिकतर समय किरतपुर में बीता है। उनके प्रमोशन की खबर से परिजनों में खुशी का माहौल है। उनके शुभचिंतकों द्वारा शोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।



## सीबीएसई की परीक्षा मेंअतिश व नौशीन ने सफलता का परचम लहराया

धामपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी सैयद मासूम रजा धामपुर। क्षेत्र के ग्राम मिलक मुकीमपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी हाजी शहजाद अंसारी की भांजी । हाजी शमीम प्रधान ग्राम महमूदपुर कामिल (उर्फ) नवादा की दोनों पुत्री अतिश अंसारी ने नगर के एस एम एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल से दस 12 वीं की परीक्षा मे 76ः अंक लाकर माता–पिता का नाम रोशन किया। हाजी शमीम प्रधान की दूसरी पुत्री नौशीन परवीन अंसारी ने नगर के साईं मिलेनियम स्कूल से 10 वीं की ब्ठै ब बोर्ड की परीक्षा में 77ः अंक प्राप्त कर अपने माता पिता और स्कूल का नाम रोशन किया महमूदपुर कामिल निवासी पूर्व प्रधान हाजी शमीम अंसारी की दोनों होनहार बेटियों शानदार सफलता हासिल करते हुए। अपने माता–पिता परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया। सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने दोनों बेटियों की कामयाबी पर बधाई दी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही पालिथीन जब्त कर जुर्माना भी वसूला

बढ़ापुर दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शाहिद रजा खान । बढ़ापुर।नगर पंचायत प्रशासन और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर में पॉलिथीन के उपयोग के संयुक्त रूप से जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही पॉलिथीन जब्त कर जुर्माना भी वसूल किया है।
मुख्य सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन लखनऊ के आदेशनुसार मंगलवार को नगर में सिंगल पॉलिथीन उपयोग के विरुद्ध नगर पंचायत बढ़ापुर के अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर के जेआरएफ नारायण दत्त पाठक के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान चला गया। अभियान के अंतर्गत नगर के मेन बाजार तथा पीठ बाजार में व्यापारियों एवं ग्राहकों को पॉलीथिन के उपयोग से पर्यावरण को होने वाली क्षति तथा इसका जैव समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताकर जागरूक किया गया। जन जागरूकता अभियान के साथ ही जिन दुकानों पर सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग होते हुए मिला वहां से पॉलिथीन को जप्त कर उन दुकानदारों से जुर्माने की रकम भी वसूली गई। नगर में अभियान के दौरान 8.6 किलोग्राम पॉलिथीन जप्त कर जुर्माने के रूप में 6700 रुपये की रकम भी वसूली गई। अभियान में नगर पंचायत बढ़ापुर के कर्मचारी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## चाय के साथ नशीला पदार्थ पिला गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी ले उड़े

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी चांदपुर। दो व्यक्ति वैगन आर मालिक को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर गाड़ी, जेब में रखी 1500 रूपये की नकदी, ड्राइविंग लाइसेंस, चांदी की अंगूठी व चांदी का कड़ा व मोबाइल निकाल कर ले गए। सोमवार को होश आने पर घर सूचना देने पर परिजन उन्हें लेकर चांदपुर आये तथा घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। इस घटना से बुकिंग पर गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह से भयभीत हैं। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी जहीर हसन पुत्र जमीर हसन की अपनी वैगनआर है, जिसको वह स्वयं ही बुक पर चलाते हैं। बताया जाता हैं कि 23 जुलाई की शाम को दो व्यक्ति कलियर जाने की बात कहकर वैगनआर बुक कर ले गए। साहनपुर के पास गाड़ी में सवार लोगों ने चाय पीने के लिए गाडी रूकवाई, इन लोगों ने गाड़ी मालिक जहीर हसन को भी चाय पीने के लिए दी, जिसके पीने के कुछ देर बाद जहीर हसन बेहोश हो गए। सोमवार को होश आने पर उन्होंने अपनी वैगनआर, मोबाइल, चांदी की अगूंठी, चांदी का कड़ा, जेब में रखा पर्स भी ले गए, जिसमें 1500 रुपए की नकदी, ड्राइविंग पाया। उन्होंने अपने घर फोन कर परिजनों को अपने साथ घटी घटना की जानकारी दी। वहां पहुंचे तथा उन्हें लेकर थाने गए, लेकिन पुलिस ने घटना स्थल चांदपुर होना बताकर चांदपुर की बात कही। परिजन जहीर हसन को साथ लेकर चांदपुर थाने आये तथा घटना के संबंध में पुलिस को जानकारी देते हुए तथा तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई।

### लोन लिया हुआ ट्रैक्टर चांदपुर तहसील मैं तैनात अमीन महिपाल सिंह उससे जबरन छीन कर अपने घर ले जाकर कर रहा है खेती-बाड़ी में उपयोग

चांदपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चांदपुर नूरपुर निवासी एक व्यक्ति का लोन लिया हुआ ट्रैक्टर चांदपुर तहसील मैं तैनात अमीन महिपाल सिंह उससे जबरन छीन कर अपने घर ले जाकर कर रहा है खेती–बाड़ी में उपयोग, जनपद बिजनौर अंतर्गत चांदपुर तहसील के –नगर नूरपुर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मंगलू, नियाजन, फकीरा ने 2009 में पीएनबी बैकं शाखा से एक ट्रैक्टर लोन लिया था। मंगलू नियाजन की मौत मृत्यु हो चुकी है पीड़ित फकीरा ने बताया कि कुछ आर्थिक परेशानी के चलते उसके ट्रैक्टर के लोन की कुछ किस्ते जमा नहीं हो पाई थी, जिस कारण लोन की फाइल चांदपुर तहसील भेज दी गई थी, जिसे हल्का लेखपाल अमीन महिपाल सिंह गुर्जर देख रहे थे। पीड़ित फकीरा का आरोप है कि अमीन महिपाल सिंह ने लोन की किस्त के एवज में कई बार अवैध रूप से पैसों की उगाई की थी और कहा कि मैं संभाल लूंगा तुम्हारा कुछ नहीं बिगड़ेगा, इसी बीच वह 15 अप्रैल 2019 को ट्रैक्टर, रोटर को लेकर चांदपुर जा रहा था तभी रास्ते में हल्का अमीन महीपाल व अन्य तीन व्यक्ति मिले और उसके ट्रैक्टर को कब्जे लेकर चांदपुर एजेंसी पर खड़ा करा दिया। और कहा कि तुम 17हजार500 रूपये दे दो तुम्हारा मामला यहीं खत्म कर दूंगा। प्रार्थी ने हल्का अमीन को 17,500 भी दे दिए 23 जुलाई 2022 को उसे चांदपुर तहसील से आरसी नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें प्रार्थी के ऊपर बैंक का 813451 मय ब्याज के 4 अगस्त 2022 को जमा करने की हिदायत दी गई। पीड़ित फकीरा ने ट्रैक्टर को अमीन महिपाल सिंह के पास जमा कर दिया। जिसके बाद पता चला कि ट्रैक्टर तो तहसील में जमा है ही नहीं जब प्रार्थी ने जानकारी की तो पता चला हल्का अमीन ने ट्रैक्टर तहसील में जमा ना करके अपने निजी कृषि के उपयोग में अपने डेयरी फार्म पर खड़ा किया हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि हल्का अमीन महिपाल ने जालसाजी व फर्जी, लिखा पढ़ी कर धोखाधड़ी से उसका ट्रैक्टर हड़प लिया है। जबकि लोन लिया हुआ ट्रैक्टर तहसील में खड़ा होना चाहिए था। प्रार्थी ने उक्त प्रकरण की जांच कर अलका अमीन महिपाल के ऊपर अपराधिक मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### गाडी से टकराने पर गाय की मौके पर हुई मौत, चौकी प्रभारी ने गाय का अंतिम संस्कार करने के लिए गाय स्वामी को सुपुर्द किया

चांदपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधारानी प चांदपुर तहसील क्षेत्र के जलीलपुर में गाडी से टकराने पर गाय की मौके पर हुई मौत। चौकी प्रभारी ने गाय का अंतिम संस्कार करने के लिए गाय स्वामी को सुपुर्द किया।
चांदपुर जलीलपुर मार्ग पर गाय की गाड़ी से टकराने पर मौत हो गई। सीतामठ पुलिस चौकी प्रभारी सुमीत कुमार राठी चांदपुर थाने से चौकी आ रहे थे।रास्ते में गांव अकबरपुर सीमली के पास एक गाय और एक कार वैगनआर DL7CN/ 6308 जो चांदपुर से जलीलपुर की और जा रही थी। अचानक एक गाय ने रोड़ पार करने का प्रयास किया जिसमे गाडी और गाय की भिडन्त हो गई। जिससे गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार प्रियंक पुत्र महिंदर निवासी पतियापाडा मामूली रूप से घायल हो गया था। चांदपुर चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतक गाय को सड़क से हटवा कर गाय के मालिक ओमप्रकाश पुत्र वीर सिंह निवासी अकबरपुर सीमली को सुपुर्द कर अंतिम संस्कार हेतु भिजवा दिया गया।

## सड़क हादसों में तीन कांवड़ियों सहित पाँच घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तीन अलग–अलग सड़क हादसों में तीन कांवड़ियों सहित पाँच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है, जहां से गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मंगलवार को धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस लौट रहे हरियाणवी कांवड़ियों के वाहनों ने कई वाहनों में टक्कर मार दी, जिसमें तीन कांवड़ियों समेत पाँच लग घायल हो गए। सफदर व सादिक निवासी गाँव मंडावर अपनी बाइक पर कैराना की ओर आ रहे थे, बाइपास पर पहुंचते ही कावड़ियों की गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए।घायलों को पुलिस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।दूसरी घटना गाँव मन्नामाजरा



के निकट घटी जहाँ कांवड़ियों ने साथी कांवड़ियों की बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें नवीन व विशाल निवासी बापौली हरियाणा गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायल दोनों कांवड़ियों को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहाँ से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तीसरी घटना पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर घटी जहाँ कांवड़ियों के तेजरफ्तार वाहन ने बाइक सवार सुनील पुत्र प्रीतम निवासी समालखा हरियाणा को टक्कर मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल सुनील को अस्पताल में भर्ती कराया।

## सड़क हादसे में घायल ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) कैराना। दो कांवड़ियों सहित सड़क हादसे में घायल चार लोगों में से गंभीर घायल शाहनवाज ने उपचार के दौरान मेरठ अस्पताल में दम तोड़ दिया। मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सोमवार की सांय धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर बाइक से लौट रहे सनौली के गाँव रिसपुर निवासी प्रमोद पुत्र मांगेराम व कृष्ण पुत्र मुख्तार जैसे ही शामली बाइपास ओवरब्रिज के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक फैक्ट्री से बाइक पर एक साथ लौट रहे सुहैल व शाहनवाज की बाइक से टकरा गई थी,जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मौके ओर पहुंचकर सभी घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया था,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां शहनवाज की हालत को गंभीर देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर जर दिया गया था। देर रात उपचार के दौरान शाहनवाज पुत्र सबदर निवासी आर्यपुरी ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



दोपहर के समय मृतक को निकट स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया गया है।

इलाज के अभाव में मौत का आरोप
मृतक शहनवाज के परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद मौके पर मौजूद उपनिरीक्षक ने लापरवाही से काम लिया। समय पर ऑक्सीजन न मिलने व हादसे के काफी देर बाद एम्बुलेंस पहुंचने के कारण उनके बेटे की जान गई है। अगर समय रहते सही उपचार मिल गया होता तो शायद उनके लाल की जान बच जाती।

### महिला के अपहरण की खबर से पुलिस विभाग में हड़कम्प, बाद में पता चला कि मामला पैसों के लेनदेन का है

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक
किरतपुर दिनदहाड़े एक महिला के अपहरण की झूठी खबर से पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया बाद में पता चला कि मामला अपहरण का नही बल्कि पैसों के लेन देन का है तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।इस मामले में तीन युवकों का चालान कर दिया गया है। घटनाक्रम के अनुसार मंगलवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी एक महिला अपने छोटे बच्चे के साथ मंदिर मोतीचूर के सामने खड़ी थी। उसने वहां मौजूद लोगों को इशारा करते हुए बताया कि इस गाड़ी में पांच व्यक्ति सवार है जो इसका अपहरण करना चाहते है यह सुनकर लोग सतर्क हो गए उन्होंने महिला से कहा कि आप चिंता न करो और बेफिक्र होकर कार में बैठ जाओ बाद में हम खुद सम्भाल लेंगे। महिला गाड़ी में बैठने के लिए चल पड़ी परन्तु कार सवार युवकों कुछ शक हो गया और वह तुरंत गाड़ी स्टार्ट कर के भागने का प्रयास करने लगे तभी लोगों ने तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया जबकि दो फरार हो गए। लोगों ने उनकी जमकर धूल पूजा की और थाने ले जाने लगे घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और पकड़े गए युवको को थाने ले गए मामले की पुलिस ने गहनता से जांच की तो पता चला कि मामला रुपयो के लेनदेन का है। महिला ने बताया कि उसके रुपये इन लोगो पर चाहिए बाद में पुलिस ने इकरार पुत्र यासीन,फहीम पुत्र तस्लीम व खलीक पुत्र निसार निवासी गण ग्राम शेरनगर नारायणी थाना कोतवाली देहात का धारा 151 में चालान कर दिया।




## कीर्ति राजपूत ने किया कालेज टाप

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान ।नजीबाबाद नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, नजीबाबाद, (बिजनौर) के नॉर्थ इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी



में एम.बी.ए. द्वितीय वर्ष का परीक्षा–परिणाम शत–प्रतिशत रहा। संस्थान



के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से कीर्ति राजपूत ने सर्वाधिक 69.33ः अंक अर्जित कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया । वहीं दीपिका देवी ने 66.75ः अंकों के साथ द्वितीय स्थान व अक्षय बंसल ने 64.75ः अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक श्री अभिनव अग्रवाल, श्रीमती आदिति अग्रवाल व एम.बी.ए. विभागाध्यक्ष श्री मोहित कुमार गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की । इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री अवनीश अग्रवाल ने कहा कि सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों से मैं ये अपेक्षा करता हूं कि वे शिक्षा के



उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और अपने अभिभावकों, शिक्षकों व संस्थान का नाम भी रोशन करेंगे । टॉपर विद्यार्थी निश्चित ही अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा–स्रोत का कार्य करते हैं, जिससे अन्य विद्यार्थियों में और भी बेहतर करने की जिज्ञासा बढ़ती है। विभागाध्यक्ष श्री मोहित गुप्ता ने परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहने का श्रेय एम.बी.ए. द्वितीय वर्ष की कक्षा–कोऑर्डिनेटर सुश्री अनुकम्पा जैन, श्री उज्ज्वल टॉंक, श्री आशीष भारद्वाज, श्री अमन रस्तौगी और डॉ. रविराज सिंह आदि को दिया।

## श्रद्धा के साथ मनाया शिवरात्रि पर्व, किया जलाभिषेक, श्रद्धालुओं की दिनभर लगी रही लंबी कतार

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना ।नगर एवं क्षेत्र में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया मंगलवार को क्षेत्र में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के बाबा बनखंडी महादेव मंदिर, पीयूष आयन आश्रम, टीचर्स कालोनी, पीपलोतला मंदिर, नव ग्रह मंदिर वही क्षेत्र के गांव ऊँचागगांव, कंडेला, बुच्चाखेड़ी, तितरवाड़ा ,भूरा व बीनड़ा सहित अन्य जगह मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना कर पंचामृत से शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस दौरान भगवान पर फल, फूल, मिष्ठान, मेवा आदि चढ़ा कर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। साय के समय मन्दिरों में महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस तैनात रही।
बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन
मंगलवार को नगर में स्थित सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में विशाल भंडारे चलाया गया। शिवरात्रि के पर्व पर भंडारे में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आए शिवभक्तों व मंदिर में जलाभिषेक करने पहुँचे श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।
मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर की खरीदारी : मंगलवार को बाबा बनखंडी महादेव परिसर में शिवरात्रि के पर्व पर आयोजित मेले में मंदिर में जलाभिषेक करने पहुँचे श्रद्धालुओं ने घूम कर वहां लगी चाट पकौड़ी की दुकानों पर स्वाद चखा। वही मेले में लगे छोटे बड़े झूलों में बैठ कर बच्चों के साथ साथ अभिभावकों ने भी लुफ्त उठाया। इस दौरान मेले में लगी दुकानों से बच्चों ने खेल खिलौनों की जमकर खरीदारी की गई। वही किचन आदि से सम्बंधित कप प्लेट आदि समान की खरीदारी महिला भी करती नजर आई।



## अंतिम दिन कांवड़ियों का अपार सैलाब उमड़ा, केसरिया हुआ मार्ग


(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए अंतिम दिन जनपद के मुख्य मार्गों पर भोलों का केसरिया अपार सैलाब देखने को मिला रहा है। इस बार कांवड़ लेन के लिए बच्चों की अच्छी खासी तादाद देखी जा रही है, जो बिना किसी परेशानी के अपने माता–पिता संग सफर तय कर रहे हैं। मंगलवार को अंतिम दिन धर्मनगरी से कांवड़ व गंगाजल उठाकर निकले हरियाणा, राजस्थान, पंजाब व हिमाचल के शिवभक्तों का सैलाब नगर में पहुंच रहा है।मुख्य मार्ग पूरी तरह से शिवमय हो रहा है। भोले जयकारों के साथ बम–बम भोले व देशभक्ति के गीत की धुन पर थिरकते हुए कदम बढ़ा रहे हैं। डीसीएम, पिकअप, ट्रैक्टर ट्रालियों व बाइकों पर सवार होकर गंगाजल ला रहे है। कुछ कांवड़िए तो गंगाजल हाथों में लेकर पैदल ही दौड़ रहे हैं। हरियाणा–यूपी सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर कांवड़ियों का मेला लगा हुआ है। यमुना में आस्था की डुबकी लगाने व शिवालयों में विशेष पूजा–अर्चना करने के बाद शिवभक्तों का कारवाँ अपनी मंजिलों की ओर बढ़ रहा है। पुलिस–प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर पुलिस बल को ब्रीफ किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशास कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। कांवड़ियों को पूरी छूट दे रखी है। मार्ग को वनवे कर कांवड़ियों के हवाले कर दिया गया है। किस तरफ से कांवड़ियों के वाहन गुजर जाएं कुछ पता नहीं है। वन वे के बावजूद मुख्य मार्ग पर कांवड़ियों का कब्जा है। नगरवासियों व पुलिस बल की सतर्कता व सूझबूझ के चलते कांवड़ यात्रा अंतिम क्षणों में पहुंच रही है। यमुना घाट पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पीएससी के गोताखोरों के साथ–साथ प्राइवेट गोताखोरों को एक्टिव मोड़ पर रखा गया है।गोताखोरों की सतर्कता के चलते अभी तक आधा दर्जन डूबते शिवभक्तों को बचाया जा चुका है।
आस्था के नाम पर हुड़दंग
धर्मनगरी नगरी हरिद्वार से हाथों में पवित्र गंगाजल व मन में बाबा भोलेनाथ की आस्था लिए शिवभक्ति में लीन डाक कांवड़ियों ने पटाखा बुलेट से जो हुड़दंग मचाया है उससे न सिर्फ यह कि नगरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, बल्कि खुद कांवड़िए भी शर्मशार नजर आए। पुलिस ऊँची आवाज पर जिन बुलेट सवारों का चालान कर देती थी। आज हुड़दंग पर भी खामोश है,क्योंकि यह कांवड़िए हैं और कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी कटिबद्ध हैं। क्या धर्म के नाम पर इस तरह के हुडंगबाजी की इजाजत दी जानी चाहिए ? हुडदंग देखकर यही प्रतीत हो रहा था कि यह कांवड़िए नहीं और कांवड़ लेकर नहीं आ रहे, बल्कि एक शक्ति प्रदर्शन दर्शाया जा रहा है। क्या ऐसे लोगों से बाबा भोलेनाथ प्रसन्न होंगे?
जांबाजी से डते रहे पुलिस अधिकारी
कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा,जो दिशा–निर्देश दिए गए, उन्हें फॉलो करने के लिए पुलिस अधिकारियों एंव कर्मचारियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। शामली बस स्टैंड व कांधला तिराहा दोनों ही संवेदनशील माने जाते हैं। कांधला तिराहे पर उपनिरीक्षक राहुल कादयान तो शामली बस स्टैंड पर पवन सैनी अपनी टीम के साथ मुस्तैदी के साथ डते रहे। हलांकि इस दौरान कई हादसे भी हुए, जिन्हें ततपरता के साथ हल कर दिया गया और घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराकर किसी भी तरह का व्यवधान पैदा नहीं होने दिया।डीएम–एसएसपी की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था व दिशा–निर्देशों के चलते यात्रा को सम्पन्न कराया है।
पूर्व मंत्री ने भोलों पर की पुष्पवर्षा
हरिद्वार से गंगाजल केलर लौट रहे शिवभक्त कांवड़ियों पर पूर्व मंत्री व एमएलसी वीरेंद्र सिंह शेखुपुरा के निकट बुल्डोजर में बैठकर भोलों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिवभक्ति में लीन भोलों की जितनी सेवा की जाए कम है।इस दौरान संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।





## शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने किया रुद्राभिषेक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना । हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भर कर ला रहे कावड़ियों की बम बम की जयघोष से नगीना व आसपास के क्षेत्रों का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है इसमें शासन व प्रशासन का भी विशेष सहयोग कांवरियों को मिल रहा है शरारती तत्वो के लोगो पर शासन व प्रशासन अपनी पैनी नजर जमाए हुए हैं जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके नगीना थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा नगीना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगीना के विभिन्न स्थानों पर अपने पुलिसकर्मी तैनात किए हुए हैं । तथा प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा भी जगह–जगह गस्त करते नजर आ रहे हैं। अनेक सामाजिक संगठनों ने भी कांवड़ियों की सेवा के लिए विशेष शिविर लगाया हुए थे ।आज इसी क्रम में त्रयोदशी व शिवरात्रि का विशेष संगम बनने से आज सुबह से ही मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओ का जनसैलाब सावन माह मे महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री मंदिर लोकेश्वर नाथ जी मंडी मॉल गंज नगीना व आसपास के सभी मंदिरों में भगवान शिव के भक्तों ने भोलेनाथ को श्रद्धा से जल अभिषेक किया गया। हिंदू शास्त्रों के अनुसार भगवान शंकर को समर्पित सावन मास का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है।
सावन महीने में भगवान शंकर की पूजा करने व सोमवार व्रत करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस महीने की शिवरात्रि भी बेहद खास मानी जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, साल भर में कुल 12 शिवरात्रि आती हैं इनमें से दो शिवरात्रि बेहद खास मानी गई हैं। सबसे प्रमुख फाल्गुन मास की शिवरात्रि मानी जाती है, जिसे महाशिवरात्रि भी कहा जाता है। इसके बाद शिवरात्रि सावन में भी आती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत करने व भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में सुख–समृद्धि व खुशहाली आती है।




## बिजनौर में आज कारगिल विजय दिवस का 23वां वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन, सैन्य अधिकारी, वीर नारियां व आश्रित हुये सम्मानित

- 15 अगस्त तक शहीदों के ग्रामो व मौहल्लों में आयोजित किये जाएगे –जिलाधिकारी कार्यक्रम
- भावी पीढी में यह भाव जागरूक हो कि बलिदान कभी व्यर्थ नही जाता है–जिलाधिकारी
- हम सौभाग्यशाली है कि देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की क्षमता, भावना व भाव देश के लोगों मे है–जिलाधिकारी
- शहीदों के ग्रामों को बनाये आदर्श ग्राम–जिलाधिकारी
- कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गौरवान्वित महसूस कर रहे है–पुलिस अधीक्षक

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी प्रभारी वासिद खान । बिजनौर में आज कारगिल विजय दिवस का 23वां वार्षिक समारोह का आयोजन नूरपुर रोड़ स्थित भारत बैंकट हॉल मे किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 15 सैन्य अधिकारियों, शहीद सैनिकों की वीर नारियों व आश्रितों को शॉल भेट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने पुष्प अर्पित कर कारगिल शहीदों को भावभीनी श्रद्वांजलि भी अर्पित की। जिलाधिकारी ने शहीदों व वीर नारियों व उनके परिवारजनों को नमन किया।
60 दिन तक चले कारगिल युद्व के विजय दिवस 26 जुलाई के 23वें वार्षिक समारोह के आयोजन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि उस देश मे निवास करते है जहां देश प्रेम व देश के लिये कुछ कर गुजरने, देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की क्षमता, भावना व भाव देश के लोगों मे है।
उन्होंने कहा कि देश के वीरों ने देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर बलिदान दिया उनके बलिदान व उनके परिवार का योगदान को शब्दों मे नहीं बताया जा सकता।उन्होंने कहा कि हम सब को गर्व होना चाहिये कि हम ऐसे देश में निवास करते है जहां राष्ट्रहित व राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि है और हम सभी लोग एकजुट होकर के इस देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने के लिये अपना सर्वस्व देने के लिये तैयार है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दो जगह आयोजित किया जा रहा था लेकिन उनके सुझाव व अनुरोध पर यह एक ही जगह आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी लोग मिलकर कारगिल विजय दिवस मना रहे है।
जिलाधिकारी ने कहा कि शहीदों के ग्रामों व शहीद स्थलों पर निरन्तर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्रामों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुचाया जाये तथा विकास के माप दण्डों पर खरा उतारा जाये तथा ऐसे ग्रामों को आदर्श ग्राम बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। उन्होंने कहा कि शहीदों के ग्रामो व मौहल्लों में 15 अगस्त तक कार्यक्रम आयोजित किये जायें ताकि भावी पीढी में यह भाव जागरूक हो कि बलिदान कभी व्यर्थ नही जाता है।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने प्रसिद्व कवि माखनलाल चतुर्वेदी की फूल की अभिलाषा की पक्तियों को उदृत कर अपने विचार व्यक्त करे।
जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कीर्ति चक्र प्राप्त मेजर सुशील कुमार सिंह, सिपाही मौ0 अरशद सहित 15 शहीद सैनिकों की वीर नारियों व आश्रितों को शॉल भेटं कर सम्मानित किया।इस अवसर पर आर्य जी, दिव्या त्यागी ने देश भक्ति का गीत व स्कूली बच्चों ने नाटिका प्रस्तुत की।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, 30 एनसीसी सीओ कर्नल आर0एस0 चौहान, डा0 पंकज त्यागी, डा0 अवधेश वशिष्ठ, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन ए0के0 गुप्ता, सेना के अधिकारी, वीर नारियां व परिवारजन व एनसीसी कैडिट, स्कूली बच्चे आदि उपस्थित रहे।








### गुंडागर्दी व दबंगई के बल पर अवैध कब्जे को कब्जा मुक्तकराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र प्रेषित

चांदपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधारानी प चांदपुर ग्राम उमरी पीर निवासी एक व्यक्ति ने उसकी आराजी पर गुंडागर्दी व दबंगई के बल पर अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। थाना हीमपुर दीपा अंतर्गत ग्राम उमरी पीर निवासी इसरार अहमद पुत्र कुतुबुद्दीन ने बताया कि इसरार अहमद बनाम आरिफ का बिजनौर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों को मुकदमा आदेश निदेशित किया हुआ है ताकि दोनों पक्ष मौके पर किसी तरह का कोई कब्जा वह निर्माण ना कर सकें। परंतु फिर भी कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद प्रतिपक्षी ने लिप्टिस के 10–12 पेड़ काट लिए जिनकी कीमत लगभग 30हजार रूपये है। प्रार्थी ने उसे ऐसा ना करने के लिए कहा तो उसने कहा के जो तुमसे हो वह कर लो प्रार्थी का कहना है कि अभी उस जमीन पर और भी पेड़ खड़े हैं जिन्हें काटने की आरोपी फिराक में है। न्यायालय व प्रशासन का कोई आदेश मानने को वह तैयार नहीं है। पीड़ित इसरार अहमद ने पुलिस से आग्रह किया है कि कोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए प्रति पक्षी को हिदायत दी जाए कि इस दौरान मुकदमा अवैध रूप से कब्जा करने व पेड़ काटने, निर्माण करने से बाज आए।

# संक्षिप्त समाचार

## जनपद में बन्द पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न



पीलीभीत । जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में जनपद में बन्द पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतों के टंकी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है और कुछ ग्रामों में पानी टंकियों के कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु विद्युत कनेक्शन न होने के कारण अभी तक संचालित नही हो सकी है। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि जिन जिन ग्राम पंचायतों में टंकी कार्य पूर्ण हो चुका है वहां विद्युत कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही साथ उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में मरम्मत कराने योग्य कार्य कराये जाने है, एक संयुक्त बैठक कर कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र कार्ड हेतु आनलाइन आवेदन कर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा करायें

पीलीभीत। जनपद में निवासरत समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिये विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र कार्ड ऑनलाइन बनवाया जा रहा है। दिव्यांगता पहचान पत्र यू0डी0आई0डी0 कार्ड पूरे भारत में मान्य है। दिव्यांगजनो हेतु बेवसाइट swavlambancard.gov.in पर किसी भी जन सुविधा केन्द्र अथवा लोकवाणी केन्द्र से आवेदन पत्र ऑनलाइन किया जा सकता है। आवेदन पत्र ऑनलाइन कर हार्डकापी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन कक्ष संख्या 01 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## 25 से 30 जुलाई तक "बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस" के रूप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया जायेगा

पीलीभीत। दिनांक 25.07.2022 से 30.07.2022 तक "बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस" के रूप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम दिनांक 29.07.2022 को गन्ना कृषक स्नाकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में सांय 6:00 बजे एवं दिनांक 30.07.2022 को गांधी प्रेक्षागृह पीलीभीत में प्रातः 11:00 बजे से मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्जवलन, नामित नोडल अधिकारी द्वारा उद्बोधन, सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण की फिल्म, विद्युतीकरण योजनाओं से लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र वितरण, एक नेशन एक ग्रिड पर फिल्म प्रदर्शन, नुक्कड नाटक प्रदर्शन आदि कराये जायेगें।

## पीलीभीत महायोजना -2031 प्रारूप के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कार्यालय में दे

पीलीभीत। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पीलीभीत महायोजना–2031 प्रारूप के प्राविधानों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदर्शनी कार्यालय नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड में दिनांक 01.08.2022 से दिनांक 31.08.2022 तक (कार्य दिवस) की अवधि हेतु नियत की गयी है। पीलीभीत महायोजना 2031 के प्रारूप की प्रति जनपद की एनआईसी बेवसाइट Pilibhit.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त महायोजना के सम्बन्ध में नगर में स्थित समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं जनसामान्य/हितबुद्ध व्यक्ति/संस्थाएं आदि पीलीभीत महायोजना –2031 प्रारूप के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कार्यालय में दे सकते हैं।

## दिल्ली से घर आने के लिए निकला युवक लापता परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर बरामदगी की मांग

पीलीभीत पूरनपुर।दिल्ली से घर आने के लिए निकला युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया।काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।फोन उसका बंद है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवक की बरामदगी की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी मोहम्मद फारुक का पुत्र जाहिद खा अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।23 जुलाई को वह दिल्ली से अपने घर आने के लिए घर से निकला।उसके बाद वह बरेली के लिए मिलने वाली बस अड्डे पर पहुंचा।इस दौरान उसकी पत्नी ने फोन कर पूछा तो उसने भी बस अड्डे पर पहुंचकर बस मिलने की बात वताई। उसके बाद वह वहां से घर आने के लिए रवाना हो गया।शाम तक उसकी कोई खबर न मिलने पर उसकी पत्नी ने फोन लगाया तो उसका नंबर बंद मिला।इस पर उसने परिजनों को फोन कर पति के बारे में जानकारी जुटाई तो परिजनों ने भी घर ना पहुंचने की बात कही।रास्ते से रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने की घटना को लेकर परिजनों में खलबली मच गई।नाते रिश्तेदारों के अलावा दिल्ली में भी कुछ लोगों से जानकारी जुटाई गई।लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।युवक के अचानक लापता हो जाने से परिजन काफी परेशान है।अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनो ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले में तहरीर मिली है।शीघ्र ही लापता युवक को बरामद कर लिया जाएगा।

## निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

पीलीभीत पूरनपुर।निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखी हजारों रुपए की निर्माण सामग्री चोरी कर ली गई। सुबह कमरे का ताला टूटा देख खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली।कोतवाली क्षेत्र के गांव मटैहना कॉलोनी नंबर 9 के निवासी पिंटू यादव घुंघचाई–ढूंढा रोड पर बली बाबा स्थल के पास अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहा है। रोजाना की तरह सोमवार की शाम काम निपटाने के बाद निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाले सामान को एक कमरे में रखकर बंद कर ताला डाल दिया।बीती रात अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचकर कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए।पीड़ित के अनुसार चोरों ने कमरे में रखी तीन कुंटल सरिया,मोटर,सीमेंट सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया।सुबह घर स्वामी जब निर्माणाधीन मकान में गया तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।मामले की सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया मामले की तहरीर पर जांच की जा रही है।शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।चोरी की वारदात को लेकर लोगों में दहशत देखी जा रही है।

## रजिस्टर में दर्ज कर दिया जाता है सामाग्री वितरण

पीलीभीत पूरनपुर।सिरसा में बच्चों को मिड–डे मील की सामग्री वितरित नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने जब अध्यापक से जानकारी जुटाई तो उसने जानकारी देने से इंकार कर दिया।इस पर दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी विजय पाल प्रधान पति है।शनिवार को वह गांव के कुछ लोगों के साथ प्राथमिक विद्यालय में गया था।उसने स्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक का मोहम्मद कौसर से मिड डे मील की जानकारी ली।इस पर प्रधानाध्यापक ने मिड डे मील की जानकारी देने से इंकार कर दिया।जब उसने स्कूल के बच्चों व रसोईयों से मिड डे मील में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि स्कूल में कोई भी सामग्री नई बांटी जाती है।जबकि स्कूल के अध्यापक मनमानी तरीके से रजिस्टर में सामग्री बांटना दर्शाया जबकि हकीकत में बच्चों को कुछ भी वितरण नहीं किया गया।शनिवार को विद्यालय में बनाई गई सब्जी में कई कमियां पाई गई।बच्चों को मिलने वाली सभी सामग्री को अध्यापक ने अपने रजिस्टर में चढ़ा दिया।स्कूल के शौचालय में ताला लटका हुआ है।इसके चलते स्कूली बच्चों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।आरोप है कि बच्चों को मिलने वाली सामग्री अध्यापक डकार रहे हैं।वितरण न कर उसका बंदरबांट किया जा रहा है।आरोप है कि अध्यापक अपने मनमाने तरीके से रसोइयों से खाना बनवा रहा है।विरोध करने पर अभद्रता करने पर अध्यापक मारपीट पर उतारू हो जाता है।गांव के विजयपाल,जसवीर सिंह,राजेंद्र,संजय,महेश,मदन सिंह,जगबीर,राम सिंह,राम प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जिलाधिकारी द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया उद्घाटन



पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ब्लड दान करने वाले व्यक्तियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि जिस प्रकार हमारे देश के सैनिक हमारी रक्षा करते हैं ठीक उसी प्रकार ब्लड डोनर भी हमारे समाज व सैनिक के लिए ब्लडदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आपके ब्लडदान करने से जरूतमंदों व्यक्तियों के जीवन बचाया जाता है, इससे बडा कोई पुण्य का काम नही है। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा ब्लड दान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुपर 100 टीचर्स टीम की बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में सुपर 100 टीचर्स टीम के सदस्यों के साथ बैठक गांधी प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने टीम के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बिटिया की बगिया की पूर्ण जिम्मेदारी अध्यापकों की है, अध्यापक बिटिया की बगियो में पौधे का रोपण कर निराई, गुडाई, पानी आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा सुपर 100 टीम को सम्बोधित करते हुये कि आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आप रक्तदान करें। उन्होंने सुपर 100 टीचर्स को निर्देशित किया गया कि 01 अगस्त से प्रथम शुक्रवार व शानिवार को टीम अध्यापक अपने विद्यालय न जाकर कमजोर विद्यालयों में जाकर वहॉ शैक्षिक गुणवत्ता देखेगे और विद्यालयों को उवॉरने का कार्य करेगें और विद्यालयों में जाकर सम्बन्धित अध्यापकों को पठन पाठन की सफल प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करेगें। सुपर 100 अध्यापक का प्रथम कार्य यह होगा कि विद्यालयों में कितने बच्चों द्वारा शिक्षा प्राप्त की जा रही और वहां के अभिभावकों को जागरूक करेगें कि वह अपने बच्चों को होटल, ईंट भट्टा, कारखानों इत्यादि पर न भेजकर स्कूल भेजे जिससे कि उनके बच्चों के भविष्य संभाल सके। उन्होंने टीम के अध्यापकों को निर्देशित किया गया विद्यालयों में जिन छात्रध्छात्राओं के 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किये हो, उनकी पढाई में सुधार लाया जाये। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को जाने कि उसकी किस क्षेत्र में रूचि जाने। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में विद्यालय का परिणाम को भी देखा जाये। इस प्रकार सुपर 100 टीचर्स टीम द्वारा 200 विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा, जिला पूर्ति अधिकारी, सुपर 100 टीचर्स टीम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय की बैठक सम्पन्न

पीलीभीत । जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में सत्र 2022–23 हेतु विद्यालय में प्रबन्ध समिति की बैठक केन्द्रीय विद्यालय में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालयों में कक्षाऐं संचालित है। सम्भागीय एथलीट प्रतियोगिताएं 29 जुलाई से आरम्भ हो रहीं है विद्यालयो के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में फर्नीचर क्रय करने हेतु कम्प्यूटर कक्ष टेबल व स्टूल क्रय, प्रयोगशाला हेतु उपयोगी सामाग्री व किताबें आदि क्रय करने व घास कटाई मशीन, इलेक्ट्रिकल इन्सिनरेटर, कम्प्यूटर उपकरण, स्टेशनरी, मरम्मत कार्य, वर्मी कम्पोस्ट, बाउण्ड्रीवाल व रंगाई पुताई करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी विद्यालय के बाहर उगी झाडियों की साफ सफाई करने हेतु नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माता–पिता की मृत्यु कोविड–19 से हुई है उन बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। जिसकी सुविधा अभी भी उपलब्ध है।



बैठक में नगर मजिस्ट्रेट डॉ0 राजेश कुमार, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## विकास कार्य कराए जाने को लेकर बीडीओ को दिया ज्ञापन तीन रोडों का निर्माण कार्य कराए जाने की उठाई मांग

पीलीभीत पूरनपुर।ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है।इसके चलते लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।जिला पंचायत सदस्य ने कई बार विकास कार्य कराए जाने को लेकर अधिकारियों से गुहार लगाई।लेकिन कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।इस पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को साफ कर पंचायत में विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी मकतूलन बेगम वार्ड नंबर 11 से जिला पंचायत सदस्य हैं।उनके प्रतिनिधि संजय खान ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार को सौंपा।जिसमें उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में कई महत्वपूर्ण कार्य होने हैं।इसको लेकर उन्होंने कई बार अधिकारियों से मांग भी की।लेकिन विकास कार्य नहीं हो सके।ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि भगवंतापुर चुंगी के पास नाला व इन्टरलाकिंग का निर्माण कार्य कराया जाए जाने की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य इमरान के घर सामने वाले रोड का इन्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य होना बहुत जरूरी है।अधिवक्ता हरिराम गौतम के घर से कारगिल पेट्रोल पंप तक रोड के निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है।इसके अलावा उन्होंने ज्ञापन में अन्य कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर एक सप्ताह के अंदर ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य शुरू नहीं हुए तो वह मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।खंड विकास अधिकारी सर्वेश ने शीघ्र ही विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग

पीलीभीत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के निर्देशन में शांतिध्कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा अपने–अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।



# ग्रिल उखाड कर घुसे चोरो ने लाखों की कर ली चोरी

## पांच लाख की नगदी व 35 लाख रुपये के जेवरात लेकर चोर हुए फरार

- सूचना पर पहुँचे सीओ,थाना अध्यक्ष व डॉग स्क्वायड टीम ने जुटाए साक्ष्य

पीलीभीत पूरनपुर।बीती रात जिला पंचायत अध्यक्ष की बहन के घर चोरों ने धावा बोल दिया।चोर गृहस्वामी के घर के कमरे के पीछे लगी विंडो की ग्रिल उखाड़कर अंदर प्रवेश कर गए।घर के अंदर कमरे की अलमारी में रखी पांच लाख की नगदी 35 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए।सुबह जब परिजनों ने कमरे में बिखरा पड़ा सामान देखा तो उनके होश उड़ गए।घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी,सेहरामऊ एसओ,फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए।घटना को लेकर परिजनों में दहशत बनी हुई है।

पीलीभीत से भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.दलजीत कौर की बहन सुखजीत कौर सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर में रहती है।ग्रह स्वामी जसवीर सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह किसान है।रोजाना की तरह जसवीर सिंह अपने परिवार के साथ घर मे सोए हुए थे।इसी बीच रात में अज्ञात चोर उनके घर के कमरे के पीछे लगी विंडो की ग्रिल को उखाड़ कर घर के अंदर कमरे में प्रवेश कर गए।उसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी की लाक तोड कर उसमे रखी पांच लाख रुपये की नगदी,करीब चालीस लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर मौके से फरार हो गए।वही घर में सो रहे परिजनों को मामले की भनक तक नहीं लगी।जसवीर सिंह सुबह जब उठे तो उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो कमरे के अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था।उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी।परिजनों ने जब कमरे में जाकर देखा तो अलमारी में रखे रुपये व सोने चांदी के जेवरात गायब मिले।यह देखकर उनके पैरो तले जमीन खिसक गई। मामले की सूचना मिलते ही भाजपा नेता जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरुभाग सिंह भी मौके पर पहुँच गए।वारदात को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।बड़ी संख्या में लोग किसान के घर एकत्र हो गए।वारदात की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम सिंह,पूरनपुर कोतवाल अशोक पाल,सेहरामऊ एसओ कमलेश मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की।सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम एवं डाग स्क्वायड टीम ने बारीकी से साक्ष्य जुटाए। फिलहाल अभी तक इस मामले में पुलिस को कोई सुराग नहीं लगे हैं बड़ी वारदात को लेकर क्षेत्र में दहशत बनी हुई है।वहीं घर से सब कुछ चले जाने से परिजन काफी गमगीन माहौल में है।पुलिस मामले की गहनता से जाँच पड़ताल कर रही है।घर में इतनी बड़ी हुई वारदात को लेकर परिजन गमजदा है।पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने वताया कि मामले की सूचना पर सेहरामऊ पुलिस के अलावा पूरनपुर पुलिस मौके पर गई।जांच पड़ताल की गई है।लोगो से जानकारी जुटाई है।फॉरेंसिक टीम के अलावा डाग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए हैं।मामले की तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत शीघ्र ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।





## पीलीभीत पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

पीलीभीत कलीनगर

नौ वर्ष पूर्व कुछ लोग पंजाब में मजदूरी कराने ले गए व्यक्ति की हत्या कर शव गायब करने का लगा आरोप पुत्रबधू ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी को पत्र देकर की कार्यवाही की मांग

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव ग्रांट नम्बर एक उर्फ बानगंज निवासी रेखारानी पत्नी इंद्रजीत ने बताया कि मेरे ससुर उमेंद्र को गांव ग्रांट नम्बर एक उर्फ बानगंज के रहमत अली मजदूरी कराने सत्रह अप्रैल 2013 को पंजाब ले गए थे। जिसमें साथ में गांव के हीरालाल, भूपराम भी मजदूरी करने गए थे। मजदूरों को ले जाने बाले रहमत अली ने करीब 12 दिन मजदूरों से पंजाब में काम कराया। मगर काम कराने के बाद युवक का कोई अता पता नहीं दिया। जब ठेकेदारों से सम्पर्क किया गया। तो ठेकेदारों ने सम्पर्क करना बन्द कर दिया। उसके बाद मजदूर ठेकेदार रहमत अली अपने भाई जनपद मुरादाबाद निवासी साबिर खां पर युवक की हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया। पुत्रबधू रेखारानी ने थाना गजरौला में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुत्रवधू रेखा रानी ने आरोप लगाते हुए कहा कि गजरौला पुलिस द्वारा कोई सख्त कार्यवाही नहीं की गई और न ही कोई हमें जानकारी दी गई। गजरौला पुलिस द्वारा अब कोई कार्यवाही न करने से पुत्रवधू रेखारानी ने एसपी को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराने की मांग की है।



## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

बदलापुर/जौनपुर जिले के बदलापुर तहसील अंतर्गत इंदिरा चौक पर प्रतापगढ़ युवा की हत्या के विरोध में परिजनों से मुलाकात करने के लिए रास्ते में जाते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का जिला अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार दुबे और ब्लॉक अध्यक्ष महराजगंज अमित पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का इंदिरा चौक पर जोरदार स्वागत किया गया उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. श्रीपति उपाध्याय तथा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय का भी स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसी कार्यकर्ता और किसी ब्राह्मण का अहित होने नहीं दूंगा और आखिरी सांस तक ब्राह्मण हित के लिए लड़ाई लड़ूंगा। रास्ते में स्वागत समारोह का कार्यक्रम सिंगरामऊ बाजार स्थित श्रीकांत पाण्डेय के आवास पर किया गया इस मौके पर सैकड़ों ब्राह्मण उपस्थित रहे जिनमें डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र,बद्री नारायण शास्त्री ,कैप्टन राम गुन मिश्र ,पंडित पारसनाथ उपाध्याय ,रामकुमार तिवारी, लाल चंद तिवारी, श्यामले पाण्डेय, जगदीश उपाध्याय, अरविंद मिश्रा ,उपदेश मिश्र, शरद मिश्र ,विकास उपाध्याय, श्याम मिश्र ,पंकज उपाध्याय, रंकज मिश्रा और बहुत से लोग उपस्थित रहे।।



## विद्यालय संस्थापक के आकस्मिक निधन पर जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने घर पहुंच कर जताई शोक संवेदना

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़

- पंडित ब्रह्मदेव शर्मा जी का शिक्षा क्षेत्र में अहम योगदान : दिनेश तिवारी

पट्टी नगर पंचायत पट्टी स्थित राम नारायण इंटर कॉलेज के संस्थापक पंडित ब्रह्मदेव शर्मा के आकस्मिक निधन की सूचना पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने उनके घर पहुंचकर जताई शोक संवेदना । बीते गुरुवार को हृदयाघात से हुआ था आकस्मिक निधन । पट्टी कस्बे में स्थित राम नारायण इंटर कॉलेज के संस्थापक थे, जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह महान शिक्षाविद थे। एवं महान व्यक्तित्व के धनी थे । पट्टी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके अचानक चले जाने से शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। हम गहरा दुख एवं संवेदना प्रकट करते हैं, और भगवान से प्रार्थना करते हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में साहस एवं धैर्य प्रदान करें। इस दौरान जिला सचिव दीपक सिंह, पट्टी विधानसभा के प्रधान महासचिव अमित चौरसिया, उपाध्यक्ष अरुण पांडे, ब्लॉक पट्टी के प्रधान महासचिव विकास तिवारी, एवं राम सजीवन तिवारी आदि लोग मौजूद रहें।।



## बारिस ने खोल दिया विकास का पोल कीचड़ में जाने को मजबूर राहगीर

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी । प्रतापगढ़।

पट्टी तहसील के अंतर्गत आसपुर देवसरा ब्लॉक के अमरगढ़ ग्रामसभा उदईशाहपुर में अमरगढ़ बाजार से मुसलमान बस्ती होकर बैजलपुर स्कूल उसके आस पास गांव तक जाने वाली रोड जो बिल्कुल खराब हो चुकी है,और बगल में ग्रामप्रधान उदईशाहपुर के द्वरा बनाई गई नाली जो अभी कुछ ही दिन हो रहा है ।

जो टूट कर बह गई नाली का सारा पानी रोड पर भर जाता है पानी निकलने की कोई ब्यवस्था नही बन पा रही है, युवा एन्टी करप्शन ऑर्गनाइजेशन के जिलाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि वहाँ के स्थानीय लोगो ने सभी जगह एप्लिकेशन दिया पर कोई सुनवाई नही हो रही है स्कूल के बच्चे उसी कीचड़ में जाने को मजबूर आखिर कहा है विकास कहा है लोगो के अच्छे दिन जब लोग कीचड़ में चलने को हैआखिर क्यों जिम्मेदार है इसका पीडब्ल्यूडी के अधिकारी महोदय को भी सूचना दे दी गयी है देखते है क्या कार्यवाही होती है।।











# संक्षिप्त समाचार

## सिविल बार एसोसिएशन ने किया बूस्टर डोज शिविर का आयोजन

सिकंदराराऊ। मंगलवार को सिविल बार एसोसिएशन सिकंदराराऊ के तत्वावधान में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं एवं वादकारियों ने कोरोना की बूस्टर डोज लगवाई। अधिवक्ताओं में बूस्टर डोज लगवाने को लेकर उत्साह नजर आया। इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पुंढीर, मोहम्मद सलीम कुरेशीसचिव, बनी सिंह बघेल, जितेंद्र कुमार यादव, नीरज यादव, महेश पुंढीर, कुलदीप पुंढीर, संजय यादव, बनारसी दास, हिमांशु, चंद्र प्रकाश शर्मा, आनंद पालीवाल, जय नारायण माहोर, सत्य प्रकाश, ओमशिव उपाध्याय, बिम्बसार, हरिप्रताप, धर्मेंद्र शर्मा, अंकित यादव, धर्मवीर यादव, बृजभान सिंह चौहान, अजिता, अभय चौहान, बीरू सिंह, मनीष कुलश्रेष्ठ, अरुण दीक्षित, समाज प्रिय रत्न, देवब्रूट यादव, प्रबल प्रताप, नरेश कुमार, अनिल गौतम आदि मौजूद थे।



## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा वाहन चोर दबोचा

सिकंदराराऊ। थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर घूमने वाले 1 वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हाथरस के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चौकिंग अभियान के क्रम में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुये 1 वाहन चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की हैं। जिनके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई चोरी की 1 मोटर साइकिल सं0 न्च 86 ।। 6589 बरामद हुई हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार उर्फ बिट्टू पुत्रशैलेन्द्र सिंह निवासी पोरा थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस द्वारा पूछताछ पर बताया कि उसने यह मोटर साईकिल अवागढ़ जनपद एटा से चोरी की थी जिस पर अपने भाई की मोटरसाईकिल के रजिस्ट्रेशन नम्बर न्च 86 ।। 6589 की नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा है। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह उप निरीक्षक भवानी शंकर शर्मा एवं पुलिसकर्मी मनीष राणा व मोहित मौजूद थे।



## शांति भंग में 3 लोग गिरफ्तार

सिकंदराराऊ। कोतवाली पुलिस ने शांति भंग में कस्वा पुरदिलनगर के तीन लोगों का चालान कर जेल भेजा है। पुरदिलनगर कस्बा चौकी प्रभारी सोनू राजौरा ने शांति भंग करने के मामले में इरशाद पुत्र इकराम व गुलामनवी पुत्र गुलाम सब्बीर और अभिषेक माहेश्वरी पुत्र शीलेंद्र कुमार माहेश्वरी निवासी पुरदिल नगर थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस का 151/107/116 के तहत चालान किया है।



## पथवारी माता मंदिर पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

सिकंदराराऊ। नगर के पथवारी मन्दिर पर नगर कमेटी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल सिकंदराराऊ के तत्वाधान में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के नगर मंत्री भानू



प्रताप सक्सेना ,मीडिया प्रभारी पवन वार्ष्णेय व बजरंग दल संयोजक अन्नू सैनी , आरएसएस के नगर कार्यवाहा निशांत पाराशर एवं अन्य पदाधिकारी गणों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक विपिन वार्ष्णेय, बिपिन जी लाल, अमन हिन्दू, मुकुल गुप्ता, विष्णु वार्ष्णेय, संजय परमार, दीपक सक्सेना , अनिल प्रताप, हर्षित भारद्वाज , गोविंद चौहान , रितिक गुप्ता , निशांत चौहान , उदय ठाकुर ,अंकुश यादव ,प्रेफहुल वार्ष्णेय , मोहित बघेल , सुशील चौहान , अरिहंत जैन , वैभव आदि उपस्थित रहे।

## मामूली बरसात में ही शहर के वार्डो का भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। नगर पालिका परिषद के ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने आज शहर में हुई मामूली बरसात में ही शहर के वार्डो का भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया।



ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र लगातार शहरवासियों को पालिका प्रशासन द्वारा दी जाने वाली हर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि बरसात का मौसम शुरू हो चुका हैं लेकिन बरसात होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। आज सुबह से रामपुर में हुई मामूली बरसात में ही ईओ अपने काफिले के साथ शहर के वार्डो का भ्रमण करने निकल पड़े और मौहल्लों में जाकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल बरसात में उन्हे कहीं अधिक नालों के कारण जलभराव की स्थिति देखने को नहीं मिली। ईओ ने बताया कि डीएम रविन्द्र कुमार मादंढ़ व पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं के निर्देश पर आज उन्होने शहर का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि बरसात के मौसम में शहर के कुछ मौहल्लों व सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती हैं जिसको लेकर वह लगातार उक्त चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते रहते हैं। आज हुई बरसात में ही उन्होने कई स्थानों पर जाकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया लेकिन कहीं भी अधिक जलभराव की स्थिति देखने को नहीं मिली। उन्होने बताया कि पालिका प्रशासन बरसात से पहले ही शहर के मुख्य नालों सहित मौहल्लों के बड़े नालों की तली झाड़ सफाई करा चुका हैं इसके बावजूद भी वह स्वयं नालों की स्थिति को देख रहे हैं। उन्होने बताया कि बरसात में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा चार पंप सेटों की व्यवस्था की गई हैं ताकि जलभराव की स्थिति में उक्त पंप सेटों से पानी निकाला जा सके और जनता को कोई परेशानी नहीं उठानी पडे।

## पुलिस की मदद से एक गोदाम में छापामार कार्यवाही कर सौ कुंतल से अधिक नकली खाद बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। रामपुर में नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा हैं ताकि किसानों को नकली खाद नहीं खरीदना पड़े इसके लिए विभाग द्वारा पिछले दिनों ही कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की मदद से एक गोदाम में छापामार कार्यवाही कर सौ कुंतल से अधिक नकली खाद बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार कराया हैं।

जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने कहा कि खरीफ मौसम की बुवाई लगभग समाप्त हो चुकी हैं जिसके बाद कृषकों में उर्वरकों की मांग अधिक हैं ऐसे में कुछ आसामाजिक तत्व नकली उर्वरकों को पैकिंग कर कृषकों को नकली खाद बेचकर मुनाफाखोरी करने का प्रयास करते हैं। कृषकों से अपील हैं कि उर्वरक खरीदते समय बिल जरूर लें तथा उर्वरक लेते समय एक बार बैच नंबर एवं उर्वरक की मैन्यूफेक्चर डेट भी देख लें किसी भी प्रकार का संदेह होने पर तुरन्त कृषि विभाग के नंबर 9634062179, 9760076692 पर सूचित कर दें। कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग की टीमे प्रतिदिन निरीक्षण कर रहीं हैं। उन्होने पिछले दिनों ही कोतवाली क्षेत्र के सेंट्रल बैंक वाली गली में पुलिस की सहायता से छापामार कार्यवाही की गई थी जिसमें तीन लोगों को मौके पर ही नकली खाद बनाते समय गिरफ्तार कर लिया गया था।

जबकि तीन दुकानदारों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। कोतवाली पुलिस और नकली खाद बेचने वाले और दुकानदारों की भी तलाश कर रहीं हैं वहीं विभागीय टीम द्वारा भी खाद की दुकानों का निरीक्षण कर खाद दवाईयों के सेंपल लिये जा रहे हैं ताकि कृषकों को नकली खाद से बचाया जा सकें।

## छापेमारी के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे बीएएमएस तथा बीयूएमएस चिकित्सक

सिकंदराराऊ। सोमवार को उपजिलाधिकारी द्वारा बीएएमएस और बीयूएमएस चिकित्सकों के क्लीनिक एवं नर्सिंग होम पर की गई छापेमार कार्यवाही के विरोध में सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के आयुष चिकित्सकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया और दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों के हड़ताल पर रहने के कारण पूरे दिन मरीज इलाज के लिए भटकते रहे।

चिकित्सकों ने कहा कि सभी बीएएमएस और बीयूएमएस चिकित्सक नियमानुसार ही अपनी पैथी में ही चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। जहां एलोपैथिक पद्धति में इलाज किया जा रहा है। वहां पर पहले से ही एलोपैथिक चिकित्सक की व्यवस्था है। एलोपैथिक चिकित्सक द्वारा ही उस पद्धति में मरीजों का इलाज किया जाता है। उसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है। यदि प्रशासन की इस प्रकार की कार्यशैली में सुधार नहीं आता है तो चिकित्सकों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और अपनी समस्याओं के निराकरण और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेगा।



विरोध दर्ज कराने बालों में डॉ सीपी वर्मा, डॉ ललित प्रताप बघेल, डॉ पवन कुमार कचौरा, डॉ विजय प्रकाश गुप्ता, डॉ अजीम खान पुरदिलनगर, डॉ अंशुल सोनी, डॉ अरविंद सारस्वत, डॉ राकेश कुमार, डॉ नसीम अहमद, डॉ जाहिद हुसैन, आसिम अंसारी, डॉ सीपी शर्मा, डॉ मुकेश कुमार, डॉ यतेंद्र कुमार, डॉ राकेश सिंह, डॉ केके सिंह, डॉ रामवीर सिंह, डॉ तेजवीर सिंह, डॉ अरविंद पाराशर, डॉ राम प्रकाश गुप्ता आदि थे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा दो दिवसीय रोजगार परक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सिकंदराराऊ। कृषि विज्ञान केन्द्र, हाथरस द्वारा दो दिवसीय रोजगारपरक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र पर किया गया।

केंद्र की महिला वैज्ञानिक विषय गृह विज्ञान डॉ पुष्पा देवी ने ग्रामीण युवतियों को जो पढ़ाई पूरी कर चुकी या स्कूल ड्रोपआउट कर चुकी युवतियों को कृषि जनित उद्योग धंधों जैसे मौसमी फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, जैम, जेली, मुरब्बा मार्मलेड, हरी मक्का की चाट, मक्के के आटे निर्मित खुरमे आदि पर विस्तृत चर्चा की।



मूल्य संवर्धित उत्पादों का सेवन करने से कुपोषण की समस्या को दूर करने के साथ महिलायें इन सभी उत्पादों को बनाकर निकट के बाजार में बेचकर आमदनी को बढ़ा सकती हैं।

केन्द्र के अध्यक्ष डॉ ए. के. सिंह ने कृषि आधारित उद्योगों पर प्रकाश डाला स केंद्र के फसल उत्पादन के वैज्ञानिक डॉ प्रणवीर सिंह ने दालों की छोटी पैकिंग पर मार्केट में उचित दाम मिलने से आय में बढोतरी पर चर्चा की।

केंद्र के कृषि अभियंत्रण के वैज्ञानिक डॉ कमल कांत ने महिलाओं के लिए उपयोगी कृषि मशीनरी के प्रयोग और दाल मिल लगाने की सलाह दी स पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक डॉ श्योराज सिंह रासायनिक कीटनाशी को फसल में प्रयोग न करने पर वार्ता की। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ जगदीश मिश्रा ने उपस्थित युवतियों एवं महिलाओं को मृदा नमूने लेने के तरीके को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

## संकल्प शक्ति और धैर्य की जीत थी कारगिल विजयः फैसल मुमताज

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा कारगिल विजय दिवस के मौके पर क्षेत्रिय वर्चुयल सभा का आयोजन किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने पाकिस्तान को धूल चटाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने वीर सपूतों को याद किया और कहा की हम सेनाओं के शौर्य को सलाम करते हैं और उन्हें नमन करते हैं। गौरतलब है कि कारगिल युद्ध में रामपुर के ग्राम नवाबगंज के युवा बलजीत सिंह शहीद हुऐ थे।



इस मौके पर मंच के क्षेत्रिय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज ने कहा की युद्ध सरकारों द्वारा नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र द्वारा लड़े जाते हैं। कारगिल युद्ध में रामपुर के ग्राम नवाबगंज के युवा बलजीत सिंह हुऐ थे। 23 साल पहले जब शहीद का शव आया तो आसमान भी रो पड़ा था। रामपुर में जमकर बारिश हुई थी जो लोग देश के लिए जीने या मरने का सोचते हैं वह अमर हैं। सैनिक न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए और सुरक्षित भविष्य के लिए अपने जीवन का बलिदान देते हैं। सैनिक जीवन और मृत्यु के बीच अंतर नहीं करते हैं। उनके लिए कर्तव्य सर्वोच्च हैं। अब दुश्मन का भारत से भिड़ना आसान नही हैं। पाकिस्तान की बातचीत के साथ सीमा पर दबाव बनाने की रणनीति पुरानी हो गई हैं। अब भारत से भिड़ने से पहले दुश्मन नतीजे के बारे में 100 बार सोचता हैं। आज हर मौसम में भारतीय जवान किसी भी इलाके में दुश्मन से मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम हैं।

इस मौके पर हाजी दुलेहजान अल्वी, देवेंद्र सिंह हल्लू, फसाहत अली खान, राजू, मोहम्मद इश्तियाक, मुजम्मिल हुसैन, शाहिद खान, अब्दुला आकिफ, आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बीएसए कल्पना सिंह से मिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बीएसए कल्पना सिंह से मिला।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देशभर में एक अगस्त को एक साथ एक लाख से अधिक विद्यालयों में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के निमित्त भारतमाता का पूजन, भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्चन, महाविद्यालयों में व्याख्यान मालाएं, सेमिनार, शोभायत्राएं व रैलियां आदि कार्यक्रम पूर्ण हर्षोल्लास व भव्यता के साथ समाज के सभी वर्गों को समाहित करते हुए करने जा रहा हैं। गांव-गांव में विद्यालयों में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम होंगे।

शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर उनका समारोहपूर्वक सम्मान किया जाएगा। शोभायात्राए निकाली जाएगी। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों व युवा पीढ़ी को जानकारी दी जाएगी कि स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हमारे वीर सेनानियों ने किस प्रकार कष्ट उठाये व प्रताड़ना सही और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने सर्वस्व न्यौछावर किया हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के बलिदानी वीर वीरांगनाओं के पूजन वंदन व पुण्य स्मरण के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के इस आयोजन में हर सम्भव सहयोग करने का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया।



प्रतिनिधिमंडल में विपेन्द्र कुमार, चमन गौतम, गोविंद नारायन, ज्ञान प्रकाश गौतम, डा. वसीम अहमद, गौरव गंगवार, प्रस्सन प्रकाश, सदिया महमूर, रफत बेगम, रुशी खान, अंजना सिंह, दीप्ति सिंह आदि मौजूद थे।

## रामपुर आकाशवाणी केन्द्र द्वारा अपना 57वां स्थापना दिवस समोह धूमधाम से मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। रामपुर आकाशवाणी केन्द्र द्वारा अपना 57वां स्थापना दिवस समोह धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर केन्द्र परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ परंपरिक तरीके से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सैना ने केन्द्र पर पूर्व में सेवा दे चुके सेवानिवृत्त कर्मियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। केन्द्र अध्यक्ष मंदीप कौर चड्डा व तकनीकी प्रमुख मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा पूर्व कर्मियों से उनके सेवाकाल के संस्मरण भी साझा किये। वरिष्ठ कावयित्री सोनरूपा विशाल द्वारा पहले सरस्वती वंदना और उसके बाद उनकी गायन प्रस्तुती ने सभी का मन मोह लिया। वर्तमान में आजादी के अमृत महोत्सव पर सोनरूपा विशाल द्वारा गाये गये देशभक्ति रचनाओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 25 जुलाई 1965 को अस्तित्व में आये आकाशवाणी रामपुर आठ जिलों तक के दो करोड़ लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहा हैं। कार्यक्रम अधिशासी राजीव कुमार ने संगीत प्रस्तुति दी। विनय कुमार ने बताया कि आकाशवाणी के कार्यक्रमों के निर्माण व संचालन मे भी समय के साथ निरंतर बदलाव किया हैं। तकनीकी प्रमुख मुकेश कुमार ने कहा कि लगातार बदल रहीं तकनीक के बावजूद भी केन्द्र अपनी साख श्रोताओं के बीच बनाये हुए हैं।

प्रसार भारती के निर्देश पर केन्द्र के सभी कार्य पेपर लैस यानि ई आफिस के माध्यम से हो रहें हैं।




मंदीप कौर ने कहा कि आकाशवाणी निरंतर अपने श्रेष्ठ कार्यक्रमों, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय से अपने उद्देश्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रहा है। उन्होने कहा कि श्रेष्ठ कार्यक्रम देकर आकाशवाणी केन्द्र श्रोताओं के दिलों पर राज कर रहा हैं। इस मौके पर अतुल सक्सैना, मुजफ्फर, राजीव सक्सैना, राम शरद चौहान, विशाल चौधरी, वीसी पांडे, राम कुमार सक्सैना, गजेन्द्र सिंह, विजयपाल, मोहर सिंह, रामलाल, राजेन्द्र प्रसाद, छिद्दन लाल, डीके शर्मा, एके त्यागी, ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने हत्या और बलवा के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिकंदराराऊ। थाना पुलिस द्वारा बलवा, हत्या, मारपीट आदि के मुकदमें में वांछित 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है और उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त असलाह-कारतूस बरामद किये हैं।

प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हाथरस देवेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार फरार वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना सिकन्द्राराऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 364/2022 धारा 147/148/ 149/ 302/ 307/323/504 भादवि में वांछित 2 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त 1 दो नाली लाइसेंसी बन्दूक 12 बोर मय 1 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिनांक 13/14. 07.2022 को रात्रि में थाना सिकन्द्राराऊ पर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम टीकरी कला में किसी बात को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट व फायरिंग हो गई है। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए हैं तथा एक बच्चे की मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ एवं थाना प्रभारी सिकन्द्राराऊ द्वारा मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुँचकर मारपीट एवं फायरिंग में घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया तथा मृतक के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भिजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राराऊ पर मु0अ0सं0 364/2022 धारा 147/ 148/ 149/ 302/307/323/504 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसमें दिनांक 14.07.2022 को थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 4 नामजद अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त असलाह-कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा घटना में शामिल 2 नामजद अभियुक्तों सुरजीत उर्फ गुरमीत सिंह पुत्र अरविन्द व अमन पुत्र राजेश प्रताप उर्फ बब्लू निवासीगण टीकरी कलां थाना सिकन्द्राराऊ हाथरस को असलहा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह एवं पुलिसकर्मी बनवारी लाल, राजेन्द्र सिंह एवं मोहित कुमार शामिल थे।



## पुरदिलनगर कस्बा चौकी प्रभारी एवं एन्टी रोमियो स्क्वाड ने महिलाओं को किया जागरूक

सिकंदराराऊ। पुलिस अधीक्षक हाथरस देवेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ पुरदिलनगर कस्बा चौकी प्रभारी सोनू राजौरा एवं एन्टी रोमियो स्क्वाड व थाना पुलिस द्वारा कस्बा पुरदिलनगर के विभिन्न मोहल्लों एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता करके महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

पुरदिलनगर कस्बा चौकी प्रभारी सोनू राजौरा ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पडने पर सम्बन्धित थाना व एण्टी रोमियों टीम व उप्र पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया। साथ ही सभी महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला कर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओंव बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के पैम्फलेट्स वितरित कर यू0पी0 पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।



## युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

'कानपुर नगर। जिला युवा कल्याणा एवं प्र0वि0द0 अधिकारी श्रीमती आरती जायसवाल ने बताया है कि युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी कानपुर नगर के स्थान पर बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन बेनाझाबर रोड कानपुर नगर में दिनांक 02 अगस्त, 2022 को प्रातः 9.00 बजे से किया जाना है। जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से 15 से 29 वर्ष तक के युवक/युवतियां प्रतिभाग कर सकेंगे। युवा उत्सव निम्न विधाओं में आयोजित की जानी है, जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत, एकांकी, क्लासिकल वोकल, कर्नाटक वोकल, सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन हारमोनियम लाइट, मृदंगम, गिटार वादन, मणिपुरी नृत्य, ओडिसा नृत्य, भरत नाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर आदि '( फिल्मी गानोंध्धुन का प्रयोग विधाओं में वर्जित है)'। उन्होंने बताया है कि जनपद के इच्छुक कलाकार/ प्रतिभागी जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य है अपना पंजीकरण कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी कानपुर नगर के कक्ष संख्या-4 विकास भवन द्वितीय तल में व्यक्तिगत रूप से एवं ई-मेल द्वारा dywokanpur nagar@gmail-com के माध्यम से दिनांक 31 जुलाई, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी के सम्पर्क सूत्र श्री यशस्वी रत्न मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 9369065167 एवं श्री प्रदीप कुमार चौरसिया सहायक कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 8218229023 हैं। इसके अतिरिक्त सभी विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता हैं। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विजयी प्रतिभागी दिनाँक 03 अगस्त, 2022 को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत मण्डल स्तर पर विजयी खिलाड़ी जोनलध्राज्य स्तर पर विजयी होने के उपरान्त राष्टीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कर सकते है।

## निवार्चक नामावली में शामिल मतदाताओं का डाटा एकत्रित करने हेतु जिला निवार्चन की बैठक 28 को होगी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 26 जुलाई, 2022-अपर जिलाधिकारी, उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि निवार्चक नामावली में शामिल मतदाताओं के आधार नम्बर स्वैच्छिक रूप से एकत्र किये जाने सम्बन्धी अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों, मीडिया, सिविल सोसाइटी संगठनों एवं एनजीओ आदि का सहयोग प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में जिला निवार्चन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 28 जुलाई को मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित होगी। उन्होने समस्त मान्यता प्राप्त (राष्ट्रीय, राज्यीय) राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिवों, पदाधिकारियों आदि से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

RNI NO.: UPHIN/2015/67284


# संक्षिप्त समाचार

## डाक कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर किया जोरदार स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार सावन का पवित्र माह चल रहा है । यह माह देवों के देव महादेव व आदिशक्ति पार्वती माता को समर्पित है । भक्तजन इस माह में अपने इष्ट देव को तरह तरह से प्रसन्न कर मनोवांछित फल पाने की कामना करते हैं । इस कड़ी में नगर पंचायत किरावली के भोलेनाथ के भक्तगण बजरंग दल विहिप के जिला संयोजक आर .के. इंदौलिया व उनके साथी तारा देशवार, हरीओम, बबलू, अमित, वीरपाल मोहित,योगेश चाहर ने सोमवार रात्रि 2रू35 पर डाक कांवड़ यात्रा( बिना रुके) का आरम्भ नरोरा घाट सोरों से गंगा जल लेकर किया जिसे 12 बारह घण्टापन्द्रह मिनट में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पर किरावली मौनीबाबा आश्रम स्थित भगवान शिवलिंग पर गंगाजल से जलाभिषेक कर समाप्त किया । डाक कावड़ियों के किरावली कस्बे में प्रवेश करते ही ग्रामीणों ने कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया और ढोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया जय भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए जोरदार ठुमके लगाए। इस दौरान–आर के इन्दोलिया, मण्डल अध्यक्ष पवन इन्दौलिया, आरएसएस नगर कार्यवाह श्याम हरि शर्मा,सभासद रामनरेश इन्दौलिया, लोकेंद्र मुद्गल,भूदेव शर्मा, भाजपा नेता चन्दर शर्मा ,मनीष उपाध्याय, यदुवीर सिंह, आदित्य चौधरी,धारा सिंह,भूनिया पहलवान,कृष्णा और अन्य शिव भक्त मौजूद रहे।



## तहसील परिसर में हुआ सुंदरकांड व भव्य भंडारे का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। मंगलवार सुबह दस बजे बार एसोसिएशन तहसील किरावली द्वारा तहसील परिसर में सुन्दर काण्ड व भण्डारे का आयोजन किया गया बार एसोसिएशन किरावली के उपाध्यक्ष मोरध्वज सिंह इंदौलिया ने बताया कि विगत दिनों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश लवानिया के नेतृत्व में तहसील के 28 अधिवक्ता वैष्णो देवी की धार्मिक यात्रा पर गए थे । अधिवक्ताओ ने यात्रा से लौटने के उपलक्ष्य में मंगलवार को तहसील परिसर में सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया जिसका उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह व बार एसोसिएशन किरावली के अध्यक्ष अधिवक्ता मुनेश लवानिया ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर सुंदरकांड का शुभारंभ किया गया सुंदरकांड की समाप्ति के तत्पश्चात एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि रूप में ग्रामीण न्यायालय न्यायाधीश हरिहर गुप्ता, उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अछनेरा राजीव सिरोही, न्यायिक उपजिलाधिकारी सृष्टि सिंह, तहसीलदार नीरज शर्मा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश सिंह इंदौलिया एवं बार एसोसिएशन तहसील किरावली के अध्यक्ष अधिवक्ता मुनेश लवानिया उपाध्यक्ष मोरध्वज सिंह इंदौलिया, डिगम्बर सिंह चाहर, गजेंद्र सिंह इंदौलिया, अनेक सिंह वर्मा, ताराचंद इंदौलिया,ब्रजकिशोर बोहरा, नहर सिंह, रामकुमार,मनोज चाहर, मोहित कटारा, रामनिवास शर्मा, रूपनारायण गुप्ता, देवेंद्र सिंह इंदौलिया, रामवीर सिंह, योगेश शर्मा, शिवेंद्र शर्मा, हीरेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह आदि समस्त अधिवक्ता व अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।



# जीएसटी में पंजीयन कराने से होने वाले व्यापारियों फायदे के बारे में दी गई जानकारी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। असिस्टेंट कमिश्नर खंड 14 के धनंजय कुमार जी ने बताया के जीएसटी में पंजीयन कराने के बाद भारत सरकार की तरफ से उस व्यापारी का 1000000 का एक्सीडेंटल बीमा बिल्कुल मुफ्त किया जाता है जिसकी व्यापारी को कोई किस्त नहीं देनी होती! असिस्टेंट कमिश्नर विजय यादव जी ने बताया कि जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद व्यापारी किसी भी राज्य के साथ व्यापार कर सकता है अगर व्यापारियों के पास जीएसटी पंजीयन नहीं है तो अंतरराज्यीय व्यापार नहीं कर पाएगा! उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल जी ने कहा कि जो सरकार हमें जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने पर 1000000 का एक्सीडेंटल बीमा दे रही है उस बीमा को सरकार को नॉर्मल मृत्यु पर भी देना चाहिए केवल एक्सीडेंटल पर लगी और व्यापारियों के लिए पेंशन योजना चालू करनी चाहिए क्योंकि पूरी जिंदगी भर व्यापारी सरकार को टैक्स देता है लेकिन सरकार उसके रिटायरमेंट होने के बाद कुछ भी नहीं देती इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार को व्यापारियों के लिए पेंशन योजना चालू करनी चाहिए! आगरा गुड्स कैरियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश शर्मा जी ने कहा की सरकार को ई–वे बिल की समय सीमा पहले की तरह 100 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से कर देनी चाहिए जिससे मालों का परिवहन आसानी से किया जा सके ! मीडियाप्रभारी मेघराज दयालानी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता आगरा गुड्स कैरियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने की एवं संचालन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक दीपक शर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री राजकुमार गुरनानी जी ने दिया ! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से मंडल अध्यक्ष निर्मल जैन , मीडिया प्रभारी मेघराज दियालनी ,डीसी मित्तल ,सुनील जैन , योगेश राघवानी, किशोर बुधरानी,रोहिता अयलानी, सुलेमान राजेंद्र जी एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की तरफ से उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अंचल प्रभारी अशोक बंसल मंडल प्रभारी देवेंद्र गुप्ता जी जिलाध्यक्ष राजपाल यादव नरेश वर्मा हिमांशु कौशिक अजय तिवारी मनीष जैन विनोद बघेल मोनू बघेल हरिओम सरदाना कपिल रतीश राघव आदि लोग उपस्थित रहे।



# ग्लैमर के साथ-साथ दिया सोशल मैसेज

- मां के साथ बच्चों का रैंप वॉक रहा आकर्षण का केंद्र

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। किस्से आगरा से ऑर्गनाइजेशन और इवेंट्रिक इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में फतेहाबाद रोड स्थित एक होटल में फैशन इवेंट का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की कामकाजी महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संचालिका सुरुचि भार्गव शर्मा ने बताया कि किस्से आगरा से एक अनोखी संस्था है, जिसका मकसद हर महीने अलग–अलग फील्ड से जुड़े लोगों को एकत्रित कर उनसे जुड़ी कहानी और उनके सफर को उजागर करना है। इससे ना सिर्फ उनको अपनी पहचान कराने का मौका मिलता है बल्कि अपनी तरह के और लोगों से मुलाकात होती है। इस बार का विषय रहा काम काजी महिलाएं जो छोटे, बड़े व्यावसाय चलाती हैं, उनको एक मंच देना। चांदनी ग्रोवर, अंकिता, स्वाति परसवानी, श्वेता, अनुष्का आदि महिलाओं ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मां बच्चों का एक साथ रैंप वॉक करना रहा। इसके जरिए विशेष सोशल मैसेज दिया गया। स्नेह मंद बुद्धि स्कूल के सोनू और दीपक का प्रदर्शन काफी शानदार रहा।

विभिन्न कैटेगरी में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें बेस्ट सोशल मैसेज ग्लैम दिवा, ग्लैम टीन, बेस्ट मॉम किड डुओ आदि प्रमुख रहीं।

विनर्स में श्वेता और अदिति पोद्दार, सिमरन और रायना अवतानी, भाव्या और अर्शी परसवानी

ग्लैम टीन विनर्स : अनुष्का कंसल, अनिष्का गुप्ता, नाव्या, कशिश, ग्लैम किड विनर्स, अमान खान, काशवी अग्रवाल, रायना अवतानी, अर्शी परसवानी। ज्यूरी मेंबर रहीं डॉ रंजना बंसल, पूनम सचदेवा, मिसेज यूनाइटेड नेशन 2022 डॉक्टर झूमि कुलश्रेष्ठ यादव, निधि अग्रवाल और रूबी चौधरी।



# जगनेर में चाचा की मौत भतीजे की हालत गंभीर

- ट्रैक्टर ने शिक्षकों की गाड़ी को भी चपेट में लिया

दै, अयोध्या टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। बसई जगनेर क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। और सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ट्रैक्टर चालक का पता लगाने में जुटी हुई है मंगलवार दोपहर करीब 2रू00 बजे कोर्ट चंदौसी राजमार्ग संख्या 39 के थाना बसई जगनेर क्षेत्र में एक बाइक पर नसाउआ निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र पुत्र बाबूलाल अपने भतीजे 28 वर्षीय जितेंद्र पुत्र लक्ष्मी लाल सड़क किनारे खड़े थे जगनेर की ओर से जा रही खाली ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े बाइक सवार चाचा भतीजे को अपनी चपेट में ले लिया हादसे में चाचा राजेंद्र सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और भतीजा जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे के बाद चालक मौके पर ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गया हादसे की जानकारी पर थाना प्रभारी निरीक्षक बसई जगनेर प्रदीप चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया राय सिंह की मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया प्राथमिक विद्यालय बाग का पुरा के पास शिक्षकों की एक कार भी खड़ी थी जिसे भी ट्रैक्टर ट्रॉली ने अपनी चपेट में ले लिया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर–ट्रॉली को थाने लाकर खड़ा कर दिया है चालक का पता लगाया जा रहा है ।



# भाविप सर्वोदय ने बल्केश्वर में आयोजित किये सेवा प्रकल्प

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। भारत विकास परिषद् सर्वोदय शाखा के सदस्यों ने संस्कृति माह के अंतर्गत बल्केश्वर क्षेत्र में संस्था के विभिन्न सेवा प्रकल्पो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मंगलवार की सुबह प्रातः आठ बजे सीताराम कॉलोनी पर पौधरोपण के बाद तुलसी की पौध का वितरण किया। प्रातः दस बजे वाटरवर्क्स चौराहा स्थित अग्रसेन गौशाला पर गौ माता और बछड़ों की पूजा–अर्चना के साथ गौमाता को बहुरंगी पोशाक पहनाकर गौ माता की पूजा के उपरांत चौकर, हरा चारा, हरी सब्जी, चना–दाल, गुड़ आदि खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रातः ग्यारह बजे बल्केश्वर सब्जी मंडी पर सब्जी विक्रेताओं को पॉलीथिन हटाओ अभियान के तहत प्लास्टिक की पॉलीथिन इस्तेमाल न करने को लेकर जागरूक किया। दोपहर बारह बजे जरूरतमंद गरीबो को शनिदेव मंदिर बल्केश्वर चौराहा पर भोजन वितरित किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष अजय गोयल, अध्यक्ष अतुल गोयल, सचिव अनूप गोयल, संयोजक लक्ष्मण सिंघल, पवन कुमार अग्रवाल, श्याम सुन्दर महेश्वरी, बालमुकुंद गोयल, योगेश बंसल, कपिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मनोज कुमार गर्ग, मनीष गोयल, सचिन अग्रवाल, टिंकू बंसल, मयंक अग्रवाल, रविंद्र गोयल, पूजा गोयल, आरती बंसल आदि मौजूद रही।



# फेडरेशन के प्रदेश अधिवेशन के पोस्टर का हुआ विमोचन

- राष्ट्रीय,उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों की होगी सहभगिता

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। फेडरेशन ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अधिवेशन का पोस्टर का विमोचन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सुरेश चंद्र गर्ग, प्रदेश महासचिव श्री भूपेंद्र सिंह सोबती एवं प्रदेश विद्युत कमेटी के चेयरमैन डी. सी.शर्मा द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन के बारे में प्रदेश महासचिव श्री भूपेंद्र सिंह सोबती ने बताया कि फेडरेशन का प्रदेश सम्मेलन माध्यमिक 31जुलाई,रविवार को आगरा में किया जा रहा है। जिसमें फेडरेशन के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व,कार्यकारिणी एवं समस्त उत्तर प्रदेश की जिला इकाइयों का प्रतिनिधित्व रहेगा। जिला अध्यक्ष हरेश अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन 3 सत्रों में आयोजित किया गया है। प्रथम सत्र जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारियों का उदबोधन होगा।द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथियों का उदबोधन एवं प्रदेश पदाधिकारियों का उदबोधन एवं एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों के विचार साझा किए जाएंगे। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने बताया प्रदेश अधिवेशन के तृतीय सत्र में शाम को आगरा जिले की आम सभा आहूत की की गई है।जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व की उपस्थिति में आयोजन होगा इसमें आगरा के समस्त सम्मानित सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह सोबती विद्युत कमेटी चेयरमैन डीसी शर्मा जिलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल कार्यवाहक अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास मोहन बंसल महामंत्री बृजेश पंडित कार्यवाहक महासचिव नीरज अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेश खुराना उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुकू शिष्य भगत यातायात प्रकोष्ठ चेयरमैन दीप बघेल टेंट प्रकोष्ठ चेयरमैन मुकेश निर्वाणी या को चेयरमैन पवन अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर कौशिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बृजेश पंडित जी ने किया।



# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। अछनेरा के गांव रेपुरा अहीर निवासी गज्जन सिंह यादव के चार बेटों में सबसे छोटे उदय सिंह एक सितंबर 1997 में सेना की 13 कुमायूं रेजिमेंट में बतौर सैनिक भर्ती हुए थे। युध्द में पाकिस्तानी फौज के कब्जे से कारगिल की पॉइंट 5685 चोटी को खाली कराने के लिए उनकी रेजिमेंट को लक्ष्य दिया गया था। दुश्मन के साथ वीरता से लड़ते हुए 4 सितंबर 1999 को उदय सिंह शहीद हो गए। सरकार ने दिल्ली आगरा हाइवे से



अरसेना होकर गांव को जाने वाले रास्ते का नामकरण शहीद के नाम पर किया था। शहीद के अविवाहित होने के कारण स्वजनों को खेरागढ़ में भारत पैट्रोलियम की गैस एजेंसी दी गयी।

उदय सिंह ने बचपन में ही माता पिता को खोया : जब एक साल के थे तो माँ का देहांत जून 1978 को हो गया लेकिन दुर्भाग्य ने पीछा नही छोड़ा और तीन दिन बाद घर मे डकैती पड़ी और पिताजी को गोली लगी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी । शहीद के सबसे बड़े भाई अरब सिंह जो अब इसरो में वैज्ञानिक से रिटायर्ड हैं ने ही छोटे भाइयों का लालन पालन किया और शिक्षा दिलाई । उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव स्थिति प्राइमरी विद्याल में ही हुई तथा आठवी तक चार किमी दूर आदर्श जूनियर हाईस्कूल मंगूर्रा में हुई। उसके बाद अछनेरा कस्बा के शिवप्रसाद इंटर कॉलेज से दसवीं पास कर 1997 में सेना में सैनिक पद पर भर्ती हुए थे ।

## जगदीशपुरा पुलिस ने दुष्कर्म की घटना में संलिप्त वांछित को किया गिरफ्तार

आगरा। दिन 13 मार्च 2022 को वादि द्वारा थाना जगदीशपुरा पर सूचना दी गयी कि अभिषेक कुमार उर्फ बिट्टू अपने परिजनों के साथ षड़यन्त्र के तहत वादिया को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर होटल में बुलाया और वहां पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया गया। जब वादिया ने उसके परिजनों को बताया तो उन्होंने गाली गलौच करके भगा दिया और उसकी शादी अन्य दूसरी लड़की से कर देने के सम्बन्ध में थाना जगदीशपुरा पर मु0 पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा के निर्देशन में अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी जगदीशपुरा को टीम गठित करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में 25 जुलाई को थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त इस समय आईएसबीटी मोड पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा हुआ है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंच एक बारगी दबिश देते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण का नाम, 1. अभिषेक कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र अरुण प्रसाद नि० दनियावां थाना दनियावां पटना बिहार हाल पता ग्राम व थाना नगरनौसा जनपद नालंदा, पुलिस टीम का विवरण, 1. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र शंकर पाण्डेय, 2. व० उ०नि० ब्रजेश कुमार गौतम, 3. का० प्रणवीर सिंह थाना जगदीश, 4. का0 सुनील कुमार थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।



# जय झूलेलाल सेवा संगठन कमला नगर ने संगीत मय शाम का किया आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। जय झूलेलाल सेवा संगठन कमला नगर द्वारा होटल कोस्टा कैफे मे सिंधी संगीत मय शाम का आयोजन किया गया जिसमें सिंगर रईस की सुरीले आवाज ने लोगों का दिल जीत दमा दम मस्त कलंदर और लाल मेरी पत रखना सदा झूलेलालन गाने पर लोगों के पैर अपने आप नाचने लगे कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौजूद संगठन के अध्यक्ष दीपक अतवानी राजीव नागरानी महामंत्री मनीष हरजानी शेरू साधवानी, जितेंद्र कुकरेजा, विकास दुल्हानी उपाध्यक्ष कपिल वलेचा संगठन मंत्री, तरुन कुमार , कमल जुम्मानी, मीडिया प्रभारी लकी सावलानी, नितिन सुखेजा मनीष रामानी , सुनील केसवानी रोहित वाधवानी , किशोर कुण्डवानी, जितेंद्र नागवानी, विजय खत्री ,भरत हासानी , गोविंद बत्रा, सुनील माखीजा, सुधीर मदान, किशोर ठारवानी, महेश नारायणी, धीरज वलेचा, पंकज, मयंक साधवानी,हेमंत चोइथवानी, कपिल पंजवानी, प्रदीप रामत्री , किशोर मेहता, मोंटी पुरस्नानी , विजय सिंधानी, विजय बुलानी,राहुल खेमानी, किशोर, रवि, पुनीत, पवन बत्रा, कमल कुंडलानी, विजय अतवानी, करण बुधरानी, सुनील भोजवानी , तरुण रिजवानी जय भोजवानी, रवि कुकरेजा, नरेश, जगदीश सोनी, अनिल, प्रदीप, कैलाश, चन्द्र भाई, मुकेश तोलानी, राज छाबड़ा, हरीश, कपिल, जय झूलेलाल सेवा संगठन कमला नगर आगरा।



# सुपोषण दिवस पर हुई गोदभराई, लता और अश्निनी के खिले चेहरे

- मंगलवार को 2250 आंगनवाड़ी केंद्रों पर मनाया गया सुपोषण दिवस, छह माह की उम्र पूरे कर चुके बच्चों का किया गया अन्नप्राशन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। बाग मुजफ्फर खां निवासी लता और अश्वनी की मंगलवार को सुपोषण दिवस के अवसर पर उत्सव के रूप में गोदभराई की गई। इस अवसर पर लोक गीत गाए गए, दोनों दूसरी बार मां बन रही हैं। लेकिन पहली बार उनकी गोदभराई हुई है। लता ने बताया कि उनके पति मजदूर हैं और आर्थिक तंगी के चलते उनके यहां पर ऐसा उत्सव नहीं हो सकता था, लेकिन विभाग की ओर से हुए कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अदिश मिश्रा ने बताया कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित सुपोषण दिवस जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में कई गर्भवती की गोदभराई की जाती है और बच्चों का अन्नप्राशन महोत्सव की तरह मनाया जाता है। इससे लाभार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें सही पोषण लेने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। इससे वह आसानी से पोषण संबंधी जानकारी को आत्मसात कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जनपद में 2250 केंद्रों पर सुपोषण दिवस मनाया गया। सीडीपीओ राय साहब यादव ने बताया कि सुपोषण दिवस के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। इस अवसर पर लोक गीतों के जरिए भी लोगों को सही पोषण लेने के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही छह माह के हो चुके बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न सामग्री बांटी गई। साथ ही महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से गर्भवती और धात्री महिलाओं को पौष्टिक आहार और स्तनपान के बारे में भी बताया। बाग मुजफ्फर खां क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता ने बताया कि उन्होंने सुपोषण दिवस पर गर्भावस्था में पौष्टिक खानपान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पुष्टाहार से लजीज व्यंजन बनाकर खाने के बारे में भी बताया। इसमें छह माह पूर्ण कर चुके लव, यश सहित छह बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राखी ने बच्चों को ऊपरी आहार देने की महत्ता बताई। नाला बुढ़ान सैय्यद प्रथम व द्वितीय आंगनवाड़ी कार्यक्रता सुनीता लवानियां और रितु, शीतला गली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता क्रांति शर्मा, खटीक पाड़ा में आंगनवाड़ी सुनीता ने सुपोषण दिवस का कार्यक्रम संपन्न कराया।



# संजय पैलेस शहीद स्मारक पर शहीदों की प्रतिमाओं को साफ कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। संजय पैलेस शहीद स्मारक पर, शहीदों की प्रतिमाओं को कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर भारती सेना के अदम्य साहस और शहीदों की शहादत को सलाम कियाद्य इस अवसर पर 7/1 कम्पनी, 1 यू पी वाहिनी, दयालबाग शिक्षण संस्थान के एनसीसी कैडेट्स द्वारा संजय पैलेस स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित हो स्मारक की साफ सफाई और स्मारक में लगी हुई शहीदों की प्रतिमाओं को साफ कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सीनियर अंडर ऑफिसर उदयवीर रघुवंशी ने भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद आदि शहीदों के जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा किये। इस अवसर पर संस्थान के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट मनीष कुमार ने कैडेट्स को कारगिल युद्ध के घटनाक्रम और इसकी तैयारी और इस विजय के लिए अपनी शहादत देने वाले शहीदों से कैडेट्स को अवगत कराया और कैडेट्स से आव्हान किया कि वे देश सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहें उन्होंने कहा कि भारत माँ के इन वीर सपूतों के बलिदान दिवस को मात्र श्रद्धांजलि तक सीमित ना रखें अपितु उनके विचारों को आपस में संगठित करके जन–जन तक पहुंचाया जाएद्य इस कार्यक्रम में 30 कैडेट्स ने बढ़–चढ़कर भागीदारी दी। एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों के स्मारकों व उनकी प्रतिमाओं को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सीनियर अंडर ऑफिसर उदयवीर रघुवंशी ने कियाकिया। इस कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर अनिल कुमार, तुषार उपाध्याय, शिवकांत कैडेट तरुण, वैभव झा, अभिनय सिंह, जय सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाईनिभाई।



# रामानुजन इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

- हिमालय से ऊंचा था कारगिल शहीदों का साहस

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। वर्ष 1999 में पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से धोखे से किए गए आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देने और भारतीय सेना की विजय के पर्व कारगिल विजय दिवस को कस्बे में विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं स्कूलों मैं भारतीय सेना के अमर जवानों के शीर्ष बलिदान व शौर्य को नमन करते हुए पर्व कारगिल विजय दिवस मनाया गया साथ ही देश के नौनिहालों को सेना की वीरता की गाथा सुनाई गई।कारगिल शहीदों और वीरों के अदम्य साहस को याद करते हुए रामानुजन इंटरनेशनल स्कूल में इस पर्व को मनाया गया 23 वा कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश गोयल ने छात्र–छात्राओं को कारगिल युद्ध में हमारे देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस के बारे में विस्तृत तरीके युद्ध की दुर्गमता तथा सामाजिक कठिनाइयों के बारे में बताया और कहा कि हमारे भी सपूतों ने सियाचिन ग्लेशियर की दुर्गम पहाड़ियां जिनकी ऊंचाई लगभग 18000 फुट थी जहां दुश्मन ने कब्जा कर रखा था और भारतीय फौजी नीचे थे इसविषम परिस्थितियों में भारतीय वीर सैनिकों ने भीषण युद्ध तथा कार्य कल पर तिरंगा ध्वज फहराया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीजेपी जिला अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कारगिल युद्ध की विषम परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला विद्यालय के छात्र छात्राओं ने वीर सपूतों को याद करते हुए देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए और सामूहिक गीत भी गाए।विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मोहिनी जिंदल ने कार्यक्रम शहीदों को याद करते हुए कहा मातृभूमि पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानी भले ही अबहमारे बीच नहीं है मगर उनकी यादें हमारे दिलों में हमेशा हमेशा के लिए बस ही रहेंगे कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक इंजीनियर गौरव जिंदल ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया कार्यक्रम में खेरागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन गोयल, राम सेवक त्यागी, ललित गोयल, मनीष गोयल, और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।



# कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कॉलेज की राष्ट्रीय कैडेट कोर, आर्मी विंग द्वारा कारगिल विजय दिवस के 23वे वर्ष के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया, जिसका शुभारंभ महा विद्यालय के प्राचार्य डॉव अनुराग शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य डॉव अनुराग शुक्ला ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारत की सेना ने अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मन को करारी शिकस्त दी थी। भारतीय जवानों के इस बलिदान को देश नतमस्तक होकर प्रणाम करता है। संगोष्ठी में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉव मनोज रावत ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना युद्ध, केवल जीतने के लिए ही लड़ती है और पाकिस्तान से हुए चारों युद्ध इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कंपनी कमांडर ले अमित अग्रवाल ने कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त सभी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉव संध्या मान ने विभिन्न युद्धों में भारतीय सैन्य अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया। संचालन कैडेट वर्णिका पांडे ने तथा आभार कैडेट उजाला ने व्यक्त किया। गोष्ठी में कैडेट रामू यादव, कुंजबिहारी, प्रिंस, अभिषेक यादव, सिमरन, उजाला, प्रिया, लक्ष्मी, नंदिनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉव बीके शर्मा, डॉव नीरा शर्मा, डॉव रीता निगम, डॉव नितेश शर्मा, यूओ अरुण तरकर, अमन श्रीवास्तव, मनस्वी, दीपक, अनिल यादव, आराध्या आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# हाई स्कूल एवं इण्टर परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र छात्राओं को विधायक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

• विभिन्न बोर्डों के 62 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र,मेडल व पेन भेंट कर किया गया उत्साह वर्धन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज, सी.बी.एस.ई., आई. सी.एस.ई. एवं उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा–2022 में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ विभिन्न विद्यालयों के 62 मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति–पत्र, मेडल व पेन भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीआईओएस डॉ. चन्द्रपाल, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक–शिक्षिकाएं, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, डीएम डॉ. चन्द्र, एसएसपी केशव कुमार चौधरी व अन्य वक्ताओं ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि आज के कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी छात्र–छात्राओं को सीख दी गयी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। सभी वक्ताओं ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। विधायक, डीएम व एसएसपी ने मेधावी छात्रों को बधाई भी दी। समारोह के दौरान मेधावी छात्रों ने भी अपना अनुभव साझा किया।

सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की हाईस्कूल परीक्षा–2022 में सरस्वती विद्या मन्दिर, इं.का. माधवपुरी के शरवर्षि कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, आयुष मिश्रा, अनूप कुमार विश्वकर्मा, अभिनव मिश्रा, सीमान्त इ.का. रूपईडीहा के अंश श्रीवास्तव, पं. राधेश्याम पाण्डेय इं.का. जमोद चरदा की नेहा मौर्या, स्व. तीरथराम महराज उ.मा.वि. कोटिया धरमनपुर के श्रीश चौधरी, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा के पीयूष, मदनी अ.का. वकपिहानी कैसरगंज की तुबा फातिमा, बाल शिक्षा निकेतन इ.का. बहराइच की अनन्या सोनी, आदित्री यादव, हाजी मो. यूसुफ इ.का. बाबागंज के अभिनव कुमार गुप्ता, बनवारी देवी इ.का. अशोकनगर खुटेहना की रूखसार बानों, राजकीय हा.स्कूल विशेश्वरगंज की मधुर शुक्ला, हुकुम सिंह इ.का. कैसरगंज के यश सोनी, पं. रामहर्ष मिश्र स्वामी विवेकानन्द इ.का. महसी के कशिश सिंह, सम्राट अशोक महान इ.का. पुरैना बाजार की सरिता जायसवाल को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की इण्टरमीडिएट परीक्षा–2022 में सैनिक इन्स्टीट्यूट इ.का. बहराइच के सूर्यभान सिंह, बाल शिक्षा निकेतन इ.का. बहराइच की तन्मय, अनुष्का सिंह, सरस्वती विद्या मन्दिर, इं.का. माधवपुरी की शिवानी, अनुष्का मिश्रा, श्री छोटेलाल



त्रिपाठी इ.का. मुसल्लमपुर की दिव्या शुक्ला, सीमा देवी, डॉ. राम मनोहर लोहिया इ.का. इमलियागंज की अंजली द्विवेदी, राम प्रकाश इं.का. सुहेलवा पयागपुर के शेषराज प्रजापति व अबू शमा, सम्राट अशोक महान इ.का. पुरैना बाजार रोहनी पाण्डेय व अनुकीर्ति मिश्रा, नवयुग इ. का. मिहींपुरवा के नीलेश गुप्ता, मॉ पार्वती इ.का. बरदहा की अवंतिका मिश्रा को सम्मानित किया गया।

सी.बी.एस.ई. बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2022 में जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के आदित्य शुक्ला, आशुतोष विश्वकर्मा, डिवाइन ग्रेस इ.का. की यशी ड्रालिया, हिमांशी पटेल तथा संत पथिक इ.का. के अदिति सिंह, प्रत्यूष कुमार, पीयूष गुप्ता व डब चौधरी व सी.बी.एस.ई. बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षा–2022 में बुद्धा पब्लिक इ.का. के शिवा पाण्डेय, ओजस्व श्रीवास्तव, विद्युष टण्डन, संत पथिक इ.का. अभय गॉधी व डिवाइन ग्रेस इ.का. के प्रिंस मिश्रा

आई.सी.एस.ई. बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2022 में सेंट पीटर इ.का. नानपारा अस्तित्व मिश्रा व श्रेयांश, सेंट नार्बट इ.का. बहराइच के सृष्टि सिंह व समृद्धि चौबे, अनवेशा बरनवाल, बैरोज ब्लू बेल्स इ.का. के आयुष श्रीवास्तव, श्रद्धा जायसवाल व समृद्धि सिंह तथा आई.सी.एस.ई. बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षा–2022 में सेंट पीटर इ.का. नानपारा के श्रेया सिंह, पीना गुप्ता, नितीश मदेशिया, सेंट नार्बट इ.का. बहराइच की अंजली द्विवेदी, सेवेल्थ डे इण्टर कालेज के ललित कुमार यादव को सम्मानित किया गया।

उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ की हाईस्कूल (पूर्व मध्यमा द्वितीय) परीक्षा–2022 में श्री रामजानकी शिव संस्कृत मा.वि., परसिया आलम के सूर्य प्रकाश व अनुराधा शर्मा तथा उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ की इण्टरमीडिएट (उत्तर मध्यमा द्वितीय) परीक्षा–2022 में श्री सिद्धनाथ महादेव सं.मा.वि. सेमरौना के अनादी मिश्रा व आशीष पाठक को प्रशस्ति–पत्र, मेडल व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से मौजूद शिक्षण स्टाफ, अभिभावकों व छात्र–छात्राओं के विधायक, डीएम व एसएसपी ने झण्डा गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा'' के सामूहिक गान से प्रेरित किया।

## चंबल नदी जलस्तर 120 मीटर पहुंचा और पानी बढ़ने की संभावना

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट से सटी चंबल नदी का जलस्तर राजस्थान के कोटा बैराज से छोड़े पानी से बढ़ गया है। नदी में पानी और आने की संभावना जताई गई है। जानकारी के अनुसार राजस्थान में हुई लगातार बारिश के चलते कोटा बैराज में पानी बढ़ जाने से रविवार को पानी छोड़ा गया था। जिसके चलते चंबल नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार शाम तक चंबल नदी का जलस्तर बढ़कर पिनाहट घाट पर 120 मीटर तक पहुंच गया। नदी में और पानी आने और बढ़ने की संभावना जताई गई है। फिलहाल तटवर्ती इलाकों में स्थिति



सामान्य है खतरे की कोई आशंका नहीं है। क्योंकि चंबल नदी खतरे के निशान से करीब 10 मीटर नीचे बह रही है। वहीं सुरक्षा दृष्टि को लेकर प्रशासन बाढ़ नियंत्रण चौकियों पर पूरी तरह से अलर्ट है। वहीं मध्यप्रदेश और राजस्थान में बारिश और हुई तो चंबल में बाढ़ के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## झंडा ऊंचा रहे हमारा विजई विश्व तिरंगा प्यारा : बीडीओ बलहा संदीप कुमार

• आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में घर–घर में फहराया जाए तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बलहा बहराइच। ब्लॉक सभागार बलहा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार ने सभी क्षेत्रीय लोगों से आग्रह किया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर पर तिरंगा लहराए जाए के कार्यक्रम में ब्लॉक सभागार में मीटिंग आयोजित की जिसमें बीडीओ बलहा ने लोगों से जोर देते हुए कहा कि भारत का हर नागरिक आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में अपने घर में तिरंगा लहराए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का



आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर घर में तिरंगा फहराया जाना है पूरे देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशन में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीणों को अपने अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करें जिससे प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है इस मौके पर एडीओ पंचायत मंसाराम यादव ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप त्रिपाठी, आशीष कुमार शर्मा, रविंद्र यादव, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सिंह, शाहनवाज अहमद रामनरेश प्रभात कुमार राणा, विजय कुमार, सहित ब्लॉक बलहा क्षेत्र के प्रधान गण व अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने पर कस्बेवासियों ने बलहा विधायक एवं प्रतिनिधि का किया भव्य स्वागत

• दैनिमिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने पर कस्बेवासियों ने बलहा विधायक एवं प्रतिनिधि का किया भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहीपुरवा बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा कस्बे को नगर पंचायत बनाने की मांग सन 1980 से चल रही थी।जिसको लेकर काफी दिनों से मिहींपुरवा कस्बेवासी आस लगाए बैठे थे।काफी दिनों बाद मिहींपुरवा सम्पूर्ण क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान कर।

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा कस्बे को नगर पंचायत बनाने की मांग सन 1980 से चल रही थी।जिसको लेकर काफी दिनों से मिहींपुरवा कस्बेवासी आस लगाए बैठे थे।काफी दिनों बाद मिहींपुरवा सम्पूर्ण क्षेत्र, मोतीपुर, परवानी गौढी, कुड़वा के आंशिक क्षेत्र को जोड़कर मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। मिहींपुरवा कस्बेवासियों एवं व्यापारियों में काफी हर्ष का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया पर शीर्ष नेतृत्व करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में मिहींपुरवा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने में अहम योगदान देने वाली बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं प्रतिनिधि आलोक जिन्दल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस सम्मान समारोह में कस्बेवासियों एवं सभी व्यापारियों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए समारोह में शामिल सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया । सम्मान समारोह का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता हरगोविंद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर रवींद्र



अग्रवाल, राजेश गोयल, सोमवर्धन पाण्डेय, अरविंद मदेशिया, राम आशीष सोनी, अनूप रस्तोगी, राजेश अग्रवाल, रंजना विश्वकर्मा, किरन मौर्या, वीरेन्द्र शर्मा, युवा भाजपा नेता पीयूष मौर्या, सचिन सोनकर, मोहित सोनकर, जुगुल पोरवाल, नीरज श्रीवास्तव, अरविन्द मदेशिया, गोविन्द अग्रवाल, सरदार गुरमीत सिंह, भूटानी पोरवाल, सुधाकर मिश्रा, सुभाष बंगाली, पंकज पाठक, कुंवर सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# कोविड प्रिकॉशन डोज के लिए गांव-गांव आयोजित होंगे शिविर

• बढ़ती भीड़ के चलते बनायी गयी कार्य योजना

• एक सप्ताह में मिल जाएगी सभी को प्रिकॉशन डोज





शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर पयागपुर अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में मंगलवार को ए0एन0एम0 साप्ताहिक बैठक की समीक्षा करते हुए सीएचसी अधीक्षक पयागपुर डा. विकास वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा 15 जुलाई से जनपद में व्यस्कों को कोरोना से बचाव के लिए निशुल्क कोविड टीकाकरण की प्रिकॉशन डोज लगाने का एलान किया था। जिसके चलते अस्पतालों में भीड़ होना शुरू हो गई है। इसके लिए उन्होने आशाओ को सर्वे कर डाटा भेजने के लिए कहा ताकि गांव में मौके पर ही कैंप लगाकर लोगों को प्रिकॉशन डोज दी जा सके। उन्होंने बताया कि इससे पहले व्यस्कों को निजी अस्पतालों में कोविड टीकाकरण की प्रिकॉशन डोज लगायी जा रही थी। इसमें लोग अधिक रुचि नहीं दिखा रहे थे। अब सरकारी अस्पतालों में प्रिकॉशन डोज के लिए भीड़ होना शुरू हो गई है। सभी को समय रहते टीका लग सके इसके लिए उन्होने गांव स्तर पर कैंप लगाने के निर्देश दिये। उन्होने सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों, व्यापारियों, कोटेदारों, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओ से नगर निकाय और ग्राम पंचायत में टीकाकरण स्थल पर अधिक से अधिक पात्र लोगों को एकत्र कर टीकाकरण कराने के लिए आग्रह किया है।

एक सप्ताह में सभी पात्र होंगे प्रिकॉशन डोज से आच्छादित – बीपीएम सीएचसी पयागपुर अनुपम शुक्ल ने बताया इस बाबत कार्य योजना का निर्माण किया गया है। जिसके अनुसार प्रतिदिन प्रत्येक उपकेंद्र क्षेत्र के 27 ग्राम पंचायतों के विभिन्न मजरों को कवर किया जाएगा। इस तरह से एक सप्ताह में पूरे विकास खण्ड में सभी ग्राम पुरवे में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लाभार्थियों को प्रिकॉशन डोज की खुराक प्रदान की जाएगी।

इन दस्तावेजों के साथ लगवाएं प्रिकॉशन डोज– बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रिकॉशन डोज के लिए लाभार्थियों को अपने टीकाकरण की पर्ची, आधार व मोबाइल के साथ अनिवार्य रूप से आना होगा। सत्र स्थल की जानकारी आशाओ द्वारा अपने क्षेत्र में टीकाकरण के 1 दिवस पूर्व भ्रमण कर दी जाएगी ।

कौन लगवा सकता है प्रिकॉशन डोज– धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके ऐसे सभी लोग जो बूस्टर डोज की द्वितीय खुराक 06 माह पहले लगवा चुके हैं प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र हैं।

बैठक में गर्भवस्था पंजीकरण, कन्या समुंगला योजना, नियमित टीकाकरण, मातृ वंदना योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के साथ की समीक्षा की गई व आवश्यक सुधार हेतु सभी सम्बंधित को निर्देश दिए गए।

## सरकार के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए तालाबों पर बरकरार है अवैध अतिक्रमण

• जिम्मेदार अधिकारी मौन रहकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को दे रहे संरक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम्स परसपुर गोंडा। एक तरफ जहाँ सरकार तालाबों के सौन्दर्यीकरण पर जोर दे रही है तो दूसरी तरफ दबंग लोग सरकार के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए तालाबों पर अतिक्रमण कर रहे है वहीं जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ देखते और जानते हुए मौन हैं और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को संरक्षण दे रहे हैं। मामला विकास खंड परसपुर के अंतर्गत आने वाले डेहरास ग्राम पंचायत में छेतौनी का है,जहां स्थित तालाब गाटा संख्या 4137 है। जिसमे ग्रामीणों के घर का पानी जाता है।

कुछ दबंग लोग जलमग्न तालाब को पाटने मे और अवैध कब्जा करने में लगे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत थाना, तहसीलदार, जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री व जिम्मेदार जन प्रतिनिधि को प्रार्थना पत्र देकर की है और समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया गया है। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों का पानी और बारिश का पानी इसी तालाब मे जाता है अगर यह पट गया तो लोगों को जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ेगा। बताते चलें कि दबंग लोग सरकार को ठेंगा दिखाते हुए तालाबों पर अतिक्रमण कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। वहीं ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन न्याय संगत कार्यवाही करेगा।

## पिनाहट विद्यालय में शहीद दिवस पर शहीदों को शिक्षकों ने किया याद

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के राजाखेड़ा मार्ग स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में मंगलवार को कारगिल विजय शहीद दिवस के मौके पर प्रधानाचार्य दिनेश तोमर के नेतृत्व में विद्यालय परिसर के शहीद स्मारक पर सभी शिक्षक एकत्रित हुए जहां कारगिल युद्ध में शहीद हुए देश के शहीदों को शहीद दिवस के मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर



श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य दिनेश तोमर ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों का और उनके परिवार का कर्ज कभी पूरा नहीं किया जा सकता। देश के लिए बलिदान हुए शहीदों को सदैव यह देश याद रखेगा। इस दौरान दिनेश चंद गुप्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार


### एक व्यक्ति ने छोटी गंडक में लगाई छलांग स्थानीय लोगों ने बचाई जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के पुल पर से एक व्यक्ति ने नदी में छांग लगा दिया स्थानीय लोगों की मदद से उस व्यक्ति को बचाया गया सत्यनारायण कुशवाहा पुत्र लालजी कुशवाहा उम्र करीब 42वर्ष निवासी थाना खामपार अपने घर से नाराज होकर भटनी थाने के अंतर्गत छोटी गंडक नदी पुल से कूदकर जान देने की कोशिश की बताते चले कि घर से नाराज होकर निकला था सत्यनारायण भटनी छोटी गंडक नदी के पुल से छलांग लगा दी स्थानीय लोगों ने मौत के मुंह से खींच कर उस व्यक्ति की जान बचाई परिवार वाले से कहासुनी को लेकर बहस हुआ इसी लिए घर से निकाला था सत्यनारायण को डूबता देख लोगो ने जान बचाकर उन्हें पुलिस के हवाले किया पुलिस ने घर वालों को फोन द्वारा सूचना देकर थाने पर बुलवाकर ग्राम प्रधान खामपार को सुपुर्द किया स्थानीय लोगो की बहादुरी की चर्चा क्षेत्र में फैल गए।



### ग्राम प्रधान की मांग पर सड़कों के गड्ढे को भरने का कार्य शुरू



संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लॉक प्रधान क्षेत्र के अंतर्गत सामग्र ग्राम पंचायत विप्रावली के मजरों के मुख्य मार्ग से गांव के लिंक मार्ग जर्जर पड़े हुए थे। लिंक मार्गो पर गहरे गड्ढे हो गए थे जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसे लेकर पिनाहट ब्लॉक प्रधान संगठन अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान देवानंद परिहार ने 2 सप्ताह पूर्व ग्राम पंचायत के जर्जर मार्गों को लेकर जिलाधिकारी आगरा एवं मुख्य अभियंता पीडब्लू विभाग से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराकर ज्ञापन सौंपकर गड्ढा मुक्त मार्ग की मांग की थी। जिस पर अधिकारियों ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। प्रधान के प्रयास से विप्रावली ग्राम पंचायत के मजरा सूबेदारपुरा, विप्रावली, बीच का पुरा, देवगढ़,पडुआपुरा के लिंक मार्ग का अधिकारियों के आदेश के बाद गड्ढा मुक्त करने के प्रारंभ हो गया है। मार्गों पर खड़ी झाइयों को हटाने का भी कार्य शुरू हो गया है। लिंक मार्गो के गड्ढों में गिट्टी डालकर बिछाई जा रही है। सभी मजरों के लिंक मार्ग अब गड्ढा मुक्त हो सकेंगे। ग्राम प्रधान के प्रयास की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की है।

## हजारो कांवडिये दो दिन से चंबल घाट पर लाइन मे लगे

• प्रशासन की लापरवाही,लंबी लाइन होने पर नही लगाया अतिरिक्त स्टीमर

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री कांवडियो पर फूल बरषाकर उनका स्वागत कर रहै। तो दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के चलते पिनाहट चंबल नदी घाट पर कावड़ियों को दो दो दिन तक लाइन लगकर रात गुजारनी पड रही है। पिनाहट चंबल नदी घाट से होकर सावन के प्रत्येक सोमबार को हजारो कांवडिये मध्यप्रदेश की ओर गुजरते है।किन्तु इन कांवडियो के लिये प्रशासन द्वारा अलग से कोई ब्यवस्था नही की गयी।जिससे हजारो कांवडियो को लाइन मे लगे रहना पड रहा है।बरषात के दिनो मे पिनाहट चंबल नदी घाट पर पैंटून पुल को हटाकर लोक निर्माण विभाग एक स्टीमर चलाकर लोगो का आवागमन करवाता है।सावन के महीनो मे आण लोगो के अलावा हजारो की संख्या मे कांवडिये मध्यप्रदेश की ओर निकल रहै है।किन्तु प्रशासन द्वारा किसी अन्य स्टीमर की ब्यवस्था न कराई जाने के कारण रविवार रात से मंगलवार रात तक हजारो की संख्या मे कांवडियो की लंबी लंबी लाइने पिनाहट चंबल नदी घाट पर लगी हुई है।स्टीमर सुबह 6 बजे से शाम सात बजे तक चलता है।इस दौरान एक बार मे मात्र तीस कांवडियो को नदी पार कराया जाता है।जिसका कारण शाम तक बहुत कम संख्या मे कांवडिये नदी पार कर पा रहै है।जिससे कांवडियो को लाइन मे खडे रहकर बडी परेशानी हो रही है।जबकि प्रशासन इनको निकालने के लिये अलग से स्टीमर की



ब्यवस्था कर सकता था।किन्तु लापरवाही के चलते प्रशासन द्वारा कांवडियो के लिये कोई ब्यवस्था नही की गयी है।नतीजन तीन दिन से कांवडियो को नदी पर लाइन मे लगकर पार निकलने का इंतजार करना पड रहा है। और योगी राज मे प्रशासन कांवडियो को हो रही परेशानी को आंख खोले आराम से देख रहा है।उस जिलाधिकारी बाह रतन सिह वर्मा ने बताया कि अतिरिक्त स्टीमर की ब्यवस्था नही हो पा रही है।पिनाहट घाट पर रखा दूसरा स्टीमर चलने योग्य नही है।इंजीनियर के द्वारा उसकी जांच करायी जा चुकी है।

## ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से चार घायल,एक की हालत गंभीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स खैरीघाट बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र में अलग अलग दो स्थान पर ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से चार लोग चोटिल हो गए।एक की हालत गंभीर बनी हुई हैं।थाना क्षेत्र के इमामगंज पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बैट्री रिक्शा को ठोकर मार दी।रिक्शा में सवार हरदी थाना क्षेत्र के सिंगिया नसीरपुर गांव निवासी अफरीना 25 वर्ष अपनी ससुराल आलम पुरवा कोतवाली नानपारा से परिजनों संग मायके जा रही थी।थाना क्षेत्र के टिकानपुरवा गांव निवासी मुनव्वर अली,मुसे चोटिल हो गए।वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बरदहा मोड़ के पास की है जहां कोतवाली नानपारा क्षेत्र के तेलियन पुरवा गांव निवासी राजू अपनी मोटर



साइकिल से घर जा रहा था।विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दी।जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कांस्टेबल अमर जीत ने सभी घायलों को बैट्री रिक्शा से सीएचसी शिवपुर पहुंचाया।जहां डॉक्टर नलिन राजा ने सभी घायलों का इलाज किया।राजू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस ने बताया ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में है।वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत एस एस बी की जागरूकता रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल , नानपारा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के छात्र/छात्राओं के साथ जागरूकता रैली , वृक्षा रोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मंगलवार को 59 वीं वाहिनी मुख्यालय , सशस्त्र सीमा बल , नानपारा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के छात्र/छात्राओं के साथ जागरूकता रैली , वृक्षा रोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के बच्चों ने बढ़ – चढ़ भाग लिया । इस कार्यक्रम का आयोजन स्वर्णजीत शर्मा , कमांडेंट 59 वी वाहिनी स.सी. ब . नानपारा के



तत्वाधान में किया गया । कमांडेंट 59 ती वाहिनी स.सी. ब . नानपारा ने बच्चो को उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला साथ ही ध्वज के आचार संहिता के बारे में जागरूक किया और 75 वे स्वतंत्रता दिवस को धूम – धाम से मनाने एवं अपने – अपने घरो पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया तदोपरांत स्वर्णजीत शर्मा , कमांडेंट 59 वी वाहिनी एवं कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ वृक्षा रोपण कर हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आगाज किया। इस कार्यक्रम के दौरान रमेश चंदर , सहायक कमांडेट , निरीक्षक ( प्रशासन ) बी . के . जायसवाल , कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक , मनोज कुमार गुप्ता, प्रबंधक, कृपाराम जन जागृति हाई स्कूल के शिक्षकगण , छात्र/छात्राओं एवं बल के अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे।

## कप्तान के पीआरओ राकेश सिंह व थानाध्यक्ष कटरा चितवन कुमार सहित एक दर्जन एसआई बने इंस्पेक्टर

• उप निरीक्षकों की इस तरक्की से उनके परिजनों,सगे संबंधियों तथा इष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल



दैनिक अयोध्या टाइम्स गोंडा उत्तर प्रदेश। जनपद में तैनात एक दर्जन उप निरीक्षकों को प्रोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के पीआरओ राकेश कुमार सिंह का भी नाम शामिल है। सोमवार को विभाग द्वारा जारी की गई सूची में एस०आई० राकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कटरा बाजार चितवन कुमार, चौकी प्रभारी भंभुआ वेद प्रकाश शुक्ल, नबाबगंज थानाध्यक्ष टी०पी० सिंह सहित 12 उपनिरीक्षकों को इंस्पेक्टर के ओहदे से नवाजा गया। उप निरीक्षकों की इस तरक्की से उनके परिजनों,सगे संबंधियों तथा इष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है। वहीं खुशी के इस मौके पर लोगो द्वारा एक दूसरे को शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है।

## अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन 28 जुलाई को


दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। अपर जिलाधिकारी(वित्त/ राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं यथा–लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन 28 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से टाउन हॉल ऑडिटोरियम में किया जायेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत में लगने वाले कर के अधिभार में 100: की छूट देने का लिया निर्णय : चेयरमैन सरला साहू

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। नगर पंचायत की बोर्ड बैठक शांति से हुई सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बनी सहमति। बताते चलें नगर पंचायत सभागार में चेयरमैन सरला साहू की। अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न हुई। वहीं बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों को लेकर कई प्रस्ताव पास हुए बोर्ड की आम सहमति से नगर पंचायत अध्यक्ष ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए लोगों के बकाया गृहकर, जलकर व व्यापार कर में लगने वाले अधिभार पर सौ प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया। उपस्थित सभासदों ने भी विकासकार्यों को लेकर अपनी बात बैठक में उठाया। बोर्ड बैठक में अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू, चौयरमैन पति प्रभात साहू व सभी सभासदगण उपस्थित रहे। बोर्ड बैठक में नगर के विकास को लेकर अनेकों कार्य पर चर्चा की गई साथ ही बोर्ड की बैठक में पं० दीनदयाल नगर विकास योजना से 50 लाख का प्रस्ताव पास हुआ। जिसमें नगर का सुंदरीकरण इंटरलॉकिंग पेयजल व्यवस्था सड़क बिजली सफाई व्यवस्था को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। चेयरमैन सरला साहू ने बोर्ड बैठक में लोगों के बकाया जलकर, गृहकर व व्यापार कर पर लगे अधिभार पर 100 फीसदी छूट देने का प्रस्ताव रखा जिसका सभी ने स्वागत किया। लोकप्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष (चौयरमैन) सरला साहू व अध्यक्ष पति प्रभात साहू ने जानकारी देते हुए बताया बोर्ड की बैठक शांति से संपन्न हुई है कई विकास कार्यों पर चर्चा हुई है लगातार नगर का विकास कराया जा रहा है और बोर्ड की बैठक में जो विकासकार्यों पर चर्चा हुई है उस पर भी तेजी से कार्य किया जायगा जिससे नगर का विकास तेजी से चलता रहे हमेशा जनता के हितों को देखते हुए कार्य किया गया है। इस दौरान सभासद अंकुर गुप्ता, फिरोज अहमद, नूरुल हक, रामकुमार यादव, सतीश कुसमेश, विनीत वैश्य, कौशर कुरैशी, विजय कुमार सहित अन्य सभासदगण मौजूद रहे।



## पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा निरीक्षक पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने वाले उप-निरीक्षकों को स्टार लगाकर शुभकामनायें दी गयी

रायबरेली ब्यूरो। निरीक्षक पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने वाले उप–निरीक्षक श्री नारायण कुमार कुशवाहा पीएनओ–900620360 (नियुक्ति वाचक, पुलिस अधीक्षक रायबरेली) व उप–निरीक्षक श्रीमती संतोष कुमारी पीएनओ–942460128 (नियुक्ति महिला रिपोर्टिंग चौकी, थाना लालगंज रायबरेली) को आज दिनाँक 26 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा प्रोन्नति पर स्टार (सितारा) लगाकर निरन्तर ईमानदारी, कर्मठता, निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुये उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी गयी।



# गौशाला अनुश्रवण मूल्यांकन समिति बैठक में अधिकारियों गौवंश केन्द्रों को प्रभावी तरीके से चलाये : डीएम

180 दिवस का अभियान चलाकर निराश्रित/बेसहारा गोवंशों करें संरक्षित : माला श्रीवास्तव

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन के सभागार में गोशाला से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक करते हुए समस्त एसडीएम, ब्लाकों के विकास खण्ड अधिकारियों एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायत स्तर पर गौसंरक्षण केन्द्रों को प्रभावी तरीके से संचालित करें।

उन्होंने कहा कि निराश्रित/दुर्घटनागस्त बड़े पशुओं को पकड़ कर परिवनहन हेतु सांसद निधि, विधायक निधि, क्षेत्र पंचायत निधि एवं स्थानीय व्यापार मण्डल के सहयोग से कैटिल कैचरध्मल्टी परपज वेहीकल के क्रय करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम व बीडीओं सहित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में निराश्रितध्बेसहारा घूम रहे गोवंशों को 180 दिवस में प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत संरक्षित करने के लिए अभियान चलाया जाए।

किसी भी दशा में किसी भी स्थानों व क्षेत्रों में गौवंश निराश्रित न घुमता मिले। समस्त अधिकारियों को कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल कार्य को पूर्ण किया जाये उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यह मुख्यमंत्री जी की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरते। उन्होंने कहा कि समय रहते हुए अपने–अपने कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करते हुए गौवंश संरक्षण केन्द्रों को पूर्ण करा लें और निराश्रित पशुओं को उसमें रखा जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय–समय पर या प्रत्येक तीसरे दिन एसडीएम, ईओ, नोडल अधिकारी अपने–अपने केन्द्रों निरीक्षण करते है तथा जो भी कमियां पाई जाये उसे बताते हुए कमियों को दूर कराया जाये। उनके भूसा, चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। जो गौशालय निर्माणाधीन है उन्हें शीघ्र ही पूर्ण कराकर उनमें गोवंशों को रखा जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिये बरसात के मौसम को देखते हुए कि गौशालाओं में पशुओं की देख रेख के लिए गौशालाओं में जलभराव की समस्या, बिजली, भूसा, चारा आदि को बरसात से बचाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रख जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं कांजी हाउस, वृहद गो संरक्षण केन्द्रो पर विद्युत कनेक्शन एवं पेयजल की व्यवस्था को भी पूरी तरह से दुरूस्त रखा जाए। उन्होंने एसडीएम व बीडीओं को निर्देश दिये कि तहसीलधविकास खण्ड स्तर पर 25–50 एकड़ भूमि में अत्यन्त वृहद गो संरक्षण केन्द्रों को वरीयता के आधार पर स्थापना के लिए भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, सीओ सीटी वन्दना सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीपीआरओ, समस्त एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी, नगर पालिकाध्नगर पंचायत अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सैनिक कल्याण कार्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर शहीद को किया गया नमन

- डीएम ने कारगिल विजय दिवस पर शहीद सैनिक नायक राजेन्द्र कुमार यादव की पत्नी ललिता देवी को अंग वस्त्र से किया सम्मानित
- प्रशासन सदैव सैनिकों, पूर्व सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों के प्रति संवेदनशील एवं उनके लाभार्थ के लिए सदैव तत्पर : माला श्रीवास्तव

रायबरेली। कारगिल विजय दिवस के 23वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनपद के कारगिल शहीद सैनिक नायक राजेन्द्र कुमार यादव (शहादत तिथि 03 सितम्बर 1999) ग्राम–मुतवल्लीपुर पोस्ट–विशुनदासपुर तहसील डलमऊ जिला रायबरेली की पत्नी ललिता देवी को पुष्प माला पहनाकर व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सदैव सैनिकों, पूर्व सैनिको, विधवाओं और आश्रितों के प्रति संवेदनशील है एवं उनके लाभार्थ सदैव तत्पर है। इसी क्रम में कारगिल शहीद सैनिकों की पुण्य स्मृति में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम समारोह में उपस्थित कारगिल शहीद सैनिक नायक राजेन्द्र कुमार यादव की पत्नी ललिता देवी के साथ नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी जीतेन्द्र सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र व पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों की



याद में दो मिनट का मौन रखा और कारगिल शहीद नायक राजेन्द्र कुमार यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यालय के सभाकक्ष में एक सभा आयोजित की गयी, जिसमें नगर मजिस्ट्रेट एवं कैप्टन भारतीय नौसेना अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा कारगिल युद्ध व सैनिकों की शहादत पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिला प्रशासन सदैव सैनिकों और आश्रितों के प्रति संवेदनशील है एवं उनके लाभार्थ सदैव तत्पर है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन नौसेना अतुल्य दयाल ने समारोह में सम्मिलित होने हेतु सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परिषदीय विद्यालयों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज, रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के क्रम में विकास क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव श्रंखला के अंतर्गत 26 जुलाई को छात्रों ने झांकी, गीत व परिचर्चा के माध्यम से 1999 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद सैनिकों को याद करते हुए देश प्रेम की अलख जगाई। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शिक्षकों ने भी छात्रों को भारत पाक के बीच 60 दिनों तक हुए कारगिल युद्ध के बारे में विस्तृत चर्चा की।इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय मोन की



प्रधानाध्यापिका ऊषा सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के राइफल मैन संजय कुमार के साथ कैप्टन विक्रम बत्रा ने युद्ध ने युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी और साथ ही लगभग 527 जवानों ने भी अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था जिनकी शहादत देश कभी नहीं भुला सकता। क्षेत्र के कुबना,कुशमहुरा, प्राथमिक विद्यालय जमुरंवा,कुसुढी सागर पुर, प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर, प्राथमिक विद्यालय बस्कटा सहित सभी विद्यालयों में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

# यूबीआई बैंक मित्र को गोली मारकर डेढ़ लाख की लूट

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

यूबीआई बैंक मित्र को गोली मारकर डेढ़ लाख की लूट सुरियावां थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ राम शाला में 2 अपाचे बाइक से बदमाश थे और बैंक मित्र को रोककर बैग छीनने का प्रयास किए ना देने पर गोली चला दी और एक गोली इन के बाएं हाथ में लगी और बैग छीनकर भागे।



जानकारी के अनुसार विनोद दुबे उम्र 42 साल पिता का नाम राम जी दुबे ग्राम नवादा रोही यह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा ज्ञानपुर से बैंक मित्र हैं और वहां से पैसा निकाल कर के अपने घर वापस आ रहे थे मऊराम साला के पास पहुंचे हैं तो वहां पर एक बाइक अपाचे पर 2 लोग सवार थे रोका और बैग छीनने का प्रयास किया बैग न देने पर छीना झपटी हुई इसके बाद असफल बदमाश गोली चला दिया जिससे बाएं हाथ में गोली लगी एक गोली और चलाएं लेकिन वह लग नहीं पाई इसके बाद वह बैग छीनकर के जिसमें डेढ़ लाख रुपए नगद था साथ में और मशीन पैसा निकालने वाली थी वह सब लूट लिए इसके बाद वहां के किसी के सहयोग से सुरियावा थाना पहुंचे जहां पर थाना प्रभारी विश्वजीत राय व सबल पुलिस के साथ उनको सीएससी सुरियावा लाया गया जहां से चिकित्सक ने बताया कि उनके हाथ में गोली फंसी हुई है और इनको ज्ञानपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

# मुंशीगंज शहीद स्मारक पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बिजली महोत्सव एवं उर्जा दिवस का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने मुंशीगंज सई नदी के किनारे पर किया वृक्षारोपण

रायबरेली। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 25 से 30 जुलाई तक देश के प्रत्येक जिले में ''उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर/2047'' कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में मुंशीगंज शहीद स्मारक पार्क में बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की पूर्ति करने के लिए बिजली क्षमता को देश व प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक पहुचाने के बारे में जानकारी देते हुए बिजली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इसी दौरान जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि जनपद रायबरेली की जनता को सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने एवं विभागीय व्यवस्था के सुव्यवस्थित संचालन हेतु विभाग को 2 वितरण मण्डलों व 7 वितरण खण्डों में विभाजित किया गया है जिसके अन्तर्गत कुल 54 नग 33ध्11 विद्युत उपकेन्द्रों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रहीं है। विगत वर्ष में लगभग 55000 नये विद्युत संयोजन निर्गत किये गये एवं मार्च 2023 तक 62000 नये विद्युत संयोजन निर्गत कराने का लक्ष्य है। वर्तमान में जनपद रायबरेली में 5,27,000 उपभोक्ताओं को सुचारु रुप से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आई0पी0डी0एस0 योजना के तहत वर्ष 2016 से 2019 तक 25.35 करोड़ की लागत से 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र आर्चाय द्विवेदी नगर उपकेन्द्र क्षमता 2x5 एमवीए का निर्माण कराया गया। उपकेन्द्रों को जाड़ने के लिये 33/11 के0वी0 लाईन 1.08 किमी0 ओवर हेड एंव 11.05 किमी0 अंडर ग्राउन्ड 11 के0वी0 18 किमी0 6.05 कि0मी0 अंडर ग्राउंड लाईन के निर्माण का कार्य कराया गया। नयें 64 नग (100 के0बी0ए0 के 49 एंव 250 के0बी0ए0 के 15) परिवर्तको को ऊर्जीकृत किया गया। नंगी 145.95 किमी0 एल0टी0 लाईन को ए0बी0 केबिल में बदल कर विद्युत व्यवस्था में सुधार किया गया। जनपद रायबरेली में 07 कैपिसिटर बैंक आई0पी0डी0एस0 योजना के अन्तर्गत एंव 11 कैपिसिटर बैंक टर्न की के अन्तर्गत स्थापित किये गये। उन्होंने कहा कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के तहत वर्ष 2017 से 2021 तक 51.42 करोड़ की लागत से 33/11 के0वी0 भुएमऊ ताला करहिया कलुआ खेडा, ओसा एंव बरस नयें विद्युत उपकेन्द्र 1ग5 एमवीए एंव भोजपुर में 2ग5 एमवीए का निर्माण कार्य एंव उससे जुडी 33 के0वी0 एंव 11 के0पी0 लाईनों के निर्माण के कार्य कराये गये। 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र हरचंदपुर, भुएमऊ, परशदेपुर एवं सेमरी उपकेन्द्र की क्षमता 5 एमवीए से 10 एमवीए की गई। 33 के0वी0 लाइन का निर्माण कर खीरों को अलग फीडर मौरावां से विद्युत आपूर्ति का कार्य कराया गया। विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये 02 ग्रामों उर्वदा एवं सरेनी को ऊर्जीकृत किया गया एवं 116 बी0पी0एल0 कनेक्शन निर्गत किये गये। रायबरेली जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 3256 मीटर स्थापित कर नयें संयोजन निर्गत किये गये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सौभाग्य योजना वर्ष 2017 से 2020 तक 128.28 करोड़ की लागत से 6348 मजरों में 132270 नये संयोजन मीटर लगाकर निर्गत किये गये। उपरोक्त संयोजनों को निर्गत करने के लिये विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार का कार्य किया गया। इसके अन्तर्गत 329.49 सर्किट किमी नई 11 किमी लाइन का निर्माण किया गया। 976.66 सर्किट किमी नई एल0टी0 लाइन के निर्माण का कार्य कराया गया। आवश्यकतानुसार 2824 ( 63 के0वी0ए0 के 57, 25 के0वी0ए0 के 2367 एवं 16 के0वी0ए0 के 400) नग नये वितरण परिवर्तक स्थापित किये गये। विद्युत दुर्घटना कम करने के लिये 221.02 सर्किट किमी नंगी एल0टी0 लाइन को ब्लाकवार ए0बी0 केबिल से बदला गया। बिजनेस प्लान मद में वितरण परिवर्तक की क्षमता वृद्धि हेतु वर्ष 2020–21 में 251.86 लाख रुपये खर्च कर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि एवं जर्जर लाइनों का तार बदला गया। विद्युत नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढीकरण के परिणाम स्वरूप आज हम जिला मुख्यालय पर 24 घण्टे तहसील मुख्यालय पर 22 घण्टे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति करने में कामयाब हो सके है। विगत एक वर्ष से अधिक समय कोविड–19 जैसी विषम परिस्थितियों में भी उ0प्र0 सरकार सभी बिजली उपभोक्ताओं को समुचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति करने में सफल रही है। उपभोक्ताओं द्वारा भी विद्युत बिलों का भुगतान समय से करना सराहनीय है।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में प्रगतिशील योजनाओं द्वारा किसान उदय ऊर्जा दक्ष कृषि पम्प आवंटन योजना के तहत एन0टी0पी0सी0 के सहयोग से जनपद रायबरेली के ग्रामीण क्षेत्रों में ई0ई0 एस0एल0 के माध्यम से किसानों के निजी नलकूप संयोजनों पर इनर्जी एफिसीयेन्ट पम्प स्थापना का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में कुल लक्ष्य 1453 के सापेक्ष 1453 पम्प लगाये जा चुके है। एशियन विकास बैंक द्वारा वित पोषित योजना के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में रूपये 28.1 करोड़ की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में एल0टी0 वेयर कंडक्टर को ए0बी0 केबिल से प्रतिस्थापित किये जाने हेतु 11 ब्लाकों के 504 मजरों का चयन किया गया था। जिसमें से फेज–1 के



अर्न्तगत 11 ब्लाकों (हरचन्दपुर, संतांव, राही, महराजगंज, शिवगढ, डीह, डलमऊ, दीनशाहगौरा, जगतपुर, ऊँचाहार, खीरों) के 250 मजरों में एल0टी0 वेयर कण्डेक्टर को प्रतिस्थापित कर ए0बी0सी0 कण्डेक्टर लगाने का कार्य किया चुका है एंव फेज–2 के अर्न्तगत कार्य प्रगति पर है। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करनें एवं ए0टी0एण्डसी0 हॉनियों को कम करके 15 प्रतिशत से कम किये जानें हेतु विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रिवैम्प योजना लॉगू की गई है जिसके अन्तर्गत आगामी 05 वर्षों की आवश्यकता के दृष्टिगत 33ध्11 के0वी0 नयें विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण एंव उनकी क्षमता वृद्धि वर्तमान में जनपद रायबरेली के अर्न्तगत रिवैम्प योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 08 विद्युत उपकेन्द्रों (राजघाट पुरवा पिण्डौर, गंगागंज, मउगर्वी, प्रयागपुर, थुलरई, अम्बारा पश्चिम रायपुर महेरी, के टी0एफ0आर0 निरीक्षण हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित किये जा चुके है। 33ध्11 के0वी0 लाइनों की अतिभारिता दूर करनाध्लम्बाई कम करना। नयें वितरण परिवर्तको की स्थापना एंव क्षमता वृद्धि। 33ध्11 के0वी0 जर्जर कन्डक्टर को बदलना, शहरी आबादी में अंडरग्राउंड केबिल नेटवर्क स्थापित करना आदि जानकारी दी।

इसी दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मुंशीगंज सई नदी के निकट वृक्षारोपण भी किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, एडीआईओ इंजेश सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी व एनटीपीसी ऊँचाहार के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक

- डीएम ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर फाइलेरिया निरीक्षक व बायोलॉजिस्ट का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिये निर्देश

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन के सभागार में जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रणध्दस्तक अभियान के सम्बन्ध में बैठक कर जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संबंधित विभागों से संचारी रोग नियंत्रणध्दस्तक अभियान द्वारा कराये जा रहे कार्यो व लक्ष्य की सम्पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने फाइलेरिया निरीक्षक अरुण यादव, राम किशन मिश्रा बायोलॉजिस्ट द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यो में लापरवाही बरतने पर व बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो कि 1 जुलाई से चलाया जा रहा है तथा 31 जुलाई तक अनवरत चलेगा। अभियान की सफलता के लिए माइक्रोप्लान बेहतर बनाकर टीम भावना से कार्य कर अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही की जाये। सरकार व प्रशासन इंसेफेलाइटिस रोग को समूल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि चल रहे अभियान के दौरान जिन बच्चों के टीके नही लगे है उन्हें सावधानी व सुरक्षा के साथ ही लगाये जाये।



इसके अलावा व्यापक पैमाने पर स्वच्छता, सेनेटाइजेशन आदि की सुविधाएं बढ़ाई जाये। संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाले व जन–जन के स्वास्थ्य से जुड़ा एक कार्यक्रम है जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

दिमागी बुखार को, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू आदि बीमारियों को बेहतर संविलास व उपचार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य की ओर बढ़े।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी, डीपीआरओ, डीपीओ, ईओ नगर पालिका, एडीआईओ इंजेश सिंह, मो0 राशिद रियाज सहित सम्बन्धित विभाग के सभी अधिकारी आदि भी उपस्थित रहे।

# 1 अगस्त को विकासखंड हरचंदपुर व 2 अगस्त विकास खण्ड उँचाहार की बीआरसी में मापन कैम्प का आयोजन

रायबरेली। जनपद रायबरेली में समग्र शिक्षा अभियान में संचालित समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत शारीरिक, बौद्धिक दृष्टि एवं वाक् श्रवण दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सहायक उपकरण एवं यंत्र (कान की मशीन, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, सी0पी0 चेयर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन,एम0आर0 किट इत्यादि) निशुल्क प्रदान किये जाने हेतु विकासखंड हरचंदपुर के बी0आर0सी0 हरचंदपुर पर 01 अगस्त 2022 को तथा विकास खण्ड ऊँचाहार के बी0आर0सी0 ऊँचाहार पर 02 अगस्त 2022 को मापन शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मापन कैम्प में आने वाले दिव्यांग बच्चों को प्रमाणपत्रों की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। जिसमें प्रत्येक बच्चा अपने साथ दिव्यागता प्रदर्शित करती हुयी पासपोर्ट साइज की 02–2 फोटो अवश्य लायें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाणपत्र, बच्चे का आधार कार्ड, अभिभावक का फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार/मतदाता पहचान पत्रधकिसान बही/मनरेगा जाब कार्ड), अभिभावक की आय एवं निवास प्रमाणपत्र/बी0पी0एल0 प्रमाणपत्र/मनरेगा कार्ड लाना अनिवार्य है। बच्चा जिस विद्यालय में पढ़ रहा है उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वार सादे कागज पर हस्ताक्षर एवं मोहर सहित लिखित प्रमाण पत्र जिसमें बच्चे का नाम पिता का नाम, पता, आयु कक्षा, प्रवेशाक, जाति एवं बच्चे का आधार नम्बर लिखा हो, लाना अनिवार्य है। जो बच्चे पंजीकरण तिथि पर कैम्प में आकर के अपना पंजीकरण करायेंगे केवल उन्हीं बच्चों को उपकरण वितरण तिथि पर उपकरण दिया जा जायेगा। जिन बच्चों को उपकरण की आवश्यकता नहीं है। वो बच्चे कैम्प में आकर परेशान न हों। केवल कक्षा 1 से कक्षा 8 में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चे ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

# सरहंगी वस खेत जोत लिये जाने की शिकायत

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरड़ी थाना लालगंज निवासी राम सजीवन पुत्र हीरालाल ने कुछ लोगों के खिलाफ सरहंगी बस उसके बोये खेत को ट्रैक्टर से जुता कर नष्ट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत किया है ।राम सजीवन ने बताया कि उसकी पत्नी खुशबू के नाम खसरा खतौनी है ।

उन्होंने खेत में उड़द व तिल्ली बोईथी ।मंगलवार को सरैला निवासी राकेश कुमार पुत्र रामपाल व गुलाब राय का पुरवा थाना डलमऊ निवासी कमला प्रसाद, हरि ओम ,नंदकिशोर, जयप्रकाश छीटूआदि ने उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से बोई हुई फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करा दिया है। मामले में राम सजीवन ने लालगंज पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# कारगिल विजय दिवस शहीदों के सर्वोच्च बलिदान व शौर्य गाथा का प्रतीक : डीएम

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- सैनिकों के पराक्रम, रण कौशल, व समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल है कारगिल युद्ध : एसपी
- मां भारती के अमर सपूतों व तिरंगा आधारित पुस्तके भेंट कर कारगिल विजय दिवस को किया रेखांकित– डीआईओ
- सपूतों के बलिदान, बहादुरी एवं साहस को सलाम – एडीएम
- 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा फहराकर एक भारत – श्रेष्ठ भारत को करें साकार – जिलाधिकारी

भदोही। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी,पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार मिश्र ने ऑपरेशन विजय के अमर सपूतों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार द्वारा सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान पर समर्पित पुस्तकें भेंट करते हुए सैनिकों के अप्रतिम योगदानों को रेखांकित किया।

कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि 23 साल पहले 1999 का कारगिल युद्ध दुनिया की सबसे ऊंची चोटी ध्जगहों में लड़े गए युद्ध में से एक है। कारगिल युद्ध भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान की उत्कृष्ट मिसाल है। आज ही के दिन 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने ष्ऑपरेशन विजयष के रूप में टाइगर हिल एवं अन्य चौकियों पर वापस कब्जा प्राप्त किया।विजय दिवस भारत की आन बान और शान का प्रतीक है ।इस अवसर पर उन्होंने भदोही जनपद के शहीद परिवार जनों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनके साथ सदैव खड़ी है। उन्होंने सैनिकों के बलिदान व शौर्य गाथा के प्रतिफल स्वरूप सभी जनपद वासियों से 13 से 15 अगस्त ष्हर घर तिरंगाष फहराने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने ऑपरेशन विजय में अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सपूतों को सलाम करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कारगिल विजय दिवस हमारे सैनिकों की अप्रतिम वीरता, पराक्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक




है। अमर शहीदों एवं उनके परिवारजनों के प्रति यह देश सदैव ऋणी रहेगा।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार ने जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान एवं तिरंगे पर आधारित पुस्तकें भेट करते हुए बताया कि विश्व के इतिहास में दुर्गम स्थलों में लड़े गए युद्धो में से एक ष्कारगिल युद्ध ष्भारतीय सैनिकों के अद्वितीय साहस, उत्कृष्ट रण कौशल एवं समर्पण सेवा का प्रतीक है। कारगिल स्थित द्रास सेक्टर में तोलोलिन पहाड़ी से लेकर टाइगर हिल पर वापस कब्जे के रूप में ऑपरेशन विजय भारत के शौर्य गाथा का स्वर्णिम हस्ताक्षर है । शूरवीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को गर्वित भाव से लहराया। यह तिरंगा भारत की गौरवशाली परंपरा व शांति, शौर्य एवं प्रगति का प्रतीक है। श्एक भारत – श्रेष्ठ भारतश्को साकार करने हेतु सभी जनपद वासी 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों में तिरंगा फहराकर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करें ।

# हनुमान मंदिर पर श्री रामचरितमानस का पाठ एवं भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। हनुमान मंदिर पर श्री रामचरितमानस पाठ एवं भव्य भंडारे का हुआ आयोजन कोतवाली क्षेत्र के अशरफाबाद गांव में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर अयोजक सुरेंद्र सिंह अनिल सिंह ने बताया सावन के सोमवार को श्री रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया जिस का समापन मंगलवार को हुआ वही श्री रामचरितमानस के पाठ को सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे रामचरितमानस के पाठ समापन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम एवं भव्य भंडारे का भी जिसमें पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया और बजरंगबली से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा आयोजन किया गया इस मौके पर शिव करण सिंह सोमनाथ सिंहराजेश सिंह सूर्यभान सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऋषि सिंह,अरविंद सिंह,अजीत सिंह,विनय सिंह,मनोज सिंह,सुरेश सिंह, अंकेश सिंह,आनंद सिंह काका,विनय सिंह,राजेंद्र सिंह,राम कुबेर सिंह,रत्नेश सिंह,मेजर सिंह,आकाश सिंह,आदित्य सिंह,पिंकू सिंह,सौरभ सिंह,अजय सिंह,अद्भुत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# ओबीसी पिछड़ा कल्याण आयोग द्वारा संचालित ओ लेवल कोर्स में 95% विद्यार्थी उत्तीर्ण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। ओबीसी पिछड़ा कल्याण आयोग द्वारा संचालित ओ लेवल कोर्स में रायबरेली जिले के एक्मे कंप्यूटर एजुकेशन के छात्रों ने 2022 जनवरी के रिजल्ट NIELIT (DOEACC) ने जारी किया है। जिसमे संस्थान के 95 प्रतिशत विद्यार्थी पास हो गए जिसमे 6 लोग नें ग्रेड लाकर संस्थान का नाम ऊंचा कर दिया साथ ही वेबसाइट के वेबपेजो को तैयार करके संस्थान की गरिमा बढ़ा दी।जिसमें अंजू पटेल, मंदिरा वर्मा ,संध्या कश्यप ,पल्लवी दीक्षित,सुभम पटेल,अमिता जयसवाल,ने S ग्रेड लाया। मैनेजर नीरज श्रीवास्तव ,डायरेक्टर विमल श्रीवास्तव ,शिक्षक शुभांशु वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में और उन्नति करे ऐसी कामना की।



# अधिक से अधिक लोगों को कराया जाए लाभान्वित : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्तरीय श्रम बंधु की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई।
जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों को सीएससी के माध्यम से पंजीयन तथा नवीनीकरण, निर्माण स्थलों में कार्यरत श्रमिकों का शतप्रतिशत पंजीयन कराया जाना एवं अधिष्ठान पंजीयन, मनरेगा श्रमिकों का पंजीयन, श्रम कल्याण परिषद द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण शेष अधिनियम 1996 के अंतर्गत कार्यदाई संस्थाओं विभागों को लेबर सेस की फीडिंग के लिए जारी आईडी पर उनके द्वारा की गई फिडिंग की स्थिति एवं नई आईडी बनाए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।
जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी से कहा कि श्रम कल्याण परिषद द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं में पंजीकरण की स्थिति ठीक नहीं है, इन योजनाओं पर प्रगति कराया जाए। इस समिति में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सदस्य नामित किया जाए तथा निर्माण इकाइयों को नोडल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि खनिज अधिकारी से संपर्क करके क्रेशर मजदूरों की सूची लेकर पंजीकरण कराएं तथा क्रेशरो का निरीक्षण करके देखें तथा वहां पर कैंप लगाकर सभी श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य की बैठक में श्रमिक बंधु की बैठक कराया जाए।
जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि अगर किसी योजना में पंजीकरण श्रमिकों ने आवेदन किया है, जिसमें जिन योजनाओं में आवेदन पत्र अभ्यर्थियों की निरस्त किया गया है, उसकी सूची उपलब्ध कराएं तथा सभी संबंधों के सदस्यों को सभी योजनाओं का डिटेल उपलब्ध कराया जाए। डीसी मनरेगा से मनरेगा श्रमिकों की सूची लेकर पंजीकरण कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत



भवन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी से पंजीकरण श्रमिकों की सूची एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर पंचायत सहायकों को उपलब्ध कराएं ताकि श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्राम पंचायतों में लोगों को अधिक से अधिक हो सके और वह इन योजनाओं का लाभ ले सके, श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि बाल श्रमिकों पर भी अभियान चलाकर मालिकों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ लोगों को मिले, श्रमिक सेस जो मजदूरों का कटता है, उसमें श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाएं क्योंकि यह पैसा श्रमिक बोर्ड में जमा है। इसमें श्रमिकों का ही पैसा है, उनको अधिक से अधिक लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 63 हजार श्रमिक पंजीकृत है इसमें योजनाओं का लाभ श्रमिकों को नहीं मिल रहा है सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार कराकर लाभ दिलाएं।
इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला पूर्ति अधिकारी बी के महान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केषरवानी, क्रेशर यूनियन के महेश प्रसाद जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो जल जीवन मिशन के कार्य - डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में हुई। जिला अधिकारी ने गुंता बांध पर बन रहे इंटक बेल, सिलौटा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटरवेल, चांदी बांगर में वाटर ट्रीटमेंट एवं इंटरवेल कार्यों की बिंदुवार समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। क्वालिटी से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा की आप लोग मैनपावर बढ़ाकर डे नाईट कार्य करें, जिससे कि कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि अगर समय से कार्य नहीं पूर्ण होता है तो सम्बंधित के ऊपर पेनाल्टी लगाएं।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे शुनंदू सुधाकर, पीटीआई अभय नारायण दीक्षित, पीएमसी ध्रुव शुक्ला, एई महावीर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी को उपलब्ध कराएं फागिन्ग -एंटी लार्वा छिड़काव की मशीनें

- अंतर विभागीय बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में उनके कैम्प कार्यालय में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए जनपद स्तरीय अंतरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसलिए सभी सहयोगी विभाग मिलकर इसे सफल बनाएं। एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिलकर क्षय रोगियों को चिन्हित करने के साथ–साथ वेक्टर बोर्न डिजीज, मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया, जे ई के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों को फागिन्ग और एंटी लार्वा छिड़काव की मशीनें उपलब्ध कराएं।
जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि संचारी रोग को दृष्टिगत रखते हुए नियमित साफ–सफाई, जलभराव रोकने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि विभिन्न गांवों में झाडियों की कटाई कराएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी शुअर बाड़े गांव के बाहर कराएं। इसके साथ अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए।
इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद, डा आर के चौरिहा, नोडल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी आर के सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर रोहित व्यास, जय शंकर गुप्ता, प्रगति चंदेल आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 महोत्सव का शुभारंभ

चित्रकूट। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 से 30 जुलाई तक पूरे सप्ताह तक चलने वाले उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 महोत्सव का जिलाधिकारी चित्रकूट के द्वारा जिला मुख्यालय से औपचारिक शुभारंभ किया गया। भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से जुलाई 2022 के अंतिम सप्ताह में राज्य के सभी जिलों में बिजली महोत्सव का आयोजन कर रहा है। उज्ज्वल भारत–उज्जवल भविष्य पावर/2047 महोत्सव सप्ताह भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। जिसकी शुरुआत 25 जुलाई को जिलाधिकारी चित्रकूट के कार्यालय सभागार में आयोजित संगोष्ठी से की गयी। इसके प्रकार राज्य भर के सभी 75 जिलो के 150 स्थानों (प्रत्येक जिले के दो स्थानो) व देश भर के 773 जिलों के 1546 स्थानों में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है। आम जनता, राय निर्माताओं व नीति निर्माताओं को ऑडियो–विजुअल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विगुतीकरण, वन नेशन–वन–ग्रिड उपभोक्ता अधिकार, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा विजन पावर के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के विचारों का अनुरोध किया जाएगा।
यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही। चित्रकूट जिले की मऊ तहसील व कर्वी तहसील में क्रमशः 29 जुलाई को आजादी के दीवाने रहे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व पं. शिवकुमार त्रिपाठी को याद करते हुये तहसील सभागार मऊ में दोपहर 12 बजे से एवं 30 जुलाई को भजन संध्या सभागार चित्रकूट में दोपहर 12 बजे से प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मुख्य विकाश अधिकारी चित्रकूट अमित आसेरी के नेत्रत्व में गठित टीम के सभी उपस्थित सदस्यों को प्रोतशाहित किया।

# बसपा ने धूमधाम से मनाई शाहू जी महाराज की जयंती

चित्रकूट। बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारी समर्थक उपस्थित थे।
इस मौके पर पूर्व विधायक मानिकपुर चंद्रभान सिंह पटेल, जिला सचिव बसपा कौशलेंद्र कुमार एडवोकेट, जिला सचिव बसपा इकराम वर्मा, सोनपाल वर्मा, कुलदीप सिंह पटेल, जगत बाबू पटेल, सभासद कुलदीप सिंह, संतोष वर्मा, राजू, अनुपम, सुशील श्रीवास्तव, मेहरबान प्रताप, पूर्व कोऑर्डिनेटर बसपा फूल कुमार वर्मा, जिला संयोजक बीएफ राम भजन वर्मा, दीपक सिंह पटेल, सुपौत्र स्व रामसजीवन सिंह पूर्व सांसद बाँदा, दुखीराम पूर्व प्रधान नत्थू वर्मा, पूर्व प्रधान बनकट, संतोष वर्मा कोटेदार



आदि मौजूद रहे। इसके बाद जिला कार्यकारिणी में आंशिक परिवर्तन करते हुए कुलदीप सिंह पटेल को जिला महासचिव बसपा चित्रकूट एवं राज कमल वर्मा को विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट एवं सोनपाल वर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। घोषित किए गए पदाधिकारियों को नए दायित्व की जिम्मेदारी देते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

---

# युद्ध स्तर पर पक्षकारों को तामील कराएं सम्मान : जिला जज

चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने जेल से प्राप्त विचाराधीन बंदियों की सूची में से चिह्नित प्रकरणों को कमेटी के समक्ष रखा। जिसके बाद समिति द्वारा नालसा मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत उचित मामलों में प्रार्थना पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई।
इसके अलावा आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के साथ हुई बैठक में अधिक से अधिक वाद निस्तारण के लिए सुलह समझौते की भूमिका तैयार करने और पक्षकारों को नोटिस–सम्मन तामील कराने पर जोर दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय



कुमार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा एवं जनपद के विभिन्न विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- आबकारी विभाग ने 200 किलो लहन व 26 लीटर पकड़ी शराब, 4 के खिलाफ केस दर्ज

जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहें अभियान में आज आबकारी विभाग के हाथ बड़ी सफलता लगी है। आबकारी विभाग ने कई थानाक्षेत्रों में छापेमारी कर 26 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया है साथ ही 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। अमेठी जिले के डीएम राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जिले के मुसाफिरखाना थाना के बाजार शुकुल व जगदीशपुर



अंतर्गत ग्राम – काजीपुर मर्दानपुर व रानीगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 200 किलोग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया है। उक्त कार्यवाही में नागेंद्र सिंह प्रभारी आबकारी निरीक्षक, मुसाफिर खाना व आबकारी स्टॉफ अमित कुमार सिंह, संजय सिंह, अनुराग वर्मा, अभय प्रताप सिंह व सर्वेश वर्मा प्रधान आबकारी सिपाही व आबकारी सिपाही सम्मलित रहें।

# उपजिलाधिकारी ने ली शान्ति समिति की बैठक

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मंगलवार को थाना कोतवाली कर्वी में उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव एवं क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। गोष्ठी में रक्षाबंधन, मोहर्रम एवं आगामी त्यौहारों के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं लोगों से त्यौहारों के शांतिपूर्ण तरीके से, शौहार्दपूर्ण, भाई–चारे के साथ मनाने की अपील की गयी। यह भी अवगत कराया गया कि निर्धारित मार्ग पर ही ताजिया का जुलूस निकाला जाएगा, जिससे सभी लोग अपनी सहमति प्रकट किए।

# पंजीकृत श्रमिकों का बनवाया जाये गोल्डन कार्ड : जिलाधिकारी

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया।
बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए 25 जुलाई से 14 अगस्त 2022 तक अभियान चलाया जाना है। जिसमें जनपद चित्रकूट को 6760 लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि इन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की सूची जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अधिकारियों को उपलब्ध करा दें तथा इसके लिए पत्र भी भेजा जाए ताकि अधिक से अधिक पंजीकृत श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि उचित दर विक्रेताओं को पत्र जारी कर पंजीकृत श्रमिकों का ग्राम पंचायत भवनों में तैनात पंचायत सहायकों तथा जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायत सहायकों को भी निर्देश दे कि वह इन श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाए। इस कार्य में खंड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को भी लगाया जाए।
जिला समन्वयक आयुष्मान स्वास्थ्य विभाग से कहा कि आरोग्य मित्र आशा वर्कर आदि को लगाकर लक्ष्य की पूर्ति अतिशीघ्र कराई जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि अपने कर्मचारियों का दायित्व निर्धारित करते हुए गोल्डन कार्ड बनाने में सहयोग कराएं। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगर पालिका नगर पंचायत के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनवाएं। जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि गोल्डन कार्ड बनाए जाने के संबंध में जो शासन से दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसकी प्रति संबंधित विभागों को भी उपलब्ध कराएं ताकि अधिक से अधिक पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जा सकें।
इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला पूर्ति अधिकारी बी के महान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, आईटीआई के प्रधानाचार्य वीके तिवारी, असंगठित कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष रंजीत सिमोन आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जहरीला पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह
मुसाफिरखाना क्षेत्र के नगर पंचायत कस्बा स्थित वार्ड नंबर 2 विधायक गली निवासी एक युवक ने किन्ही कारणों से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे आसपास के लोगों ने आनन–फानन में जिला अस्पताल गौरीगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मंगलवार की दोपहर कस्बा स्थित वार्ड नंबर 2 विधायक गली निवासी पिंटू उम्र 38 वर्ष पुत्र दुलीचंद जिनकी किराना की दुकान है किन्ही कारणों के कारण जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया युवक की हालत बिगड़ती देख परिजन व आसपास के लोग नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्त के साथ जिला अस्पताल गौरीगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## सर्राफ से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवां थाना क्षेत्र में सर्राफ से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाश मंगलवार को फिर से लूट की योजना बना रहे थे। पूछताछ में बदमाश एटा निवासी निकले। ये बदमाश मैनपुरी में लूट कर एटा भाग जाते थे। बदमाशों के कब्जे से एक बाइक, तमंचा, लूटे गए आभूषण, मोबाइल बरामद किए गए हैं।
मंगलवार को सीओ चंद्रकेश सिंह ने बदमाशों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 20 जुलाई की शाम घर लौटते समय आलीपुरखेड़ा निवासी सराफ देशदीपक पुत्र सोबरन सिंह से भनऊ मोड़ पर बदमाशों ने लूट कर ली थी। बदमाशों ने पीछे से पैर मारकर



बाइक से गिरा दिया और 9 लाख से अधिक के आभूषण और नकदी लूट ले गए थे। घटना के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि बीते दिनों लूट करने वाले बदमाश फिर से लूट के लिए तीन चार व्यक्ति भनऊ पुल के पास सड़क किनारे खड़े हैं। सूचना पर थाना प्रभारी विदेश कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दो बदमाश भागने में सफल हो गए।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ द्वारा जिला विद्यालय कार्यालय में आज दिया गया एक दिवसीय धरना

- जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम को शिक्षा मंत्री को संबोधित सौंपा गया 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन
- आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं शिक्षणेत्तर कर्मचारी : जिलाध्यक्ष अनूप शुक्ल

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय आवाहन पर आज जनपद चित्रकूट के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ल के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक दिवसीय धरना देकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।
आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ल के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एकत्र होकर धरने के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा मंत्री को संबोधित 9 सूत्री मांगों योग्यताधारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शिक्षक पद पर पदोन्नति, राजकीय कर्मचारियों की भांति 300 दिन के उपार्जित अवकाश का नगदीकरण, राजकीय कर्मचारियों की भांति चिकित्सीय भत्ते की सुविधा, शिक्षकों की भांति प्रबंध समिति में भागीदारी, पदोन्नत पर एक वेतन वृद्धि का लाभ, सीसीसी प्रमाणपत्र की अनिवार्यता समाप्त करना, इंटरमीडिएट लिपिकों के समान हाईस्कूल लिपिकों को एसीपी का लाभ दिया जाए, पुरानी पेंशन बहाल करना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्तियों पर लगी रोक हटाई जाए का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम को सौंपा। जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों के अतिरिक्त जनपद स्तर की एसीपी, अवशेष, पदोन्नति आदि लंबित प्रकरणों से संबंधित ज्ञापन प्रथक से दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मांगों का शासनादेश निर्गत नहीं होता है तो शिक्षणेत्तर कर्मचारी आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।
धरने में उपस्थित मंडलीय मंत्री ने बताया कि 4 अक्टूबर 2021 को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष सचिव स्तर पर संगठन की वार्ता बैठक संपन्न हुई थी जिसमें मांगों के शासनादेश निर्गत करने की बात कही गई थी परंतु अद्यतन शासनादेश निर्गत नहीं किये गए जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।
जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल ने बताया कि यदि मांगों के शासनादेश निर्गत नहीं किए गए तो 23 अगस्त 2022 को मंडल स्तर पर समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी धरना देकर विरोध प्रकट करेंगे।
धरना स्थल पर अपनी बात रखने वालों में जिलाध्यक्ष अनूप कुमार शुक्ल, मण्डलीय मंत्री लवकुश मिश्र के अतिरिक्त जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल, जिला उपाध्यक्ष प्रशून पाठक, रामगोपाल, राकेश कुमार, नंद किशोर मिश्र, शिवकुमार, हेमराज, नत्थू प्रसाद, मनोज कुमार, संजय कुमार, संजय शुक्ला, अयोध्या प्रसाद, शिवाधार पांडेय, ललक सिंह, रमेश कुमार, प्रमोद, सुशील, देवेंद्र, दशरथ प्रसाद आदि रहे।

# व्यायामशाला बनवा कर अग्नि वीरों की तैयारी करना युवाओं को जिससे देश की रक्षा हो सके यह मेरी प्राथमिकता होगी

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्रा
अमेठी। उत्तर प्रदेश आज ग्राम प्रधान संगीता देवी के प्रतिनिधि राजकुमार यादव निवासी ग्राम पंचायत अगहर विकासखंड व जनपद अमेठी ने बताया कि हमारे यहां सामुदायिक शौचालय में केयरटेकर बसंती सरोज एवं पंचायत भवन में पंचायत सहायक – पिंकी यादव की संविदा नियुक्ति हुई है।जल संचयन हेतु अमृत सरोवर का निर्माण कार्य मानक के अनुरूप युद्ध स्तर पर जारी है जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करवा लिया जाएगा जिसका सुंदरीकरण शीघ्र करवाया जाएगा। विकास कार्य के संबंध में राजकुमार यादव ने बताया कि आजादी के बाद आज जन्म जन्मांतर से रुके हुए रास्ते को तमाम जद्दोजहद से गुजरते हुए आज सौहार्द पूर्वक अगहर में रामसेवक के पुरवा से लेकर – संभावा मार्ग गौरीगंज तक लगभग डेढ़ किलोमीटर ,,सपहा एक्सप्रेसवे,



का निर्माण कार्य करवाया गया है जो कि गौरीगंज मुख्यालय को जोड़ता है जगत गांव, बन सक्ति, सरैया, पूरे भाग वानी समेत दर्जनों पंचायती पुरवो को लगभग 10000 आबादी को आवागमन की सबसे बड़ी सहूलियत मिली है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव की प्राथमिकता अपने ग्राम पंचायत में ग्रामीण क्षेत्र – क्षेत्रीय युवाओं को व्यायामशाला बनवा कर देश के रक्षा हितार्थ में अग्नि वीरों की तैयारी करने को प्रेरित करना जिससे कि देश सेवा को सहूलियत मिल सके ऐसी परिस्थितियों में शासन प्रशासन एवं सरकार पर भरोसा जताया है।

# आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बना प्रधानमंत्री ने साकार किया शाहू जी महाराज का सपना : आर के सिंह पटेल

चित्रकूट। आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य पर रगौली महाविद्यालय में आयोजित समारोह में सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शाहू जी महाराज के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शाहू जी महाराज ने अपने कोल्हापुर स्टेट में देश की प्रथम महिला महाविद्यालय की स्थापना कर ऐतिहासिक कार्य किया था। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को भी शाहू जी महाराज ने स्कॉलरशिप देकर पढ़ाई के लिए कोलंबिया भेजा था। भगवानदीन महाविद्यालय रगौली में मंगलवार को छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित समारोह में सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि समाज के शोषितों–वंचितों को विकास की मुख्यधारा से जोडने के लिए समान भागीदारी की शुरूआत कोल्हापुर नरेश छत्रपति शाहूजी महाराज ने की थी। शिक्षा का अधिकार देकर शाहूजी महाराज ने दबे कुचले वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का



ऐतिहासिक कार्य किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दलित समुदाय के रामनाथ कोविंद को और अब आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को देश का प्रथम नागरिक बना कर छत्रपति शाहूजी के अधूरे सपनों को साकार किया हैं। उन्होंने कहा कि शाहू जी महाराज सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे। समता मूलक समाज की स्थापना के लिए छत्रपति शाहू जी महाराज ने अपने राज्य कोल्हापुर में आरक्षण की शुरुआत की थी। शिक्षा और समानता के लिए शाहू जी द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को कभी भुलाया नही जा सकता। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव और भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। महिला शिक्षा को प्रोत्साहन एवम दलितों– पिछड़ों के उत्थान की दिशा में किए गए कार्यों को कभी भी भुलाया नही जा सकता हैं। बांदा के जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कहा कि शाहू जी महाराज का संपूर्ण जीवन शोषित और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पित रहा है। शाहू जी द्वारा चलाई गई शिक्षा की लौ आज अमर ज्योति का रूप ले चुकी है। केंद्र और प्रदेश की सरकारें दलितों पिछड़ों को सत्ता में भागीदारी देकर शाहू जी के अधूरे सपनों को साकार कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के टॉपर बच्चो को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहें।

# तुलसी पीठाधीधवर से हुई राष्ट्रपति मुर्मू की वार्ता

चित्रकूट। देश की नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तुलसी पीठाधीश्वर और दिव्यांग विवि के आजीवन कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य से दूरभाष पर वार्ता की। जगद्गुरु ने राष्ट्रपति को धर्मनगरी आने का आमंत्रण दिया।
तुलसी पीठाधीश्वर के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने बताया कि राष्ट्रपति कार्यालय से जगद्गुरु के पास शाम लगभग छह बजे फोन आया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगद्गुरु से लगभग सात मिनट तक बात की। जगद्गुरु ने उनको शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारतीय नारियों ने हमेशा विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है। अब महिला शक्ति के नेतृत्व में हमारा देश दुनिया की महाशक्ति बनेगा। आचार्य रामचंद्र दास ने भी



नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं। बताया कि जगद्गुरु ने राष्ट्रपति को धर्मनगरी चित्रकूट आने का आमंत्रण दिया, जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने जल्द ही आने का आश्वासन दिया।

# गांजे के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप दुर्गेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में वरिष्ठ उप निरीक्षक कृपानंदन शर्मा तथा आरक्षी आनन्द प्रताप द्वारा अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र परदेशी लाल निवासी बैहार थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 1 किलो 400 ग्राम सूखा गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार स्किल डेवलपमेंट पर कर रहीं अच्छा काम : आशीष सिंह

• वीपी सिंह प्राइवेट इंडस्ट्रियल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट अभिया में बांटा गया टैबलेट

संवाददाता अयोध्या टाइम्स सुरियावां। शिक्षा का मूल उद्देश्य जीवन में सिर्फ नौकरी ही नहीं है। शिक्षा के अर्थ को व्यापक पैमाने पर लिया जाना चाहिए। केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार स्किल डेवलपमेंट के लिए बेहतर काम कर रही है। जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है। युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराना राज्य सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह ने यह बात वीपी सिंह प्राइवेट इंडस्ट्रियल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट अभिया में बच्चों को टैबलेट वितरण समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप शिक्षा ग्रहण करने के बाद अच्छे स्कॉलर के रूप में अपना नाम कीजिए और देश सेवा में तकनीकी योगदान दीजिए। क्योंकि आने वाला भविष्य युवाओं का है। केंद्र और राज्य सरकार स्किल डेवलपमेंट के लिए बहुत बड़ा कार्य कर रहीं है। सरकार की तरफ से दिए गए टैबलेट का इस्तेमाल आप अपनी शिक्षा के लिए कर सकते हैं। आपको यह गजट इसीलिए उपलब्ध कराया गया है। संस्थान के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपके जीवन का सुनहरा अवसर है जितना ज्यादा उपयोग कर सकते हैं आप करिए। आप शिक्षा और नौकरी में जाने के बाद सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े रहिए। क्योंकि सामाजिक सरोकार ही आपकी शिक्षा की असली सफलता है। अच्छे आविष्कार कीजिए जिसका लाभ समाज के लोगों को मिल सके। क्योंकि आप तकनीकी ज्ञान मिल रहा है। तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाज के लिए निश्चित तौर पर होना चाहिए। इस



दौरान आपका पूरा का पूरा ध्यान शिक्षा ग्रहण करने पर होना चाहिए। संस्थान के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि युवाओं के स्किल डेवलपमेंटश का विकास करना सरकार की दीर्घकालिकनीति है। योगी राज्य सरकार आपके स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना चाहती। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रभुनाथ शुक्ला ने कहा कि गजट का उपयोग आप तकनीकी जानकारी के लिए कीजिए। शिक्षा ग्रहण करने के लिए आपको तमाम जानकारियां गूगल पर उपलब्ध हो जाएंगी। टैबलेट का उपयोग करते हुए आप भी अच्छे तकनीकी विशेषज्ञ बन सकते हैं। गजब का गलत उपयोग आपको दिशाहीन बना देगा लेकिन सरकार की सोच और मंशा के अनुरूप आप शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य शिवेंद्र सिंह, सत्येंद्र दूबे और फूलचंद पंकज, कौशलेश दूबे, आनंद दूबे के साथ शिक्षकों ने भी अपनी बात रखी। संस्थान से जुड़े कुल 40 छात्रों को टैबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान कौशलेश दुबे आनंद दूबे और अन्य लोगों ने भी अपनी बात रखा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बहादुरगंज इकाई का हुआ गठन

शाहजहाँपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महानगर बहादुरगंज इकाई का पुनर्गठन किया गया। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बॉथम की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें श्याम मोहन टण्डन, प्रांतीय संगठन मंत्री शशांक कौशिक ,महानगर महामंत्री अमित शर्मा वरिष्ठ पदाधिकारी नारायण दास अग्रवाल की सहमति से नये पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। संरक्षक के रूप में नवल किशोर ,अखिल मिश्रा बृज मोहन लक्ष्मीकांत मिश्रा , अध्यक्ष कंचन गुप्ता, महामंत्री सुल्तान अहमद , संयुक्त महामंत्री प्रमोद मल्होत्रा,उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता ,सुरजीत सिंह , सलाउद्दीन, प्रदीप चौरसिया, शाकिर अली मंसूरी ,मोहन वर्मा, महामंत्री सुल्तान अहमद संयुक्त महामंत्री प्रमोद मेहरोत्रा ,कोषाध्यक्ष रितेश टंडन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता वरिष्ठ मंत्री ऐसेश्याम संगठन मंत्री अमन मलिक नवनीत कुमार अशोक कुमार आयुष अरोड़ा ,मंत्री अनुपम गुप्ता सरताज इमरान मोहम्मद इकरार कृष्ण गोपाल सुनील माली वसीम अख्तर संगठन मंत्री बब्बू रईस अहमद मयंक गुप्ता अर्पित अग्रवाल आशू गुप्ता पल्लव तुली को मनोनयन पत्र सौंपा गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष सचिन बॉथम ने कहा कि हमें अपने संगठन पर गर्व है क्योंकि हमारा एकमात्र संगठन हैं, जो प्रदेश से कस्बो तक की इकाइयों का पूरे जिले में गठन लोकतांत्रिक तरीके से विधिवत चुनाव कराकर ही कराता है।महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि सरकार को टैक्स के रूप में राजस्व देकर देश में विकास को गति देने का काम व्यापारी ही करते हैं।

## निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारण

शाहजहांपुर। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारण के संबंध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्ष 2026–27 तक प्राथमिक कक्षाओं में सर्व भौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तथा कक्षा 03 तक सभी बच्चों में पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन हेतु लक्ष्य को चरणबद्ध रूप से प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021–22 में कराए गए नेशनल एबीबमेंट सर्वे के परिणामों को बेसलाइन मानते हुए प्रदेश में कक्षा 3 के भाषा एवं गणित में प्राप्त परिणाम के क्रम में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को वर्ष 2025–26 तक संप्राप्ति हेतु कक्षा 1 से 3 के लिए भाषा एवं गणित के त्रैमासिक लक्ष्य को जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को लेकर कहा कि बच्चे को अच्छे स्वास्थ्य और स्वच्छता को बनाए रखने की जानकारी हो बच्चों का संप्रेषण प्रभावी हो तथा बच्चे काम से जुड़े रहने वाले शिक्षार्थी बने और अपने निकटतम परिवेश से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन का मिशन तब ही निपुण होगा जब शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों निपुण हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षा विभाग का नहीं हो रहा है पालन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। प्रदेश सरकार नई शिक्षा प्रणाली को लागू किए जाने के बावजूद प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में तहसील ग्रामीण एवं शहरों में चल रहे मान्यता प्राप्त स्कूलों में नई शिक्षा प्रणाली के नियमों का पालन न करके अपनी मनमर्जी से स्कूलों में प्रकाशन को लगाकर अभिभावकों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है।

जनपद शाहजहांपुर तहसील एवं ब्लॉक क्षेत्रों में सी बी एस ई से मान्यता एवं बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा मान्यता लेकर सैकड़ों की संख्या में स्कूलों को चलाया जा रहा है स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा क्षेत्र के बुक स्टालों के मालिकों से सांठगांठ करके अपने–अपने स्कूलों में भारी कमीशन लेकर उन प्रकाशनों को चलाया जा रहा है जिनसे यह स्कूलों के प्रबंधकों को अच्छी कमाई होती है जब की मान्यता लेने के बाद नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी प्रकाशनों को ही चलाया जाना आवश्यक है। इतना ही नहीं स्कूलों के संचालकों द्वारा स्कूल ड्रेस के नाम पर भी अभिभावकों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है अपने स्कूलों की ड्रेस ओं को एक दुकान निश्चित कर दी जाती है और इस दुकान के जरिए अभिभावकों को ड्रेस खरीदनी पड़ती है दुकानदार अपनी मनमर्जी से अभिभावकों से ड्रेस के नाम पर पैसे वसूली की जाती है। स्कूलों की जानकारी के विषय में संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तथा ब्लॉक एवं तहसील पर बैठे हैं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी भी स्कूलों के विषय में अच्छी जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही न करके उन्हें संरक्षण देने में लगे हुए हैं। यह दिन स्कूलों की कमेटी का रजिस्ट्रेशन की जांच कर ली जाए तो उसमें भी भारी घोटाला उजागर होगा। फिलहाल सरकार चाहे कितनी भी नई शिक्षा नीति बना ले किंतु प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में चल रहे मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही जिम्मेदार अधिकारी नहीं करेंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल में अमर शहीदों को किया गया नमन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। कारगिल विजय दिवस पर आज ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल में अमर शहीदों को नमन किया गया इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत गाए और कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस का बखान कर अमर शहीदों को नमन किया गया चंद्र प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विषम परिस्थितियों में सैनिकों के साहस और कुशल नेतृत्व के कारण ही हमारी जीत हुई हमें अपनी सेना पर गर्व है जनपद के अमर शहीद सुनील शुक्ला और रमेश कुमार के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह ने किया इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार व छात्र छात्राएं



उपस्थित रहे।

## कोतवाल ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा, कांवरियों को कराया जलपान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जनपद की जलालाबाद कोतवाली पुलिस विभाग की छवि लगातार बेहतर कर रहे जलालाबाद कोतवाली के कोतवाल जयशंकर सिंह ने याकूबपुर स्थित नवयुवक कांवड़िया सेवा दल के सामने कावंड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनके तिलक लगाकर सम्मान सहित जलपान कराया, पुलिस का यह मानवी चेहरा देखकर लोगो ने हर हर महादेव के जयघोष से समा बांधा दिया।कोतवाल जयशंकर सिंह ने जब से कोतवाली का चार्ज संभाला है,तब से कोतवाली में कई बार



सुन्दरकांड का पाठ करवा चुके हैं,जिससे क्षेत्र में ही नही बल्कि जनपद में पुलिस की छवि अलग ही निखर कर सामने आई है, क्षेत्र का हर फरियादी कोतवाल जयशंकर की प्रसंसा कर रहा है।भक्ति की तरफ अधिक झुकाव रखने बाले पहले इंस्पेक्टर है, जिन्होंने जलालाबाद कोतवाली को पूर्ण तरह से शुद्ध करने का कार्य किया है।

## रेलवे स्टेशन से महिला थाना तक कब हटे गा अतिक्रमण

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। प्रदेश सरकार अतिक्रमण अभियान को जनपद से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी कोशिश में लगा हुआ है इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कमान सौंपी गई है किंतु प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर मैं रेलवे स्टेशन से लेकर महिला थाने तक नालों के ऊपर अतिक्रमण कर अभिमान को असफल करने में दुकानदार लगे हुए हैं इस मार्ग पर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली अनेक ट्रेनों का संचालन होता है।

जिस कारण इस सड़क पर आवागमन में यात्रियों की भीड़ बनी रहती है इतना ही नहीं यात्रियों को अन्यत्र स्थानों तक पहुंचाने के लिए सैकड़ों की संख्या में ई–रिक्शा वाहन भी इसी मुख्य मार्ग पर आते जाते हैं सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाए जाने के कारण सड़कों पर भारी भीड़ बनी रहती है यहां तक कि फुटपाथ पर भी दुकानदार द्वारा अतिक्रमण किए जाने के कारण वाहनों को सुरक्षित निकालना तो दूर पैदल निकलना भी बहुत मुश्किल का कार्य हो रहा है जनपद के जिम्मेदार अधिकारी जनपद में चलाने के लिए जहां आवश्यक होता है वहां अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है जिस कारण नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है रेलवे स्टेशन से महिला थाने तक अतिक्रमण अभियान चलाकर सड़क को कब्जा मुक्त कराया जाए नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि रेलवे स्टेशन से बरेली मोड तथा हरदोई बाईपास तक जाने के लिए एक ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।

नगर निगम का दर्जा मिल जाने के बावजूद भी शहर को अभी तक एक भी ओवरब्रिज नहीं बनाए गए जिस कारण रेलवे स्टेशन से बरेली मोड़ तक जाने के लिए 10 मिनट के रास्ते को लगभग आधा घंटा लग जाता है इतना ही नहीं रास्ते में यह वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

## बजरंग बीज भंडार पर एक्सपायरी दवा की खुलेआम बिक्री, थाने पर शिकायत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। तहसील सदर के गांव मदरौली निवासी रजनीत सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने थाना जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देखा जलालाबाद में चौराहे पर स्थित बजरंग बीज



भंडार के विरुद्ध तहरीर देकर एक्सपायरी दवाई बिक्री किए जाने की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया बजरंग बीज भंडार पर दिनांक 25 जुलाई 2022 को दवा खरीदने गया था दवा खरीदने के बाद 26 जुलाई को दवा एक्सपायरी होने की वजह से दुकान पर वापस कर दे गया तो दुकानदार ने मना कर दिया तथा अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज लड़ाई झगड़ाकरने पर आमादा हो गया पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो दुकानदार ने जान से मार देने की धमकी दी तथा मारपीट करने पर आमादा हो गया पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षकथाना जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर दुकानदार के विरुद्ध विधि एवं दंडनीय कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### चेयरमैन की शिकायत के बाद टोल प्लाजा पर लगी एलईडी लाइट सही की गई

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

खुटार–शाहजहांपुर। एडीएम राम सेवक द्विवेदी ने नगर पंचायत कार्यलय एवं गंगा पार्क के निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत खुटार के चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने पूरनपुर खुटार हाईवे पर गांव मुरादपुर के पास टोल प्लाजा पर लगी स्ट्रीट लाइट पर बंद पड़ी थी जिसकी शिकायत चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने एटीएम रामसेवक द्विवेदी से की थी।एडीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को लाइटों को सही कराने का आदेश दिया था।

अब लाइट जलने लगी है इस विषय में चेयरमैन अनुपम शुक्ला से बात की तो उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट जलने से आने जाने वाले लोगों का भी कोई दिक्कत कोई परेशानी नहीं होगी और



सावन माह में चल रहे कांवरियों को भी अब कोई दिक्कत परेशानी नहीं होगी। सोमवार को टोल प्लाजा पर लगी इसी लाइटें को सही कर दिया गया।

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बिल्कुल भी बर्दाशित नहीं : डीएम

• जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के अधिकारी बैठक में अनुपस्थित, वेतन रोकने का आदेश

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय टास्क फोर्स एवं मिशन प्रेरणा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों के भ्रमण तथा निरीक्षण पर चर्चा की गई जिसमें कई जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की स्थिति शून्य पाई गई, साथ ही कई जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे, बैठक में डीडीओ श्री पवन सिंह, पीडी डीआरडीए श्री अवधेश राम, डीएसओ ओम हरी उपाध्याय, सीएमओ एस पी0 गौतम तथा डिप्टी सीएमओ, आदि अनुपस्थित थे, जिसे लेकर जिलाधिकारी महोदय ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों का जवाब तलब करने तथा अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों का बिना सूचित किए अनुपस्थित रहना घोर लापरवाही को दर्शाता है। जिलाधिकारी द्वारा ददरौल स्थित संविलियन विद्यालय का निरीक्षण किया गया था जिसमें वहां की सफाई व्यवस्था बदहाल पाई गई थी जिसे लेकर बीईओ का वेतन रोकने का आदेश जिलाधिकारी ने दिया था। आज बैठक में मौजूद ददरौल की बीईओ को जिलाधिकारी ने ददरौल के विद्यालय की सफाई व्यवस्था को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी कि



विद्यालय में साफ सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करें, उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सभी अधिकारियों से कहा कि वह सक्रिय रहें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी श्री श्याम बहादुर सिंह ने 19 पैरामीटर पर समीक्षा करते हुये सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनकी प्रगति कम है या पोर्टल पर फीड नही है वह कल तक सभी पैरामीटर पर 100 प्रतिशत प्रगति करना सुनिश्चित करें।बैठक में प्रचार्य डायट ददरौल, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### घर के बाहर खेल रहे किशोर की नाली में गिरकर हुई मौत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोली बोरी फर्रूखाबाद रोड हवाई पट्टी निवासी नगर पालिका गऊ सेवक कर्मचारी किशनपाल बर्मा का 6 वर्षीय पुत्र कुलदीप वर्मा सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर घर के बाहर खेलने लगा जब कुलदीप की मां टिफिन पैक करने के लिए घर के अंदर चली गई इतनी देर में बच्चा खेलते खेलते घर के बाहर बनी हुई नाली में गिर



गया औंधे मुंह गिर गया।

गिरने की वजह से बच्चे के पेट में पानी चला गया और घर के लोगों ने जान नहीं पाया इधर–उधर तलाशते रहे तब तक कुलदीप की मौत हो गई परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कुलदीप दो भाई जिसमें बड़ा भाई अमित दोनों पैरों से विकलांग है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दयाशंकर वर्मा ने मौके पर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी।

## कांट प्रभारी निरीक्षक ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का किया स्वागत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

कांट,शाहजहांपुर। थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्यागी एवं शीतला देवी मंदिर के प्रबंधक योगेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कांवरिया सहयोगी शिविर पुलिस सहायता केंद्र पर शाहजहांपुर जलालाबाद हाइवे से गुजरने वाले कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में इस दौरान बड़ी संख्या में वॉलेंटियर्स एवं पुलिस बल मौजूद रहा मनोज कुमार त्यागी प्रभारी निरीक्षक काटने कहा की हर संभव कावड़ियों का स्वागत सत्कार एवं यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी पूरी तरह से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है एवं हाइवे से गुजरने वाले सभी भारी वाहनों को रोक दिया



गया है इस दौरान योगेश गुड्डू पाठक राम ललित राठौर विनोद राठौर अजीत मिश्रा मोहन राधेश्याम वर्मा विष्णु संजय सहित बड़ी संख्या में वॉलिंटियर्स एवं पुलिस बल रहा उपस्थित रहा। शिव पार्वती की झांकी ने मोहा मन आपको बता दें शाहजहांपुर जलालाबाद हाईवे पर फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर लौट रहे कावड़ियों में शिव एवं पार्वती की झांकी सबका मन मोह रही थी यहां कावड़िया सहायता शिविर एवं पुलिस सहायता केंद्र पर काफी देर तक शिव एवं पार्वती के नृत्य ने बड़ी संख्या में निकलने वाले कावड़ियों एवं क्षेत्र के लोगों का मन मोह लिया।

### दबंगों ने खेत पर किया कब्जा, एसडीएम से शिकायत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के गांव ठिगरी में दबंगों ने एक शख्स की खेत पर कब्जाकर लिया,पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है जहां गांव ठिगरी निवासी पट्टे पुत्र रामेश्वर ने उप जिला अधिकारी बरखा सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी गांव में गाटा संख्या 506 की जमीन है ।जिस पर गांव के ही लटूरी व सन्नू ने जबरन कब्जा कर लिया है। कब्जा छुड़ाने की मांग करने पर यह लोग कई बार उसके साथ मारपीट भी कर चुके हैं ।अधिकारियों ने समाधान दिवस में लेखपाल को खेत की पैमाइश के आदेश भी किए थे परंतु लेखपाल नरेंद्र यादव पैमाइश के नाम पर 3 महीने से टालमटोल कर रहे हैं,,वहीं उप जिलाधिकारी बरखा सिंह ने इस संबंध में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## पुवाया पुलिस ने हत्या आरोपी को लाइसेंसी बंदूक सहित किया गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक आनंद के कुशल निर्देशन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेई तथा क्षेत्र अधिकारी पुवायां पंकज पंथ के कुशल पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने देवी स्थान निवासी पूनम पत्नी सुरेंद्र कुमार की हत्या में आरोपी नामजद आरोपी लाइसेंसी बंदूक सहित गिरफ्तार किया गया। जानकारी के



अनुसार बीते माह 25 जुलाई 2022 रात्रि के दौरान श्रीमती पूनम पत्नी सुरेंद्र तिवारी निवासी मोहल्ला देवी स्थान की उसके सौतेले पुत्र शोभित पुत्र सुरेंद्र कुमार ने अपने पिता सुरेंद्र कुमार की लाइसेंसी बंदूक डी बीबी एल 12 बोर से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी इस संबंध में मृतका के परिजनों द्वारा नामजद अभियोग पंजीकृत कराया गया था इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा ने टीम गठित कर खुटार रोड पर स्थित जिंद बाबा मंदिर के पीछे आम के बाद से आरोपी को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से लाइसेंसी बंदूक 12 बोर बरामद किए उक्त हत्या की घटना से अभियुक्त द्वारा अपने पिता सुरेंद्र कुमार तिवारी की लाइसेंसी बंदूक का दुरुपयोग किया गया लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## बीज बम के जरिए पौधे लगाने का अभियान शुरू, दर्जनों नौजवान बना रहे हैं बीज बम

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। बम फेंक कर पौधे उगाए जा सकते हैं यह सुनकर शायद आप चौंक सकते हैं। लेकिन शाहजहांपुर में एक संस्था बीज बम के जरिए पौधे लगाने का अभियान चला रही है। शाहजहांपुर में पेड़ों को संरक्षित और वृक्षारोपण के लिए काम करने वाली संस्था ने बीज बम के जरिए वृक्षारोपण का अनोखा अभियान शुरू किया है। संस्था के दर्जनों सदस्य बीज बम बना कर खाली और उपजाऊ जमीन पर फेंक कर और उन्हें मिट्टी में दबा कर छोड़ देते हैं। जो बरसात होने पर अंकुरित होकर पौधा बन जाते हैं। पेड़ों को लगाने के लिए संस्था के इस अनोखे प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है। दरअसल पेड़ों को संरक्षित करने और उन्हें बचाने के लिए शाहजहांपुर में हरित वसुंधरा सोसायटी सक्रिय तौर पर काम करती है। हालांकि इस बार वन विभाग ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया है। लेकिन इसके साथ साथ हरित वसुंधरा सोसायटी के दर्जनों सदस्यों ने सबसे पहले बीज बम तैयार किए हैं। संस्था के सदस्यों ने मिट्टी और गोबर मिलाकर गोले बनाये और उसके अंदर अर्जुन, नीम, अमलतास और शीशम के बीज रख दिए और उन्हें धूप में सूखने रख दिया। इसके बाद सोसाइटी के सदस्य खाली और निषप्रयोज पड़ी जमीन पर इन बीज बमों को फेंक देते हैं। और फिर बीज बम को हल्की मिट्टी में दबा देते हैं। संस्था का दावा



है कि बरसात होने पर इन्हीं बीज बमों में रखे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेते हैं। संस्था ने और भी लोगों से अपील की है कि इस तरह के प्रयास अगर सभी लोग करें तो पेड़ो की संख्या में तेजी से इजाफा होगा। वहीं संस्था के प्रयासों की हर तरफ सराहना हो रही है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## सक्षिप्त समाचार

### किसान उन्नत कृषि पर ध्यान दें- विधायक छोटे लाल वर्मा, खंड विकास कार्यालय में कृषि निवेश गोष्ठी संपन्न

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। किसान पारंपरिक खेती के साथ–साथ उन्नत खेती के पर ध्यान दें, जिसमें वह वैज्ञानिकों की सलाह के साथ अच्छी पैदावार करें ।तथा अच्छा मुनाफा कमाए उक्त विचार फतेहाबाद के खंड विकास कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कृषि निवेश गोष्टी में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक छोटे लाल वर्मा ने व्यक्त किए । इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुमंत यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अमर सिंह गुर्जर समेत अनेक गणमान्य नागरिक एवं कृषि वैज्ञानिक मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक छोटे लाल वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा



किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक एसडी सारस्वत ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि वे कृषि के क्षेत्र में की जा रही विभिन्न खोजों के बारे में जानकारी लेते रहे। खंड विकास अधिकारी सुमंत यादव द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा विकास कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों के संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जाती है। कृषि निवेश गोष्ठी में वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान वाणिज्य कर अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने सभी ग्राम प्रधानों का आह्वान किया कि वह अपनी ग्राम पंचायतों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाएं तथा विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। जिस में भी 1000000 तक के बीमा लाभ भी ले सकते हैं। इस दौरान प्रमुख रुप से बीडीओ सुमंत यादव ,पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमर सिंह गुर्जर, मेहरबान सिंह यादव, मुन्नालाल त्यागी, रामबहादुर शर्मा, अनिल शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्राम सचिव ग्राम प्रधान एवं किसान मौजूद रहे।

### 25 जु0 को आयोजित होने वाली जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 28 जु0 को आयोजित होगी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। उपायुक्त उद्योग मो. सऊद ने बताया कि दि. 25 जुलाई को आयोजित होने वाली जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक अपरिहार्य कारणोवश स्थगित कर दी गयी थी, अब यह बैठक दि. 28 जुलाई को अपरान्ह 12.30 बजे जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। उन्होने सम्बन्धित सदस्यों, अधिकारियों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## सीडीओ ने की कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों की समीक्षा

- सहकारिता विभाग के समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें यूरिया, कमी पाए जाने पर होगी कठोरतम कार्रवाई
- बीमा कम्पनी का कार्यालय प्रत्येक कार्य दिवस में 10 बजे से सायं 5 बजे तक खोले जाने का दिया निर्देश
- 29 जुलाई एवं अगस्त माह में दूसरे एवं चौथे बुधवार को बैंको द्वारा के०सी०सी० हेतु विशेष कैम्प का हो आयोजन : सीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित हुई। खाद एवं बीज की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सहकारिता विभाग के समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध रहें ताकि कही से कोई शिकायत न प्राप्त हो जहां कमी पायी जायेगी कठोर कार्यवाही की जायेगी। कृषि विभाग के अन्य योजनाओं यथा –राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, फसल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सोलर पम्प योजना के समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि समय रहते लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति की जाये। उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा में 10 दिनों के अन्दर विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया एवं अगली बैठक में सम्पूर्ण लाभार्थियों का चयन योजनाओं में करते हुए प्रगति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मत्स्य विभाग योजना के समीक्षा के समय प्रगति काफी कम पायी गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मत्स्य अधिकारी को के०सी०सी० की प्रगति एवं तालाब पट्टों के प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी चेतावनी दी गयी तथा मत्स्य विभाग में कार्यरत अवर अभियन्ता के कार्य



सम्पादन पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। खरीफ अभियान वर्ष 2022–23 में कृषकों को के०सी०सी० लक्ष्य के अनुसार उपलब्ध कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जुलाई माह में 29 जुलाई एवं अगस्त माह में दूसरे एवं चौथे बुधवार को बैंको द्वारा के०सी०सी० हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जाये,जिसमें कृषि विभाग एवं बैंक के सहयोग से के०सी०सी० के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति की जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रभारी दीपक सिंह को मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड कलेक्ट्रेट, विकास भवन जहाँ अधिक संख्या में कृषक जाते जाते है फसल बीमा सम्बन्धी बड़ा पोस्टर लगवाया जाये तथा बीमा कम्पनी का कार्यालय 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में अवश्य ही खुला रखा जायें। बैठक में उप कृषि निदेशक विकेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो० मुजम्मिल सहित कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा एल०डी०एम० अरुणेश कुमार तथा प्रभारी एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी देवरिया के दीपक सिंह उपस्थित रहें।

### सीबीएसई हाई स्कूल में कार्तिक श्रीवास्तव ने 92.8 अंक पाकर किया नाम रोशन, माता पिता का बढ़ाया क्षेत्र में मान



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी। डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड 13 लक्ष्मणनगर के छात्र कार्तिक श्रीवास्तव स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया हिन्द भास्कर सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नं ० 13 लक्ष्मणनगर निवासी छात्र कार्तिक श्रीवास्तव पुत्र सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ ( पंडित ) ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 500 अंको में से 464 यानि 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है । कार्तिक डुमरियागंज नगर में स्थित गुरूनानक एकेडमी स्कूल के छात्र रहे । इनके पिता सत्यप्रकाश श्रीवास्तव समाजसेवा करते हैं और माता प्रियंका श्रीवास्तवा गृहणी है । कार्तिक श्रीवास्तव ने कहा कि देश और समाज के बेहतर सेवा के लिए वह लोक सेवक यानि आईएएस बनना चाहता है । परिवार के सहयोग और कड़ी मेहनत से निष्चय ही सफलता मिलेगी । कार्तिक ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों और स्कूल के शिक्षकों को दिया कार्तिक के घर इस समय खुशियां का माहौल है । अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर कार्तिक को श्रीगुरूनानक एकेडमी के प्रबंधक परमजीत सिंह भाटिया पूर्व विधायक बस्ती सदर दयाराम चौधरी , भोलू सिंह , रामप्रकाश गौतम , वासुदेव जायसवाल , संजय कसौधन , गौरव मिश्रा , रामबक्स गौतम , पंडित राकेश शास्त्री , भोला चौधरी , काजी नियामतुल्लाह आदि लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कावड़ियों के लिए भंडारे का किया आयोजन

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के चंबल नदी घाट पर सैकड़ों की संख्या में कांवर लेकर मध्य प्रदेश जाने वाले कांवड़ियों के लिए राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भंडारे का आयोजन कर भोजन कराया। आपको बता दें सोरों गंगा घाट से गंगाजल भरकर कांवड़िये कावड़ यात्रा लेकर भारी संख्या में मध्यप्रदेश के लिए निकल रहे हैं। चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पिनाहट घाट पर स्ट्रीमर में पुलिस सुरक्षा के साथ कांवड़ियों को चंबल नदी पार कराया जा रहा है। जहां सैकड़ों की तादात में कांवड़िए विराम कर रहे हैं। पिनाहट चंबल नदी घाट पर मंगलवार को सुबह राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता कांवरियों की सेवा कार्य में लग गए। जहां राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विशाल भंडारे का आयोजन किया और सैकड़ों की



संख्या में मध्य प्रदेश जाने वाले कांवड़ियों को प्रेम पूर्वक भोजन कराया। सभी कार्यकर्ता कावड़ियों की दिनभर सेवा कार्य में लगे रहे। पिनाहट घाट पर भोले के बम, ऊं नमः शिवाय, बम लहरी के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ता सत्येंद्र परिहार, प्रशांत शर्मा, अर्जुन परिहार, भगत सिंह, हिमांशु शर्मा, राहुल शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने की समस्त प्रकार के पेंशन, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण की प्रगति एवं मनरेगा में कराये गये कार्यो की समीक्षा

- योजनाओ की समीक्षा में कम प्रगति पाए जाने पर जताई नाराजगी, दिया आवश्यक निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा गूगल मीट के माध्यम से समस्त प्रकार के पेंशन, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण की प्रगति एवं मनरेगा में कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण में विकास खण्ड रामपुर कारखाना, बैतालपुर,देवरिया सदर व भाटपाररानी में आधार की प्रगति सबसे कम है। सभी खण्ड विकास अधिकारी, व सहायक विकास अधिकारी (स०क०) को निर्देशित किया गया की प्रतिदिन त्वरित गति से आधार प्रमाणीकरण कराये तथा प्रगति से प्रत्येक दिवस जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यह भी अपील किया गया कि लाभार्थी प्रत्येक दशा में अपना आधार प्रमाणीकरण (के0वाई0सी) करा लें। राकेश यादव स०वि०अ० (स०क०) भाटपाररानी, जितेन्द्र कुमार स०वि०अ० (स०क०) बैतालपुर व रामप्रकाश त्रिपाठी स०वि०अ० (स०क०)देवरिया सदर को चेतावनी जारी करने हेतु निर्देश दिया गया।

निराश्रित महिला पेंशन/विधवा पेंशन योजना की समीक्षा में विकास खण्ड भटनी, देवरिया सदर, पथरदेवा, बनकटा व गौरीबाजार में खण्ड विकास अधिकारी के पोर्टल पर सबसे अधिक आवेदन पत्र लम्बित पाया गया।

जिन्हें 2 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। मनोज सिंह, स०वि०अ० (स०क०), गौरीबाजार को चेतावनी जारी करने हेतु जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिन्हें 2 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा में विकास खण्ड बनकटा भलुअनी, देवरिया सदर व गौरीबाजार में खण्ड विकास अधिकारी के पोर्टल पर सबसे अधिक आवेदन पत्र लम्बित पाया गया। जिन्हें 2 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी (स०क०) को निदेर्शित किया गया की प्रत्येक विकास खण्ड से 5–5 पात्र आवेदन पत्रों को जांचोपरान्त समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी, देवरिया के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आंगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के 13 आंगनबाडी केन्द्र भवन अभी भी अधूरा है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 15 अगस्त 2022 से पूर्व गुणवत्तापूर्ण/मानक के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## छात्रवृत्ति से होते हैं कई सपने साकार : डीएम







- स्कॉलरशिप साधनहीन छात्रों के लिए आवश्यक, न छूटे एक भी पात्र छात्र : डीएम
- पूर्व दशम एवं दश्मोत्तर छात्रवृत्ति के संबन्ध में कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में टाउनहॉल ऑडिटोरियम में पूर्व दशम छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के संबन्ध में इंटर कॉलेज, महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं गरीब व साधनहीन छात्रों को शिक्षा पाने की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। इन छात्रवृत्ति योजनाओं से कई लोगों के सपने व आकांक्षाएं जुड़ी हैं, इसलिए समस्त अधिकारी कर्मचारी व नोडल अधिकारी पूरी निष्ठा से छात्रवृत्ति बनाने के कार्यक्रम को सफल बनायें। कोई भी पात्र बच्चा न छूटे यह सुनिश्चित किया जाए। धनाभाव में किसी छात्र की शिक्षा अधूरी न रह जाये। छात्रवृत्ति योजनाओं से विद्यार्थियों के जीवन का वृक्षारोपण होता है, जिसके बलबूते वे शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व दशम (9वीं 10 वीं) एवं दशमोत्तर कक्षाओं के लिए सत्र 2022–23 में छात्र–छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए 18 मई से 7 अक्टूबर आवेदन किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी छात्र–छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नको सहित संस्था विद्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर निर्धारित है। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि समस्त नोडल अधिकारी अपने–अपने शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को आवेदन करने के लिए जागरूक करें तथा पूरी प्रक्रिया से अवगत कराएं। आवेदन की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। कई बार अंतिम समय में सर्वर पर दबाव पड़ने से समस्या आती है। डीपीओध्जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्णकांत राय ने बताया कि छात्रों का आवेदन ऑनलाइन संस्था द्वारा प्राप्त करने, वेरीफाई करने तथा अग्रसारित करने की सुविधा दी गई है। विद्यार्थी अपना आवेदन समय रहते भर लें और वांछित सूचनाओं को सही–सही भरें। इस दौरान प्रधानाचार्य, नोडल अधिकारियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी कृष्णानन्द यादव, जिला युवा कल्याण अधिकारी नितीश कुमार राय, एडीआईओएस सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### किशन गुप्ता बने कंस कमेटी के अध्यक्ष, तीन दिवसीय मेला जन्माष्टमी से

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद के ऐतिहासिक कंस मेले के संचालन के लिए बनाई गई कंस कमेटी के नए अध्यक्ष के तौर पर किशन गुप्ता को चुना गया है। इस दौरान श्री कृष्ण जन्माष्टमी से तीन दिवसीय ऐतिहासिक कंस मेला शुरू होगा। फतेहाबाद के मंदिर श्री गंगा महारानी



पर कंस कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान पूर्व कमेटी द्वारा नए अध्यक्ष किशन गुप्ता को कार्यभार सौंप दिया। इस दौरान उन्होंने पूरे जोर–शोर से मेले को संपन्न कराए जाने की बात कही है। नई कमेटी में कमल मोहनिया एवं तरुण चक को भी चुना गया है।

## जामुन लेने गई नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास,मुकदमा दर्ज

पिनाहट। थाना मनसुख पुरा क्षेत्र के एक गांव में खेत पर जामुन लेने गई एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी को गांव के ही 45 वर्षीय एक अधेड़ युवक ने खेत पर बने टूवेल के कमरे में दबोच लिया ।और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। जिसका किशोरी ने विरोध किया। और चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया ।आसपास के खेतो में काम कर रहे लोग इकट्ठे हो गए ।सूचना मिलते ही किशोरी की मां मौके पर पहुंच गई। मां अपनी किशोरी को लेकर थाने पहुंची ।और आरोपी युवक के खिलाफ थाने में दुष्कर्म के प्रयास की तहरीर दी ।वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। मामला थाना मनसुख पुरा क्षेत्र के एक गांव का है ।गांव निवासी 12 वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा रविवार शाम करीब 5 बजे गांव के ही देवेंद्र सिंह के खेत पर जामुन लेने गई थी। जामुन बीनने के दौरान देवेंद्र ट्यूबेल पर पहुंच गया ।और नाबालिग किशोरी को बहला– फुसलाकर खेत पर बने ट्यूबल के कमरे में ले गया। और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा ।जिस पर नाबालिग किशोरी ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया ।चीखने चिल्लाने की आवाज सुन आस पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख दबंग युवक नाबालिग किशोरी को थाने पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। नाबालिग किशोरी ने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। नाबालिग किशोरी की मां अपनी पुत्री को लेकर रविवार देर रात करीब 10 बजे थाने पहुंची। और आरोपी युवक के खिलाफ थाने में दुष्कर्म के प्रयास की तहरीर दी ।पुलिस ने आरोपी युवक के खिलफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही इस मामले में थाना प्रभारी मनसुख पुरा गिरीश राजपूत का कहना है कि पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास, पोक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है ।आरोपी युवक फरार है ।गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## फतेहाबाद में ब्रेक चिपकने के कारण खाई में पलटी सवारियों से भरी डबल डेकर बस, बस में सवार थी 34 सवारियां, चार घायल

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। थाना फतेहाबाद क्षेत्र में ट्रैवल एजेंसी की निजी डबल डेकर बस के ब्रेक चिपकने के कारण अनियंत्रित होकर बस खाई में जा गिरी। तेज रफ्तार बस खाई में जाकर पलट गई तो सवारियों में चीख–पुकार मच गई। हादसे की आवाज सुनकर आनन–फानन में ग्रामीणों ने घटनास्थल की तरफ दौड़ लगा दी ।और बस में बैठी सवारियों को बाहर निकालने में जुट गए। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बस में 34 सवारियां सवार थी जिसमें से 4 सवारियों के मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डबल डेकर बस संख्या जीजे 01 6868 राजकोट गुजरात से यूपी के बलरामपुर जा रही थी। बस में 34 सवारी बैठी हुई थी। बस जब थाना फतेहाबाद क्षेत्र के शमशाबाद मार्ग स्थित जगराजपुर गांव मोड पर पहुंची तो अचानक बस के ब्रेक चिपक गए।

ब्रेक चिपकने के कारण गीली सड़क पर बस अनियंत्रित हो गई और सड़क के बगल से खाई में जाकर पलट गई। बस के चालक अकबर सिंह ने बताया कि हादसा तकरीबन सुबह 10:00 बजे का है। साथी चालक बस को चला रहा था, अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए जिसके चलते यह हादसा हुआ है। बस के पलटने के समय दुर्घटना में राजेंद्र निषाद पुत्र राम मिलन निषाद निवासी कोराई बलरामपुर, राम गोपाल पुत्र रामाधार निवासी श्रावस्ती



,कृष्णा पुत्र बघेल निवासी जौनपुर, राम पूजन पुत्र त्रिभुवन नाथ निवासी हंडिया फूलपुर घायल हो गए ।जानकारी पर वरिष्ठ उपनरीक्षक आरएन सिंह मौके पर पहुंचे तथा के सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। मौके पर उप जिलाधिकारी फतेहाबाद जे पी पांडे भी पहुंचे। एसडीएम ने बताया है कि हादसे में बस सवार सभी सवारियां सुरक्षित हैं, कुछ सवारियों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। सवारियों को दूसरी बस बुलाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है।

## पयार्वरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें : जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विकासखंड बरनाहल के नवाटेढ़ा गांव में प्राकृतिक खेती पर आधारित गोष्ठी तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों, कृषकों का आव्हान करते हुए कहा कि सभी लोग पयार्वरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, घटते वन क्षेत्र, वृक्षों की कमी के कारण वातावरण में ऑक्सीजन का लेवल भी घट रहा है, भू–गभ र्जलस्तर में भी तेजी से गिरावट आ रही है, मिट्टी की उवर्रा शक्ति भी कम हो रही है, अन्नदाता किसान इस ओर ध्यान दें, नई पद्धति से खेती करें, रासायनिक खादों के बजाय जैविक खादों का प्रयोग करें, खेतों के किनारे वृक्ष लगाएं, बांस की खेती से जुडें, बांस की खेती जीवनदायिनी ऑक्सीजन का बेहतर स्रोत है साथ ही बांस की खेती आथिर्क दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कायर्क्रम में उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कहा कि अंधाधुंध रसायनिक खादों के प्रयोग के कारण भूमि की उवर्रा शक्ति घटी है, भूमि की ऊपरी परत की मिट्टी की सेहत काफी खराब हो चुकी है यदि यही हालात रहे तो आगामी 30 वष र्के उपरांत 40 प्रतिशत आबादी के सामने खाद्यान्न का संकट होगा, यदि वृक्ष न लगाये गये और इसी प्रकार औद्योगिकीकरण, विकास योजनाओं के लिए पेड़ों का कटान जारी रहा तो 30 वष र्के बाद पयार्वरण में ऑक्सीजन लेवल इतना कम होगा कि आदमी को अपने साथ ऑक्सीजन की बोतल लेकर चलना पड़ेगा, जल संचयन की दिशा में अभी से न सोचा गया और भू–गभ र्जल का दोहन इसी प्रकार होता रहा तो 30 वष र्के उपरांत आधी आबादी, पशु–पक्षियों के सामने पीने के पानी का संकट होगा, प्रदूषित पयार्वरण, खराब मिट्टी की सेहत, भू–गभ र्जल की कमी के कारण मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता घटेगी, वातावरण में तमाम प्रकार के जीवाणु होंगे, जो मानव जीवन के लिए बेहद खतरनाक साबित होंगे इसलिए सभी लोग आज से ही पयार्वरण संतुलन, घटते जलस्तर को रोकने, वन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में काय र्करें ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को बेहतर वातावरण मिल सके। श्री सिंह ने कहा कि मनुष्य ने अपने स्वाथ र्के लिए पशु–पक्षियों, गौवंश, महिषवंश, जानवरों के लिए आरक्षित भूमि पर भी कब्जा कर लिया, वन क्षेत्र घटने के कारण लगभग 06 हजार प्रजातियां समाप्त हो चुकी है, शेष पशु–पक्षियों के सामने भी भयानक संकट है।

उन्होंने कहा कि बदले हुए परिवेश में हमारे सामने पयार्वरण असंतुलन का खतरा है, बढ़ती हुई आबादी का दबाव, गिरता हुआ जलस्तर, लगातार मौसम का गर्म होना, बरसात में निरंतर कमी आना गंभीर चुनौती बनी हुई है। उन्होंने कहा कि धीरे–धीरे जंगलों का कम होना, निजी बगीचों में भी वृक्षों की संख्या का घटना, घटते वन क्षेत्र के कारण पशु–पक्षियों की प्रजातियां का समाप्त होना मानव जीवन के लिए खतरनाक संदेश है, हम सबको इस ओर अभी से ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आज समाज में मानवता, आत्मीयता में कमी आयी है, कुछ समय पूव र्जब गांव में किसी के घर में किसी की मृत्यु होती थी तो पूरे



गांव में चूल्हा नहीं जलता था, आपस में चाहे जितना बैर हो, दुख की घड़ी में सब एक साथ खड़े रहते थे लेकिन आज परिस्थितियां बदली है, हम सबको इस पर विचार करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने गोष्ठी में उपस्थित कृषकों का आह्वान करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से बचें, मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए जैविक खादों का प्रयोग करें, अपनी आथिर्क स्थिति सुधारने, आय में वृद्धि करने के लिए किसानों के हिताथ र्केंद्र, प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ लें, खेत–तालाब योजना में अपनी निजी भूमि पर 01 लाख 05 हजार रु. की लागत से तालाब का निमार्ण कराएं, इस पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, खेत–तालाब योजना में तालाब में मछली पालन करने से आथिर्क स्थिति में सुधार होगा साथ ही तालाब के पानी से क्षेत्र के भू–गर्भ जल स्तर सुधरेगा, पूरे वष र्सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। उन्होंने किसानों से कहा कि कृषि विभाग की संचालित सोलर पंप योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना, बीज अनुदान योजना का लाभ पाने के लिए कृषि विभाग से संपक र्कर लाभ प्राप्त करें। उन्होंने एडीओ कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर ही कृषि विभाग की संचालित योजना का लाभ पाने के इच्छुक किसानों से औपचारिकताएं पूर्ण कराकर लाभ प्रदान करायें। प्रगतिशील कृषक डॉ. कुमार वैभव ने जैविक खेती से जुड़कर हुए फायदों, बांस की खेती करने से भविष्य में होने वाले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों से कहा कि आप सब प्राकृतिक खेती से जुड़कर पयार्वरण सुधारने, मिट्टी की सेहत ठीक करने में अपना योगदान दें। खेत–तालाब योजना का लाभ पाने वाले कृषक अविनाश सिंह चौहान ने बताया कि योजना का लाभ पाने के बाद तालाब में मछली पालन कर आय में वृद्धि हुयी साथ ही जलस्तर में भी सुधार हुआ। इस अवसर पर उप जिला जिलाधिकारी करहल सत्येन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर, खंड विकास अधिकारी करहल अंजलि सिंह, उप निदेशक कृषि डी.वी. सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूय र्प्रताप, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी विजय सिंह, के.वी.के. के वैज्ञानिक डा. सुशील कुमार के अलावा बड़ी संख्या में कृषक, ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

### गढ़ी उदयराज में नगर पंचायत का खत्ता घर बनाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद के ग्राम गढ़ी उदय राज में फतेहाबाद नगर पंचायत का कूड़ा डाले जाने के लिए प्रस्तावित खत्ता घर के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपकर प्रक्रिया को समाप्त कराए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम गढ़ी उदयरज के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान वीरभान सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम फतेहाबाद को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर पंचायत द्वारा ग्राम गढ़ी उदय राज में फतेहाबाद का कूड़ा डाले जाने के लिए बनाए जाने वाले खत्ता घर का विरोध किया गया। साथ ही नगर पंचायत द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया को समाप्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान प्रमुख रुप से जितेंद्र सिंह, लज्जाराम, विजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, रामसेवक ,करतार सिंह ,मुरारी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान कराएं जीएसटी पंजीयन, पीके मिश्रा ने लगाया शिविर

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। प्रदेश में सभी पंचायतों को पंजीयन की श्रेणी में लाने हेतु पंजीयन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत राज्यकर जीएसटी अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा खंड विकास कार्यालय फतेहाबाद में एक शिविर लगाया गया तथा ग्राम प्रधानों से अपील की गई कि मैं जीएसटी पंजीयन करवाएं। जीएसटी पंजीयन करवाने के लिए इन दिनों वाणिज्य कर अधिकारी गांव गांव जा कर पसीना बहा रहे हैं तथा लोगों को जागरूक कर रहे हैं । इस दौरान प्रमोद कुमार मिश्रा वाणिज्यकर अधिकारी खण्ड–20 द्वारा सरकार द्वारा पंजीकृत लोगो फर्मों को दी जा रहीं सुविधाओं एवं लाभों से अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया पंजीयन लेने के पश्चात व्यापारी पूरे देश में बिल के माध्यम से बेरोकटोक कहीं से भी माल ला और ले जा सकते हैं। व्यापारियों को दस लाख का दुर्घटना बीमा बिना किसी प्रीमियम के दिया जाता है। छोटे एवं मझोले व्यापारी समाधान योजना का लाभ ले सकते है। विभाग में सारी कार्यवाही ओनलाइन है, अब कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की योजना भी अमल में लाई जा रही है। सभी व्यापारियों को जीएसटी की बारीकियों से अवगत कराया गया, उनके द्वारा बताया गया कि अपंजीकृत व्यापारी पंजीयन प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें।

## मथुरा वृंदावन द्वारा अतिक्रमण कर्ताओ एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान चलाते हुये प्रभारी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 26.07.2022 को श्री लवकुश गुप्ता सहायक नगर आयुक्त के निर्देशन में प्रवर्तन दल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान वृन्दावन नगर में जुगल घाट से लेकर श्री बांके बिहारी मंदिर तक चलाया गया। अभियान के दौरान मार्ग पर पाये गये अतिक्रमण को नगर निगम द्वारा हटवाया गया, दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटवाया दिया गया। साथ ही दुकानदुारों के चेतवानी दी गयी कि पुनः दुकान के आगे दुकान लगाने पर सामान जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुये जुर्माने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान के दौरान 1000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया एवं गन्दगी पर 500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से नगर निगम के सभी अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निरन्तर अतिक्रमण अभियान एवं प्रतिबन्धित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान निरन्तर चलता रहे।

## विप्र बंधुओं द्वारा कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। ब्राह्मण चेतना परिषद एवं उत्तर प्रदेश युवा ब्राह्मण महासभा द्वारा कारगिल के शहीदों को विजय दिवस की संध्या पर श्रद्धांजलि स्वरूप ब् यमुना जी के घाट पर दीपदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई चेतना परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित आशीष चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश युवा ब्राह्मण महासभा के संस्थापक अध्यक्ष पं राजेश पाठक ने कहा कि यह देश शहीदों को कभी नहीं भूल सकता जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर भारत माता की आन बान शान को कायम रखा भाजपा नेता पं राम किशन पाठक अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के बृज क्षेत्र प्रभारी मंत्री श्याम शर्मा युवा कहा कि पीढ़ियां बदल जाएंगी पर अमर शहीदों की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता गद्दार पाकिस्तान द्वारा जो दुस्साहस किया था हमारी भारत की सेना ने अपना परंपरा क्रम दिखाकर उसे नेस्तनाबूद कर दिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से आशीष शर्मा ,सचिन चतुर्वेदी पार्षद प्रतिनिधि राम किशन चतुर्वेदी एडवोकेट सोमा गुरु बल्लभ चतुर्वेदी पंडित राज नारायण गौड़ डॉ आशीष मिश्रा बृजमोहन दुबे चंद्रशेखर गौड आदि उपस्थित थे

## विजय दिवस पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। राजकीय महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में प्राचार्य डॉ इकबाल हबीब की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ वेद प्रकाश ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अनुपम सॉरी आदित्य बलिदान एवं सर्वस्व समर्पण का प्रतीक है 1999 में इसी दिन देश के श्रेष्ठ सैनिकों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर पर्वती चौकियों पर पुनः अधिकार प्राप्त कर लिया था ।इस युद्ध में भारतीय सेना ने प्रतिकूल मौसम एवं दुर्गम पहाड़ियों में अपनी जान जोखिम में डालकर पूर्ण अनुशासन के साथ शत्रुओं को पराजित किया । संगोष्ठी में डॉ अमित कुमार सिंह, डॉक्टर रतनलाल, अब्दुल कादिर, नीरज पाराशरी ,सहित समस्त स्टाफ बा एनएसएस ,एनसीसी एवं रोवर्स रेंजर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ पूनम सक्सेना ने किया।

## योजना का लाभ दिलाने के नाम महिलाओं से हजारों की ठगी, पुलिस को तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशनो को मोहरा बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर क्षेत्र की भोली भाली महिलाओं को अपने जाल में फंसा कर नगर के एक मोहल्ले के युवक ने हजारों रुपए की ठगी कर ली रुपए वापस मांगने पर 3 वर्ष बीतने के बाद भी बहाने बाजी करता रहा परेशान होकर पीड़ित महिलाओं ने थाना पुलिस को तहरीर देकर ठग के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।



नगर क्षेत्र के ग्राम जिगनिया हर चाल मुहाल निवासी माया देवी पत्नी गोपी शंकर, कलावती पत्नी प्रेमपाल ,शांति पत्नी ओमवीर निवासी रेशम बाग फरीदपुर ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ला निर्धान के रहने वाले एक युवक ने 3 वर्ष पूर्व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शांति से 12000 कन्यावती से 30000 जिसमें रुपए वापस मांगने पर 5000 उन्हें वापस कर दिए , माया पत्नी गोपी शंकर 10000 , कलावती से 25000 ठग लिए काम न होने पर जब महिलाओं ने अपनी रुपए वापस मांगे तो बहाना बनाता रहा इस तरह 3 साल गुजर गए जब पैसे वापस नहीं किए तब महिलाओं ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया और सभी पीड़ित महिलाओं ने थाने में घटना की तहरीर दी पुलिस ने पीड़ित महिलाओं की तहरीर लेकर उन्हें शीघ्र ही जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है सूत्रों के मुताबिक आरोपी युवक पहले भी महिलाओं से ठगी का गोरखधंधा कर चुका है जिसके घर पर तमाम तकादा करने वाली महिलाओं का तांता लगा रहता है फिर भी युवक बाज नहीं आया।

## कारगिल विजय दिवस पर रक्तवीरों ने अपना रक्त देश के नाम किया अब तक 5140 लोग कर चुके हैं हमारे शिविरों में रक्तदान



⊠ रक्तदान शिविर में भारी बारिश के बाद 34 लोगों ने रक्तदान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। मथुरा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा लाइफ चौरिटेबल केयर ब्लड बैंक मथुरा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया द्य इस शिविर का शुभारंभ परिवहन विभाग कर अधिकारी राजीव निगम द्वारा फीता काटकर किया शुभारंभ के अवसर पर परिवहन कर अधिकारी राजीव निगम ने कहा लोगों को आज के इस अवसर पर प्रेरणा देनी चाहिए और अपने देश के नाम अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करना चाहिए जरूरत पड़ने के समय जरूरतमंद लोगों को उस वक्त की रक्त पूर्ति हो पाए द्य उन्होंने ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति द्वारा चलाई गई मुहिम की सराहना करते हुए समिति के कार्यों से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए द्य संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा आज रक्तवीरों ने कारगिल विजय दिवस पर अपना रक्त देश के नाम किया है द्य हमारी मुहिम लगातार चलती रहेगी द्य अब तक हमारे रक्त शिविरों में 5140 रक्तदान कर चुके हैं रक्तवीर । रक्तदान शिविर के संयोजक मनीष शर्मा ने कहा आज रक्तवीरों में बीएसएफ के जवान भी शामिल हुए हैं इनके द्वारा रक्तदान शिविर में अपना दूसरों के नाम रक्त दिया है द्य ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने कहा हमारा यही लक्ष्य है कि ब्लड की कमी से किसी की मौत ना हो इसके लिए लगातार हमारी ब्लड बैंक रक्तवीर की मदद से समय–समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है और जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाया जाता है द्य रक्त दान करने वाले ऋषि राज शर्मा, मनोज कुमार मित्तल, संजय शर्मा, डी के चौधरी ,विष्णु शर्मा ,धीरज शर्मा, शिवकांत कुमार, संजीव अग्रवाल ,कृष्ण मुरारी के साथ दर्जनों रक्त वीरों को सुरक्षा के लिए हेलमेट भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । रक्तदान शिविर में गौरव गांधी लोकेश चौधरी धर्मेंद्र पटेल रिंकी चौधरी नीलू सोनी आदि लोगों का सहयोग रहा। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित





रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता उनका उत्साहवर्धन करते हुए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित संयोजक मनीष शर्मा ,यात्री कर अधिकारी राजीव निगम ,निर्देशक बृजेश शर्मा व अन्य।

## नगर विकास मंत्री जी के आदेशों के क्रम में सब संभव है के लिए सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जन सुनवाई हेतु निर्देश किया गया है

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा । मा0 नगर विकास मंत्री जी के आदेशों के क्रम में सब संभव है के लिये सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई हेतु निर्देशित किया गया, जिसके दृष्टिगत आज दिनांक 26.07.2022 मंगलवार को नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम मुख्यालय में प्रातः 10:00 बजे से जनसुनवाई की गयी। इसी प्रकार वृंदावन जोन कार्यालय में श्री सत्येन्द्र कुमार तिवारी अपर नगर आयुक्त जी की अध्यक्षता में जन सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में कुल 10 शिकायत प्राप्त हुयी, जिनमें सडक मरम्मत नाली निर्माण एवं जल निकासी से सम्बन्धित 04, अतिक्रमण से सम्बन्धित 01, सफाई से सम्बन्धित 02, कर विभाग से सम्बन्धित 01 एवं अन्य 02 शिकायत प्राप्त हुयी।नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया



जाये। जनसुनवाई में श्री राज कुमार मित्तल सहायक नगर आयुक्त, श्री विजय नारायण मौर्य महाप्रबंधक जल, डा0 गीता कुमारी लेखाधिकारी, श्री एसपी मिश्र अधिशासी अभियंता सिविल, श्री एसएस यादव क्षेत्रीय स्वास्थय अधिकारी, श्री अनिल रंजन सहायक अभियंता प्रकाश आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दलित महिला से कोसीकला जाते हुए हुआ बलात्कार दलित महिला रहने वाली पीड़िता निवासी खरौठ जनपद मथुरा की रहने वाली है





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया दलित पीड़िता निवासी खरौठ जनपद मथुरा दिनांक 24 मई को अपने निजी कार्य से कोसीकला जा रही थी तभी रास्ते में महेश पुत्र दिगंबर अपनी मोटरसाइकिल के साथ मिला और कहां की आप पैदल चलते चलते परेशान हो जाओगी आप मेरी मोटरसाइकिल पर बैठ लो। थोड़ी दूर आकर महेश ने जबरन कोल्ड ड्रिंक पिलाई जिस में नशीला पदार्थ मिला हुआ था जिसको पीकर पीड़िता को चक्कर आने लगे तभी महेश ने महेंद्र पुत्र भहोरी निवासी खरौठ को भी बुला लिया । नशे की हालत में पीड़िता को दोनों ने मोटरसाइकिल पर बैठाया तथा नहर किनारे सुनसान जगह पर ले जाकर महेंद्र व महिंद्र व दो अज्ञात सहित चारों ने मिलकर बलात्कार किया तथा जान से मारने की नियत से मोटरसाइकिल पीड़िता के शरीर व पैरों पर कई बार चढ़ाई जिससे बेहोश हो गई तथा महावीर बगीची के पास रेलवे लाइन पर फेंक कर उपरोक्त चारों गायब हो गए । अचौत अवस्था में जीआरपी कोसीकला ने सरकारी अस्पताल कोसीकला में भर्ती कराया तथा कुछ समय बाद मथुरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया तथा मथुरा अस्पताल से एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर कर दिया यहां पर पीड़िता के एक पैर में रोड डाली गई। इलाज के दौरान पैर में सेप्टिक हो गई इसके बाद सरकारी हॉस्पिटल पलवल ले गए यहां पर दाया पैर को काटना पड़ा उसके बाद सारे पैसे खत्म होने पर अपने गांव खरौड ले आए। पीड़िता ने सारा इलाज कर्जा लेकर कराया लेकिन अब पैसे के अभाव में सही इलाज ना मिलने के कारण पीड़िता को जान का खतरा है । खरौठ पहुंचकर थाना कोसीकला में एफ. आई.आर कराई । उसके बाद पुनः तबीयत खराब होने पर कृष्ण मिशन हॉस्पिटल ले गए लेकिन वहां पर भी कोई आराम नहीं मिला। इस समय पीड़िता एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा सर्जिकल वार्ड में भर्ती है ।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान जी वर्मा ने कहा योगी सरकार में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है दिन प्रतिदिन महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ता जा रहा है लूटपाट बेरोजगारी भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। लेकिन योगी सरकार भोली भाली जनता को गुमराह कर उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है । पीड़ित महिला को आज तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं दी गई है ना ही कोई आर्थिक मदद दी गई है । अपराधी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं तथा मुकदमा वापस लेने के लिए मजबूर कर रहे हैं। पीड़िता व उसका पति पहले से ही विकलांग थे अब पीड़िता का एक पैर कट चुका है और दूसरा पैर भी कटने की स्थिति में है । मैंने स्वयं जाकर एसएन मेडिकल कॉलेज में जाकर पीड़ित व उसके पति को हिम्मत व आश्वासन दिया कि मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा आपके साथ हैं । पीड़िता के साथ किसी भी रूप में पुणे अत्याचार किया गया तू कांगेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि योगी सरकार व प्रशासन को तुरंत दो अज्ञात अपराधियों को गिरफ्तार करना चाहिए तथा कम से कम 50 लाख रुपए आर्थिक मदद व एक सरकारी नौकरी दी जाए तथा अपराधियों के परिवारजन द्वारा पीड़िता को धमकी दे रहे है उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाए पीर तारी भयभीत है कि वह अपने गांव खरोट नहीं आना चाहती किसी अन्य जगह अन्य प्रदेश में रहना चाहती है पीड़िता ने बताया कि खरोठ जाने पर उसकी जान को खतरा है और पीड़िता को सुरक्षा प्रदान की जाए अन्यथा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा आंदोलन के लिए वाध्य होगी। पीड़िता से महामंत्री नरेश पाल सिंह जसावत , मनोज कुमार शर्मा , बृजेश शर्मा, विनोद आर्य, राजू अब्बासी मिले।

## व्यापारी लूट कांड का पर्दाफाश, नौकर का दोस्त निकला लूटेरा, 2 लुटेरे गिरफ्तार ,418000 रकम बरामद, जेल भेजें

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने व्यापारी लूट कांड का पर्दाफाश करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है पुलिस पूछताछ में व्यापारी लूट कांड में उसके नौकर का दोस्त निकला लूटेरा नौकर की भूमिका पर दोस्त ने लूट को दिया था अंजाम पुलिस के शिकंजे में फंसे तो सच निकल कर बाहर आ गया पुलिस ने 418000 नगदी समेत बैंक रिकॉर्ड बरामद किया है मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया! ज्ञात हो 19 जुलाई सोमवार की देर शाम टिसुआ गांव के खाद और पेस्टिसाइड व्यापारी बशीर अहमद उर्फ बाबू अपनी दुकान बंद कर नौकर विजय के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहे हैं।

उनके हाथों में नोटों से भरा फैला था जिसमें 490000 की रकम बताई गई थी हाईवे पर रोड पार करते समय नौकर की सह पर उसके दोस्त ने व्यापारी के सिर में डंडा मारकर नोटों से भरा थैला छीन लिया और जंगल के रास्ते फरार हो गया लेकिन नौकर ने पकड़ने का दुस्साहस नहीं किया पुलिस ने घटनास्थल वाले दिन से ही नौकर विजय को रडार पर ले लिया था लेकिन वह सच उगलने को तैयार नहीं था मंगलवार को एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने घटनास्थल का मुआयना कर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को जल्द लूट कांड खुलासे का निर्देश दिया प्रभारी निरीक्षक की टीम ने जाल बिछा दिया और व्यापारी के नौकर विजय को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की जिससे वह टूट गया और उसने अपने दोस्त गोलू के साथ घटना को अंजाम देना कबूल कर लिया प्रभारी निरीक्षक को लूट कांड में शुरू से किसी अपने के हाथ होने की आशंका थी लेकिन व्यापारी कह रहा था कि नौकर विजय उसका पुराना और जिम्मेदार है जिसका पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ विजय नौकर और उसका दोस्त गगन उर्फ गोलू दोनों गांजा पीने के शौकीन है और दोनों ही गांजे का नशा करने के लिए आपस में मिलते हैं इसी दौरान दोनों ने व्यापारी से



लूट की योजना बनाई थी जिसे अंजाम दे डाला लेकिन क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र की तेजतर्रार टीम ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिखाया पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए दोनों लुटेरों ने अपने नाम विजय 19 वर्षीय पुत्र धर्मपाल जाटव निवासी ग्राम शिवनगर एवं गगन उर्फ गोला उर्फ गोलू 18 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय श्याम पाल उर्फ पप्पू बाल्मीकि निवासी ग्राम तरा खास गोटिया थाना फतेहगंज पूर्वी बताया तलाशी के दौरान पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों से 418700 की नगदी, स्टेट बैंक का ग्रीन कार्ड ,वोटर आईडी कार्ड, स्टेट बैंक की पासबुक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक टिसुआ की बैंक पासबुक बरामद की है अंत में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों लुटेरों को जेल भेज दिया!

लूट कांड पर्दाफाश करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार, अखिल कुमार, कांस्टेबल ओम शरण, यदुवीर, विकास राघव मौजूद रहे!

# संक्षिप्त समाचार

## हाईवे पार कर शौच को जा रही महिला कावड़िया को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत ,पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फतेहगंज पूर्वी। सावन के पवित्र महा के चलते बस में सवार होकर साथियों के साथ घर से अकेली निकली महिला कांवरिया को घर वापस लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद डाला जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई आक्रोशित कांवड़ियों ने ट्रक पर पथराव किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबका पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेजा वही मौके पर पहुंचे उप जिला अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने कांवड़ियों को समझा–बुझाकर शांत कराया!





फतेहगंज पूर्वी के निकट सीतापुर हाईवे पर निवड़िया मोड़ के सामने सुबह 6 बजे शौच जाने के दौरान सड़क पार करते समय एक महिला कांवड़िया को ट्रक ने रौंद डाला जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई फिर भी सांस की आस को लेकर गंभीर रूप से घायल महिला कांवरिया को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबका पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया।



कांवड़ियों भक्तों से भरी बस संख्या यूपी 53 डी आई 7644 सुबह को एक ढाबे पर नित्य क्रिया के लिए रुकी। बस में सवार सभी कांवरिया भक्त उतरेतभी एक महिला कांवड़िया शौच के लिए हाईवे पार कर रही थी अचानक शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी21 सीटी 6813 ने रोंद डाला था जो भूसी से ओवरलोड भरा हुआ था घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया महिला 45 वर्षीय चंपा देवी पत्नी श्रीनिवास ग्राम होली बलिया जिला देवरिया थाना इकोना की रहने वाली थीं। वह अपने घर से अकेले ही तीर्थ के लिए निकली थी। बस में मौजूद सभी 60कांवड़िए देवरिया जिले के हैं। सभी कांवरिया भक्त तीर्थ यात्रा कर अपने घर देवरिया वापस लौट रहे थे । बस में सवार अन्य कांवड़ यों ने बताया कि 13 जुलाई को सभी लोग तीर्थ यात्रा के लिए निकले थे। 26 जुलाई को घर वापसी थी। इससे पहले यह लोग हरिद्वार, काशी, मथुरा ,वृंदावन, आगरा, ऋषिकेश, बाघा बार्डर, स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी आदि जगहों से होकर वापस घर जा रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम हेतु भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही उप जिला अधिकारी अजय कुमार उपाध्याय , पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह मौके पर पहुंच गए और महिला कांवरिया की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए साथियों को ढांढस बंधाया।

## एसडीएम ने बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दिए मतदाता सूची के दिशा निर्देश

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। नवीन तहसील भवन सभागार में एसडीएम ने दोनों ब्लॉकों के बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावली से संबंधित दिशा निर्देश दिए कार्यक्रम का शुभारंभ 1 अगस्त से होगा निर्वाचन आयोग के आदेश पर प्रशासन ब्लू प्रिंट तैयार करने लगा है! भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार पर नंबर



एकत्रित किए जाने संबंधित तमाम बिंदुओं को लेकर उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने नवीन तहसील भवन सभागार में फरीदपुर और भुता के बीएलओ के संग बैठक कर दिशा निर्देश दिए बता दें 122 विधानसभा फरीदपुर आरक्षित सीट है जिसके दोनों ब्लॉकों में 390 मतदान केंद्र हैं निर्वाचक नामावली को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी है इसी के तहत एसडीएम ने दिशा निर्देश दिए हैं 1 अगस्त से आधार नंबर एकत्रीकरण का कार्यक्रम संचालित होने जा रहा है क्योंकि 7 अगस्त और 21 अगस्त विशेष अभियान रहेगा जिसमें अपने–अपने बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य है बीएलओ अपने साथ पर्याप्त मात्रा में फार्म 6,6 बी फार्म 7 व फार्म 8 के साथ उपस्थित होंगे और स्वेच्छा से आधार नंबर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जाएगी जिसका पर्यवेक्षण सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी करेंगे उसके बाद उप जिलाधिकारी ने राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आधार नंबर एकत्रीकरण संबंधित दिशा निर्देश दिए इस दौरान फरीदपुर विधानसभा के राजनीतिक दलों के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## मन के हारे हार है मन के जीते जीत : कर्नल सुनीत

48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह ने समस्त कैडेटों एवं कैंप में लगे सेना के अधिकारियों सैनिकों को क्लोजिंग एड्रेस में संबोधित करते हुए कहा कि यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समस्त कैडेटों के लिए ऐतिहासिक प्रशिक्षण शिविर होगा क्योंकि इसमें सेना के विभिन्न आयामों एवं प्रशिक्षण को कैडेटों द्वारा संपन्न कराया गया कर्नल सुनीत ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में जय और पराजय केवल मन के भाव हैं।

हम किसी भी कार्य के शुरू में ही हार मान लेते हैं तो सचमुच हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते हैं हमें अपने दिमाग में सकारात्मक सोच रखना होगा तथा अनुशासन एवं अध्ययन से हम अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं हमारे एनसीसी कैडेट देश के भावी कर्णधार हैं जरूरी नहीं यह सेना में ही जाएं किसी भी क्षेत्र में रहकर यह देश की सेवा ईमानदारी के साथ करेंगे कैंप कमांडेंट ने पूरे प्रशिक्षण शिविर को सकुशल चलाने के लिए सभी सेना के अधिकारी एवं जवान सहित उपस्थित एनसीसी अधिकारियों की भी सराहना की जिन्होंने इस कैंप संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया क्लोजिंग एड्रेस के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेटों को कैंप कमांडेंट महोदय द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत भी किया गया इस अवसर पर मेजर राजेश द्विवेदी मेजर राजाराम लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्रा सूबेदार मेजर इंद्रजीत सिंह उपस्थित रहे।

# नहर में कूद विवाहिता ने आत्महत्या का किया प्रयास

मिल्कीपुर,अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित घासी के पुरवा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनाइट ब्रांच के दक्षिणी नहर में विवाहिता द्वारा कूदकर आत्महत्या किए जाने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि आस–पास मौजूद चरवाहों ने जाबाजी दिखाते हुए नहर में आत्महत्या करने के मकसद से कूदी विवाहिता को सकुशल बाहर निकाल लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शाम करीब 4 बजे कुमारगंज थाना क्षेत्र के सरूरपुर पूरे गोसाई निवासी लवलेश गोस्वामी की पत्नी सुमन गोस्वामी घासी के पुरवा गांव के पास पहुंची। विवाहिता सुमन ने अपने मोबाइल और चप्पल नहर के पटरी पर रख दिए और झम्म से नहर के पानी में कूद गई। यह सब थोड़ी दूर बकरी चरा रहे युवक देख रहे थे। हालांकि युवक फारुख जाबाजी दिखाते हुए तुरंत नहर में कूद पड़ा और पानी में डूब रही महिला सुमन गोस्वामी को डूबने से बचाते हुए बाहर निकाला। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और सब ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस सहित पीआरबी टीम को दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 0 949 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के प्रयास की पूरी छानबीन की। पीआरबी टीम के पुलिसकर्मियों ने महिला की जान बचाने वाले युवक फारुख का हौसला बढ़ाते हुए उसकी पीठ थपथपाई और उसके इस नेक कार्य की जमकर सराहना भी की। महिला सुमन का आरोप है कि उसका पति लवलेश दिल्ली शहर में रहता है तथा उसकी सास, देवर लव कुश और ससुर कुंवर बहादुर गोस्वामी उसे प्रताड़ित किया करते हैं। उसके 4 वर्ष की एक मासूम बेटी किंजल भी है।

हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही उसके ससुरारीजन भी मौके पर पहुंच गए। सकुशल डूबने से बचाई गई विवाहिता सुमन एवं उसके ससुरालीजनों को लेकर पुलिस टीम थाने चली गई।

# बाइक सवार कांवड़ियों को आई झपकी, एक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। त्रयोदशी पर बाइक से भगवान शंकर के जलाभिषेक करने बस्ती जनपद के बाबा भद्रेश्वर नाथ गए एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि दूसरा गम्भीर घायल है। दुर्घटना बस्ती जिले के हरैय्या नगर पंचायत कार्यालय के समीप फोरलेन पर हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अयोध्या जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के सुचित्तागंज निवासी 42 वर्षीय दीपू पुत्र स्व. बदलू प्रसाद गुप्ता और सिट्टू गुप्ता पुत्र स्व. तुलसीराम गुप्ता पवित्र सरयू नदी से जल लेकर एक ही बाइक से बस्ती जनपद स्थित बाबा भद्रेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने सोमवार शाम निकले थे। भोर में बाबा भद्रेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर बाइक से घर के लिए चल दिए। बस्ती जिले के हरैय्या कस्बे के फ्लाईओवर क्रॉस कर रहे थे कि नींद आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें दीपू के सिर में गम्भीर चोट लगी।साथ चल रहे सिट्टू भी गम्भीर घायल हो गए। आसपास से गुजर रहे अन्य कांवड़ यात्रियों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना देकर तत्काल मदद में जुट गए। जिन्हें सूचना पर पहुंचे इं शैलेश कुमार सिह ने गंभीर रूप से घायल काँवरियों को निजी वाहन से तत्काल आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैय्या पहुंचाया। चिकित्सको ने काँवरिया दीपू को किया मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल सिट्टू को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।अस्पताल पर पहुंचे सीओ हरैया व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर,घायल काँवरिया के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। दूसरी ओर दुर्घटना की खबर मिलते ही कस्बे के तमाम शुभचिंतक बस्ती जिले को रवाना हो गए। जहां से दीपू की मौत की खबर पर घर मे कोहराम मच गया। दो–छोटे बच्चे, पत्नी व विधवा मां का रो रो कर बुराहाल है। हादसे से पूरा कस्बा गमजदा है।

# रानीमऊ चौराहा पर कार्यकर्ताओं ने विधायक का किया जोरदार स्वागत

☒ विधायक के प्रयास से रुदौली को मिली दो बड़ी सौगात

पवन कुमार मवई अयोध्या। रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव के अथक प्रयास से रुदौली विधानसभा में दो बड़ी सौगातें मिली है।रुदौली नगर पालिका के सीमा विस्तार व कामाख्या धाम को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है।वही विधायक के लखनऊ से रुदौली आगमन पर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले की सीमा रानीमऊ चौराहा पर भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में रूदौली नगर में हनुमान किला पर व कामाख्या धाम में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।रुदौली विधानसभा की जनता सहित कार्यकर्ताओं ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल शर्मा,जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी,जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू,बाबा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, विजेंदर शर्मा,राम प्रेस यादव,राजेश शर्मा,सुनील मिश्रा, धर्मेंद्र वर्मा,डॉ कुलदीप यादव,जेपी यादव,सुरेंद्र यादव, गिरधारी बीडीसी,आफताब अहमद,भानु यादव,तारिक खान, मोहम्मद खान,संजय यादव,रमेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



# एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के सार्थक प्रयास से हरियाणा नशा मुक्तके पथ पर अग्रसर

☒ नशा तस्करो को बिलों से खींच कर लाएंगे– आप 9050891508 गुप्त सूचनाएं दें, डरें नहीं

कुरुक्षेत्र। हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशा–निर्देशों और मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा पर बहुत ही व्यवस्थित ढंग से कार्य हो रहा है। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ़ में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या तनुपम शर्मा की अध्यक्षता में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे जबकि प्रयास संस्था के वरिष्ठ सदस्य कर्म चंद ने सहयोग किया। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी सबको मिलकर बचानी है। है सच्चाई नशा बुराई यह बात जन जन तक पहुंचानी है। उन्होंने आगे कहा कि ब्यूरो द्वारा 9050891508 एकमात्र नंबर सम्पूर्ण हरियाणा के लिए दिया है जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ऐसे नशा तस्कर को बिल से खींचकर सलाखों के पीछे तक पहुँचाया जाएगा. कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और उपस्थित लोगों ने नशा न करने का प्रण लिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रयास के नाम एक पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, शिक्षकगण सोनिया, डिंपल, वंदना, सरोज, मिनाक्षी, सीमा, अनीता, कुलबीर, पूनम और विद्यार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

# उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर 2047 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह की अध्यक्षता में मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में स्थित गांधी सभागार में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय एनटीपीसी टांडा व जिला प्रशासन अयोध्या द्वारा आजादी के 75वें वर्ष के शुभ अवसर पर उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर@ 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, चीफ जनरल मैनेजर एनटीपीसी टांडा, जिलाध्यक्ष भाजपा, महानगर अध्यक्ष भाजपा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आदि सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री व भारत सरकार द्वारा देशवासियों को निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किए गए कार्यों व वर्तमान में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जनपद अयोध्या को भव्य बनाने व उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति हेतु सरकार द्वारा विद्युत क्षेत्र में चलाई गई विभिन्न योजनाओं व उनकी प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद में उजाला योजना के अंतर्गत 381536 ऊर्जा दक्ष एलईडी का वितरण किया गया, जिससे विद्युत मांग में 20.22 मेगावाट की कमी हुई तथा रुपए 0.19 करोड़ की बचत हुई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य योजना का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रत्येक घर की रोशन किया जाना था योजना के लक्ष्य को ससमय प्राप्त करने हेतु इसको दो चरणों में बांटा गया। जनपद के अंतर्गत कुल 74.11 करोड़ रुपये की लागत से विद्युतीकरण का कार्य किया गया, जिसमें सौभाग्य योजना फेज–1 में 61.80 करोड़ से 2556 मजरों का विद्युतीकरण किया गया तथा 102487 घरों का संयोजन कर रोशन किया गया, जिसमें से 37239 बीपीएल परिवारों के संयोजन निर्गत किए गए तथा सौभाग्य योजना फेस–2 के अंतर्गत 10.27 करोड़ रुपए की लागत से 147 मजरों का विद्युतीकरण कर 13260 घरों को संयोजित कर रोशन किया गया, जिसमें 807 बीपीएल परिवारों के संयोजन निर्गत किए गए। उन्होंने बताया कि सोलर पावर पैक (सौर ऊर्जा योजना )के अंतर्गत जिन घरों को विद्युत लाइन निर्माण तथा संयोजन निर्गत किया जाना संभव



नहीं था उन घरों को रोशन करने हेतु सौभाग्य योजना के अंतर्गत ही सोलर पावर पैक (सौर ऊर्जा )से रोशन किया गया। जनपद में ऐसे 470 घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशन किया गया। उन्होंने बताया कि आईपीडीएस योजना के अंतर्गत जनपद में 32.55 की लागत से 07 अदद आईपीडीएस टाउनो प्रणाली सुधार का कार्य किया गया तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत 20.15 करोड़ रुपए की लागत से विद्युतीकरण एवं निःशुल्क संयोजन निर्गत किया गया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा व शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाये चलाई गई। उन्होंने आगे बताया कि वैश्विक महत्ता के अनुरूप जनपद अयोध्या की सुदृणीकरण व भव्य बनाने हेतु वर्तमान अयोध्या नगर में भूमिगत केबिलीकरण का कार्य 179.60 रुपए की लागत से किया जा रहा है तथा जून 2023 तक अयोध्या नगर के उपरिगामी तारों के मकड़जाल को समाप्त कर भूमिगत कर दिया जाएगा तथा ए.डी.बी योजना के अंतर्गत बेयर कंडक्टर को परिवर्तित कर ए.बी. केबिल डालने का कार्य अक्टूबर 2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार व चीफ जनरल मैनेजर एनटीपीसी टांडा ने भी विद्युत संबंधी योजनाओं व भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी तथा लोगों से विद्युत ऊर्जा को अनावश्यक रूप से खर्च से बचाने की अपील की। इस अवसर पर विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं पर बनी लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गई व नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक व योजनाओं की जानकारी दी।

# विद्युत करंट से महिला की हुई मौत



☒ परिजनों में मचा कोहराम
☒ पंखे से उतरे करेंट से चपेट में आई

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स बिधूना,औरैया। जिले के कस्बा बिधूना से है। जहां घर में अकेली महिला करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ले के लोगों और परिजनों के द्वारा महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में उपचार के लिए भर्ती करा गया। जहां उसकी मौत हो गई। बतादें होनी को कोई नहीं जानता, कब घटित हो जाये। कुछ ऐसा ही इस परिवार के साथ भी हुआ है। आपको बता दें कि महिला मोहिता अग्निहोत्री पत्नी संजीव अग्निहोत्री उम्र करीब 45 वर्ष निवासी तिलक नगर घर में अकेली थी। जबकि उसके पति एवं अन्य परिजन खेतों पर काम करने गये हुए थे। महिला ने जैसे ही खर्राटे पंखा को चालू किया तभी वह करंट की चपेट में आ गई और जमीन पर गिर गई। मोहल्ले का कोई व्यक्ति किसी काम से घर में आया तो हालत देखकर उसके होश छोड़ गये। लोगों को जानकारी दी गई। मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोग घर में पहुंचे, परिजनों को सूचना दी। आनंद फानन में मोहल्ले के लोगों और परिजनों के द्वारा महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टरों के द्वारा काफी प्रयास उपचार के दौरान हुआ लेकिन महिला की मौत हो गई। इस दौरान परिजनों में कोहराम मच गया। आपको बता दें कि महिला की छोटी दो पुत्रियां स्तुति और तनवी है, जबकि एक ढाई वर्ष का छोटा पुत्र कन्हैया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने की योजना

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने की कार्ययोजना सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में तैयार की गयी। पूरे जनपद में करीब दो लाख घरों में तिरंगा ध्वज फहराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में सम्पूर्ण समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेषनारायन मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी बूथ स्तर पर सभी लोगो को अपने घरों में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। कई लोग अपनी प्रेरणा से भी घरों में तिरंगा फहरायेंगे। हमें इस अभियान में सम्पूर्ण समाज की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस स्वतंत्रता दिवस पर हम देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वालें शहीदों को श्रद्धांजलि दें। इस अभियान में आपसी भेदभाव भुलाकर सभी को एक मंच पर आकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रस्तुत करनी चाहिए। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव प्रत्येक व्यक्ति के भीतर होना चाहिए। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह हमारे लिए स्वर्णिम अवसर है कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। शहीदों के संघर्षो के परिणाम




स्वरुप हमें यह अवसर प्राप्त हुआ है। हर व्यक्ति को अपने घर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सदा समर्पित रहने का भाव प्रस्तुत करना चाहिए। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि हमारी एकजुटता देश विरोधी ताकतों के लिए व्यापक संदेश होगी। हर भारतीय की जिम्मेदारी है वह स्वयं इस अभियान में शामिल हो तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित भी करें। सह मीडिया प्रभारी अंशुमान मित्रा ने बताया कि 11, 12 व 13 को कार्यक्रम को लेकर प्रभातफेरी निकाली जायेगी। बैठक में पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, महानगर के अभियान प्रमुख तिलकराम मौर्या, अशोक कसौधन, महानगर, जिला, मण्डल व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोलीमार लेने पर छात्रा की कानपुर में इलाज के दौरान मौत



☒ करीब 6 माह से डिप्रेशन में बताई जा रही मृतक शिवांगी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला सत्तेश्वर के पाल कॉलोनी में सोमवार की सुबह लगभग सवा 10 बजे एक युवती ने पिता की रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया था। कानपुर की लाला लाजपत राय अस्पताल में मंगलवार की भोर लगभग साढे 4 बजे शिवांगी ने उचित दम तोड़ दिया। युवती कई माह से डिप्रेशन में बताई जा रही है। शिवांगी का शव मंगलवार को अपराहन जैसे ही घर पर आया तभी परिजनों में कोहराम मच गया। इसके साथ ही दरवाजे पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है। मोहल्ला सत्तेश्वर के पाल कॉलोनी औरैया निवासी अधिवक्ता राज्यपाल की 19 वर्षीय पुत्री शिवांगी उर्फ राजा पाल कोटा में एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। दूसरे वर्ष का एग्जाम देने के बाद छुट्टी होने पर वह कुछ माह पूर्व अपने घर औरैया आ गई थी। सोमवार की सुबह घर का काम निपटा रही थी, उसी दौरान किसी कारण बस उसने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कान के पास गोली मार ली। इसके बाद वह अचेत होकर फर्स पर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर घरवालों ने दौड़कर देखा , तो वह खून से लथपथ जमीन पर पड़ी हुई थी। वही मौके पर आसपास के लोग भी आ गये थे। बताया जाता है कि शिवांगी का पिछले 6 माह से डिप्रेशन का उपचार चल रहा था। शायद इसी के चलते उसने गोली मार ली है। मंगलवार को शिवांगी का शव घर आते ही कोहराम मच गया। इसके साथ ही काफी भीड़ एकत्र हो गई। घटनास्थल पर



पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। जहां पर फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट आदि के नमूने लिए , वही पुलिस ने भी जांच पड़ताल की है। बताया जाता है कि शिवांगी दो बहने एवं एक भाई हैं। बड़ी बहन रोशनी ने कोटा से एलएलबी किया है। इसके बाद वह कानपुर में प्रैक्टिस कर रही है। जबकि भाई कृष्णा कक्षा 6 का छात्र है। इसके अलावा शिवांगी के पिता राज्यपाल सिंह अधिवक्ता होने के अलावा सर्राफा की दुकान भी किए हैं। परिवार पूरी तरह से संपन्न ने बताया जाता है।

# निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत व्यक्तियों को साथ रखने को लेकर यूटा ने जताई आपत्ति

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

☒ यूटा ने ज्ञापन देकर बीएसए को बतायीं समस्याएं

दिबियापुर,औरैया। शिक्षक संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक व शिक्षिकाओं की तमाम समस्याओं को लेकर बीएसए से शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान संगठन ने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व कुछ बीईओ व कार्यालयों पर उनके सहयोगी गैर विभागीय लोगों के जमे रहने,उनके साथ मिलकर निरीक्षण व शिक्षकों पर दबाव बनाकर उत्पीड़न की भी शिकायत की। मंगलवार को ककोर स्थित बीएसए कार्यालय में यूटा महामंत्री विनय वर्मा व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक बाबू गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के तमाम शिक्षक बीएसए विपिन कुमार से मिले।शिक्षकों ने बीएसए को ज्ञापन देकर बताया कि कुछ बीईओ व उनके कार्यालय में तैनात कुछ बाबुओं के संरक्षण से शिक्षकों का उत्पीड़न चल रहा है।भ्रष्टाचार के चलते कुछ बीआरसी कार्यालयों को शराब ,अपराधी और दलालों का अड्डा सा बना दिया गया है।बीआरसी व कार्यालयों में बाबुओं के साथ गैर विभागीय लोग भी बैठते हैं।यह लोग कंपोजिट ग्रांट व खेलकूद सामग्री क्रय कराने के नाम पर स्कूलों में घूमते हैं। जो स्कूल सामग्री ना खरीदें उनको निरीक्षण में टारगेट बनाकर शोषण किया जाता है।आधार कार्ड बनवाने और एरियर में भृष्टाचार करने वालों की शिकायत करने पर संगठन से जुड़े शिक्षकों को भी टारगेट किया जाता है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।संगठन ने कहा कि बीआरसी व बीएसए



कार्यालय में तैनात बाबुओं के पटल पर उनका फोटो व नाम चस्पा किया जाए।समस्त कार्यालयों पर सीसीटीवी फुटेज द्वारा गैर विभागीय लोगों की पहचान की जाए।महिलाओं के लिए अलग शिकायत प्रकोष्ठ बने। स्कूल में अधिकारियों के अलावा कोई गैर विभागीय व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगे। एरियर भुगतान में पक्षपात ना कर समस्त शिक्षकों का एरियर निकाला जाए।बीएसए ने संगठन की माँग पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर संगठन मंत्री धर्मेंद्र अम्बेडकर, शरद कुमार, दीपक गुप्ता, नेत्रपाल सिंह, ओमकार, प्रशांत गुप्ता, कल्पना पोरवाल, सुविधा राजपूत, संगीता पोरवाल व मोनिका आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। मंगलवार को दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो युवक और एक महिला की मौत हो गई। पहली घटना थाना कलंदर क्षेत्र में हुई जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। मृतक युवक राजित राम उम्र ( 32) महेश उम्र ( 17) साल नैपुरा पूरा कलंदर का रहने वाला था।दूसरी घटना चांदपुर कैल के पास की है।जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी के पीछे बैठी महिला (30) की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। मृतका अनीता तारुन थाना क्षेत्र के चतुरपुर नेतवारी गांव की रहने वाली थी। मृतक अनीता हिस्ट्रीशीटर पति प्रदीप गौड़ के मुकदमे की पैरवी करने रिश्तेदार के साथ लखनऊ हाईकोर्ट जा रही थी। हिस्ट्रीशीटर प्रदीप के जेल जाने के बाद महिला अपने मायके अंबेडकर नगर में माता– पिता के साथ रहती थी। वही से पति के मुकदमे की पैरवी कर रही थी। मृतका की दो बेटियां है जो अपने मामा के घर अंबेडकर नगर में रह रही है।




## खेत में गिरे बिजली के तार से किसान की मौत

बीकापुर,अयोध्या। बीकापुर क्षेत्र के बोदहरी गांव में बीती रात खेत में सिंचाई को जा रहे 45 वर्षीय किसान अनंत राम साहू की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक अनंत राम (45) रात में अपने खेत जा रहा था वहां पर बिजली का तार टूट कर गिरा था उसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। मृतक किसान के 04 बच्चे है। घटना की सूचना पाकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम छाया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा मौके पर पहुंचकर तहसील से मिलने वाली आर्थिक सहायता लेखपाल की रिपोर्ट आने के बाद शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया। स्थानीय पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया।

## चोरी के डीजल व तमंचे के साथ किया गया गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स अछल्दा,औरैया। पुलिस अधीक्षक निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व क्षेत्राधिकारी बिधूना महेन्द्र प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अछल्दा दीपक सिंह के नेतृत्व मे थाना अछल्दा पुलिस नें बीती रात्रि गश्तध्चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नफर अभियुक्त (चोर) सचिन यादव पुत्र अशोक कुमार उर्फ महेश यादव निवासी ग्राम बघुल्याई थाना अछल्दा जनपद औरैया को मय एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी का डीजल करीब 8 लीटर के साथ निचली गंग नहर स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे थाना अछल्दा जिला औरैया गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद असलहा व चोरी के माल के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक सुधीर भारद्वाज,उ0नि0 उदयप्रकाश,का0 धर्मेन्द्र,का0 आबिद खान है।



## नाजायज तमंचे के साथ गैंगेस्टर गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व क्षेत्राधिकारी बिधूना महेन्द्र प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी बेला जीवाराम के नेतृत्व में थाना बेला पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर अभियुक्त मंगल सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी धनुपुरा थाना कादरचौक जनपद बदायूं को मय एक अदद तमंचा 12 बोर 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 171/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना बेला के –निरीक्षक/उ0नि0 राजपाल सिंह है।



## आजादी के अमृत महोत्सव के सम्बन्ध में हुई गोष्ठि

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। आज दिन मंगलवार को तहसील सभागार सदर में जिलाधिकारी औरैया श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाने के दृष्टिगत जनपद औरैया के समस्त प्रशासनिकध्पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगणों के साथ गोष्टि की गयी जिसमें महोदय द्वारा



शहर के मुख्य चौराहों,सरकारी भवनों को तिरंगा स्वरूप देने तथा जनपद के समस्त निवासीगणों को अपने–अपने घर पर झण्डे को फहराने तथा आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गयी तथा गोष्टि में उपस्थित अधि0गणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। गोष्टि में अपर जिलाधिकारी श्रीमती रेखा एस0 चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी, सम्मानित पत्रकार बंधू एवं संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहें।

## अपहृत को किया बरामद परिजनों में खुशी की लहर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल सिंह के कुशल निर्देशन में अपहृतध्गुमशुदा बच्चो की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत व क्षेत्राधिकारी सदर सुरेन्द्र नाथ यादव के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सहायल पंकज मिश्रा के नेतृत्व में सहायल पुलिस द्वारा सम्बन्धित धारा 363 भादवि में अपहर्त सतीश उर्फ अंसु (उम्र करीब 14 वर्ष) पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम गेहू चना पुर्वा थाना सहायल जनपद औरैया बीते 24 जुलाई को बिना बताए अपने घर से कही चला गया था जिसकी सूचना पर पुलिस बल के अथक प्रयास से अपहर्त को 48 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया । बच्चे की बरामदगी पर पूरा गांव एवं परिवार खुश है और सभी ने पुलिस की सराहना की।



## भाजपाई द्वारा नियामतपुर में चोर धरो जेल भरो कर्मसूची का आयोजन

नियामतपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से जिला कन्वेनर सुब्रतो मिश्रा के नेतृत्व में नियामतपुर पार्टी कार्यालय से न्यू रोड तक चोर धरो जेल भरो एक विरोध कर्मसूची का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिलीप दे कि अगुवाई में विरोध जुलुश नियामतपुर पार्टी कार्यालय से प्रारम्भ होकर न्यू रोड पहुच सड़क अवरुद्ध कर पथसभा में तब्दील हुआ। पथ सभा को संबोधित करते हुए जिला कन्वेनर सुब्रतो मिश्रा ने कहा कि पैसा लेकर नौकरी देने का कार्य किया जाता हो उस राज्य का भविष्य क्या होगा। इतनी निर्लजय सरकार जिसके मंत्री को ईडी गिरफ्तार करती है। उसकी मुखिया उसको बर्खास्त तक नही करती। क्योंकि दाल में काला है। आज विगत पाँच सौ दिनों से छात्र छात्राएं इस एसएससी मामले की दुर्नीति को लेकर लगातार आंदोलन पर बैठे है। जिन्होंने परीक्षा दे कर पास हुए वो दरदर की ठोकर खा रहे है। वही जो बिना परीक्षा दिए वो पैसा देकर



पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान उधोग मंत्री पार्थो चटर्जी को एसएससी घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी में ईडी ने मंत्री की सहायक अर्पिता के घर से बड़े पैमाने में नगदी बीस करोड़ से ज्यादा सहित बेनामी संपति, विसेषी मुद्रा, स्वर्ण आभूषण ओर डायरी बरामद की है। जिसमे कई राज खुलने वाले है। वही भाजपा विधायक डॉ अजय पोद्दार ने विरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये सरकार पूरी तरह घोटाले की सरकार है। जिस सरकार में शिक्षा मंत्री ही घोटाले कर नौकरी प्राप्त किये। जिसका सारा काला चिट्ठा सामने है। जिसमे कई राज्य के मंत्री भी सलाखों के पीछे होंगे।

सभा मे मुख्य रूप से राज्य नेता विवेकानंद भट्टाचार्य, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ इबरार अहमद, स्थानीय पार्षद अमित तुलशियांन, इंद्राणी आचार्या, मंडल तीन के अध्यक्ष कंचन सिन्हा, चार के अध्यक सत्यजीत दास, युवा मोर्चा के अमित गोराई, लीगल सेल के बिनोद सिंग सोलंकी, टिंकू वर्मा सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के सदस्य शामिल थे।

## बाजिदपुर बाजार में नदी के किनारे लोगों के द्वारा फैलाया जा रहा है गंदगी



संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर बाबाजा के दक्षिण और बाया नदी में लोगों के द्वारा फैलाया जा रहा है। गंदगी यहा कचरा इतनी भारी मात्रा में फैलाया जा रहा है कि लगता है कि बाजिदपुर बाजार में कोई 10 या 20 बड़ी–बड़ी फैक्ट्रियां हैं। वहीं मौजूद समाजसेवी पंकज कुमार एल आई सी अभिकर्ता मुकेश कुमार चौधरी जय माता दी इलेक्ट्रॉनिक के प्रबंधक राकेश कुमार चौधरी एवं समाजसेवी शशि प्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर ने कहा कि इस संबंध में हम लोगों ने कई बार अधिकारियों को सूचित भी किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अब लगता हैं की न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। गौरतलब हो कि बिहार सरकार के आदेशानुसार किसी भी सार्वजनिक स्थल मंदिर, मस्जिद, नदी नाला, पोखर, तालाब, स्कूल, कॉलेज आदि जगहों पर किसी भी प्रकार की कोई गंदगी या कचरा फैलाना कानून की नजर में अपराध माना जाएगा। बिहार सरकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण ने इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 7070379278 भी जारी किया है की इस प्रकार की कोई भी गंदगी फैलाने या कचरा फैलाने वाले की जानकारी आप इस नंबर पर देकर सूचित कर सकते हैं।

## कोयला भट्ठा निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों में लिखित शिकायत की

सालानपुर। सालानपुर प्रखंड के कल्या ग्राम पंचायत के मनोहरा गांव में कृषि भूमि के समीप भट्ठा निर्माण के विरुद्ध ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुये बीते सोमवार सालानपुर ब्लॉक बीडीओ को लिखित में शिकायत की एंव शिकायत की कॉपी को सालानपुर बीएलआरओ, बाराबनी विधायक, सालानपुर पंचायत समिति सभापति, एडीए सालानपुर को दिया है। गाँव के निवाशी जितेन्द्र नाथ माझी, परितोष माझी, जयराम माझी समेत अन्य ग्रामीणों ने भट्ठा निर्माण को लेकर शिकायत की है। ग्रामीणों की शिकायत है कि मनोहरा मौजा के दाग संख्या 330 में 18 एकड़ 3 सतक जमीन है जिसमें करीब 12 बीघा सरकारी खास जमीन जिसमें भट्ठा मालिक की नजर है। दाग संख्या 330 के नीचे 17 बीघा जमीन पर खेती की जाती है। जिस जमीन पर भट्ठा का निर्माण किया जा रहा है उसी जमीन के समीप सरकारी जमीन है, भविष्य में भट्ठा मालिक सरकारी खास जमीन को कब्जे में ले सकता है। भट्ठा निर्माण के बाद खेतों से धान एंव अन्य फसलों को लाने वाला रास्ता बंद हो जायेगा क्योंकि की वही रास्ते से फसलों को लाया जाता है जहाँ अभी भट्ठा का दीवार एंव चिमनी के निर्माण चल रहा है। शिकायत कर्ताओं ने बताया कि कोयला व इट भट्ठा का निर्माण होने के बाद उससे निकले प्रदूषित धुँआ, छाई, जल से आस पास के क्षेत्र में कृषि भूमि अनुपजाऊ हो



जायेगी एंव कृषि पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसलिये स्थानीय पंचायत, सालानपुर बीएलआरओ, बाराबनी विधायक, सालानपुर पंचायत समिति सभापति, एडीए सालानपुर को लिखित शिकायत कर मामले में हस्तक्षेप कर उचित कदम उठाने कि अपील की है।

इस संदर्भ में पश्चिम बर्दवान के जिला शासक एस. अरुण प्रशाद ने कहा है कि मामले की जल्द जांच की जाएगी।

## युवा कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। ईडी के खिलाफ सत्याग्रह मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की गिरफ्तारी से नाराज सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज के नेतृत्व में आजाद चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारी नरेंद्र मोदी शर्म करो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, दिल्ली पुलिस होश में – राहुल गांधी को जल्द रिहा करो का नारा लगा रहे थे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने कहा कि ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस के सत्याग्रह आंदोलन से मोदी सरकार घबरा गई है और लोकतंत्र की हत्या पर उतारू हो गई है। पहले कांग्रेस सांसदों को राजघाट पर सत्याग्रह की अनुमति नहीं दी गई और जब राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसदों ने शांतिपूर्ण मार्च निकाला तो दिल्ली पुलिस ने जबरन राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया, यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। मोदी सरकार संसद में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जीएसटी, अग्निपथ योजना पर चर्चा से भाग रही है बाहर पुलिस के बल पर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है, जिसे देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। शम्स ने राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से संविधान की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही तानाशाह मोदी सरकार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता प्रमोद नील, मो.अब्दुल्लाह, वीरेंद्र कुशवाहा, छोटे अंसारी, रंजीत कुमार, मो.अख्तर, मो.मोख्तार, मो. आशिक, राहुल कुमार, अवनीश कुमार, सरोज कुमार, आसिफ अहमद, मो. तनवीर, दिलकश खान, अख्तर रजा खान, मंतोष कुमार, विक्रम सिंह, हसनैन अंसारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## राउंड टेबल द्वारा कन्यागुरुकुल में छात्राओं को पिको मशीन प्रदान किया गया



कुल्टी। नारी स्वालंबन के लिए राउंड टेबल इण्डिया द्वारा ईच वन लिफ्ट वन के अंतर्गत कुल्टी के कन्यागुरुकुल में रविवार की देर शाम महिलाओ के प्रशिक्षण के लिए राउंड टेबल द्वारा एक पिको मशीन प्रदान किया गया। उसके बाद पिकको सिलाई मशीन का उद्घाटन समाजसेविका कोमल खेमानी, डॉक्टर परमा संघई, कीर्ति अग्रवाल एवं पूनम अग्रवाला ने फीता काटकर किया ।

इस अवसर पर कन्यागुरुकुल की छात्राओं द्वारा राउंड टेबल इंडिया से आये अतिथियो को सम्मानित किया गया। उसके बाद राउंड टेबल द्वारा
पिको सिलाई मशीन कन्यागुरुकुल की छात्राओं को सुपुर्द किया गया। राउंड टेबल के सदस्यों ने कहा कि कन्यागुरुकुल में पिको मशीन से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं सिलाई कढ़ाई के माध्यम से स्वनिर्भर बनाने की मुहिम चलाई योजना है इसके लिए राउंड टेबल इंडिया महिलाओ को आगे बढ़ने का अवसर देंगे। महिलाओं को सिलाई पिक्को मशीन दी गयी ताकी वे काम सीखें और अपने परिवार के लिए मेहनत कर कमा सकें। इसके लिए महिलाओं को मेहनत के साथ प्रशिक्षण लेने को कहा। इस अवसर पर राउंड टेबल की ओर से अध्यक्ष नितिन खेमानी एवं सचिव अंकित अग्रवाल सहित डॉक्टर सुमित संघाई, कौशल अग्रवाल, नितेश शर्मा, प्रतीक बंसल, आनंद अग्रवाल एवम् अभिषेक गाध्यान मौजूद थे।
जबकि कन्यागुरुकुल की ओर से डॉ ममता मिश्रा, कुल्टी मदद फाउंडेशन के महासचिव रवि शंकर चौबे एवम महिला प्रशिक्षण केंद्र की रिंकू चौबे समेत छात्राएं एवम शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## फूलन देवी का अपहरण करने वाले इनामी डाकू छिद्दा सिंह ने तोड़ा दम

☒ फूलन देवी की पुण्यतिथि 25 जुलाई को सैफई में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। फूलन देवी की पुण्यतिथि पर ही फूलन का अपहरण करने वाले 50 हजार के इनामी छिद्दा सिंह ने दम तोड़ा, 24 साल तक साधु वेष में चित्रकूट रहा, बीमारी में घर आया तो पुलिस ने पकड़ लिया था। फूलन देवी के अपहरण में शामिल लालाराम गैंग का सदस्य 50 हजार का इनामी रहा छिद्दा सिंह की सैफई के आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में मौत हो गई। यह एक संयोग है कि उसकी मौत फूलन देवी की पुण्यतिथि पर ही हुई। लालाराम की मौत के बाद छिद्दा सिंह चित्रकूट में साधु का वेष धरकर नाम बदलकर 24 साल तक रहा। जब वह बीमारी से पीड़ित हुआ तब उसे घर की याद आई और घर आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

आपको बता दें कि 1980 के दशक में फूलन देवी का अपहरण कर उसे लालाराम गैंग में छोड़ने का सहयोगी अपहर्ता छिद्दा सिंह ही था। वह बाबा बृजमोहन दास बनकर चित्रकूट में रह रहा था। उसने बृजमोहन दास के नाम पर आधार पेनकार्ड सब बनवा लिया था। उसे स्वांस की बीमारी हो गई थी। बीते माह 25 जून को उसकी हालत बिगड़ी तो उसने अपने सहयोगी महंत से अपनी मातृभूमि में जाने की इच्छा जताई। जब वह लोग यहां लाये तो पुलिस को सूचना मिल गई और पुलिस ने 26 जून को उसे धर दबोचा। फूलन देवी ने बेहमई कांड में 21 लोगों को एक लाइन में खड़ा कर गोलियों से भून दिया गया था। इस घटना के पीछे का का कारण था लालाराम व श्रीराम डकैत से बदला लेना। तीन गुनी उम्र के पति को छोड़कर गांव जालौन जिले के गोरहा गांव में रह रही थी। विरोधियों ने लालाराम गिरोह के सदस्यों से फूलन का अपहरण करा दिया था। बस यहीं से फूलन का डकैत बनने के सफर शुरू हुआ। फूलन देवी का अपहरण करने में अयाना के भासोंम गांव निवासी छेदा सिंह उर्फ छिद्दा पुत्र अजब सिंह शामिल था।गैंग के सफाया हो गया और लालाराम भी मारा गया। छिद्दा के ऊपर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हुए। उसने आस पास जिलों में अपहरण उद्योग भी चला रखा था। छिद्दा पुलिस की नजर में तब चढा जब उससे 1998 में पुलिस ने मुठभेड़ कर उससे चार अपहर्ता मुक्त करा लिए। इससे पहले छिद्दा के ऊपर कई मुकदमें आस पास जिलो में दर्ज थे। लाराराम के मरने के बाद छिद्दा को पुलिस नहीं पकड़ सकी। छिद्दा ने बाबा का भेष बनाया और बृजमोहन दास बनकर चित्रकूट के सतना में रहने लगा। यहां उसने आधार कार्ड राशन कार्ड पेन कार्ड सब ब्रजमोहन दास के नाम पर बनवा लिए थे। काफी तलाश के बाद भी जब पुलिस छिद्दा को खोज नहीं पाई तो 2015 में उस पे 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। फिर भी पुलिस छिद्दा तक नहीं पहुंच सकी। 2015 के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस उसे भूल सी गई थी। बीहड में डकैत खत्म ही हो गए थे तो सबके साथ छिद्दा की फाइल में भी धूल जमने लगी तब से न पुलिस ने इनाम बढ़ाया न पकड़ने की कोशिस की।छिद्दा सिंह चित्रकूट के सतना एमपी में जानकी कुंड के पास आराधना आश्रम में महंत हो गया था। अब 69 साल की उम्र में वह पकड़ा गया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। इटावा जेल अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे सैफई के आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती कराया गया। जहां पर छिद्दा सिंह ने सोमवार की देर शाम दम तोड़ दिया। बेहमई के बाद अस्ता गांव कांड में शामिल था छिद्दारू 1981 में बेहमई कांड के बाद 1984 में फूलन देवी के सजातीय लोगों के गांव अस्ता में लालाराम गिरोह के लोगों ने जिसमें छिद्दा सिंह भी शामिल था। इन लोगों ने बेहमई कांड के



प्रतिशोध में यहां पर 12 मल्लाह जाति के जाति के लोगों को एक लाइन में खड़ा करके गोलियों से भून दिया गया था और गांव में आग लगा दी गई थी, जिसमें मां–बेटे की मौत हुई थी और 14 जान चली गईं थी। सरकार ने यहां स्मारक बनाकर इतिश्री कर ली लेकिन इस घटना की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं नही थी। बेहमई कांड का मुकदमा अभी भी अदालत में चल रहा लेकिन अस्ता कांड का मुकदमा दर्ज ही नहीं हुआ था। गांव में बना स्मारक और उसमें लिखे मारे गए लोगों के नाम ही घटना को याद दिलाते हैं।

## बगहा में अवैध बालू खनन का खेल जोरो पर,प्रशासन बनी मौन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा में अवैध बालू खनन का खेल खनन माफियाओं द्वारा जोरो पर चल रहा है, जिसको लेकर बगहा पुलिस हाथ पर हाथ रखे मौन बैठी हुई हैं। बताते चले कि अवैध बालू खनन का मामला आएदिन सामने आ रहा है। सरकार द्वारा बालू बन्द के नियमो का बालू माफियाओं द्वारा ताख पर रख नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, फिर भी पुलिस की मिली भगत से बालू खनन कर माफियाओं द्वारा जोरो का धन्धा चल रहा है। जहां प्रखंड बगहा एक के सिकटिया मछरगावा नदी से रात में बालू माफिया धड़ल्ले से खनन कर बालू को बेच मोटी कमाई कर पुलिस प्रशासन को चुनौती दिन दहाड़े दे रहे हैं। देखा जाए तो आएदिन ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी बालू चोरी छिपके से बेधड़क बालू माफिया आपना पाव पसार रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं। आखिर क्यों इसका किसका है जबाबदेही कौन रोकेगा इन माफियाओं को इनका जेब कौन भरेगा क्या है इसके पीछे राज । अब देखना यह है कि क्या इन माफियाओं के पीछे पुलिस आपना जाल बिछाकर क्या करती हैं। बालू



माफियाओं की माने तो बालू की अवैध खनन मामले में एक ट्रैक्टर ट्राली का पास परमिट कराकर उसके आड़ में कई ट्राली बालू की खेप को अंजाम दिया जा रहा है जो एक सोचनीय बिषय है।

## कानपुर में हत्याओ का सिलसिला जारी

☒ रिश्तो को तार–तार कर सगे बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट, इलाके में फैली सनसनी

☒ समय पर खुल गई परिवार के और लोगों की आंख वरना घर में सो रहे सभी लोगो की चली जाती जान

☒ 'मामला' कानपुर के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुजैनी सी ब्लॉक का है जहां एक 24 वर्षीय पुत्र ने अपने पिता का गला गोदकर कर कर निर्मम हत्या कर दी

'जानकारी के अनुसार' 55 वर्षीय जीत कुमार शुक्ला उर्फ गोरे अपने परिवार पत्नी सुमन, ससुर राम भरोसे अवस्थी 80, व बेटो निखिल 24 और अखिल17 वर्ष संग गुजैनी सी ब्लॉक में रहते थे जोकि मजदूरों की ठेकेदारी का काम करते थे। जिनका छोटा बेटा अखिल ग्यारवी कक्षा में पढ़ रहा है तो वहीं बड़ा बेटा निखिल 12वीं कक्षा करने के बाद से खाली बैठा था। जोकि बाहर रहकर गलत दोस्तो की संगति में पड़ गया था और नशा करने लगा था जिसके बारे में घर वालो को पता चला तो उन्होंने निखिल को काफी समझाया व डाटा ताकि निखिल नशा करना छोड़ दे। लेकिन निखिल नही माना और वह नशे की हालत में घर आने लगा जिसे देखकर उसके पिता गुस्सा होने लगे जिसे सुधारने के लिए पिता जीत ने उसे मारा भी ताकि वह सुधर जाए लेकिन वह फिर भी ना माना और रोज रोज नशा करके घर आने लगा जिसे पिता व घर के लोग आए दिन उसे समझाने व डांटने लगे जिनकी डांट से परेशान होकर निखिल ने अपने पिता को आज सुबह तकरीबन 05:00 बजे उनके सर पर सरिये से जोरदार वार किया और उनके गले में चाकू से गोद गोद कर कई बार वार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मामले की पूछताछ व जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा 'पुलिस के मुताबिक' आरोपित ने पिता के साथ साथ घर में सो रहे सभी लोगों को मारने का प्लान बनाया था। आरोपीत रात घर अपनी मां और भाई संग पहली मंजिल पर सोया हुआ था, पिता निचली मंजिल पर सोए थे और नाना पहली मंजिल की छत पर सोए हुए थे। जिसपर आरोपित लड़के ने घर पर सोए हुए सभी लोगो के उठने से पहले उठकर पहले अपने पिता को चाकू और सरिये से मारकर मार डाला फिर ऊपर जाकर मां और भाई को मारने वाला था की उतने में लड़के के नाना सुबह शौच के लिए छत से नीचे उतरकर आ रहे थे । जिन्हे देखकर लड़के ने उनके पास जाकर हाथ में पकड़े सरिए से उनके सर पर वार कर दिया जिनकी आवाज सुनकर मां सुमन जाग गई और अपने पिता को बचाने के लिए उनके पास गई जिसपर आरोपित बेटे ने अपनी मां के सर पर भी सरिये से वार कर दिया जिससे दोनो बुरी तरह लहूलुहान हो गए और जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगे जिनका शोर सुनकर बगल में सो रहा भाई भी जाग गया और उसने जाकर अपने भाई को धक्का दिया जिससे उसके हाथ में पकड़ी हुई सरिया व चाकू हाथ से छूट कर नीचे गिर गई और मां बेटे मिलकर उसे मारने व पकड़ने लगे तो वह उनसे खुद को छुड़ाकर वहा से भाग निकला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया साथ ही पुलिस अधिकारियों ने आरोपित को पकड़ने के लिए टीम को लगा दिया है पुलिस जल्द ही आरोपीत को पकड़कर उस पर कानूनी कार्यवाही करेगी।

आनन्द बाबा

## शाजापुर जिले की कई ग्राम पंचायतों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार हुए उपसरपंच में विजय

दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा शाजापुर। त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव में सरपंच के बाद हुए सोमवार को उपसरपंच का चुनाव, चुनाव में नगर सहित क्षेत्र में राजनीतिक दलों के हिसाब से बराबर लगभग ग्राम पंचायतों में स्थिति देखने को मिली वही ग्राम मदाना में भी भाजपा के उम्मीदवार बाबासाहेब राणे को हरा कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजराज सिंह सिसोदिया उपसरपंच पद पर प्रचंड बहुमत से विजय हुए ,वही सलसलाई के कांग्रेसी नेता बाबू सिंह मेवाडा उपसरपंच को लेकर हुए मतदान में 2 मत से विजय हुए ग्राम पंचायत खरसोदा में हुए भाजपा के कार्यकर्ता उप सरपंच निर्विरोध ममता संतोष मेवाड़ा बने इस दौरान सरपंच भादर मेवाड़ा युवा नेता बल्लू मेवाड़ा,देवी सिंह मेवाड़ा रोशन मेवाडा सहित कई लोगों ने बधाई दी वहीं ग्राम पंचायत माली खेड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल मेवाड़ा उपसरपंच पद पर नियुक्त हुए वही ग्राम पंचायत बाड़ी गांव कौशलपुर मे हुकम सिंह मेवाडा उप सरपंच पद पर नियुक्त हुए, नवलाया ग्राम पंचायत में रोशन परमार उप सरपंच पद पर भाजपा समर्थित नियुक्त हुए,वही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ग्राम पंचायत बुडलाय से गोविंद परमार निर्विरोध नियुक्त हुए,वहीं ग्राम पंचायत बेदारनगर में भी कांग्रेस समर्पित शांताबाई नारायण सिंह उपसरपंच पद पर नियुक्त हुई,कई नगर सहित क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी व युवा कांग्रेस समर्थित तरीके से हुए उप सरपंच चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के कई नेता निर्विरोध हुए तो कहीं जगह चुनाव हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएसबी 21वी वाहिनी ने गंडक बराज हर घर तिरंगा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के 21 वी वाहिनी एसएसबी ने



आज मंगलवार को समय 11 बजे से 12 बजे तक ठ कंपनी गंडक बराज एसएसबी परिसर में हर घर तिरंगा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक कार्यक्रम आयोजन किया गया ।जिसमे भारत सरकार के द्वारा शुरू किये गए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर झंडा फहराने को लेकर चर्चा किया गया, जिसमे स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, मिडिया कर्मी, और एसएसबी के जवान शामिल थे ।इसको सम्बोधित करते हुए अंशुमान मुखोपाध्याय, सहायक कमानडेंट ने बताया की हमें 13 से 14 तारीख तक हर घर में तिरंगा झंडा फहराने है और झंडा के सम्मान को ध्यान में रखना है ।उन्होंने नये झंडा नियम से भी सभी को अवगत कराया तथा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 21 वीं वाहिनी के द्वारा आयोजित होने वाली हर कार्यक्रम से अवगत कराया और उन्हें सफल बनाने के लिए सभी से आग्रह किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मण्डल, उप निरीक्षक कुंवर सिंह तथा 40 जवानों के साथ गणमान्य लोग उपस्थित थे. अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एक परित्यक्त खदान जलाशय से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया

कुल्टी। कुल्टी थाना के बराकर फांड़ी अंतर्गत रामनगर सेल कोलियरी के लायक डीह में खाली पड़े खदान के जलाशय से करीब 32 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। घटना के संबंध में मालूम चला है कि मंगलवार दोपहर कुछ लोगों ने खाई में एक शव तैरता देखा। बराकर फांड़ी की पुलिस को इसकी सूचना दी गई ।पुलिस ने आकर महिला के शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। आगे पुलिस ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ढाका को परियोजना ढाका आवंटन के साथ घोड़ासहन व बनकटवा का भी पदभार मिला

(बिपिन बिहारी मौर्य संवाददाता अयोध्या टाइम्स ढ़ाका पूर्वी चम्पारण।)
ढ़ाका। ढाका प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तेज कुमारी लकड़ा को ढाका प्रखंड के साथ ही साथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी घोड़ासहन व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बनकटवा का भी पदभार मिला। यह प्रभार कार्यालय के पूर्व के आदेश 21 जुलाई को विलोपित करते हुए कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से पदस्थापना एवं अतिरिक्त परियोजना का प्रभार ग्रहण करने का निर्देश आईसीडीएस डीपीओ शशीकांत पासवान के द्वारा दिया गया तथा 24 घंटे के अंदर पदभार लेने का निर्देश भी दिया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत 3 बच्चे हुए घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय
सीवान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पतार पंचायत के भूसी टोला में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई है जिसकी पहचान दुली देवी उम्र 45 वर्ष,पति विद्या शंकर यादव, जब कि तीन बच्चे घायल हो गए है घायलो मे ओम प्रकाश यादव उम्र 13 वर्ष,दिनवन्द यादव 12 वर्ष, पिंकी यादव पिता हरेंद्र यादव के रूप में



पहचान की गई है घायल अवस्था में आनन–फानन में रघुनाथपुरा अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर हालत में सिवान रेफर किया गया तीन मे एक कि हालत गंभीर बताई जा रही है घटना बारिश के वक्त सभी पेड़ के नीचे खड़े थे कि अचानक बिजली गिरी जिसे यह घटना घटी।

## गर्मी से बारिश ने दिया लोगों को कुछ राहत

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड में लगातार तीन दिनों से किसी न किसी समय झमा–झम वर्षा हो रही है जिससे किसान मजदूर एवं जन साधारण को भी गर्मी से राहत मिली है। वहीं कष्टहारा ग्राम स्थित साईन




हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ रोशन कुमार एवं डॉ राजेश कुमार ने बताया की इस बार गर्मी के कारण इस सप्ताह में कई ऐसे मरीज यहां इलाज के लिए आए जिनका शरीर गर्मी एवं लू के कारण बुरी तरह से जल गया था। इस प्रकार के सभी मरीजों के साथ– साथ ये वर्षा सभी को राहत देने वाली हैं।

## मनोहरसिह बाघेला बने निर्विरोध उपसरपंच

जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर सुजालपुर से मेहरबान सिंह वाघेला की रिपोर्ट शुजालपुर। निर्विरोध ग्राम पंचायत रसलपुर के पूर्व सरपंच व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोहरसिह बाघेला को ग्राम पंचायत रसलपुर के समस्त पंचों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया वही मनोहरसिह बाघेला लगातार तीसरी बार ग्राम पंचायत में चुने गए वही इनके अथक




प्रयासों से सबसे पहले ग्राम पंचायत रसलपुर निर्विरोध हुई थी इनकी पत्नी रसकुवर बाई अभी हुये मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिसमें जिला पंचायत शाजापुर में वार्ड नम्बर 10 से भाजपा व कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारो को हराकर जिला पंचायत सदस्य बनकर निर्दलीय जितने का रिकॉर्ड बनाया इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों ने व शुभ चिंतकों ने मनोहरसिह बाघेला को बधाई प्रेषित की!

# क्षेत्र भ्रमण के दौरान एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव को जनता रोका

☒ जर्जर सडक और 15 वर्षो से अधूरा पड़ा विद्यालय के मुद्दों को एमएलसी के सामने रखा

दैनिक अयोध्या टाइम अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज गोरियाकोठी,सिवान। एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव नें मंगलवार को गोरियाकोठी विधानसभा क्षेत्र के सावना, हुसेपुर, मुस्तफाबाद सारेया,सानी बसंतपुर और पचपकडिया क्षेत्र का भ्रमण कर सिवान लौट रहे थे। इसी दौरान एमएलसी डॉ वीरेंद्र यादव जैसे ही पचपकड़ीया बाजार के समीप चार बजे पहुंचे तो अपने विभिन्न मांगों को लेकर जनप्रतिनि के साथ साथ लोगो ने उनको रास्ते में ही रोक लिया। उसके बाद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव अपने गाड़ी से निकल कर फिर दुकान पर बैठ गए. इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मुद्दों को उनके समक्ष रखा. इसके बाद श्री यादव ने उनके मुद्दे को निराकरण करने की बात कही इसी क्रम में पूर्व मुखिया ध्रुव प्रसाद, गोरियाकोठी के पूर्व प्रमुख प्रभु नाथ प्रसाद ने कहा कि गोरिया कोठी प्रखंड के पकड़िया पदम गांव में स्कूल का वर्ष 2007–8 के तत्कालीन विधायक इंद्रदेव प्रसाद ने विधिवत उद्घाटन किया था, लेकिन यह विद्यालय उसी समय से आज तक अधर में लटका हुआ है. इस विद्यालय को जल बनवाने की मांग की वहीं शिक्षकों ने जयप्रकाश यूनिवर्सिटी से अनुदानित विद्यालयों को अनुदान जारी कराने की मांग की साथ ही छात्रों की समस्या को लेकर भी मानती शिक्षकों ने कहा कि एक छात्र को बीए करने में कई वर्ष लग जा रहे हैं सेशन लेट होने के कारण भविष्य अधर में लटका हुआ है. पचपकडिया गाँव के लोगो नें जर्जर सड़क की स्तिथि को एमएलसी के सामने रखा. एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव नें लोगो को अस्वासन दिया की शीघ्र ही सडक बनेगा। श्री यादव नें कई आलाधिकारियो को फोन के माध्यम से जर्जर सडक की जानकारी दी. मौके पर श्याम बाबू, अरविन्द कुमार, अनुराग कुमार सिंह, अंकित कुमार शमीम अख्तर, उपेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



# समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर 2047 बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर /2047 बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघघाटन माननीय जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वागत गान आध्या प्रिया द्वारा गाया गया। कार्यक्रम के संबोधन में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बिजली के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है पहले यह सब कुछ भी नहीं था ।अब सौर्य उर्जा के माध्यम से भी बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, सिंचाई के लिए बिजली दी जा रही है ।भारत सरकार एवं बिहार सरकार के नेतृत्व में हर घर बिजली पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ।बिजली के क्षेत्र में बिहार बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त किया है आने वाले समय में शत प्रतिशत बिजली का कार्य पूर्ण किया जाएगा। सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली का उत्पादन होगा वही जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में बिजली की स्थिति क्या थी और अब क्या है अब सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली का उत्पादन हो रहा है बिजली के क्षेत्र में स्मार्ट मीटर आने से बिजली बिल की शिकायत में कमी आई है। जिले में सीतामढ़ी क्षेत्र अंतर्गत 245513 एवं पुपरी क्षेत्र अंतर्गत 291280 कुल 536793 उपभोक्ताओं को बिजली से जोड़ा गया। सीतामढ़ी में पावर सबस्टेशन 12 एवं पुपरी में 12 की संख्या में उपलब्ध है , 11 केवी फीडर कुल 160 है बिजली आपूर्ति सीतामढ़ी क्षेत्र अंतर्गत 22.3 घंटा है वही पुपरी क्षेत्र अंतर्गत 21 घंटा है। जिले में कुल 23605 स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। वहीं कृषि के क्षेत्र में 4106 विद्युत कनेक्शन से किसानों को सिंचाई हेतु निर्बान बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में बाढ़ एवं अन्य आपदाओं में क्षेत्रीय कर्मियों द्वारा विद्युत आपूर्ति को निर्बाध रूप से बिजली बहाल करने को लेकर वे धन्यवाद के पात्र हैं। वही कार्यक्रम में उपस्थित बिजली उपभोक्ता जगदीश कुमार, गौरव कुमार ,संजीव वर्मा द्वारा भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा प्राप्त हो रही बिजली सेवा को लेकर अपने संबोधन में कहा गया कि आजकल प्राप्त हो रही बिजली से उद्योग का विस्तार हो रहा है किसानों को सिंचाई के क्षेत्र में बिजली मिलने से पानी की समस्या से निजात मिल रही है बिहार सरकार द्वारा हर घर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना से बिजली की खपत एवं बिजली की आवश्यकता पूर्ण उपयोग में काफी सुधार हो रहा है । कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से लघु फिल्म प्रदर्शित कर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाया गया जिसमें बताया गया कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 57. 7 गीगावॉट का लक्ष्य, पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 40. 7 गीगावॉट का उत्पादन शुरू हो चुका है, बायोमास के क्षेत्र में 10. 5 गीगावॉट का उत्पादन हो रहा है । अपशिष्ट ऊर्जा से 500 में से 200 मेगावाट का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। देश के हर कोना कोना में नवीन ऊर्जा का लाभ उठा रहे देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्षेत्र में







बिजली देने को लेकर प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा योजना उत्थान महाअभियान योजना का लाभ दिया जा रहा है। डीजल के प्रदूषण से मुक्ति के लिए सौर ऊर्जा का साधन दिया जा रहा है और सौर्य ऊर्जा के साथ किसानों को रोजगार भी दिया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना से 3 माह में 3000 गांव को बिजली कनेक्शन देकर गांव रोशन किया गया। साथ ही कार्यक्रम के अंत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना आईपीडीएस योजना का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधान परिषद सदस्या रेखा देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय विधानसभा सदस्य परिहार गायत्री देवी, माननीय विधान सभा सदस्य बेलसंड संजय कुमार गुप्ता, माननीय विधान सभा सदस्य बाजपट्टी मुकेश कुमार, माननीय विधानसभा सदस्य रीगा मोतीलाल प्रसाद, माननीय जिला परिषद अध्यक्ष अदिति कुमारी, जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कृष्ण प्रसाद गुप्ता, एनटीपीसी एजीएम, कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी बीके सिंह, कार्यपालक अभियंता विद्युत रोशन कुमार के साथ विद्युत कार्यालय से संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा बिजली उपभोक्ता गण उपस्थित थे।

# दलसिंहसराय में एक शिक्षक से 7 लाख रुपये छीन, लुटेरा फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,दलसिंहसराय। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत एसबीआई के एडीवी शाखा से 7 लाख 10 हजार रुपये निकाल कर साईकिल से घर जा रहे एक बुजुर्ग से बाइक सवार बदमाशो ने झपट कर फरार हो गया। बाइक सवार दोनों बदमाश रुपिया छीन तुरंत वहां से गायब गया था। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कुमार ब्रजेश घटना स्थल पर पहुंचकर जाँच में जुट गए। पीड़ित की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के केवटा निवासी राम प्रसाद राय के रूप में हुई। वह निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि एडीवी शाखा में मेरा एफडी खाता था। समय अवधि पूरा हो जाने से खाता से निकासी कर झोला में रखकर साईकिल से घर जा रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर दो बदमाश आये और मुझे धक्का देकर साईकिल से गिरा दिया और झोला छिनकर बेगूसराय की ओर भाग गया। जब तक वह शोर मचाते तब तक दोनों आंखों से ओझोल हो चुके थे। घटना के सम्बंध में स्थानीय थाना को लिखित शिकायत दी गई है। वहीं इस घटना को लेकर थानाध्यक्ष कुमार ब्रजेश ने बताया कि घटना के सम्बंध में जानकारी मिलने के बाद पुलिस के द्वारा बैंक और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरा की जाँच की जा रही है। जल्द ही मामले का उदभेदन कर दिया जाएगा।



# पूर्वी चम्पारण कोटवा थाना क्षेत्र के अमापर में अपराधियो ने की फायरिंग एक जख्मी



(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)

कोटवा थाना के आमापर गांव में बाइक सवार दो अपराधियों ने घर पर चढ़कर सोए हुए दो लोगों पर गोली चलाई। जिसमें 9 वर्षीय बच्चा साजन कुमार घायल हो गया। गोली घायल बच्चे के दाहिने घुटने में लगी। घटना के बाद गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग जगे एवं शोरगुल किया। इसे देख अपराधी वहां से भाग निकले। हालांकि उसमे से एक अपराधी की पहचान हुई है। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी में भर्ती कराया है। इधर पुलिस को दिए बयान में घायल के दादा राम सूरत राय ने कहा कि वह अपने पोते के साथ घर के बाहर गैरेज के आगे बिछावन पर सोए हुए थे। तभी एक अपाची बाइक पर सवार दो लोग आए इसी दौरान मेरी आँख खुल गई। और वे आगे बढ़ गये फिर कुछ देर बाद वापस आये मेरे बगल में गाड़ी खड़ी कर दी ।मैंने उसमे से एक को पहचाना उसका नाम कोंहवा बेतवा का कुंदन यादव था वहीं उसके साथ एक अन्य व्यक्ति गाड़ी चला रहा था जिसे मैं नहीं पहचाना। कुंदन यादव आने के साथ ही फायर किया जो बोलेरो के पीछे वाले सीसा को छेदते हुए अगले सीसे पर लगी। दूसरी गोली जान मारने की नीयत से हमपर चलाया। जो मेरे बगल में सो रहे पोता के दाहिना घुटना में लगा एवं आर पार कर गाड़ी के बर्नट में जा घुसा। डेढ़ माह पहले मेरे भाई के बोलेरो चोरी मामले में कुंदन यादव नामजद अभियुक्त था और वह जेल गया था। इस दैरान उसने धमकी दिया था कि जेल से आकर उसका बदला लेंगे। जमानत पर छूटने के बाद हमे जान मारने की नियत से गोली मारी। इस संबंध में पुलिस ने रामसूरत राय के बयान पर कुंदन यादव सहित दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# मोबाइल दुकान में चोरों ने हजारों रुपए के मोबाइल पर किया हाथ साफ

रूपेश कुमार की रीपोर्ट। बाढ़। बाढ़ के स्टेशन रोड स्थित मोबाइल माफिया ने डिजिटल स्टूडियो में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर हजारों रुपए के मोबाइल की चोरी कर ली। कुछ महीने पहले भी स्टेशन रोड स्थित एक और मोबाइल के दुकान में चोरों ने अपना हाथ साफ किया था। दुकानदार ने पर पता चला कि दुकान के एक कोने में दीवार कटा हुआ है। जिस खंती से दीवार में सुराख बनाया गया था, चोर उस खंती को दुकान में ही छोड़कर भाग गए। जब उनसे पूछा गया कि अपने थाने में चोरों के खिलाफ आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि थाना में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।




बताया कि रात में चोरों ने पीछे से दीवार को खंती से तोड़कर एक बड़ा सा सुराख बना दिया और दुकान के अंदर दाखिल हो गए और करीब 80–90 हजार रुपए का मोबाइल चुराकर रफूचक्कर हो गए।

जब सुबह दुकान खोलकर अंदर घुसे तो देखे कि सारा मोबाइल गायब है। दुकान का मुआयना करने टोटल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाने में आवेदन दिया जाएगा।

दुकानदार बृजेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा दुकान में लगा हुआ है।

अगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज को अच्छी तरह से खंगालेगी, तो चोर पकड़े भी जा सकते हैं।

# मगध के अतीत को सरल भाषा में प्रस्तुत करता मगधनामा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह कुमार निर्मलेन्दु लेखित "मगधनामा" जो राजकमल प्रकाशन समूह के 'लोकभारती प्रकाशन' से प्रकाशित है, आपको विमर्श के क्षितिज पर अधिक से अधिक रास्ते दिखला कर स्वनिर्णय पर छोड़ देता है कि आपको क्या अपनाना है। मगध का इतिहास प्राचीन भारत का इतिहास है, और इसकी कथात्मक यात्रा को सरल–सहज भाषा में आम पाठकों तक पहुँचाना श्लाघनीय है ।ईसा पूर्व छठी शताब्दी से छठवीं शताब्दी तक सम्पूर्ण भारत वर्ष का इतिहास मगध के केंद्र से संचालित है। मगध के संज्ञा का निर्णय हो या वैदिक, बौद्ध, जैन प्रभृति विमर्शों पर प्राचीन ग्रंथों–साहित्यों का संदर्भ आपको इतिहास पठन में आलस्य नहीं आने देता ।वैदिक युग से ईस्ट इंडिया कम्पनी के काल तक के सामाजिक,धार्मिक और राजनैतिक यात्रा संपन्न करते, कई ऐसे आख्यान मिलेंगे जो आपको रोमांच और ज्ञान से आपूरित करते हैं। 'मगध का आत्मकथ्य' अभिधेय शीर्षक प्राचीन भारत का केंद्रबिंदु मगध का परिचय अथर्ववेद से प्रारम्भ कर सम्राट अशोक तक के गौरवशाली परंपरा से कराता है। किताब को मोटे तौर पर देखें तो सतर प्रतिशत हिस्सा व्रात्यों से लेकर गुप्तोत्तर राजाओं के संघर्षों और सामाजिक अवदानों को करा रही है बाकी में मुगलकालीन और ईस्टइंडिया कम्पनी के कालखंड में मागधीय गतिविधियों को। जातियों के निर्माण, विस्तार और पहचान के दृष्टि में विमर्श के लिए भी यह ग्रंथ आम पाठकों के लिए पुराने इतिहासविदों को संदर्भित कर तथ्यों को स्पष्ट कराता है ।एक तरह यह मगध के पुरातात्विक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और सामाजिक गौरवता और कथाओं का संग्रह है। मगध की प्रगतिशीलता और भारत में नवाचार के आदि प्रयोग मागधीय संदर्भ में इसका विश्लेषण है। लेखन शैली और तथ्यों का संदर्भीकरण लेखक के विद्योपासक होने का परिचायक है ।लेखक की कई किताबें हैं इतिहास–संस्कृति विषयक,अभी उत्तर प्रदेश सरकार के राजपत्रित अधिकारी के रूप में सेवा और साहित्य लेखन में सक्रिय हैं।



# आधार कार्ड में पैसे उगाही को लेकर बच्चों ने किया हंगामा




☒ बीडीओ ने कहा कि इसके बाद शिकायत आती है तो ऑपरेटर के खिलाफ आईडी ब्लॉक करने की प्रक्रिया की जाएगी।

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड। मैनाटांड़ प्रखांड कार्यालय स्थित आधार पंजीकरण मे धांधली थमने के बजाय दिन ब दिन बढते ही जा रहा है। एक बार फिर सुर्खियों में आया आधार केंद्र। इधर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के दूर–दूर गांव से आधार पंजीकरण कराने आए बच्चो से ऑपरेटर द्वारा अतिरिक्त पैसे किये जाने की मांग पर बच्चे भड़क गये। और इसकी तुरंत सूचना वहां पर मौजूद प्रखंड नाजिर बसंत राम को दी। बच्चों का आरोप था कि हम सब आधार पंजीकरण कराने आए थे ऑपरेटर द्वारा सौ सौ रू की मांग की जा रही थी। बच्चों ने बताया हमसब द्वारा जब पैसा नहीं देने की बात कही गई तो आधार केंद्र में मौजूद ऑपरेटर द्वारा डांट फटकार लगाई गयी। इधर प्रखंड नाजिर ने ऑपरेटर द्वारा अवैध पैसे की उगाही करने एवं आधार केंद के अंदर बिचौलियों के माध्यम से काम करने की शिकायत बीडीओ पंकज कुमार से की। इधर बीडीओ ने आधार पंजीकरण आधार केंद्र में उपस्थित ऑपरेटर को बुलाकर कड़ी फटकार लगाया कहा कि बार–बार आधार पंजीकरण में अवैध उगाही की शिकायत मिल रही है इसके बाद अगर थोड़ी भी शिकायत मिलती है तो ऑपरेटर के खिलाफ आईडी ब्लॉक करने की कारवाई की जाएगी। इधर बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि आधार पंजीकरण में धांधली को लेकर प्रखंड नाजिर को देखरेख करने की निर्देश दे दी गई है। बीडीओ ने बताया कि अब थोड़ा भी शिकायत मिलती है तो ऑपरेटर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आईडी ब्लॉक करने की कारवाई की जाएगी।

# मोबाइल दुकान में चोरों ने हजारों रुपए के मोबाइल पर किया हाथ साफ

☒ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष को फूल माला पहना कर स्वागत किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता



उत्कर्ष कुमार मोनू की रिपोर्ट शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तुफा को कर्पूरी सभागार कार्यालय शिवहर में फूल माला पहना कर स्वागत किया गया ।वही ,मौके पर उपस्थित रहे शिवहर पूर्व विधायक मोहम्मद सरफुदिन, जिला अध्यक्ष कमलेश पाण्डे, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, नीरज कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष कल्याण पटेल, दीपक पटेल, ,,कैशर जमाल, तारिक अनवर, जिला मीडिया प्रभारी खलिकुर रहमान , सहजाद आलम,ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी कहा कि उम्मीद है कि आप संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# हिंदू मुस्लिम एकता का मिशाल कायम किया सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट ने

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज। सिवान के सूफिया मेमोरियल हॉस्पिटल मे एक मरीज नाजिया खातून एडमिट थी और उनका ऑपरेशन होना था और बी पॉजिटिव खून की जरूरत थी. खून की कमी के वजह से ऑपरेशन रुका हुआ था. जैसे ही ट्रस्ट के अध्यक्ष कैफ सुल्तान जी को पता चला उन्होंने लगातार खून की जरूरत के लिए डोनर का इंतजाम में लग गए और सदस्य लड्डुन खान को फोन किए तभी ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य लड्डुन खान अपने यहां के सक्रिय सदस्य रंजन कुमार को लेकर बारिश मे भीगते हुए ब्लड बैंक पहुंचे और ट्रस्ट के अध्यक्ष कैफ सुल्तान की मौजूदगी में रक्तदान कराया। मौके पर उपस्थित रहे –संस्थापक सह अध्यक्ष कैफ सुल्तान, लड्डुन खान, कलीम रजा,मासूम रजा,गुड्डू कुमार, सद्दाम अली इत्यादि।



सिवान के सूफिया मेमोरियल हॉस्पिटल मे एक मरीज नाजिया खातून एडमिट थी और उनका ऑपरेशन होना था और बी पॉजिटिव खून की जरूरत थी. खून की कमी के वजह से ऑपरेशन रुका हुआ था. जैसे ही ट्रस्ट के अध्यक्ष कैफ सुल्तान जी को पता चला उन्होंने लगातार खून की जरूरत के लिए डोनर का इंतजाम में लग गए और सदस्य लड्डुन खान को फोन किए तभी ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य लड्डुन खान अपने यहां के सक्रिय सदस्य रंजन कुमार को लेकर बारिश मे भीगते हुए ब्लड बैंक पहुंचे और ट्रस्ट के अध्यक्ष कैफ सुल्तान की मौजूदगी में रक्तदान कराया। मौके पर उपस्थित रहे –संस्थापक सह अध्यक्ष कैफ सुल्तान, लड्डुन खान, कलीम रजा,मासूम रजा,गुड्डू कुमार, सद्दाम अली इत्यादि।

# संक्षिप्त समाचार

## बाढ़ अनुमंडल के बेलछी प्रखंड में सूखा पड़ने के आसार

रूपेश कुमार की रिपोर्ट। बाढ़ अनुमंडल के किसान इन दिनों काफी चिंतित हैं मानसून का बारिश सही तरीके से नहीं होने के चलते उनके खेत आज की तिथि में भी सूखा पड़ा हुआ है बेलछी प्रखंड के किसानों ने सूखा पड़ने की आशंका व्यक्त करते हुए सरकार से खेतों के पटवन के लिए मुकम्मल व्यवस्था करने की मांग की है किसानों का कहना है कि बेलछी प्रखंड मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कर्म क्षेत्र है लेकिन आज की तिथि में पटवन की कोई व्यवस्था नहीं होने के चलते इलाके के किसान भूखे मरने के कगार पर हैं किसानों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है जबकि नालंदा जिला में हर खेत में पटवन और बिजली की व्यवस्था है जबकि पटना जिला में बाढ़ अनुमंडल के होने के बाद सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए लेकिन आज तक कृषि कार्य के लिए बिजली की मुकम्मल व्यवस्था नहीं की गई है इलाके में नलकूप की भी व्यवस्था नहीं है जिसके चलते किसान यदि दूरदराज के नदी या पोखर से पटवन करने का काम करते हैं तो उसे भी विद्युत विभाग के द्वारा परेशान किया जाता है जिसको लेकर इलाके के लोग काफी परेशान हैं समय रहते यदि बारिश नहीं हुई तो इस बार सूखा पड़ने की संभावना अधिक है चुकी इलाके के किसानों के लिए कोई सरकार के द्वारा मुकम्मल व्यवस्था नहीं की गई है जिसका खामियाजा इलाके के किसान भुगत रहे हैं किसानों का आरोप है कि बिहार सरकार के द्वारा बेलछी प्रखंड की उपेक्षा की गई है।

## बिहार भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलोक सिंह के द्वारा रुद्राभिषेक किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। भगवान शिव को समर्पित पवित्र सावन (श्रावण) मास के द्वितीय सोमवारी को बिहार भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलोक सिंह के मोतिहारी आवास पर आचार्य आदित्य कुमार तिवारी द्वारा रुद्राभिषेक किया गया ।शिवपुराण के रुद्रसंहिता में बताया गया है कि सावन के महीने में रुद्राभिषेक करना विशेष फलदायी है। रुद्राभिषेक में भगवान शिव का पवित्र स्नान कराकर पूजा–अर्चना की जाती है। यह सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली पूजा मानी जाती है जिसका फल तत्काल प्राप्त होता है। इससे भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों के सभी कष्टों का अंत करते हैं और सुख–शांति और समृद्धि प्रदान करते हैं। रुद्राभिषेक में शामिल लोगों में आलोक सिंह जी के पिताजी श्री विजय कुमार सिंह एवं माताजी व भाई आशुतोष,सोनू एवं उनके दोनों पुत्र राणा शिवांश एवं राणा श्रेयांश के साथ–साथ उनकी पत्नी एवं अन्य लोगों ने पूरे विधि विधान से शिव जी का जलाभिषेक किया।



## एनबीडब्ल्यू के पांच वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड। पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने फरारी व वारंटियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इसमें भेडिहारी गांव से शेख सोहरव,शेख जाजुल एवं शेख इस्ताव वही मधुरी गांव से शिवपूजन राउत को गिरफ्तार कर लिया। उक्त वारंटी अलग–अलग कांड में पुलिस की नजरों में धूल झोंककर फरारी चल रहे थे। थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि अस्पताल में सभी का कोविड जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रुद्राभिषेक से सांसारिक कष्टों का होता है निवारण : पं शशिरंजन दूबे

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड। रुद्राभिषेक पूजन करने से सांसारिक कष्टों का निवारण होता है सब कष्टों का एक ही एंटीबायोटिक है रुद्राभिषेक पूजा। सावन में रुद्राभिषेक पूजा का विशेष महत्व है साथ ही बेलपत्र का भी विशेष महत्व है। उक्त बातें आचार्य शशि रंजन दुबे ने कहा। आचार्य श्री दुबे ने कहा कि देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इधर मंगलवार को सावन की तेरस तिथि को लेकर प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

## दो दिनों से बच्ची लापता परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

दलसिंगसराय, (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! एक बच्ची के दो दिनों से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है! मिली जानकारी के अनुसार एक 13 वर्षीय लड़की जिसका नाम प्रीति कुमारी है , अपने घर से पिछले दो दिनों से गायब है ! प्रीति के मामा बुल्लू कुमार साह ने बताया कि मेरी भगिनी प्रीति महनार थाना के हसनपुर (बघनोच्चा पेठिया) निवासी रामविलास साह की पोती एवं चंदन साह की बेटी है, प्रीति मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है, जिस कारण वह अपना नाम और पता ठीक ढंग से नहीं बता पाती हैं !रू वह विगत 25 जुलाई से लापता है! प्रीति को खोजने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अबतक परिजनों के हाथ खाली हैं ! मामले को लेकर अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है!



## महाराजगंज से 36 कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज,सीवान। महाराजगंज से प्रत्येक वर्ष बोल बम कांवरिया संघ के तत्वावधान में शीव भक्त देवघर जाते है ! बताते चलें कि महाराजगंज मोहन कुमार पद्माकर की देखरेख में कांवरियों का जत्था प्रत्येक बर्ष सुल्तानगंज से दो पात्रों मे जल भर कर देवघर मनोकामना लिंग पर अर्पण करता है वही दूसरा जल पात्र बाबा बासुकीनाथ पर अर्पित होता है।



अनुमंडल मुख्यालय के शहीद फुलेना स्मारक चौक से मंगलवार को कावरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। बोल बम कावरिया संघ के बैनर तले 36 कावरिया बाबाधाम गए। संघ के संस्थापक मोहन कुमार पदमाकर ने बताया कि 1973 में संघ की स्थापना की गई थी, 50 वर्षों से लगातार बोल बम कावरिया संघ बाबाधाम जा रहा है। रवानगी से पूर्व सभी कावरियां शहर के बाला बाबा मठ पहुंचे, जहा मठाधीश बद्री नारायण दास जी महाराज ने सभी कावरियों को चंदन लगाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान हर–हर महादेव व बोल बम के गगनभेदी जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया था। मौके पर अधिवक्ता दिनेश प्रसाद सिंह, प्रो अनिल सिंह, प्रो धीरेंद्र सिंह, प्रो विजय चौधरी, प्रो मुरारी सिंह, मनोज कुमार पाण्डेय, प्रो शशि भूषण श्रीवास्तव, प्रो लालन तिवारी, राजेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, किरण बम, अर्चना बम, मधु बम, निलम बम व रंजीत कुमार तिवारी ,दिलीप कुमार सिंह सहित 36 कावरिया थे।

## मधुबनी के जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्नातक ग्रेड का प्रोन्नति का पत्र निकालने में अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग का अवहेलना कर रहे हैं

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार। मधुबनी जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी स्नातक ग्रेड प्रोन्नति का पत्र नहीं निकाल रहे हैं। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग ने पत्रांक 111ध्ब्दिनांक 18 मई 2022 एवम सचिव शिक्षा विभाग के पत्रांक 872दिनांक 16जून 2022 के द्वारा आदेशित किए है। आदेश में कहा गया है कि किसी के विभाग के कर्मियों का मनोबल बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि उनकी सेवा संबंधी मामले का त्वरित समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी कर्मी को अपने सेवा संबंधी मामले एवं सेवानिवृत्ति लाभ संबंधी मामले निष्पादन के लिए किसी भी कर्मी के कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं हो न लंबित रहे। बक्सर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के पत्रांक 962 दिनांक 06/07/2022 को पत्र निकाल दिए है। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षा संघ के कार्य कारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने 15 .07. 2022 को जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने संघ के पत्रांक 01 दिनांक15. 07.2022 को स्नांतक ग्रेड में प्रोन्नति के लिए आवेदन दिए है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अभी तक पत्र जारी नही किया गया है। बेसिक ग्रेड के नियोजित शिक्षकों को 19 वर्षो के बाद भी प्रोन्नति नहीं मिल रहा है। जिससे शिक्षकों में अवसाद उत्पन्न हो गया है ये शिक्षक हिन भावना के शिकार हो गए हैं। जिससे शिक्षा विभाग की छबि धूमिल हो रही है। माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा आवमानना वाद एम जे सी संख्या 1742/2017 दिनांक 13. 09.2019 को पारित आदेश का भी पालन नही हो रहा है। जिन्हें प्रोन्नति नहीं मिलने से प्रति माह हजारों रूपए के नुकसान के साथ वरीयता का ह्रास हो रहा है। निचले स्तर के पदाधिकारी के द्वारा सही समय पर निर्णय नहीं लिया जाता है। कैलाश चंद्र झा ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, लखनौर और जिला पदाधिकारी, मधुबनी को पजीकृत डाक से आवेदन दिए है। आखिर शिक्षक किसके पास आवेदन दे। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के आदेश का निचले स्तर के पदाधिकारी के द्वारा पालन नही किया जाता है। यह स्वेच्छाचरिता, कार्य के प्रति उदासीनता, विभागीय आदेशों की अनदेखी कर रहे है। उच्च पदाधिकारी खुद आवेदन का अनदेखी करते है। निचले स्तर के पदाधिकारी पर कारवाई कौन करेंगे। शिक्षक शिक्षण कार्य को छोड़कर के शिक्षा विभाग के कार्यालयों का चक्कर काटते रहेंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों की दी गई श्रद्धांजलि

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। कारगिल विजय दिवस की संध्या पर सीतामढ़ी जिला कांग्रेस परिवार द्वारा स्थानीय गांधी मैदान स्थित शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को याद किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि सीतामढ़ी जिला के लिए गौरव की बात है कि चंदौली गांव के मेजर चंद्र भूषण द्विवेदी ने कारगिल पोस्ट को फतेह करने में



अपनी जान की बाजी लगा दी और वीरगति को प्राप्त हुए।

साथ ही इस युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल चौक स्थित शहीद मेजर चंद्र भूषण द्विवेदी स्मृति द्वार, चंदौली स्थित उनके स्मारक के जीर्णोद्धार, वन रैंक–वन पेंशन, अग्निपथ योजना को वापस लेने और पूर्व सैनिकों को हॉस्पिटल में स्पेशल वार्ड की व्यवस्था करने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में प्रमोद कुमार नील, रकटू प्रसाद, रितेश रमण सिंह, संजय कुमार बिररख, वीरेंद्र कुशवाहा, डॉ.राजीव कुमार काजू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज, मनोज सिंह, प्रो.राम प्रवेश कुशवाहा, राहुल रमेश गुप्ता, श्री भगवान सिंह, राजीव कुमार कुशवाहा, तनवीर खान, अख्तर रजा खान, दिलकश खान, राजू कुमार, मो. मोख्तार, सुंदरम पाठक, समरेश परमार, ओम प्रकाश यादव, पप्पू सिंह, राज कुमार, अरुण कुमार वर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## प्लास्टिक का उपयोग करे बंद : श्रम अधीक्षक भेलवा में भी महिलाओं को किया गया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत भेलवा में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें सेनेटरी पैड के इस्तेमाल को बताया गया। इससे पूर्व जन शिक्षण संस्थान एवम श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। इस दौरान लोगो को प्लास्टिक का उपयोग नही करने की सलाह दी गई। इधर श्रम अधीक्षक के द्वारा उपस्थित लोगों को शपथ दिलवाया गया कि प्लास्टिक के उपयोग से दूर रहेंगे। पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है जिसका असर लोगो के साथ साथ तमाम जीव – जंतु एवं वनस्पति पर हो रहा है। नियोजन पदाधिकारी के द्वारा पर्यावरण को दूषित होने से बचाने हेतु वृक्षा रोपण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से रोकने के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है। श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी एवम जन शिक्षण संस्थान के कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से तरह तरह के फूल एवम फलदार पोधो का पौधारोपण किया गया।मौके पर श्रम कार्यालय के प्रधान लिपिक लालबाबू प्रसाद, जन शिक्षण संस्थान की मुन्नी शर्मा,सर्वेश कुमार,राकेश कुमार, आरती कुमारी एवं मधु कुमारी उपस्थित रहे।

## अवनी प्रिया का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू बाढ़ में कार्यरत शिक्षक अमित कुमार के प्रथम सुपुत्री अवनी प्रिया का प्रथम अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय सचिव फादर



एंड्रूस थम्बी हाई स्कूल की प्राचार्या सिस्टर दीपिका, प्राइमरी स्कूल की प्राचार्या मंजुला, सिस्टर वियोलिटा, पूर्व बाढ़ विधायक प्रत्याशी प्रोफेसर श्यामदेव सिंह चौहान, बाढ़ जाप जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नीरज कुमार, प्रोफेसर सुभाष कुमार, जितेंद्र तिवारी, प्रमोद कुमार ,रोहित कुमार, रंजीत कुमार ,संजय कुमार ,सुशील कुमार ,गौरव कुमार , प्यारेलाल , अमर कुमार, सुशीला कुमारी ,रेखा लाल , प्रिया लाल,अमृता कुमारी, पूजा लाल, रूपा रानी,होमा हसन, सविता कुमारी ,दिनेश अलवट, गोलू कुमार, राजन कुमार, अजीत कुमार , नवजीवन कुमार, पिंटू कुमार ,पवन कुमार, गुड्डू कुमार एवं कई गणमान्य समाजसेवियों ने अवनी प्रिया के अवतरण दिवस कार्यक्रम में शिरकत कीये और आशीर्वाद प्रदान किया।

## बगहा अनुमंडल पदाधिकारी ने आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम को लेकर किया बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के अनुमंडल सभागार में मंगलवार को बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने आगामी 28 जुलाई को आपकी सरकार आपके द्वार होनेवाले कार्यक्रम को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग समीक्षात्मक बैठक की। एसडीएम ने बताया कि स्थानीय जनता को सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानीय स्तर पर प्रशासन की सभी ईकाइयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर कर लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रखने हेतु आगामी 28 जुलाई को राधेश्याम उच्च विद्यालय परसौनी में आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिसमें प्रखंड बगहा एक के ग्राम पंचायत राज मझौवा,इंग्लिशिया एवं सलहा बरिअरवा की जनता अपनी समस्याओं को लेकर पहुचेंगी। जिसको लेकर शिविर में 28 काउंटर लगायें जायेंगे। शिविर में आवास,पेंशन,राशन, जाति, आय, निवास,अंचल,मनरेगा,कृषि, आईसीडीएस, बिजली सहित कई विभागों के काउंटर लगाये जायेगें। इस कार्यक्रम के माध्यम से विकासात्मक कार्यों के संकेन्द्रण, सरकार के



कार्यक्रमों तक आम जनता की पहुँच, प्रभावकारी जन शिकायत निवारण तथा ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जायेगा।

शिविर के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं–कार्यक्रमों के बारे में जन–जन तक पहुंचे , और इसके लाभ जन जन को मिले।

## दीक्षांत समारोह में आमंत्रित मुख्य अतिथि पर प्रश्नचिन्ह : अभाविप

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 3 अगस्त को दक्षिणी परिसर दीक्षा स्थल में आयोजित होगा । जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ सुधांशु शेखर ने बताया कि दीक्षांत समारोह में महामहिम राजपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान मुख्य अतिथि अध्यक्ष होंगे ऊर्जा एवं योजना विकास विभाग बिहार के मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि होंगे एवं दीक्षांत भाषण देंगे शिक्षा एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से अतिथि का स्वागत भूपेंद्र मंडल कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राम किशोर प्रसाद रमन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रति कुलपति आभा सिंह करेंगी कार्यक्रम की संचालन कुलसचिव प्रोफेसर डॉ कुमार ठाकुर करेंगे। इस जानकारी के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य सुजीत सान्याल ने कहा कि अमूमन किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और शिक्षा मंत्री का मुख्य अतिथि के रूप में नियमतः परंपरा है । लेकिन यह ऊर्जा मंत्री अतिथि के रूप में समझ से परे है , इसे देखकर भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय प्रशासन दीक्षांत समारोह कम और राजनीतिक चाटुकारिता का प्रदर्शन करने की ज्यादा ही आतुरता प्रकट कर रही है । ऊर्जा मंत्री की उपस्थिति मुख्य अतिथि के रूप में हो सकती है , तो फिर बिहार सरकार के दो मंत्री कोसी क्षेत्र में और भी हैं , उन्हें क्यों दूर रखा गया है ? ऊर्जा मंत्री कभी विश्वविद्यालय का अंग भी नहीं रहे हैं फिर वे कैसे दीक्षांत भाषण पढ़ेंगे ? उनकी भाषण पढ़ने की नैतिकता क्या है ? जबकि नीरज कुमार बबलू जी बिहार सरकार के मंत्री से पूर्व भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के सीनेट एवं सिंडिकेट के बतौर सदस्य रहे हैं।

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के विकास में उन्होंने हमेशा छात्र , छात्राओं , शिक्षकों , कर्मचारियों के हित में कई लाभकारी कदम विश्वविद्यालय प्रशासन के माध्यम से उठाए हैं । माननीय नीरज कुमार बबलू जी जिन्होंने विश्वविद्यालय में विकास के लिए बतौर सीनेट तथा सिंडिकेट सदस्य सदैव तत्परता से कई महत्वपूर्ण योगदान दिया है । इतना ही नहीं एक तरफ बिहार में खेल विश्वविद्यालय तथा कला संस्कृति विश्वविद्यालय स्थापना को गति देने वाले आलोक रंजन को भी इस कार्यक्रम से दूर रख कर , ऐसे लोगों को कार्यक्रम में शामिल करना जो कभी विश्वविद्यालय के अंग नहीं रहे हैं।

न ही उच्च शिक्षा से दूर–दूर तक उनका संबंध है । कहीं ना कहीं जानबूझकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार की उपेक्षा की गई है जो अपमान से कम नहीं है । अगर ऊर्जा मंत्री अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं तो फिर उसी के दोनों मंत्री क्यों नहीं ?

## स्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम के निर्माण में आर्थिक सहयोग के उपलक्ष्य में जिला अंतर्गत सभी खेल संघ के सचिव/अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार में इंडियन आयल कारपोरेशन के द्वारा दो करोड़ रुपए की लागत से जिला स्कूल , मोतिहारी में मल्टी स्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम के निर्माण में आर्थिक सहयोग के उपलक्ष्य में जिला अंतर्गत सभी खेल संघ के सचिव/अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इंडियन आयल कारपोरेशन के पूरी टीम को जिला स्कूल मोतिहारी में मल्टी स्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम निर्माण में आर्थिक सहयोग करने के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गई। इंडियन आयल कारपोरेशन के द्वारा पूर्व में भी सामाजिक उत्थान के लिए किए गए प्रयास को जिलाधिकारी महोदय ने सराहा ।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए जींक, सेनेटरी पैड ,गार्जियंस ऑफ चंपारण में इनका सहयोग सराहनीय कदम है। श्री विभाष कुमार ,कार्यकारिणी निदेशक एवं राज्य प्रमुख( आइओसीएल) ने अपने संबोधन में कहा कि भारत 6 के अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जिले भर में खेल को बढ़ावा देकर लोगों में मानसिक एवं शारीरिक क्षमता वर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल–डीजल गैस की कभी भी कमी नहीं होगी। जिला स्कूल मोतिहारी में मल्टी स्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु इंडियन आयल कारपोरेशन के द्वारा पहली किस्त की राशि एक करोड़ 64 लाख रुपए का चेक जिला प्रशासन को प्रदान किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि खेलो इंडिया , फिट इंडिया , मुख्यमंत्री खेल विकास के तहत कबड्डी ,क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल के अलावे फेंसिंग ,जूडो कराटे, एथलेटिक्स आदि खेल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री एनडी माथुर, मुख्य महाप्रबंधक श्री अरुण प्रसाद, महाप्रबंधक ,श्रीमती वीणा कुमारी, उप महाप्रबंधक, श्री प्रवीण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक ,श्री मनीष कुमार, संयंत्र प्रबंधक, श्री सतीश कुमार सिंह ,मुख्य प्रबंधक श्रीमती मेघा कश्यप, सामान्य शाखा पदाधिकारी, श्री संजय कुमार जिला खेल पदाधिकारी,जिला खेल संघ के सचिव/अध्यक्ष प्रभाकर जयसवाल, राशिद जमाल खान , त्रिलोकी जयसवाल , शैलेंद्र मिश्रा ,दीपक कश्यप ,केशव आदि उपस्थित थे।

## भाजपा महिला मोर्चा बैठक का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष ललिता देवी की अध्यक्षता में भाजपा उपाध्यक्ष सह महिला मोर्चा प्रभारी डॉ विभाग ठाकुर के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा 28 एवं 29 जुलाई को राष्ट्रीय महिला मोर्चा की दो राष्ट्रीय पदाधिकारी का सीतामढ़ी विधानसभा में 11 कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। जो महिला मोर्चा सीतामढ़ी के नेतृत्व में किया जाएगा। सभी पांच विधानसभा के प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही साथ पांच मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी सभी पांच विधानसभा में कार्यक्रम में शामिल होंगे ।महिला मोर्चा के अध्यक्ष ललिता देवी ने कहा सभी कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है और राष्ट्रीय पदाधिकारी का स्वागत जगत जननी माता सीता की पावन धरती पर जोरदार तरीके से किया जाएगा। मुख्य रूप से बूथ कार्यकर्ता संवाद, प्रधानमंत्री सरकारी लाभुकों से संपर्क, सरकारी निर्माण स्थल भ्रमण ,विकास तीर्थ भ्रमण, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण ,जनप्रतिनिधि संवाद, सोशल मीडिया संवाद ,वृक्षारोपण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में 29 तारीख को डॉ विभा ठाकुर के आवास पर सदस्यता अभियान का आगाज किया जाएगा। जिसकी तैयारी कर ली गई है। आज के बैठक के माध्यम से जिला अध्यक्ष ने जानकारी दी माता सीता की पावन धरती पर नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए



महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी के आगमन से यहां के महिला मोर्चा में काफी हर्ष और खुशी है। बैठक में विधान सभा कार्यक्रम प्रभारी आशुतोष कुशवाहा ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रोफेसर उमेश चंद्र झा, जिला महामंत्री अरुण गोप, जिला मंत्री सुभाष केसरी, जिला मीडिया प्रभारी आग्नेय कुमार ,आईटी संयोजक राहुल शांडिल्य ,मंडल अध्यक्ष राम सरोज सिंह ,दिलीप झा, हरी किशोर शाह ,नगर उपाध्यक्ष अन्वेष कुमार ,महिला मोर्चा महामंत्री भारती देवी ,आशा चौधरी ,अर्चना कुमारी, रंजना कुमारी ,पल्लवी प्रियदर्शनी, मुन्नी खातून ,शोभा देवी, सुनील कुमार ब्याहुत समेत महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधी की कर्म भूमि कहा जाने वाला पूर्वी चंपारण आपराधिक घटनाओं में पहला स्थान




दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। पूर्वी चम्पारण उतर बिहार का पहला जिला बन गया है । मोतिहारी हत्या के मामले में मुजफ्फरपुर के बराबर पर है लेकिन संज्ञेय अपराध में मोतिहारी उत्तर बिहार के जिलों में शीर्ष पर है ।इसका खुलासा स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के जारी किए गए आंकड़ों से हुआ है । आंकड़ा पर गौर करें तो मोतिहारी में हत्या के चउअन व मुजफ्फरपुर में हत्या के चउअन मामले बराबर हैं। लेकिन संज्ञेय अपराध में मोतिहारी में छ हजार चार सै चउआलिस व मुजफ्फरपुर में पाच हजार आठ सै दर्शाया गया है ।लूट के मामले में समस्तीपुर शीर्ष पर तो मोतिहारी दूसरे स्थान पर है। यह आंकड़ा जनवरी दो हजार बाइस से मई दो हजार बाइस तक का बताया जा रहा है। दुष्कर्म के मामले में मुजफ्फरपुर पहले स्थान पर तो मधुबनी दूसरे स्थान पर है. वहीं, मोतिहारी पुलिस के लिए राहत की बात है कि घटना के बाद त्वरित करवाई करते अधिकांश कांड का खुलासा कर घटना में शामिल अपराधियो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है ।स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जनवरी से मई दो हजार बाइस तक जारी आंकड़े में संज्ञेय अपराध में मोतिहारी पहला स्थान पर है । स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के द्वारा जारी आंकड़ा में मोतिहारी में संज्ञेय अपराध छ हजार चार सै चउ आलिस , हत्या चउअन , लूट तिरसठ , दुष्कर्म तेईस हुआ. वहीं मुजफ्फरपुर में संज्ञेय अपराध पाच हजार आठ सै , हत्या चउअन , लूट चौतिस व दुष्कर्म चौतिस जबकि बेतिया में संज्ञेय अपराध तीन हजार आठ सै तीस , लूट दस , हत्या तरह , दुष्कर्म दस हुआ. बगहा में संज्ञेय अपराध एक हजार पाच सै चउसठ, हत्या तेईस , लूट छ दुष्कर्म बारह हुआ. सीतामढ़ी में संज्ञेय अपराध तीन हजार पाच सै दस , हत्या छबीस , लूट यकतीस , दुष्कर्म बीस हुआ. शिवहर में संज्ञेय अपराध आठ सै तिस के आलावा हत्या छ , लूट दो , दुष्कर्म पाच हुआ. तिरहुत रेंज में संज्ञेय अपराध तेरह हजार नव सै चौरासी , हत्या एक सै एकतिस , लूट एक सै तेरह, दुष्कर्म तिहतर हुआ जबकि चंपारण रेंज में संज्ञेय अपराध बारह हजार अडतिस, हत्या नबे उनहतर , लूट उनहतर, दुष्कर्म के पैतालीस मामले सामने आए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्बल योजना अन्तर्गत चलंत Locomotor दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल का होगा निःशुल्क वितरण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, किशनगंज द्वारा बताया गया कि समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के सम्बल योजनान्तर्गत पात्रता के आधार पर चलंत (स्वबवउवजवत) दिव्यांगजनों के बीच निःशुल्क बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया जायेगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 08 जूलाई, 2022 से आवेदन ऑनलाईन प्राप्त किये जा रहे है। पात्र आवेदकों को प्रथम आओ एवं प्रथम पाओ के आधार पर लाभान्वित किया जायेगा।

योजना का लाभ के लिए पात्रता–

1. चलंत दिव्यांगजन छात्र/छात्राएँ जिनका आवासन बिहार राज्य स्थित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर से तीन किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हो।

अथवा

वैसे चलंत दिव्यांगजन जो स्वावलंबन के उद्देश्य से बिहार राज्य में रोजगार करते हो और परिवार के कमाउ सदस्य हो तथा उनके आवास से उनका रोजगार स्थल तीन किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हो।

बिहार राज्य के स्थायी निवासी हो एवं बिहार में आवासन अनिवार्य है।

आय – अधिकतम 02 लाख प्रतिवर्ष।

आयु– 18 वर्ष या उससे अधिक।

दिव्यांगता प्रतिशत–न्यूनतम 60 प्रतिशत चलंत दिव्यांगता।

ऑनलाईन आवेदन कैसे करे ?

ऑनलाईन आवेदन समाज कल्याण विभाग के वेबसाईट https://state-bihar-gov-in/socialwelfare पर जाकर आवेदन करें। आवेदन के साथ आधार कार्ड, सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का आई० कार्ड (पहचान पत्र), मान्यता प्राप्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं फोटो आदि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### पीपराकोठी के मॉडल स्कूल के सभागार में पंसस की बैठक मंत्री प्रमोद कुमार व अन्य

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी।

पीपराकोठी। प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार यादव ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना उद्योग मंत्री प्रमोद कुमार थे। बैठक में बीडीओ मुकेश कुमार ने विभिन्न विभागों में चल रहे विकास योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। वही मंत्री श्री कुमार ने विद्युत विभाग के जेई व पीएचईडी विभाग के



कार्यपालक अभियंता के कर्तव्य पालन नहीं करने के मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई की बात कही। वहीं बीएओ को खाद दुकानों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख किरण कुमारी, पंसस रितज कुमार गुप्ता, योगी मांझी, मुसाफिर महतो, मुखिया संतोष कुमार शर्मा, रामनाथ यादव, सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

### महिला विकास सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनाली वर्मा का नागपुर से बक्सर आने पर हुआ स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स बीयूरो चीफ –गोविन्द जायसवाल की रिपोर्ट 26 जुलाई मंगलवार महाशिवरात्रि के दिन महिला विकास सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनाली वर्मा जी नागपुर महाराष्ट्र से बक्सर आगमन



पर कार्यालय बंगला घाट पर बक्सर के उपचेयरमैन इन्द्रप्रताप सिंह उर्फ बबन सिंह द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया और बबन सिंह जी ने 7 अगस्त रविवार को सावन महोत्सव अपने निवास स्थान पर मनाने के लिए महिला संस्थान कि टीम को आमंत्रित किया जिसमे संयोजक सह संस्थापक गोविन्द जायसवाल ने धन्यवाद किया जिसमे शिल्पी देवी,ममता देवी,रानी पासवान, रीना शर्मा,मीना देवी,तारा वर्मा,चंदा बेगम,हनी जायसवाल, किरण प्रजापति,किरण जायसवाल,शिवानी वर्मा,सीता प्रजापति,सह संयोजक बबन राजभर,सुधाकर वर्मा एडवोकेट,राजा जी लोग मौजूद थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला सहित तीन की मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले के भभुआ, सोनहन व चौनपुर थाना क्षेत्र के क्रमशरू रामपुर, महुअत व परसियां गांव के सिवाना में सोमवार की दोपहर बाद वज्रपात से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में भभुआ थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी बुद्धु सिंह का पुत्र पहालु सिंह 35 वर्ष, सोनहन थाना क्षेत्र के



महुअत गांव निवासी मोहन पासवान का पुत्र मंटू पासवान 35 वर्ष व चौनपुर थाना क्षेत्र के परसियां गांव निवासी बेचू बिंद की पत्नी ललिता देवी 40 वर्ष बताई जाती हैं। मिली जानकारी के अनुसार महिला समेत दोनों युवक खेत में ही कार्य करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आए हैं। इसमें पहालु सिंह खेत में मेढ़ बना रहे थे। इसी दौरान वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आकर वहीं गिर गए। कुछ देर बाद दूसरा व्यक्ति जब मेढ़ काटने के लिए गया तो देखा कि पहालु वहीं गिरे पड़े हैं। तब उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। इसके बाद सबको जानकारी हुई। तब तक उसकी मौत हो गई थी।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत कराया गया पोस्टमार्टम

रूपेश कुमार की रीपोर्ट बाढ़। पंडारक प्रखंड के दरबे भदौर थानांतर्गत सिल्दही गाँव में एक युवक की ट्रैक्टर पलटने से मृत्यु हो गयी। बताया जाता है कि 24 वर्षीय सुधांशु कुमार ट्रैक्टर चलाकर खेत से ऊपर सड़क पर ले जा रहा था, तभी ट्रैक्टर ऊपर उठ गया और पलट कर नीचे खाई में जा गिरा जिससे युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसी पल उसकी मौत हो गयी। युवक अपने आस पास के गाँव मे काफी लोकप्रिय था। जब लोगों ने उसकी मौत की खबर सुनी तो दो तीन गांव से लोगों की भीड़ उसे देखने के लिए जमा हो गयी। वहीं दूसरी ओर मृतक के घर में परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। पूरे गाँव में शोक की लहर फैल गयी। स्थानीय मुखिया सुजीत गराय और पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमण्डल अस्पताल बाढ़ भेज दिया जहाँ पोस्टपार्टम के बाद मृतक को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## नर्सिंग की छात्राओं ने सेवा, दृढ़ता और समर्पण की ली शपथ -एएनएम स्कूल में नए बैच की छात्राओं के लिए लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। एएनएम स्कूल, शिवहर के सभागार में मंगलवार को लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नये बैच की 60 छात्राओं ने हाथ में अग्नि लेकर मरीजों की सेवा करने का संकल्प लिया। इसके बाद सभी एएनएम को कैप पहनाया गया और छात्राओं ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया व सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शैलेंद्र कुमार झा ने नर्सिंग के महत्व व नर्सेज की भूमिका के बारे में बताया। अच्छी नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए उन्होंने ज्ञान एवं स्किल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग ऐसा क्षेत्र है, जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। पीड़ित मानवता की सेवा, ईश्वर की सेवा है। उन्होंने बताया कि नर्सिंग सेवा में आने का एकमात्र उद्देश्य मानव सेवा करना है। डीआईओ सह सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि नर्सिंग पेशा अपनाना आसान नहीं है, क्योंकि उसके लिए बहुत मेहनत एवं निष्ठा की जरूरत होती है। एक अच्छी नर्स में ज्ञान व सक्षमता के साथ संचार कौशलता, बुद्धि तत्परता, उपाय कुशलता, भावनात्मक स्थिरता, दयालुता व सहानुभूति का होना बहुत जरूरी है। नर्सिंग सेवा में समाजसेवा के साथ–साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद एएनएम अपनी सेवा में बेहतर ऊंचाई प्राप्त कर सकती है। स्कूल की प्राचार्या अनुराधा कुमारी ने कहा कि दीप प्रज्वलन समारोह हर नर्स के जीवन में एक शुभ अवसर होता है। जो दीप फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में आयोजित किया जाता है। दीप प्रज्वलन समारोह औपचारिक रूप से नर्सिंग पेशे में छात्रों के प्रवेश को मान्यता देता है, क्योंकि दीपक उस प्रकाश का प्रतीक है जो एक नर्स अपने रोगियों के लिए बन जाती है और पीड़ित लोगों के लिए आशा और आराम के प्रतीक के रूप में उपलब्ध रहती है। उन्होंने बताया कि छात्राओं की पढ़ाई का मूल उद्देश्य सेवा करना है। पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ नर्स बनकर सेवा करने की सोच है। जब हम सभी यहां से अस्पतालों में जाएं तो समाज की सेवा पूरी निष्ठा के साथ कर सकें। इस अवसर पर डीपीएम पंकज मिश्रा, डॉ. आरके सिंह, डॉ. नूतन सिंह समेत छात्राएं उपस्थित रही।



## स्मारक समेत जिले के पांचों प्रखंड कार्यालय में शहीद को दी गई श्रद्धांजलि

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। कारगिल दिवस के उपलक्ष पर उत्तरी बिहार के एकमात्र मेजर रैंक शहीद मेजर चंद्र भूषण द्विवेदी के अदम्य साहस का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि उनके स्मारक समेत जिले के पांचों प्रखंड कार्यालय पर दी गई। 2 जुलाई 1999 को कारगिल में शहीद हुए मेजर शिवहर जिला के धरोहर हैं तथा पुरनहिया प्रखंड के चंडीहा ग्राम से है। अदौरी खोरी पाकर पुल निर्माण संघर्ष समिति संयोजक संजय संघर्ष सिंह के अनुसार पिछले 23 वर्षों से ऐसी पहल नहीं हो पाई थी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हम कारगिल के हीरो को गुमनाम करते जा रहे हैं। उनका स्मारक स्थल जो अब तक विराम था अब उस पर कार्य प्रारंभ है और एक धरोहर के रूप में उस स्थल का सृजन किया जा रहा है। संजय संघर्ष सिंह ने कहा शहीद को याद कर हम गौरवान्वित होते हैं तथा हमारा अगला मुहिम है कि पांचों प्रखंड कार्यालय में शहीद मेजर की तैल्यचित्र लगाई जाए ताकि हमारी स्मरण में हमेशा उनका अदम्य साहस रह पाए। आज की यह पांच खूबसूरत तस्वीरें श्रद्धांजलि देने वालों में प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरनहिया, प्रखंड प्रमुख पूरनहिया, पिपराही, डुमरी, तरियानी, शिवहर एवम तमाम प्रखंड,अंचल अधिकारी एवं कर्मी तथा आमजन सम्मलित रहे। संघर्ष समिति से राजेश यादव, चंदन कुमार,कुश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



## पीएमसीएच में मिला मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज, स्वास्थ्य महकमें में मचा हड़कंप

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स
राजधानी पटना में मंकीपॉक्स का संदिग्ध महिला मरीज की पहचान की गई है। बिहार में मंकीपॉक्स के पहले मरीज के मिलने से स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया है। महिला पटना सिटी के गुरहट्टा इलाके की रहने वाली है। जिसमें मंकीपॉक्स के सभी लक्षण मिले हैं। हालांकि विभाग इसे संदिग्ध मान रहा है। पीएमसीएच की टीम सैम्पल इक्टठा करने के लिए गुरहट्टा स्थित महिला के आवास पर पहुंची है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि मंकीपॉक्स के 4 मरीज अब तक देश में सामने आए हैं। दिल्ली में एक और केरल में तीन मंकीपॉक्स के मरीज मिले हैं। मंकीपॉक्स के बारे में बताया जाता है कि यह एक वायरस है जो मवेशियों से मनुष्य में फैलता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकता है। त्वचा, आंख, नाक या मुंह के माध्यम से यह वायरस मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। जानकारी के अनुसार,ँभ्‍ ने मंकीपॉक्स को लेकर ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी की घोषणा कर दी है। मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किये जाने की बात सामने आते ही लोग इसे लेकर अलर्ट हो गये हैं। 65 देश में कुल 16 हजार से ज्यादा मामले सामने आए है। वही केरल में मंकीपॉक्स के तीन और दिल्ली में एक केस मिले है।




## बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में कुल 21 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण ऑपरेशन

रूपेश कुमार की रिपोर्ट बाढ़। मंगलवार को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में 21 महिलाओं का परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। बंध्याकरण ऑपरेशन डॉक्टर अंशु प्रिया तथा डॉक्टर स्नेही प्रियदर्शनी के द्वारा किया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलछी की 19 महिलाएं तथा बाढ़ की 2 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल के बारे में हेड क्लर्क कमल नयन ने बताया कि अब यहां लगभग सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर आ चुके हैं, सिर्फ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। अगर हड्डी रोग के डॉक्टर आ जाते हैं तो लगभग सभी रोगों के डॉक्टर मौजूद हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टरों के आ जाने से अधिक संख्या में महिला मरीज बंध्याकरण हेतु अब अस्पताल में आने लगी है। विदित हो कि सरकार के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।



## बिजली महोत्सव का बेलसंड विधायक एवं डीएम ने किया शुभारंभ

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
☒ घर घर बिजली पहुंचाने को संकल्पित बिजली विभाग ने आजादी के अमृत महोत्सव पर बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर किया

शिवहर। गांधी नगर भवन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से विद्युत मंत्रालय शिवहर में बिजली महोत्सव का आयोजन का शुभारंभ बेलसंड विधायक संजय कुमार गुप्ता, जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय विद्युत अभियंता पंकज राजेश, नोडल पदाधिकारी आनंद कुमार पावर ग्रिड, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग श्रवण ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। उक्त अवसर पर प्रशासनिक पदाधिकारी में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी, डीएसपी शशि शंकर, डीपीआरओ राकेश कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी के पति राम बहादुर गुप्ता, जिला परिषद सदस्य रामकृष्ण कुमार, मुखिया पंकज कुमार, मुखिया रवि कुमार, मुखिया अंजली देवी, सहित जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे। उक्त अवसर पर बिजली विभाग के मुजफ्फरपुर के सभी वरीय पदाधिकारी, सहायक अभियंता कुमार धीरज, कनीय अभियंता, बिजली कर्मी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर बिजली विभाग के अभियंताओं द्वारा बताया गया कि दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकरण भारत में है।

पिछले 18 महीने में दो करोड़ 86 लाख विद्युत कनेक्शन दिया गया है। हर घर में बिजली हो इस बाबत बिजली विभाग बेहतर कार्य कर रही है। गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा बिजली के लाभों पर प्रकाश डाला गया और पिछले कुछ वर्षों से बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास के बारे में जागरूक किया, इस आयोजन में कई लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया है। विधायक संजय गुप्ता ने कहा है कि बिजली महोत्सव पूरे देश में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य के तहत मनाया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी हो ,और बिजली क्षेत्र के विकास को बड़े पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाया जा सके।
जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया कि हर घर में बिजली उपलब्ध हो इसके लिए सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है।
इसके लिए सोलर पंप लगाने की योजना सरकार के द्वारा बनाई गई है ,सोलर लगाए पैसा बचाये, सोलर प्लांट लगाने के लिए सरकार ऋण भी दे रही है तथा 30ः ऋण पर सब्सिडी भी है, उसका लाभ उठाएं। डीएम श्री गुप्ता ने बताया है कि शिवहर जिला में 25 जुलाई से 30 जुलाई तक उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य के तहत बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है।
शिवहर जिले में बिजली उपभोक्ताओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध हो इस बाबत जिले के 95000 उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से आच्छादित किया जाएगा।



## नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने पर भड़के विधायक



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली गर्रा चौबे नहर में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए विधायक सुधाकर सिंह सक्रिय दिखे। उन्होंने सिचाई विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर नहरों का निरीक्षण किया तथा अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद अधिकारी हरकत में आ गए। लेकिन मुख्य नहर में 14 सौ क्यूसेक पानी की जगह 12 सौ चलाने का मामला संज्ञान में आते ही विधायक सुधाकर सिंह भड़क गए और कार्यपालक अभियंता कुंडाल व कनीय अभियंता श्रीराम की जमकर फटकार लगाई तथा कहा कि हमारे क्षेत्र के किसानों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं।

हमें हर हाल में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना है। बावजूद अगर कोई पदाधिकारी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाए तो कार्रवाई के लिए भी तैयार रहेंगे। विधायक सुधाकर सिंह ने बताया कि सोन नहर के हेड में पानी पर्याप्त है। गर्रा चौबे मुख्य नहर के हिस्से का पानी भी हमने सोन बराज से प्राप्त किया है। लेकिन अधिकारी नहर का बैंक कमजोर होने का बहाना बना 12 सौ क्यूसेक पानी चला कर अपना पिंड छुड़ाना चाह रहे थे और दूसरे इलाके के किसानों को अधिक पानी देकर मदद पहुंचाने में लगे थे। जिसे हम पुरा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि सूखे का सामना कर रहे रामगढ़ व नुआंव क्षेत्र के किसानों के खेत में दो दिन के अंदर पानी पहुंचाने के लिए सख्त निर्देश दिया।

## टीबी रोगी संघर्ष की कहानी लोगों को बताएं, आएगी जागरूकता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ मो. इलियास ने टीबी से जीती जंग, कहा– तकलीफ को बांट लिया जाए तो वह कम हो जाती है

शिवहर। कहते हैं कि अगर दर्द या तकलीफ को बांट लिया जाए तो वह कम हो जाती है, लेकिन टीबी की बीमारी के साथ ऐसा नहीं है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो परिवार के बुरे बर्ताव, शादी टूटने, लोगों के दूरी बनाने, समाज में घृणा जैसे डर की वजह से टीबी की बीमारी के बारे में बात नहीं करते हैं। लोग टीबी की बीमारी को छुपाना ज्यादा सही समझते हैं। यह गलत है। पर मो. इलियास के मामले में ऐसा नहीं है। टीबी चौंपियन 15 वर्षीय इलियास टीबी से अपने संघर्ष की कहानी लोगों के साथ साझा करने के लिए खुलकर सामने आये। विसम्भरपुर के रहने इलियास बताते हैं कि 2020 जनवरी में पता चला कि उन्हें टीबी की बीमारी है। इस जानकारी से परिवार का हर सदस्य सन्न रह गया। हालांकि, इलियास ने ये जानने के बाद भी उम्मीद नहीं छोड़ी। लगातार पॉजिटिव सोच की वजह से उन्हें इस बीमारी से लड़ने में मदद और ताकत मिली। इलियास ने बताया कि टीबी का इलाज सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है, इसलिए इस बीमारी को छिपायें नहीं। इलियास कहते हैं, समाज में टीबी रोगियों से भेदभाव नहीं होना चाहिए, इससे उनका मनोबल टूटता है। इलियास बताते हैं कि शुरूआत में सब ठीक था, लेकिन एक दिन अचानक खांसते समय उलटी आ गया। परिजन तुरंत उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले गए। लेकिन सुधार नहीं हुआ। फिर वे सरकारी अस्पताल गए, टेस्ट के बाद पता चला कि उनको टीबी हो गया है। इलियास के मुताबिक, तय समय पर दवा लेने और स्वास्थ्य संबंधी डॉक्टरों के अन्य सभी दिशा–निर्देशों का पालन पूरी तरह से किया। जिसकी बदौलत उन्होंने 26 महीने के अंदर ही टीबी पर जीत दर्ज कर ली। उन्होंने सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। इलियास ने बताया कि उन्हें इस बीमारी से उबरने में डॉक्टरों के साथ–साथ परिवार का पूरा सहयोग मिला। इलियास की मां हसीना खातून ने कहा कि अब अब उनका बेटा पूरी तरह से स्वस्थ है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जियाउद्दीन जावेद ने कहा कि समाज के लिए इलियास की यह सोच काबिले–तारीफ है। इससे समाज में जागरूकता आएगी। उन्होंने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जन आंदोलन के रूप में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मरीजों के लिए संपूर्ण इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। टीबी के मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से प्रति माह 500 रुपये की पोषाहार की राशि भी दी जाती है। जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीएस सुधांशु शेखर रौशन ने कहा कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आने पर बलगम की जांच जरूर कराएं तथा एक्स–रे कराएं। चिकित्सक द्वारा पुष्टि करने पर सावधानी बरतें। टीबी के इलाज के लिए आपके टीबी अस्पताल अथवा जिला अस्पताल के डॉट्स सेंटर पर जाकर निःशुल्क दवाएं लें। टीबी की दवा का पूरा कोर्स खाएं और समय पर दवा लें। जब तक डॉक्टर न कहे तब तक दवा बंद नहीं करें। संतुलित आहार के साथ योग व व्यायाम करते रहें।



## नगर निगम मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में स्व निधि महोत्सव कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ स्व निधि महोत्सव रेहड़ी–पटरी वालों के वित्तीय समावेशन के लिए अपनी तरह का पहला उत्सव।
☒ कोविड–19 वैश्विक महामारी के विनाशकारी प्रभाव से जूझ रहे रेहड़ी– पटरी वालों को ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके आर्थिक समृद्धि का पथ प्रशस्त किया गया।
☒ स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है।

मुजफ्फरपुर। उक्त बात उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद ने स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में आयोजित स्व निधि महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट भेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना(पीएम स्व निधि) फुटपाथ विक्रेताओं के जीवन में आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है और उन्हें आर्थिक ताकत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक रूप से प्रभावित हुए फुटपाथ दुकानदारों व्यापारियों ,रेहड़ी–पटरी लगाने वाले दुकानदारो के जीवन में उक्त योजना से उन्नति एवं आर्थिक समृद्धि आई है। इसके पूर्व माननीय उप मुख्यमंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलन कर स्व निधि महोत्सव का उद्घाटन किया गया।। मौके पर खनन मंत्री श्री जनक राम ,विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, माननीय विधायक कुढ़नी डॉ अनिल सहनी,पूर्व विधायक श्री केदार गुप्ता, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ,वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ,उप विकास आयुक्त –सह –प्रभारी नगर आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, पूर्व मेयर राकेश कुमार पिंटू ,पूर्व मेयर सुरेश कुमार, पूर्व उप मेयर विवेक कुमार तथा अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।
कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन के कारण राज्य में सतरंगी परिवर्तन हुआ है। विकास की किरणें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के घरों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है। कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य इन छोटे उद्यमियों के साथ भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाना है। कहा कि उस योजना का लाभ बिहार के फुटपाथ दुकानदारों ,रेहड़ी लगाने वालों को मिला है।राज्य में कुल 183295 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 126170 को पहचान पत्र एवं 168944 को विक्रय प्रमाण पत्र दिया गया है। 59108 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसके विरुद्ध 48034 आवेदकों को ऋण की राशि 47.45 करोड़ उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय खनन मंत्री श्री जनक राम ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना ने कोरोना काल में प्रभावित हुए फुटपाथ दुकानदारोंध् रेहड़ी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। इसके अलावे भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ को क्रियान्वित कर आम जनता के उन्नति और विकास को लेकर अपने संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रममें उपस्थित जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने बताया कि नगर निगम मुजफ्फरपुर में कूल 4549 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया जिसमें 4420 फुटपाथ विक्रेताओं को पहचान पत्र एवं कुल 4464 फुटकर विक्रेताओं को विक्रय प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 3976 फुटपाथ विक्रेताओं का आवेदन कराया गया जिसके विरुद्ध 2037 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई और 1645 आवेदकों को कुल 1.63 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। योजना के स्व निधि से समृद्धि अभियान अंतर्गत नगर निकाय में 1471 पात्र सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 1348 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 738 को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना ,447 को वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, 424 को प्रधानमंत्री जन –धन योजना से आच्छादित कराया गया है।
महोत्सव में मुजफ्फरपुर जिला मुजफ्फरपुर के कलाकारों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। बिहार के सांस्कृतिक गौरव पर आधारित गीतों का प्रदर्शन भी किया गया। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा स्व निधि योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
विकास क्रम में मंच संचालन का कार्य श्री गोपाल फलक के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर समाहर्ता, पवन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जातीय जनगणना विषय से संबंधित जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वी चम्पारण। अपर समाहर्ता, पवन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जातीय जनगणना विषय से संबंधित जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वैसे जाति जो जनगणना की सूची में शामिल नहीं है, वंचित जाति की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि जातीय जनगणना में शामिल कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त,सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी , सभी अंचलाधिकरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।

### लूट कांड का आरोपी गिरफ्तार

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स
मानसी प्रखंड के ठाठा गांव से एक बदमाश गिरफ्तार किया गया। जो माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी को गोली मारकर 2.5 लाख रुपये का लूट मामले का आरोपी है। मानसी थाना अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि घटना में शामिल कांड संख्या 36/22 में फरार चल रहा था। समस्तीपुर जिले के मालदा गांव निवासी रामनारायण का 25 वर्षीय पुत्र हीरालाल कुमार माइक्रो फाइनेंस कंपनी में जनसंपर्क अधिकारी था। जिसे मानसी छभ् 31के 5 किलोमीटर के पास बीते 4 फरवरी को बदमाशों ने गोली मारकर 2.5 लाख लूट मामले में फरार चल रहे पूर्वी ठाठा गांव निवासी महेश्वर यादव के पुत्र को कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



### सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी।
मानसी में मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया ।जिसे मानसी पुलिस ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जब युवक को होश आया तो उन्होंने बताया कि मेरा नाम विजय कुमार है ।मैं सहरसा का निवासी हूं। फिलहाल सदर अस्पताल में इलाज रत है।




### कारगिल दिवस के अवसर पर मजदूरों ने किया योग

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी।
कारगिल दिवस के अवसर पर विनोद कुमार जायसवाल ने मजदूरों के साथ योग कराके उनके इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाएं ताकि वह स्वस्थ रह सकें और नासा का सेवन ना करें नासा से बचे ताकि हमारे देश का विकास हो सके ऐसा करने से हमारा देश हर दृष्टिकोण से मजबूत हो सके इसी के साथ कारगिल दिवस के अवसर पर उन वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि दिया और उनके अवसर पर मजदूरों को योग कराया गया।
इसमें उपस्थित विनोद कुमारी जायसवाल ,रामेश्वर बैठा ,रमेश साह, मोहन साह,राम जी ,रोहित जी, बिट्टू कुमार, गोपाल जी ,ईश्वर कुमार ,काजीर जी उपस्थित थे।।



### पताही प्रखंड के जिहुली ( जमुनी टोला) के आदित्य शेखर (रवि) का आईआईटी रुड़की में एडमिशन

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी।
पताही प्रखंड के जिहुली स्थित टोला के निवासी सीताराम सिंह (lj) के पौत्र आदित्य शेखर (रवि) का आईआईटी रुड़की के एमटेक में सिविल इंजीनियरिंग में एडमिशन हुआ है। इन्होंने गेट (GATE) की परीक्षा में उत्तम रैंक हासिल किया था।
दुनियाभर में 369वें रैंक के संस्थान में एडमिशन लेकर इन्होंने जिहुली का नाम रौशन किया है। बधाई देने वाले में गांव के सरपंच रितेश कुमार वार्ड पार्षद निर्मल कुमार,पवन कुमार सिंह,प्रभात कुमार एवम अनेको ग्रामीण ने उनके घर पे पहुच कर उज्जवल भविष्य के लिये बधाई दिए।।



### शिविर में रैयतों के बीच खानापूरी पर्चा का वितरण

वीरेंद्र कुमार सिंह टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी सोनबरसा। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम 2011 संशोधित 2017 एवं नियमावली 2012 संशोधित 2019 के आलोक में सोनबरसा अंचल के राजस्व ग्राम अजरकवे भारसन्ड थाना नं 17 का सोनबरसा शिविर 01 में एलपीएम एवं खानापूरी पर्चा वितरण किया गया। शिविर प्रभारी सिन्धुजा कुमारी, कानूनगो रविप्रकाश पाण्डेय अमीन मुकेश राम द्वारा 163 खेसरों के खानापूरी पर्चा खेसरा धारियों को दिया गया। कानूनगो ने रैयतों से कहा कि यदि किसी रैयत को एलपीएम एवं खानापूरी पर्चा में कोई सुधार कराना हो तो विवरण के साथ 15 दिनों के अंदर शिविर कार्यालय में दावा आपति फार्म भर कर जमा करा दें। शिविर आईआईसी टेक्नोलॉजी हवाई ऐजेंसी के प्रतिनिधि विकेश कुमार और अब्दु लकलाम, ग्रामीण रैयत सूर्यकांत प्रसाद, पारस कुमार, राम छबीला प्रसाद, मीना देवी, दिवान प्रसाद,धरोहरी देवी अन्य मौजूद थे।



### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान चरण का क्रियांवयन

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी।। बेलछी प्रखंड अंतर्गत महंत राम नारायण पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय सकसोहरा के प्रांगण में स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मी का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी बेलछी के अध्यक्षता में किया गया !प्रशिक्षण लोहिया सम्यक के के तहत बेलछी प्रखंड के 5 पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रशिक्षण दिया गया !उसमें बतलाया गया की कैसे सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग करना है की विस्तृत जानकारी दी गई ! जिला सम्यक आई सी सी बी स्नेहिल सुमन एवं जिला समन्वयक एसडब्ल्यूएम श्री मनीष कुमार द्वारा दिया गया इस शुभ अवसर पर प्रखंड समन्वयक मोहम्मद शाहनवाज आलम एवं अन्य जनप्रतिनिध प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी कर्मी उपस्थित रहे !



